
RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 337
लखनऊ, सोमवार, 28 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मयंक अग्रवाल का शतक भी नहीं दिला सका जीत
स्पोर्ट्स-10

# अपराधियों पर हर हाल में हो कड़ी कार्रवाई

## ● प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री सख्त, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगले नवरात्र के साथ त्योहारों की श्रृंखला प्रारम्भ हो जाएगी। इस दौरान सुरक्षा और कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में पूरी सावधानी बरती जाए। इसकी अभी से पूरी तैयारी कर ली जाए।

थाने स्तर से लेकर बीट स्तर तक अच्छे अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाए और उनकी जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री रविवार को देर रात वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जुड़े हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। माहौल को खराब करने वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध पहले से ही कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश अपराधियों के लिए शरणस्थली नहीं हो सकती। अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई में कोई रियायत न बरती जाए और हर मामले में प्रभावी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोलिंग की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से किया जाए। इससे आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग भी निरन्तर और प्रभावी होनी चाहिए। पीआरवी 112 वाहनों की सुबह, दोपहर, शाम एवं रात्रि में पेट्रोलिंग के स्थान पहले से निश्चित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेस.वे व आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पेट्रोलिंग व एम्बुलेंस की व्यवस्था टोल टैक्स की वसूली करने वाली संस्था द्वारा करायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेन्स की नीति है।

भ्रष्टाचार, अराजकता और अव्यवस्था के मामलों में कोई भी रियायत नहीं दी जा सकती। मुख्यमंत्र ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को नियंत्रित करने के लिए संचालित आपरेशन शक्ति तथा माफिया तत्वों के विरुद्ध संचालित आपरेशन माफिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन गतिविधियों को पूरे प्रदेश में निरन्तर और प्रभावी ढंग से संचालित रखा जाए। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा के प्रति खतरा बने लोगों के प्रति कार्यवाही में पूरी तत्परता बरती जानी चाहिए। हर स्तर के अधिकारी को संवेदनशीलता रहें। उन्होंने कहा कि एण्टी रोमियो स्क्वायड को निरन्तर व प्रभावी ढंग से क्रियाशील रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपरेशन माफिया की कार्रवाई पूरे प्रदेश में एक-एक माफिया को लक्ष्य करके प्रभावी ढंग संचालित की जाए।

दबंगई से सम्पत्तियों पर कब्जा करने वाले माफियाओं के विरुद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। आने वाली जनशिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग ( शेष पेज 9 )

## गिरोह बंद अपराधियों पर और कसा शिकंजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, बागपत

### ● मुजफ्फरनगर के इमलाक की 25 करोड़ की संपत्ति जब्त

**प्रदेश** में गिरोहबंद अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत रविवार को 27 करोड़ रुपए से ज्यादा की चल अचल संपत्ति ध्वस्त या जब्त कर ली गई। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुजफ्फरनगर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर इमलाक की 25 करोड़ रुपए मूल्य की चल अचल संपत्ति ज़ब्त कर ली।

इमलाक वर्ष 2008 से संगठित गिरोह बनाकर लगातार संगीन घटनाओं को अंजाम दे रहा था। उसके खिलाफ मुजफ्फरनगर जिले में गैंगस्टर एक्ट, क्रिमिनल लॉ एक्ट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे संगीन अपराधों में लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। प्रवक्ता के मुताबिक इमलाक की 118 बीघा जमीन, 842 गज का एक प्लॉट और चार इमारतें ज़ब्त की गई हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत एक अन्य कार्रवाई में अंबेडकर नगर जिले में खान मुबारक नामक अपराधी का दो मंजिला मकान ढहा दिया गया। इस मकान की कीमत करीब एक करोड़ रुपए थी। मुबारक पर राज्य के विभिन्न जिलों में 35 मुकदमे दर्ज हैं। इससे पहले 22 सितंबर को भी जिला प्रशासन ने उसकी एक करोड़ 40 लाख रुपए मूल्य की लगभग 20 दुकानें ध्वस्त की थीं।

उधर, बागपत से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात अपराधी और माफिया सरगना मुन्ना बजरंगी की जेल में हत्या करने के आरोपी सुनील राठी की एक करोड़ 20 लाख रुपए मूल्य की अवैध संपत्ति रविवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर ली गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि दोघट थाना क्षेत्र के टीकरी गांव में कुख्यात माफिया सरगना सुनील राठी की एक करोड़ 20 लाख रुपए की अवैध संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट की ( शेष पेज 9 )

# नए कृषि कानूनों के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करेंगे सुखबीर बादल

## ● अकाली दल प्रमुख ने किया ऐलान, अक्टूबर में निकालेंगे किसान मार्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/चंडीगढ़



**कृषि बिलों** के खिलाफ राजग से सालों पुराना नाता तोड़ने के बाद, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) किसानों के हक में लंबी लड़ाई को तैयार हो रहा है। जमीनी राजनीति को धार देते अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने एनडीए से अलग होने के अगले दिन रविवार को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान और विपक्षी एकजुटता का आह्वान किया।

उन्हें पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और महाराष्ट्र में सरकार चला रही उद्धव ठाकरे की शिवसेना से तत्काल सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली लेकिन पंजाब में, अकालियों की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ने राजग छोड़ने को सिर्फ राजनीतिक मजबूरी बताकर साफ कर दिया कि ऐसी एकजुटता में उसकी कोई रुचि नहीं है। सुखबीर सिंह बादल जो पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री भी हैं, ने रोपड़, होशियारपुर और फगवाड़ा में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। केंद्र सरकार को किसान विरोधी करार देते बादल ने उनके हित में लंबी लड़ाई की तैयारी का खाका सामने रखा। उन्होंने बताया कि आगामी अक्टूबर में व्यापक स्तर पर किसान मार्च निकाला जाएगा।

धरना प्रदर्शनों के जरिये तीनों कृषि विधेयकों को वापस लेने के लिए केंद्र पर दबाव बढ़ाया जाएगा और इस मांग के साथ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को वे लोग ज्ञापन भी सौंपेंगे। बादल ने कहा कि पिछले सप्ताह पारित विवादास्पद कृषि विधेयकों का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी प्रभाव हो सकता है। ये बिल पूरी तरह किसान विरोधी हैं और किसानों की आर्थिक दुर्दशा पूरी अर्थव्यवस्था को बदहाल कर सकती है। उनकी लड़ाई किसानों को बचाने की है, सभी विपक्षी दलों और संगठनों को ( शेष पेज 9 )


### कृषि विधेयकों पर राष्ट्रपति की मुहर


**नई दिल्ली ( पीएनएस )।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने रविवार को तीन कृषि विधेयकों को मंजूरी दी, जिनके चलते इस समय एक राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ है और खासतौर से पंजाब और हरियाणा के किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गजट अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति ने तीन विधेयकों को मंजूरी दी। ए विधेयक हैं- 1) किसान उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सुविधा) विधेयक, 2020, 2) किसान (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) मूल्य आश्वासन अनुबंध एवं कृषि सेवाएं विधेयक, 2020 और 3) आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020।


# दीपिका, सारा और श्रद्धा के फोन जब्त, जांच टीम से मिले अस्थाना

## ● एनसीबी प्रमुख ने की केस की समीक्षा गोवा से मुंबई पहुंचे करण जौहर से भी हो सकती है पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई








**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड की तीन अभिनेत्रियों दीपिका पादुकोण, सारा अली खान और श्रद्धा कपूर के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।

इनकी फारेंसिक जांच कराई जाएगी, ताकि ड्रग के पूरे जाल का पर्दाफाश हो सके। तीनों अभिनेत्रियों से शनिवार को कई घंटे पूछताछ हुई थी। इसके बाद रविवार को एनसीबी मुखिया राकेष अस्थाना ने एसआईटी के साथ बैठक कर मामले की समीक्षा की है। एनसीबी के अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि दीपिका, श्रद्धा व सारा अली खान के अलावा करिश्मा प्रकाश, रकुल प्रीत सिंह, सिमोन खंबाटा और जया शाह के मोबाइल फोन भी कब्जे में लिए गए हैं। एनसीबी सभी के मोबाइल फोन को खंगालेगी ताकि वह इस ड्रग्स चैट के पूरे जाल का पर्दाफाश कर सके।


इस बीच, मुंबई में रविवार को एनसीबी की एसआईटी के साथ हुई बैठक में एजेंसी प्रमुख राकेश अस्थाना ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत में ड्रग ऐंगल की जांच की प्रगति को लेकर बात की। इसके अलावा बैठक में साल 2019 में करण जौहर की पार्टी को लेकर चर्चा हुई। बता दें कि अकाली दल के नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने राकेश अस्थाना से इस पार्टी को लेकर शिकायत की थी। हालांकि एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल मुथा अशोक जैन ने शनिवार को ही स्पष्ट कर दिया था कि करण जौहर की पार्टी के वीडियो की जांच नहीं होगी। यह वीडियो सुशांत की मौत की जांच से संबंधित नहीं है। एनसीबी अगले तीन दिनों में अपने डीजी को रिपोर्ट सौंप सकती है।

इस बीच, फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर करण जौहर गोवा से मुंबई पहुंच गए हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि एनसीबी टीम करण जौहर से भी ड्रग मामले में पूछताछ कर सकती है। हालांकि, करण जौहर ने साफ कर दिया कि 28 जुलाई 2019 की जिस पार्टी में ड्रग परोसने की बात कही जा रही है, वह पूरी तरह गलत है। इस मामले में लंबी पूछताछ के बाद शनिवार को ( शेष पेज 9 )

# राजधानी में 549 नए केस, 11 लोगों की मौत

## ● प्रदेश 4, 403 मिले नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** में कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा रविवार को 50 हजार के आंकड़े को पार कर गया है। 549 नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 11 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 50,523 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं।

आज 1039 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 42609 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 7914 केस एक्टिव है। अभी तक राजधानी में 675 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 10619 लोगो के सैम्पल लिये गए। जिनमें प्रमुख रूप से आज आशियाना में 23, इंदिरा नगर में 42, आलमबाग में 18, ठाकुरगंज में 13, तालकटोरा में 24, हसनगंज में 10, गोमती नगर में 52, हजरतगंज में 17, मड़ियांव में 13, रायबरेली रोड में 35, अलीगंज में 13, पारा में 11, जानकीपुरम में 14, महानगर में 16, चौक 32 चिनहट में 21, विकासनगर में 11, वृन्दावन योजना में 12, कैंट में 15, सरोजिनी नगर में 13, गोमती नगर विस्तार में 11 पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 151 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया।

जिसमे से 151 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 109 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 42 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। वहीं दूसरी ओर ( शेष पेज 9 )

# चुनावी मौसम में जनता दल-यू के हो गए पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर

## ● पार्टी में शामिल होने के बाद बोले- राजनीति में आने को खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था

पायनियर समाचार सेवा। पटना



पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष जदयू की सदस्यता लेते गुप्तेश्वर पांडेय

**बिहार** के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय रविवार को जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

जदयू में आने के बाद गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें राजनीति में कदम रखने को कहा था। वह हमारे नेता हैं। जो भी हमसे कहेंगे, वह करूंगा। हाल ही में गुप्तेश्वर पांडेय ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ली थी। इसके बाद से ही उनके राजनीति में जाने के कयास लगाए जा रहे थे। गुप्तेश्वर पांडेय 2019 में बिहार के डीजीपी बने थे। सुशांत सिंह राजपूत केस को लेकर वह देशभर में चर्चित हो गए थे। पार्टी की सदस्यता लेने से पहले पांडेय ने शनिवार को जेडीयू के प्रदेश मुख्यालय जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की थी।

इसके बाद से ही उनके जेडीयू का दामन थामने और विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। गुप्तेश्वर के अपने पैतृक जिले बक्सर से विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है।

मीडिया रपटों के अनुसार गुप्तेश्वर को वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में टिकट दिया जा सकता है। निवर्तमान जेडीयू सांसद बैद्यनाथ महतो के निधन से यह सीट खाली हुई थी।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,388 | |
| निफ्टी | 11,050 | |
| सोना | 50,824 | /10g |
| चांदी | 60,536 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### बीएलएड प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विवि ने बीएलएड प्रवेश परीक्षा 2020 का परिणाम घोषित कर दिया है। अंतरिम मेरिट सूची विवि की वेबसाइट पर है। बीएलएड के लिए ऑनलाइन ऑफ कैंपस काउंसलिंग अनलॉक पोर्टल पर 28 सितंबर को 3 बजे से शुरू होगी। मेरिट सूची में जिन अभ्यर्थियों का नाम हैं वे काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर है जबकि विकल्प भरने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर है।

#### दो दिनों में लौटेगा मॉनसून

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून उत्तर भारत से दो दिनो मे लौटने वाला है। विभाग ने कहा कि आंकड़ो से यह पता चलता है कि सामान्य से अधिक वर्षा के साथ बारिश का यह मौसम समाप्त होने की पूरी संभावना है।

# राजनीति में राजपूती ठसक घोलने वाले जसवंत सिंह का निधन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


**विदेश,** वित्त और रक्षा मंत्री बनने का गौरव हासिल करने वाले एवं पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के बेहद करीबी रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री जसवंत सिंह का लंबी बीमारी के बाद रविवार को यहां निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा व अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं ने सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे सिंह ने दिल्ली में सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल में अंतिम सांस ली। सैन्य अस्पताल ने एक बयान जारी कर कहा, 'बड़े दुख के साथ सूचित किया जा रहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह का आज सुबह 6.55 बजे निधन हो गया। उन्हें 25 जून को भर्ती कराया गया था। आज सुबह दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ।' बयान में कहा गया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उन्हें बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। जसवंत सिंह का जोधपुर में उनके फार्म हाउस में रविवार शाम को अंतिम संस्कार किया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जसवंत सिंह के पुत्र मानवेन्द्र सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। जोधपुर के सिविल एयरपोर्ट के पास स्थिति फार्म हाउस में अंतिम संस्कार के समय सिंह के परिवार के सदस्य और रिश्तेदार मौजूद थे। पूर्व सैन्य अधिकारी सिंह अगस्त 2014 में अपने घर में गिरने के बाद से बीमार थे। उन्हें सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद से उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस साल जून में उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## ● राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं ने जताया शोक, लंबे समय से थे बीमार

तीन जनवरी, 1938 को बाड़मेर जिले के जसोल गांव में जन्मे जसवंत सिंह भाजपा के उन गिने-चुने नेताओं में से थे जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से नहीं आते थे। इसके बावजूद उन्होंने वाजपेयी सरकार में देश के विदेश, वित्त और रक्षा मंत्री बनने का गौरव हासिल किया। वर्ष 1996 में वह वाजपेयी की 13 दिन की सरकार में वित्त मंत्री बनाए गए थे। वाजपेयी ने ही उन्हें योजना आयोग का उपाध्यक्ष बनाया था। वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान वह विदेश मंत्री बने। उनकी पुस्तक 'जिन्ना-इंडिया, पार्टीशन, इंडिपेंडेंस' प्रकाशित होने के सिर्फ दो दिनों के बाद ही उन्हें भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था।



श्रद्धांजलि

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में सिंह को जब भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राजस्थान के बाड़मेर से मैदान में उतरे थे। हालांकि उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। जसवंत सिंह ने पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग संसदीय क्षेत्र का भी लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रतिष्ठित मेयो कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला में पढ़ाई की। 19 साल की उम्र में वे रक्षा सेवाओं में शामिल हो गए आठ साल नौकरी करने के बाद के 1965 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया और राजनीति में कूद पड़े। राजनीति में शुरुआती दौर में उन्हें बहुत सफलता नहीं मिली। उन्हें 1980 तक इंतजार करना पड़ा जब भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा। इसके बाद से संसद में उनकी उपस्थिति लगातार 2014 तक रही।

इस दौरान वे पांच बार उच्च सदन के सदस्य चुने गए जबकि चार बार लोकसभा सांसद चुने गए। वे एक सक्षम प्रशासक थे लेकिन वर्ष 1999 में कंधार विमान अपहरण कांड के दौरान तीन आतंकवादियों को अपने साथ विमान से कंधार ले जाने को लेकर जसवंत सिंह की अकसर आलोचना होती रही। राष्ट्रपति कोविंद ने उन्हें उत्कृष्ट सांसद, असाधारण जननेता और बुद्धिजीवी करार देते हुए कहा, 'जसवंत सिंह ने अनेक कठिन भूमिकाओं को सहजता और धैर्य के साथ निभाया। उनके परिवार, मित्रों और सहयोगियों के प्रति मेरी शोक-संवेदना।' प्रधानमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा, 'जसवंत जी को राजनीति तथा समाज से संबंधित मामलों में उनके अद्वितीय दृष्टिकोण के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने भाजपा को मजबूती देने में भी योगदान दिया।मैं उनके साथ हुए संवाद को याद कर रहा हूं। मेरी ओर से उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदनाएं। ओम् शांति। मोदी ने कहा कि अटल जी की सरकार में उन्होंने वित्त, रक्षा और विदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों को संभाला और इन क्षेत्रों में गहरी छाप छोड़ी। उनके निधन से दुखी हूं। प्रधानमंत्री ने जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह से फोन पर बात की और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। मोदी ने कहा कि जसवंत सिंह बहुत बहादुरी से ( शेष पेज 9 )

## पुलवामा में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

पायनियर समाचार सेवा। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया गया। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा इलाके के सम्बूरा में आतंकवादियों के छिपे होने की गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया एवं वहां तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल इलाके में तलाश अभियान चला रहा थे, इसी दौरान आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसके बाद यह मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और वे किस समूह से जुड़े हुए थे, इस बारे में पता लगाया जा रहा है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 28 सितंबर 2020



# खतरा अभी भी, रिकवरी दर बढ़ायें: सीएम

- कोरोना को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग
- सीएम ने कहा, अधिकारी रोज भेजें रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना रिकवरी दर को बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्यवाही और कोविड मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा कि कोविड का खतरा लगातार बना हुआ है। पूरी सतर्कता तथा बचाव के उपायों को अपनाते हुए कार्य संचालित किए जाएं। इसके साथ ही सीएम ने त्योहारों पर विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड.19 के सम्बन्ध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और नोडल अधिकारियों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि बेहतर सर्विलांस से जीवन रक्षा और कोविड संक्रमण पर नियंत्रण किया जा सकता है। अलग.अलग टीम बनाकर कार्यों का उत्तरदायित्व सौंपा जाए। टीम वर्क के साथ प्रभावी कार्यवाही की जाए। नोडल अधिकारी ठोस रणनीति के तहत कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि निगरानी समितियों को कार्यशील रखा जाए। कोविड हेल्प डेस्क सभी अस्पतालों, औद्योगिक इकाइयों, सरकारी कार्यालयों में निरन्तर कार्यशील रहें।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर सन्तोष व्यक्त किया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। विगत कुछ दिनों में प्रदेश में कोरोना केसेज की संख्या में कमी आयी है। उन्होने कहा कि नोडल अधिकारियों से संवाद किया और सम्बन्धित जनपदों के विषय में कोविड.19 के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि विगत शुक्रवार (25 सितम्बर) को उन 16 जनपदों में, जहां पिछले एक सप्ताह से 100 या उससे अधिक कोविड.19 के मामले आ रहे थे, नोडल अधिकारियों सहित 4 सदस्यीय टीम तैनात की गई थी। इन 16 जनपदों में से कुछ जनपदों ने सुधार किया है। गौतमबुद्धनगर मे कोविड पाजिटिविटी दर पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है। आगरा में भी टीम वर्क को अच्छी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि जो नोडल अधिकारी भेजे ग, हैं, उन्हें कोविड.19 संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रणनीति बनाए जाने के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद में इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर प्रभावी ढंग से संचालित किए जाएं। होम आइसोलेशन के मरीजों के साथ निरन्तर संवाद रखा जाए। रैपिड रिस्पान्स टीम को प्रभावी ढंग से कार्यशील रखते हुए कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कोविड.19 के सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों व चैराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माइक्रो कण्टेनमेण्ट जोन बनाए जाएं। इस जोन में पीआरडीए एनसीसी तथा स्वयंसेवी संस्थाएं कार्य करें। कान्टैक्ट टेऊसिंग पर प्रभावी जोर देते हुए उन्होंने कहा कि एक कोविड संक्रमित मरीज पाए जाने पर कम से कम 12 से 15 लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की जाए। इस कान्टैक्ट ट्रेसिंग को 24 से 48 घण्टों में सम्पन्न कर लिया जाए। होम आइसोलेशन को प्रभावी ढंग से कोविड.19 प्रोटोकाल के अनुसार कराया जाए। श्री योगी ने कहा कि पाजिटिविटी रेट को हर हाल में 5 प्रतिशत से कम करने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। सीएफआर को 1 प्रतिशत से कम किए जाने की कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में कोविड पाजिटिविटी दर को 1 प्रतिशत से नीचे लाया जाए। फोकस्ड टेस्टिंग की जाए। आरटीपीसीआर एवं एण्टीजेन टेस्ट का अनुपात 3 किया जाए। प्रयागराज के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि पाजिटिविटी दर को कम किया जाए। सर्विलांस को और बेहतर बनाया जाए। कोविड डेडीकेटेड बेड की संख्या में वृद्धि हो। वाराणसी के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि पाजिटिविटी दर को 4 प्रतिशत और मृत्यु दर को 1 प्रतिशत से कम करने के लिए सम्मिलित रूप से प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कानपुर नगर में अगले 15 दिनों में कोविड.19 हेतु आईसीयू के 300 बेड स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने झांसी में कान्टैक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने और सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं से सम्पर्क रखते हुए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम जागरूकता बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहारनपुर जनपद में कान्टैक्ट ट्रेसिंग बढ़ानेए पाजिटिविटी तथा सीएफआर रेट कम करने के निर्देश देते हुए कहा कि रणनीति बनाते हुए टीम के माध्यम से कार्यों को सम्पादित किया जाए। वाराणसी के नोडल अधिकारी द्वारा के विषय में फीडबैक देते हुए कोविड पर नियंत्रण के लिए अपनायी गई रणनीति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## उपचुनाव की जंग में उतरे मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ( पीएनएस )।** यूपी की आठ विधानसभा सीटों के उपचुनाव का ऐलान अभी होना है लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी जंग के मैदान में उतर पडे है। जमीनी हकीकत को परखने के लिये सीएम योगी जौनपुर तथा देवरिया की नब्ज टटोल चुके है। उन्हे अभी उन जिलों में भी जाना है जहां विधानसभा के उपचुनाव होने हैं। सीएम के स्तरसे सभी जिलों का फीडबैक आने के बाद ही भाजपा उपचुनाव के लिये आगे के कदम उठायेगी। विधानसभा चुनाव में जाने से पहले राज्य की आठ विधानसभा सीटों के लिये होने वाले उपचुनाव को योगी सरकार और भाजपा संगठन लिटमस टेस्ट के रूप में देख रहा है। इनका मानना है कि उपचुनाव के नतीजों से राज्य की जनता को बडा संदेश जाएगा और इसका उसे विधानसभा के चुनाव में फायदा मिल सकता है। सीएम योगी जौनपुर तथा देवरिया में पाटीजनों के साथ मंथन करके जमीनी हकीकत को परखने का काम कर चुके है। जौनपुर की मल्हनी तथा देवरिया की सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। इसके अलावा सीएम योगी को अभी फिरोजाबाद, रामपुर, बुलंदशहर, अमरोहा कानपुर नगर तथा उन्नाव भी जाना है। इन जिलों में भी उपचुनाव होने हैं।

प्रदेश में 8 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों की घोषणा 29 सितंबर को होनी है। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा वाले दिन मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने स्पष्ट किया था कि 29 सितंबर की शाम को जिन राज्यों में उपचुनाव होने हैं, उनकी तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। यूपी की जिन 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं उनमे से छड सीटों पर भाजपा का कब्जा था जबकि दो सीटे सपा के पास थी। इस उपचुनाव को 2022 विधानसभा चुनाव के लिहाज से खासा अहम माना जा रहा है। साथ ही कोरोना संक्रमण के चलते इस बार के चुनाव अलग तरीके से होंगे। भाजपा संगठन के स्तर पर इन सीटो के लिये काफी पहले से काम शुरू किया जा चुका है। सरकार के स्तर पर सीएम योगी सीधे चुनावी तैयारियों को ग्राउंड जीरों पर जाकर परख रहे है। सूत्रों का कहना है कि सीएम योगी की आंकलन रिपोर्ट आने के बाद उपचुनाव के लिये उम्मीदवारों के नाम पर भाजपा आगे बढ़ेगी।

## मायावती ने की दोषियों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश के हाथरस में एक दलित लड़की के साथ गैंगरेप व मारपीट किए जाने की घटना को लेकर एक बार फिर बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटना को लेकर यूपी की कानून.व्यवस्था पर सवाल उठाया है और दोषियों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यूपी के जिला हाथरस में एक दलित लड़की को पहले बुरी तरह से पीटा गया, फिर उसके साथ गैंगरेप किया गया, जो अति.शर्मनाक व अति.निन्दनीय है। सरकार इस ओर जरूर ध्यान दे, बीएसपी की यह माँग। वही दूसरी तरफ मायावती ने शोक जताते हुए लिखा बीजेपी के क़द्दावर नेता रहे व पूर्व रक्षा, वित्त व विदेश मंत्री आदि उच्च पदों को काफी लम्बे समय तक सुशोभित करने वाले तथा नौ बार सांसद रहे जसवंत सिंह के निधन की खबर अति.दु:खद है।


लखनऊ में महामारी के दौरान कार्य करते हुए मृत कर्मचारियों के परिजनों को सम्मानित करतीं महापौर संयुक्ता भाटिया

# भाजपा कार्यकर्ताओं में है सेवाभाव की संस्कृति: स्वतंत्र देव सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी के** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को कहा कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत हैं। पंडित दीनदयाल जी ने जो विचारधारा थी उसी पर चलते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं में सेवा भाव की संस्कृति विकसित हुई। स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने पिछले 6 वर्षों में पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय के सिद्धांत के आधार पर चलते हुए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को मूल मंत्र बना कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने वर्चुअल वेबीनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की चर्चा करते हुए कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता में सभी के सुख की चिंता होती है। इस योजना का उद्देश्य 130 करोड़ देशवासियों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार की योजना भी गांव गरीब किसान और जन-जन के कल्याण को समर्पित है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने रविवार को वर्चुअल वेबिनार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प लेकर आजमगढ़ के नागरिकों व कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। पार्टी द्वारा आयोजित किये जा रहे जिला स्तरीय वर्चुअल संवाद के दूसरे दिन आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आगरा महानगर व डा. दिनेश शर्मा ने वाराणसी महानगर के वर्चुअल वेबिनार के माध्यम से सम्बोधित किया। पार्टी के पदाधिकारियों, राज्य सरकार के मंत्रियों व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी आज जिला स्तर पर आयोजित वेबिनार को सम्बोधित किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने हमेशा राष्ट्र को राजनीतिक नहीं सांस्कृतिक इकाई माना लेकिन राजनीतिक रूप से वह राष्ट्रीय अखंडता के प्रबलतम समर्थक रहे।

## रालोद ने लगाया कुचक्र रचने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र नाथ त्रिवेदी ने धर्म और सम्प्रदाय के स्वयंभू ठेकेदारों पर सामाजिक सद्भाव को पुन: तहस नहस करने का कुचक्र रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अयोध्या के राम लला के पक्ष में निर्णय देते हुए स्पष्ट टिप्पणी की थी कि देश के शेष मन्दिरों की स्थिति सन् 1947 के अनुसार ही रहेगी। इस निर्णय का सम्पूर्ण देश की एक सौ पैंतीस करोड़ जनता ने हृदय से स्वागत किया परन्तु अब पुन: कतिपय अलम्बरदारों द्वारा मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि के मुद्दे को न्यायालय के ही माध्यम से हवा देकर साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के प्रयास प्रारम्भ हो गए हैं जो देश हित में उचित नहीं है। त्रिवेदी ने कहा कि इस प्रकार का कदम जहाँ एक तरफ देश की गंगा जमुनी तहजीब को धक्का पहुँचाने वाला है तो दूसरी तरफ माननीय सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना भी है।

# ई. अजय कुमार बने प्रसपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने रविवार को इंजीनियर अजय कुमार पूर्व नौसेना अधिकारी को प्रसपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है । इस दौरान पूर्व न्यायधीश और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के प्रवक्ता डॉ राज नारायण सिंह के नेतृत्व में ई. अजय कुमार के साथ ही अनेक पूर्व सैनिक भी पार्टी में शामिल हुए । प्रगतिशील समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद अजय कुमार ने कहा कि जो सैनिकों को इज्जत समाज में नहीं मिलती है , उनके रिटायरमेंट के बाद , जो सैनिक अपनी आवाज़ नहीं उठा पाते है , यह उनके लिए आवाज़ उठाएंगे । उन्होंने कहा कि मैं अभी तक देश कि सेवा कि बॉर्डर पर कर रहा था लेकिन अब समाज में रहकर देश और लोगों की सेवा करूंगा। उन्होंने कहा कि अभी तक यह मानसिकता चली आ रही है कि फ़ौजी आता है उसको चौकीदारी का काम दे दो, देश कि चौकीदारी के साथ साथ हम बैंको कि चौकीदारी करने लगे, लेकिन उनके प्रतिनिधित्व कि कोई बात नहीं करता। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने इस बात को ध्यान रखते हुए मुझे प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है जिस पर मैं पार्टी स्तर पर खरा उतर कर देश व प्रदेश सेवा करूंगा इस अवसर पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ; लोहिया द्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने कहा कि सैनिकों का सार्वजनिक जीवन और राजनीति में आना एक शुभ संकेत है । इस मौके पर आदित्य कुलश्रेष्ठ, अश्विन मेहता, किशोर डे , आनंद सिंह , अभिषेक दत्त, मनीष श्रीवास्तव, रमाकांत गुप्ता, एडवोकेट एस एन सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हुए।

## गांधी जयंती पर सपा सत्याग्रह करके भाजपा सरकार पर होगी हमलावर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** गांधी जयंती के अवसर पर सत्याग्रह करके प्रदेश सरकार के खिलाफमोर्चा खोलेगी। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता 2 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा पर 2 घंटे का मौन व्रत रख किसान, नौजवान, आम इंसान और विपक्ष का दमन कर सत्ता द्वारा की जा रही लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ सत्याग्रह करेंगे। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दी। श्री पटेल ने कहा है कि भाजपा सरकार की नीतियों के प्रति जनता में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। किसानों से खेत मालिक की जगह छीनकर खेत मजदूर बनाने की साजिश हो रही है। सरकार किसानों को धान, गेहूं की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी दिलाना नहीं चाहती है। खुले बाजार के नाम पर बड़े व्यापारियों को औनपौने दाम पर फसल खरीदने की छूट दी जा रही है। मंडी व्यवस्था समाप्त की जा रही है। युवाओं द्वारा अपनी मांगे रखने पर उनपर लाठियां चल रही है। भाजपा सरकार सिर्फ दमन और शोषण के रास्ते पर चलती है। इसके विरोध में समाजवादी प्रदेश भर में शांतिपूर्ण ढंग से गांधी प्रतिमा पर मौन सत्याग्रह करेंगे।

# उत्तर प्रदेश में चारों तरफ अंधेरा क्यों है: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि युवाओं को कड़ी परीक्षा पास करने के बावजूद 5 साल की संविदा देने वाले सत्ताधीश खुद चंद महीनों की संविदा पर कार्यरत हैं। भाजपा सरकार के साढ़े तीन साल के प्रदर्शन ने जनता को बता दिया है कि वह 5 साल तो क्या 5 दिन भी सरकार चलाने के लायक नहीं है। अब तक वे अपनी एक भी जनहित की योजना लागू नहीं कर सके हैं। समाजवादी सरकार के कामों पर अपने नाम का ठप्पा लगाने और फीता काटने के अलावा भाजपा सरकार ने कुछ नहीं किया है। वस्तुत: भाजपा नेतृत्व इतना कृतघ्न है कि वह समाजवादी सरकार को उसके समय हुए विकासकार्यों का श्रेय भी नहीं देना चाहता है।

सरकार को इधर.उधर की बहानेबाजी करने के बजाय यह बताना होगा कि उत्तर प्रदेश में चारों तरफ अंधेरा क्यों हैघ् मुद्दा विहीन सरकार के कारण राज्य की जनहित की समस्याएं उलझती जा रही हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्वतंत्रता आंदोलन में रंचमात्र भूमिका नहीं थी इसलिए वह लोकनायक जयप्रकाश नारायण की स्मृति को संजोने को बने अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र को नीलामी पर चढ़ा रही है। इस केन्द्र में स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियां अक्षुण्ण बनाए रखने की योजना थी। भाजपा राज में वहां धूल भी नहीं साफहुई। केन्द्र का अधूरा काम रोक कर भाजपा को क्या मिलाघ् आपातकाल के विरोध का नेतृत्व जयप्रकाश जी ने किया था। दूसरी आजादी के उस संघर्ष पर धूल डालने में भाजपा नेतृत्व भी सहयोगी बन रहा है, आखिर क्योंघ् अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री को यह भी पता नहीं कि वे अपने आचरण से अपने प्रेरणापुरूष का अपमान कर रहे हैं या सम्मान। सूचना विभाग के नए भवन के निर्माण की स्वीकृति समाजवादी सरकार के समय हुई थी, क्योंकि सिविल अस्पताल का विस्तार करना था। इस भवन पर अपने शीर्ष नेता का नाम ही लगाना था तो अपनी किसी नई योजना को पूरा करते। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे की शुरूआत समाजवादी सरकार में ही हो गई थी लेकिन साढ़े तीन साल में भी भाजपा इसे पूरा नहीं कर पाई है। जबकि 325 किलोमीटर के आगरा.लखनऊ एक्सप्रेस.वे का निर्माण दो वर्ष से कम समय में पूरा कर लिया गया था। कई कोशिशों के बाद भी भाजपा सरकार इस एक्सप्रेस.वे में कमी या घोटाला नहीं निकाल पाई। यह इतना मजबूत और गुणवत्ता का एक्सप्रेस.वे है कि इस पर वायु सेना के युद्धक विमान और माल वाहक जहाज भी उतर चुके हैं। भाजपा सरकार की कार्यदक्षता का पता इसी से चलता है कि कैंसर अस्पताल में ओपीड़ी शुरू करने का समय भाजपा सरकार को साढ़े तीन वर्ष बाद मिला है जबकि समाजवादी सरकार ने इसे अपने कार्यकाल में ही पूरा कर लिया था।

### स्वच्छ ड्रेन दिवस मनाया

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रविवार को लखनऊ मण्डल पर स्वच्छ ड्रेन दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत मण्डल रेल प्रबन्धक डा. मोनिका अग्निहोत्री के निर्देश पर लखनऊ जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, गोंडा जंप, बस्ती, खलीलाबाद एवं गोरखपुर स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं राजेश कुमार JC-509898F सुबेदार मेजर पुत्र श्री स्वामीनाथ मिश्रा, नि0–म0नं0–30, ग्रा0–पूरेलेदई, पो0–वेला पश्चिम, तह0/ जिला–सुलतानपुर (उ0प्र0) अपनी पत्नी का नाम भुनेश्वरी देवी से बदलकर भुनेश्वरी देवी मिश्रा कर लिया है, भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

# अपराधिक घटनाओं ने योगी सरकार के कानून व्यवस्था की खोली पोल: लल्लू



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस प्रदेश** अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने उत्तर प्रदेश में हो रहे सिलसिलेवार न थमने वाली गैंगरेप की घटनाएं अनवरत जारी है। जनपद हाथरस के बूलगढ़ी में विगत 14 सितम्बर को हुई दलित नाबालिग बेटी के साथ गैंगरेप व दरिन्दगी एवं जान से मारने के प्रयास की घटना ने यूंपी को झकझोर कर रख दिया है। अजय कुमार लल्लू ने इस घिनौने काण्ड की घोर निन्दा करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। हर रोज प्रदेश के तमाम जनपदों से हत्याए रेप, गैंगरेप और जघन्य अपराधों की तमाम घटनाएं समाचारपत्रों की सुर्खियां बन रही हैं। लचर कानून व्यवस्था और दोषियों पर तत्काल ठोस कार्यवाही न किये जाने से प्रदेश में ऐसे अपराधों की बाढ़ सी आ गयी है। मुख्यमंत्री जी अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने के बजाए अपनी टीम 11 द्वारा जुटाये गये झूठे तथ्यों के जरिये जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## यूपी की 2 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्वार विधानसभा सीट और बांगरमऊ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश का उन्नाव जिला कुलदीप सिंह सेंगर मामले को लेकर खूब चर्चा में रहा है। कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी। इसके साथ ही बांगरमऊ विधानसभा सीट खाली हो गई है। बांगरमऊ सीट पर चुनावी मुकाबले के लिए कांग्रेस ने आरती वाजपेयी को टिकट दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता माने जाने वाले आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के उम्र विवाद को लेकर उनकी भी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इसके साथ ही स्वार सीट पर भी सभी दलों की निगाह टिक गई। स्वार सीट पर कांग्रेस ने हैदर अली खान को प्रत्याशी घोषित किया है।


फिल्म सिटी के लिए प्रस्तावित साइट का निरीक्षण करने पहुंचे अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# संदिग्ध हालात में पंखे से लटका मिला महिला चिकित्सक का शव

## सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के टीएस मिश्रा अस्पताल का मामला अपनी मां के साथ अस्पताल के आवास में रहती थी डाक्टर

**संवाददाता।** सरोजनीनगर-लखनऊ

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक महिला चिकित्सक का शव सदिंग्ध हालात में पंखे से लटका मिला। जानकारी होने पर महिला चिकित्सक की मां ने आनन-फानन उसे फांसी के फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव के आसपास काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नही मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर चिकित्सक के पिता ने बेटी के ससुरालवालों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।

मूलरूप से कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र के पटेलनगर निकट रामादेवी की रहने वाली डा0 मीनू यादव (32) सरोजनीनगर के अमौसी स्थित टीएस मिश्रा हास्पिटल में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थी। डा0 मीनू यही अस्पताल के बीएचके आवास के द्वितीय तल पर स्थित कमरा नम्बर तीन में अपनी मां रामरानी के साथ रहती थी। रामरानी के मुताबिक रविवार की सुबह तकरीबन साढे नौ बजे जब वह स्नान करके बाथरूम से बाहर निकली तो उनकी बेटी डा0 मीनू यादव डुप्पटे के सहारे पंखे के हुक से लटकी हुई थी। उन्होंने आनन-फानन कैंची से डुप्पटे को काटकर मीनू को नीचे उतारा और बेड पर लिटा दिया। लेकिन इससे पहले मीनू ने दम तोड दिया था। मृतक डाक्टर मीनू की मां की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के आसपास काफी खोजबीन की लेकिन घटना के कारणों का पता नही चल सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पिता ने लगाया ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप

मृतका डा. मीनू यादव के पिता डा. आरबी सिंह कानपुर में चिकित्सक है। चौकी प्रभारी दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि मृतका डा. मीनू यादव के पिता डा. आरबी सिंह घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और ससुराल वालो पर दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। लेकिन मृतका डाक्टर के पिता ने अभी तक लिखित तहरीर नही दी है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच की दिषा तय की जाएगी।

### शादी के बाद से नहीं गई ससुराल

डा. मीनू यादव की शादी बीते 28 जून को झांसी में रहने वाले डा. अक्षय यादव के साथ हुई थी। डा. मीनू के पति डा. अक्षय यादव मौजूदा समय में भोपाल में तैनात है। पुलिस ने बताया कि पूछतांछ में पता चला कि शादी के बाद उनकी ससुराल में कुछ अनबन हो गई थी। जिसके चलते वह शादी के बाद से वह अपनी ससुराल नही गई। पुलिस का यह भी कहना है कि उनकी पति से फोन पर भी बात नही होती थी।

### कोविड-19 वार्ड में भी थी ड्यूटी

डा. मीनू यादव को कोरोना मरीजों के इलाज की भी जिम्मेदारी दी गई थी। कोरोना मरीजों का इलाज के करने के दौरान वह कुछ दिन होटल में भी रही। लेकिन क्वॉरेन्टाइन का समय खत्म होने के बाद फिर से वह अपने क्वाटर में आ गई और अपनी मां के साथ रहने लगी।

### मरीजों और स्टाफ के साथ भी था उनका अच्छा व्यवहार

डा0 टीएस मिश्रा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि डा0 मीनू यादव काफी मिलनसार थी। चिकित्सकों, नर्सेस एवं अस्पताल के अन्य कर्मचारियों के साथ ही उनका व्यवहार मरीजों के साथ भी अच्छा था। अस्पताल के स्टाफने बताया कि कभी भी उनके चेहरे पर तनाव नही देखने को मिला। लेकिन उन्होंने किस तनाव में आत्महत्या किया इसका अंदाजा नही लगाया जा सकता।

### अस्पताल प्रशासन से तंग थी

डा. टीएस मिश्रा के सूत्रों की माने तो डा. मीनू यादव अस्पताल प्रशासन से भी काफी परेशान थी। सूत्रों ने बताया कि अपनी जिम्मेदारी को लेकर हमेशा सजग रहने वाली डा. मीनू यादव से अधिक ड्यूटी कराई जाती थी। इसको लेकर मीनू ने कई बार अस्पताल प्रशासन से भी शिकायत की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हुई। सूत्रों की माने तो उनकी ड्यूटी अधिकतर कोविड वार्ड में ही लगाई जाती थी। जिससे उन्हें हमेशा पीपीई किट पहनने को मजबूर होना पड़ता था।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला अधेड़ का शव

**बख्शी का तालाब** (लखनऊ)(सं.)। गोहना कला गांव के जंगल मे पेड़ पर अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला । जिसकी पहचान उसके पुत्र धीरज ने अपने पिता केशन (45) पुत्र गोपाली के रूप में की है । उसके मुताबिक उसके पिता सुबह खेतो में जाने के लिये निकले थे । जब काफी समय तक वापस नही लौटे तो उनकी खोज की गयीं । इसी दौरान गांव के बाहर जंगल मे उनका शव उन्हीं के अंगोंछे के सहारे पेड़ की डाली पर लटकता मिला । सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है । थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी ।

## जेईई एडवांस एंट्रेंस टेस्ट सम्पन्न

# चौबीस केंद्रों पर आयोजित की गई परीक्षा



मानक नगर में न्यू लखनऊ मांटेसरी स्कूल से जेईई की परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के आइआइटी संस्थानों में दाखिले के लिए रविवार को ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट (जेईई) एडवांस की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हो गई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नही पाई गई। कोविड के दौर में कुछ केंद्रों को छोड़ बाकी अन्य सभी पर सोशल डिस्टेंसिंग का भरपूर पालन देखने को मिला।

जेईई एडवांस के लिए राजधानी में कुल 24 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पालियों में सुबह नौ से दोपहर 12 और दोपहर 2:30 से शाम 5:30 के बीच हुई। जेईई एडवांस में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर डेढ़ घंटे पहले पहुंचना था। केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थियों को शारीरिक दूरी के मानक का पालन करते हुए प्रवेश दिया गया। बिना मास्क के पहुंचे अभ्यर्थियों को केंद्र पर तब तक प्रवेश नहीं मिला, जब तक उन्होंने मास्क का इंतजाम नहीं किया। हालांकि कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों को अलग से भी मांस मुहैया कराये गए। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की सघन तलाशी हुई। ऑनलाइन परीक्षा व्यवस्था के साथ ही परीक्षार्थियों पर निगरानी के लिए जगह.जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। शहर में बने हर एक परीक्षा केंद्र पर लगभग 200 से 250 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों के बैग व सामान अंदर नहीं ले जाने दिया गया। परीक्षा में राजधानी से करीब 4557 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें करीब 4500 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा का परिणाम पांच अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। इसके अलावा अभ्यर्थियों को देश भर के आइआइटी संस्थानों की 11 हजार सीटों पर छह नवंबर से नौ नवंबर के बीच सीटें आवंटित होनी शुरू हो जाएंगी।

फिजिक्स मैथ के सवालों ने उलझाया: परीक्षार्थियों के मुताबिक फिजिक्स और मैथ्स के सवाल काफी कठिन थे, जिनको करने में अधिकतर परीक्षार्थियों के पसीने छूटे। प्रश्न कठिन होने की वजह से अधिकतर परीक्षार्थियों का टाइम मैनेजमेंट नहीं हो पाया। इसके अलावा कैमेस्ट्री में अधिकतर सवाल ऑरगेनिक और इन ऑरगेनिक से काफी ज्यादा प्रश्न पूछे गए थे।

जल्दी प्रवेश न देने पर अभिभावकों ने किया हंगामा: परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से एक घंटा पहले परीक्षार्थियों को रिपोर्ट करना था। जिसके तहत सीतापुर रोड स्थित स्टार ऑनलाइन सॉल्यूशन में बने परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी अपने अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, लेकिन परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले लाइन लगावाकर खड़ा करने के कारण परीक्षार्थियों के अभिभावकों ने प्रवेश की प्रक्रिया न शुरू होने के कारण हंगामा शुरू कर दिया। अभिभावकों के हंगामें के बाद सुबह करीब 7रू48 बजे से परीक्षा केंद्र पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

# एक निरीक्षक समेत 14 उपनिरीक्षकों का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के पूर्वी जोन में रविवार को फिर से एक बार डीसीपी पूर्वी जोन मे तबादलों की झड़ी लग गई। अपनी तैनाती के बाद दूसरी बार डीसीपी ने एक निरीक्षक समेत 14 उप निरीक्षकों को इधर से उधर तैनाती दी है । इनमें कई चौकी प्रभारी शामिल हैं। डीसीपी पूर्वी चारू निगम ने पूर्वी कार्यालय में तैनात निरीक्षक रत्नेश कुमार सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक गोमती नगर चौकी प्रभारी बांग्ला बाजार विनय तिवारी को अतिरिक्त चौकी प्रभारी बीबीडी चिनहट अतिरिक्त चौकी प्रभारी तेलीबाग देवेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी बंगला बाजार थाना चिनहट में तैनात उपनिरीक्षक विजय प्रकाश सिंह को चौकी प्रभारी कस्बा बनाते हुए वहां तैनात चौकी प्रभारी सुरेश कुमार पांडे को गोमती नगर विस्तार तैनात थाने में तैनाती दी है इसके अलावा चौकी प्रभारी रजमन बाजार अरुण कुमार मिश्रा को चौकी प्रभारी फन माल थाना आशियाना में तैनात मनदीप सिंह को अतिरिक्त चौकी प्रभारी बंगला बाजार चौकी प्रभारी उद्यान संजय गुप्ता को चौकी प्रभारी रजमन बाजार अतिरिक्त प्रभारी बीबीडी उमेश कुमार सिंह को चौकी प्रभारी बनाया गया है। वही पीजीआई मैं तैनात उप निरीक्षक रणधीर सिंह को चौकी प्रभारी वृंदावन चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रभारी वृंदावनथाना पीजीआई में तैनात विमल बैगा को अतिरिक्त प्रभारी तेलीबाग तथा थाना पीजीआई में तैनात हरिश्चंद्र यादव को अतिरिक्त प्रभार ई साउथ सिटी बनाया गया है इसके अलावा थाना पीजीआई में तैनात लोकेश गौतम को थाना चिनहट थाना आशियाना में तैनात राहुल तिवारी को अतिरिक्त उपनिरीक्षक कल्ली पश्चिम बनाया गया है।



अभिभावक संघ के बंद को लेकर बैठक करने आए कार्यकर्ताओं को गांधी प्रतिमा से हटाती पुलिस।

# अब घर-घर खिलाई जाएगी पेट के कीड़े मारने की दवा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## अभियान आज से 6.6 करोड़ बच्चों को 7 अक्टूबर तक खिलाई जाएगी एल्बेण्डाजाल

**यूपी** के 6.6 करोड़ बच्चों को सोमवार से आशा व आगंनवाड़ी कार्यकर्ता घरदृघर जाकर पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेण्डाजाल खिलाएंगी। यह अभियान 7 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान 6ण्6 करोड़ बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। महाप्रबन्धक आरबीएसके व आरकेएसके के डॉ वेद प्रकाश ने रविवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के 45 जिलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान सोमवार से शुरू हो रहा है। यह अभियान 7 अक्टूबर तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के कारण आगंनवाड़ी केंद्र और स्कूल आदि बंद चल रहे हैं। इसलिए इस बार आशा और आगंनवाड़ी कार्यकर्ता की मदद से एक वर्ष से 19 तक बच्चों को एल्बेण्डाजाल की दवा घर.घर जाकर खिलाई जाएगी। किसी भी अभिभावक को यह टेबलेट रखने या बाद में खिलाने के लिए नहीं दी जाायेगी। डॉ वेद प्रकाश ने बताया कि कोविड दृ 19 के संक्रमण के चलते सभी फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं को खास प्रोटोकाल का पालन करने के निर्देश दिये गए हैं। अभियान में लगे सभी स्वास्थ्य कर्मी मास्क के साथ शारीरिक दूरी का पालन करते हुये बच्चों को दवा खिलाएंगे। उन्होने बताया कि ज्यादा छोटे बच्चों को टेबलेट चूरा कर पानी के साथ खिलाया जाएगा। बड़े बच्चों को भी दवा चबा चबाकर ही खानी है।

बीमार बच्चे को न खिलाएं दवा: किसी भी तरह की बीमारी होने पर बच्चे को एल्बेण्डाजाल टेबलेट नहीं खिलानी है। यदि किसी भी तरह उल्टी या मिचली महसूस होती है तो घबराने की जरूरत नहीं। पेट में कीड़े ज्यादा होने पर दवा खाने के बाद सरदर्द , उल्टी, मिचली, थकान होना, या चक्कर आना महसूस होना एक सामान्य प्रक्रिया है। दवा खाने के थोड़ी देर बाद सब सही हो जाता है। इसके अलावा फिर भी किसी अन्य तरह की बड़ी परेशानी हो तो मुफ्त एंबुलेंस सेवा के टोलफ्री नंबर 108 से मदद ले सकते हैं।

# छोटी आंतों को जोड़ कर बनाया कृत्रिम मलाशय

## सड़ चुकी बड़ी आंतों और मलाशय की जटिल सर्जरी में मिली सफलता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीते** चार सालों से आंत की समस्या से परेशान बस्ती के युवक को सहारा हास्पिटल के विशेषज्ञों ने छोटी आंतों को जोड़ कर कृत्रिम मलाशय बनाकर समस्या से निजात दिलाने में सफलता हासिल की है। करीब छः घंटे चले आपरेशन में सड़ी बड़ी आंतों एवं मलाशय को काटकर सही हिस्से को छोटी आंत से डाक्टरों ने जोड़ा है।

बस्ती के रामकटराखुर्द निवासी जुबैर अहमद (36 वर्ष) को कुछ समय पहले अल्सरेटिव और कुलाइटिस की शिकायत थी और उसके पखाने से खून आता था। तब उन्होंने गोरखपुर के एक हास्पिटल में दिखाया लेकिन वहां इलाज के बावजूद कोई फायदा नहीं हुआ। इस दौरान उसका जो भी इलाज हुआ उससे स्थायी आराम नहीं मिला। मरीज को पच्चीस से अधिक बोतल खून चढ़ाया गया लेकिन मरीज का खून का स्तर लगातार गिर रहा था। जिसके बाद युवक को उसके परिजनों ने सहारा हास्पिटल में



सर्जिकल गैस्ट्रोइंटरोलॉजिस्ट डा अजय यादव से परामर्श लिया। डॉण्यादव को दिखाने के समय मरीज की हालत मरणासन्न अवस्था जैसी थी। उन्होंने मरीज की रिपोर्ट देखने के बाद कुछ जांचें करायी। सभी जांचों का अवलोकन करने के बाद डा अजय यादव ने उसकी समस्या का एकमात्र हल सर्जरी बताया। यह सर्जरी काफी जटिल थी, क्योंकि लगातार दवाइयों के सेवन से मरीज को कैंसर होने की आशंका हो गयी थी। इस पर मरीज ने सर्जरी के लिए अपनी सहमति दी और हास्पिटल में भर्ती हो गया। सर्जरी के दौरान डा. यादव ने बड़ी आंत को जो पूरी तरह से सड़ चुकी थी उसे काटकर निकाल दिया और छोटी आंतों के हिस्से जोड़ जोड़ कर मलाशय बना दिया जो अब सही ढंग से काम कर रहा है। जो हिस्सा सही था उसे छोटी आंत से जोड़ दिया।

# मकान से लाखों की चोरी

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज किया एफआईआर, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई शातिर चोरों की तस्वीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिनहट** के फिनिक्स मॉल चौकी इलाके में स्थित दयाल रेजिडेंसी में शातिर चोर मकान का ताला तोड़कर नगदी और लाखों के सामान उठा ले गए। रविवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को आरोपियों से संबंधित कई अहम सुराग मिले हैं। उप निरीक्षक अभिषेक पांडेय ने बताया कि जनपद बाराबंकी निवासी मनीष सिंह स्थानीय थाना क्षेत्र के दयाल रेजिडेंसी के सी ब्लॉक में रहते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि गत शुक्रवार को सीतापुर रोड स्थित अपने रिश्तेदार के घर गए थे। शनिवार को सुबह घर वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ था। साथ ही घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। साथ ही चोरों ने इत्मीनान से मकान का कोना .कोना खंगाल डाला। इस दौरान शातिर चोर गेट फांदकर दाखिल हुए थे। इसके बाद मकान के मुख्य दरवाजे से लेकर अंदर बेडरूम और अलमारी के लॉकर और ताले टूटे पड़े थे। इसके अलावा सोने.चांदी के जेवरात और 26 हजार नकदी गायब थी। जिसे देख पीड़ित सन्न रह गया। आनन.फानन में पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घंटों तक छानबीन की है। जिसमें शातिर चोरों के अहम सुराग मिले हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में शातिर चोरों की तस्वीर कैद हो गई है। फिलहाल, स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। साथ ही तलाश कर रही है। नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला: स्थानीय पुलिस के अनुसार, गत 22 सितंबर को मल्हौर चौकी इलाके की विकल्प खंड में शातिर चोर मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान पार कर ले गए थे।

**नकबजन करने वाले गिरोह का शातिर गिरफ्तार:** राजधानी की पीजीआई पुलिस ने एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है अभियुक्त के पास से कई घरों से चोरी किया हुआ माल बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर पीजीआई के के मिश्रा ने बताया कि बीती रात उनकी पुलिस टीम गस्त पर थी तभी उन्हें मुखबिर को सूचना मिली कि उतरेठिया के पास एक शातिर मौजूद है जो चोरी का सामान बेचने के फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की बात पर भरोसा किया और मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते है शातिर सामान छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर भाग रहे शातिर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम उन्नाव निवासी अजय उर्फ महावीर बताया।

**हिस्ट्रीशीटर राजा भारती गैंग के दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार:** राजधानी की हुसैनगंज पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि यह थाना गजीपुर के हिस्ट्रीशीटर राजा भारती गैंग के सक्रीय सदस्य हैं जो लूट चोरी और छिनैती के साथ साथ मार्फीन की तस्करी का भी काम करते हैं और राजधानी के विभिन्न थानों में इन पर करीब 14 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 34 लाख की मार्फीन व तमंचा बरामद कर जेल रवाना कर दिया है।लखनऊ सीपी के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में इंस्पेक्टर हुसैनगंज दिनेश कुमार सिंह विष्ट द्वारा गठित टीम के दारोगा कमलेश राय, दारोगा राजेश राय व एसएसआई नईम सिद्दीकी व दीवान अजीत सिंह बदमाशों के फिराक में थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर बदमाश मार्फीन बेचने के लिए इलाके मौजूद हैं।

# ठगी के आरोप में प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मुकदमा

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में ठगी का शिकार हुए, टूर एंड ट्रेवल्स संचालक के मामले को गंभीरता से लेते हुए, एडीसीपी पूर्वी के आदेश पर सात महीने बाद आरोपी प्रापर्टी डीलर के खिलाफठगी की धाराओं में रविवार को नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।इंस्पेक्टर आशियाना के मुताबिक क्षेत्र के सेक्टर आईए मे रहने वाले पीड़ित टूर एंड ट्रेवल्स संचालक महेंद्र सिंह टूटेजा ने बताया कि उनके परिचित अभिषेक द्विवेदी निवासी सवलेधर, देवरीदाता, जिला प्रतापगढ़ए एवम कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के ओसो नगर में रहने वाले दामोदर मिश्रा ने दो वर्ष पूर्व 2018 में उनके आवास के निचले हिस्से को पच्चीस हजार रुपये प्रतिमाह पर किराए पर लेकर बिग सिटीए ग्रीन रेजीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड, नाम से अपने फर्म की शाखा खोल रखा था। और जमीन खरीद फरोख्त का कार्य करते थे। संचालक अभिषेक द्विवेदी व दामोदर मिश्रा ने अपने प्रापर्टी के व्यापार में अधिक मुनाफा का लालच देकर पीड़ित मकान मालिक से कुल 30 लाख 75 हजार रुपए का चूना लगाया और ऑफिस बंद कर चंपत हो गए। वहीं प्रापर्टी डीलर अभिषेक व दामोदर से पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देते रहे।

# गलत फोन नंबर देने वाले कोरोना मरीज बने सिरदर्द

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना संक्रमण की रफ्तार के बीच लापरवाही थमने का नाम नही ले रही है। कोरोना संक्रमित मरीजों की तरफसे जांच के समय गलत नम्बर देने की वजह से स्वास्थ्य विभाग का काम बढ़ गया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने निजी लैबों की भी मदद लेना शुरू कर दिया है। ऐसा नही है कि यह पूर्व में भी हो चुका है। जब काफी संख्या में जांच कराने वालों का पता नही चल पाता था क्योंकि काफी संख्या में लोग नाम, पता, नम्बर गलत दे रहे थे। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब काफी संख्या में लोग अपनी रिपोर्ट लेने के लिए नही पहुचे। विभाग द्वारा ऐसे लोगो की ट्रेसिंग में दिक्कत आ रही थी और जांच कराने वाले अपने स्तर से रिपोर्ट पता कर लेते थे। इस समस्या को देखते हुए जांच को लेकर सरकार ने एड्रेस प्रूफअनिवार्य कर दिया था। जिससे रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर ट्रेस किया जा सके। इसके बाद भी प्रतिदिन 7 से 8 मरीज ट्रेस नही हो पा रहे हैं। जिसके चलते विभाग को इनकी अलग सूची तैयार करानी पड़ रही है। इसके लिए अलग कर्मचारी की तैनाती करने के साथ ही एड्रेस पर ट्रेसिंग करानी पड़ रही है। सूत्रों का कहना है कि तकरीबन अब तक 50 ऐसे मरीज हैं, जिनकी ट्रेसिंग नही हो सकी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी यह मानकर चल रहे हैं कि सम्भव है 10 दिन के होम आइसोलेशन में ठीक हो गए हों। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ अजय राजा का कहना है कि ऐसे मरीज काफी कम संख्या हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की सूची में 7 से 8 मरीज ऐसे मिल रहे हैं जिनके नम्बर गलत मिल रहे हैं।

## कोवावैक्सिन के तीसरे चरण का ट्रायल अक्टूबर में

**लखनऊ।** भारत बायोटेक की तरफसे बनाई गई कोवावैक्सिन के तीसरे चरण के ट्रायल के लिए राज्य सरकार की तरफ से अनुमति दिए जाने के बाद पीजीआई और बीआरडी की तरफ से अक्टूबर में इसका ट्रायल शुरू किया जाएगा। एक दिन पूर्व कंपनी की तरफसे संस्थान निदेशक से वैक्सीन परीक्षण का प्रोटोकॉल साझा कर दिया है। यह वैक्सीन 18 वर्ष से ऊपर लोगों को लगाई जाएगी। देश में बढ़ती कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने वैक्सीन बनाने पर पूरी ताकत झोंक रही है। वैक्सीन निर्माण के कई प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इधरए भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड की वैक्सीन ट्रायल.थर्ड फेज में पहुंच गई है।।

# शहर के हर वार्ड में 1.15 करोड़ की निधि से होंगे कार्य

## ● लाकडाउन के बाद पहले नगर निगम के सदन में मिली राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लॉकडाउन** के बाद पहले नगर निगम के विशेष सदन में जनता के विकास कार्य को गति देने के लिए बजट को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। बजट पास होने से रुके सड़क, नाली और सबमसेबिल जैसे जरूरी कार्य वार्डों में हो सकेंगे, जिससे पार्षदों को राहत मिली। 1.15 करोड़ की की वार्ड निधि से कार्य कराए जाएंगे। वहीं भाजपा दल नेता की बवाली विपक्षी पार्षदों को सदन से बाहर फेंकने की टिप्पणी पर हंगामा खड़ा हो गया।

रविवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में महापौर संयुक्ता भाटिया की अध्यक्षता में नगर निगम का सदन शुरू किया गया। सदन का प्रारंभ करते ही विपक्षी कांग्रेस और सपा के पार्षदों ने बजट को कार्यकारिणी में बिना चर्चा के लाने पर प्रत्यक्ष सदन में लाने को अवैध बताया। पार्षदों ने महापौर से बजट पर विस्तृत चर्चा कराने की मांग की। ऐसे में बजट को विपक्षी पार्षद भाजपा की मंशा पर सवाल उठाते दिखे। भाजपा पार्षद राम कृष्ण यादव, दिलीप श्रीवास्वत सहित अन्य पार्षदों ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा जबरन बजट को अवैध बताकर लटकाना चाहते हैं। भाजपा पार्षद दल नेता राम कृष्ण यादव ने हंगामा करने वाले विपक्षी पार्षदों को राज्यसभा सांसदों की भांति बाहर फेंकने की टिप्पणी का कांग्रेस पार्षद दल नेता ममता चौधरी कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस तरह अभद्र टिप्पणी करने वाले पार्षद को पूरे सदन से माफी मागनी चाहिए। महापौर से कड़ा विरोध करते हुए सपा पार्षद दल नेता यावर हुसैन रेशू ने भाजपा पार्षदल नेता पर नाराजगी जताई। चर्चा के दौरान नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी को फाइनेंस पर नयी नीति बनाकर इसे लागू करने पर सहमति जताई गयी। इसके साथ ही आरआर विभाग के मु य अभियंता राम नगीना के खिलाफ कार्रवाई लंबित होने पर पार्षदों ने नाराजगी जताई। वहीं सदन में मौके पर महापौर ने नगर निगम प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन द्वारा जो अमीनाबाद के पटरी दुकानदारो को वेंडींग जोन मे पारदर्शी व्यवस्था के साथ शि ट करने का कार्य किया है। इसके लिये समस्त नगर निगम परिवार बधाई का पात्र है। इससे अमीनाबाद मे जाम की समस्या से निजात तो मिलेगा ही साथ ही पटरी दुकानदार स्वाभिमान से अपना जीवन यापन कर सकेंगे। अमीनाबाद के स्थायी दुकानों के सामने लग रही अस्थाई पटरी दुकानों को भी अन्यत्र वेन्डिंग जोन में शि ट किया जाएगा।

### नगर निगम, जलकल का बजट हुआ पास

नगरनिगम द्वार सदन में 19 अरब 30 करोड़ 34 लाख की आय व 16 अरब 56 करोड़ 26 लाख रुपये के व्यय का बजट रखा गया। बज ट पर चर्चा के बाद सभी पार्षदों ने सर्वसर्म मत से बजट को पास कर दिया। इसके साथ ही जलकल का 320 करोड़ का बजट सर्वस मति से पास किया गया।

### हर वार्ड में होंगे 1.15 करोड़ के कार्य

महापौर द्वारा पास किये गए बजट में विकास कार्यों को गति दी गयी। वार्ड विकास निधि के माध्यम से समस्त वार्डो में 1.15 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जाएंगे जिसमे से 5 लाख रुपये प्रतिवार्ड पार्षद कोरोना सुरक्षा संबंधित उपकरण आदि पर खरीद के लिए व्यय कर सकेंगे।

### बजट में संस्तुत महत्वपूर्ण कार्य

| | | |
|---|---|---|
| नाला सफाई | – | 8.50 करोड़ |
| सफाई उपकरण की खरीद | – | 13 करोड़ |
| मार्ग प्रकाश | – | 12.70 करोड़ |
| सड़क नाली मर मत | – | 183 करोड़ |
| शहरी निर्धन के लिए | – | 20 करोड़ |
| अवस्थापना | – | 50 करोड़ |

### यह भी सदन में पास किये प्रस्ताव

सदन द्वारा लखनऊ के रुके हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए प्रगतिधिन एवं अनाराभ कार्य ( टेंडर जारी हो चुका एवं अनुबंध किया जा चुके है) ऐसे 41 करोड़ रुपये के कार्यों की देयताओं को पास कर दिया गया है।

- अमृत योजना एवं स्मार्ट सिटी में महापौर को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा।
- जलकल द्वारा सभी वार्डों में 2 लाख रुपये प्रति वार्ड पाईपलाइन मर मत एवं नए पाईपलाइन निर्माण का कार्य किया जाएगा।
- जलकल के 49 कर्मचारियों के विनिमितिकरण का प्रस्ताव शासन को संदर्भित करने का प्रस्ताव पास हुआ

### पार्षद सहित 5 कर्मचारियों को मरणोपरांत कोरोना योद्धा सम्मान

सदन द्वारा कोरोना के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कोरोना के चपेट में आकर जान गंवाने वाले पार्षद वीरेंद्र जसवानी वीरू और 5 अन्य कर्मचारियों स्वर्गीय राजेश कुमार वर्मा, स्वर्गीय कमल कुमार, कविता, रामगोपाल, गोमती देवी को मरणोपरांत कोरोना योद्धा के स मान से स मानित किया गया। इनके परिवारजनों को महापौर ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर स मानित किया।

### 50 लाख की धनराशि की मांग की

इंदिरानगर वार्ड के पार्षद वीरेन्द्र कुमार जसवानी वीरू को याद करते हुए भाजपा पार्षद दल राम कृष्ण यादव ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि वीरू की कमी को सदन में महसूस किया गया। मुस्कान फेर कर सवाल जवाब करने वाले वीरू को कभी सदन नहीं भुला सकेगा। भाजपा पार्षद दल नेता के तौर पर शासन को पत्र भेजकर केंद्र से मिलने वाले 50 लाख की धनराशि की मांग की गयी है। साथ ही लखनऊ नगर नगम भाजपा पार्षदों ने धनराशि इकट्ठी की है, जिस उनके परिजनों को जल्दी ही सौंपी जा सकेगी। सदन द्वारा सबसे बड़ी सड़क व पार्क दिवंगत पार्षद के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया है।

### सदन से पहले हुई कोरोना जांच

समस्त पार्षदों के लिए सदन से पूर्व कोरोना जांच की व्यवस्था की गई, साथ ही उनको फेस शील्ड और मास्क उपलब्ध कराया गया, सोशल डिस्टेंसिन से बैठाने हेतु पीछे तक कुर्सियां लगाई गई थी। साथ ही अस्वस्थ पार्षदों रुपाली गुप्ता और ताराचंद रावत एवं अस्वस्थ अधिकारी राम नगीना त्रिपाठी ने महापौर से अनुमति ले ऑनलाइन सदन में प्रतिभाग किया।

### लॉक डाउन में किए कार्य की सराहना

महापौर ने कोरोना काल मे किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान कोविड महामारी के दौरान हमारे नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों ने जनता तक अपने सेवाएं जैसे साफ सफाई, सैनिटाईजेशन किया। साथ ही कोरोना पॉजीटिव व्यक्ति के घर के पास बैरिकेडिंग एवं जरूरतमंदों तक भोजन पहुचाने का कार्य अति सराहनीय है, हमारे सफाई कर्मचारी जो बिना डरे सबसे पहले कोरोना से जंग करते है, हमारे मा पार्षद जिन्होंने अपने वार्ड की जनता को कोरोना महामारी एवं लॉकडाउन में अपने संसाधनों से राशन और भोजन बांटा, जरूरतमंदों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया, कोरोना निगरानी समिति के अध्यक्ष होने के नाते कोरोना संक्रमित व्यक्ति को होम आइसोलेशन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति किया।

## कन्नौज में सड़क दुर्घटना सीएम ने शोक जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

## प्रसपा छात्रसभा आज सीएम आवास का करेगा घेराव

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) छात्रसभा सोमवार को भाजपा सरकार की गलत नीतियों छात्रों नौजवानों किसानों , उद्यमियों, व्यापारियों सहित आम जनता की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगा। यह जानकारी प्रसपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व छात्रसंध अध्यक्ष ; इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्ध दिनेश सिंह यादव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के आवाहन पर सोमवार को प्रात: 11 बजे से मुख्यमंत्री आवास घेरने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को प्रात: 10 बजे से संगठन के छात्रसभा के पदाधिकारियों के साथ . साथ पार्टी के बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगे । आम जनता की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

## महापौर को ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ।** नगर निगम एवं जल कल कर्मचारी संघ के तत्वावधान में संगठन के पदाधिकारियों व पीडित कर्मचारियों की ओर से महापौर संयुक्ता भाटिया व नगर आयुक्त अजय द्विवेदी से मुलाकात की। संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान ज्ञापन सौंपा है । इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष शशिकुमारमिश्र व महामंत्री सै. कैसर रजा सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर पी सिंह, गोमती त्रिवेदी, चन्द्र मोहन,रामकुमार रावत,विजय यादव मनोज वर्मा आदि सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

# आदेश के बावजूद साल भर से बिल संशोधन करता रहा बाबू

संवाददाता। मोहनलालगंज

**आत्मदाह की कोशिश का मामला**

**कार्रवाई** के घेरे में आए सेस तृतीय डिवीजन दफ्तर में तैनात बाबू पर अधिकारी मेहरबान हैं। आलम यह है कि पटल परिवर्तन का आदेश होने के साल भर बाद भी उससे बिल संशोधन का कार्य लिया जाता रहा। यहां तक कि उसकी आईडी भी बन्द नहीं कराई गई। डिवीजन दफ्तर में आत्मदाह की कोशिश का मामला प्रकाश में आने के बाद अधिकारियों ने बाबू को चार्जशीट जरुर दी है लेकिन लोगों को मामले में निष्पक्ष जांच का भरोसा नही है।

मोहनलालगंज डिवीजन आफिस में 16 सितम्बर को ट्यूबवेल कनेक्शन पर आ रहे अधिक बिल के संशोधन और चेक मीटर लगाने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर किसान कमल किशोर ने खुद पर डीजल उड़ेलकर कर आत्मदाह की कोशिश की थी। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने डिवीजन के एक बाबू को चार्जशीट देकर जवाब तलब किया है। हालांकि पुख्ता सूत्रों की मानें तो अधिकारियों ने 17 जुलाई 2019 को बाबुओं के पटल परिवर्तन का आदेश जारी कर कार्रवाई के घेरे में आए बाबू से बिल संशोधन का कार्य वापस लेकर दूसरे बाबू को सौंप दिया था। लेकिन रसूखदार बाबू ने फिर भी बिल संशोधन का कार्य अब तक जारी रखा। उसकी आईडी से बिल संशोधित होते रहे और अधिकारी मूक दर्शक बनकर सब कुछ देखते रहे। अधीक्षण अभियन्ता डीके त्रिपाठी ने बताया मामले में बाबू को दी गई चार्जशीट का जवाब प्राप्त हो गया है। जिसका परीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला सहकारी बैंको में एकमुश्त समाधान योजना 31 दिसम्बर तक

**लखनऊ।** सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने बताया है कि प्रदेश के 16 नवीन लाइसेन्स प्राप्त जिला सहकारी बैंकों इलाहाबाद, फतेहपुर, आजमगढ़, बलिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, बहराइच, फैजाबाद, सुल्तानपुर, देवरिया, गोरखपुर, हरदोई, सीतापुर, जौनपुर, गाजीपुर एवं वाराणसी में बकाया फसली ऋणों एवं अन्य ऋणों की वसूली हेतु एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई, जो 31 दिसम्बर 2020 तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना की मुख्य विशेषताएं प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समितियों के स्तर से वितरित फसली ऋण जो तीन वर्ष से अधिक बकाया है। श्री वर्मा ने बताया कि इस योजना में दी जाने वाली छूट 1997 से पूर्व के फसली ऋणों में कृषक द्वारा लिए गये वास्तविक मूलधन में से बचे अवशेष मूलधन को जमा कराकर ओटीएस योजना का लाभ दिया जायेगा।

# भाजपा की समीक्षा बैठक संपन्न



संवाददाता। बीकेटी, लखनऊ

**भाजपा द्वारा** बीकेटी में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सलिल विश्वनेई ने उद्बोधन किया जिसमें उन्होंने मंडल सेक्टर प्रभारी व संयोजक को सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिये गये ।

मंडल सेक्टर बुध की नियमित बैठके बूथों का व्यट्सप ग्रुप बनाना आगमी शिक्षक एमएलसी व पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयीं । इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति हंसराज लोधी श्रीमती आभा श्रीवास्तव जिला सह मीडिया प्रभारी विवेक सिंह मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह चौहान सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# ड्राइंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल, चौक कैम्पस की कक्षा-2 की छात्रा अनन्या लोधी ने अन्तर-विद्यालयी ड्राइंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित की गई।

सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी कलात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही रचनात्मक सोच का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। अनन्या द्वारा बनाई कलाकृति ने निर्णायक मण्डल को अत्यधिक प्रभावित किया। निर्णायक मण्डल ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की सृजनात्मक व रचनात्मक प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है। सी.एम.एस. की इसी अनूठी शिक्षा पद्धति के फलस्वरूप विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

## कैंसर संस्थान में भी मिलेगा आयुष्मान व असाध्य योजना का गरीबो को लाभ

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में गरीब मरीजों को भी आयुष्मान योजना व असाध्य रोग योजना का लाभ मिलेगा। इन दोनों योजनाओं को पीजीआइ के पैटर्न पर लागू किया जाएगा। इसके लिए खाका तैयार कर लिया गया है। चक गंजरिया स्थित आधुनिक सुविधाओं से लैस कैंसर संस्थान में इलाज शुरू हो गया है। इसका लोकार्पण शीघ्र ही मुख्यमंत्री करेंगे। ओपीडी से लेकर इंडोर सेवाएं चालू हो गई हैं। संस्थान के निदेशक डॉण् शालीन कुमार के मुताबिक अस्पताल आयुष्मान योजना के पैनल में जुड़ गया है। शीघ्र ही मरीजों के लिए पीजीआइ की तर्ज पर इंटरनल फंड से धन की व्यवस्था की जाएगी। इससे अस्पताल आने वाले आयुष्मान रोगियों को तत्काल मुफ्त इलाज मिल सकेगा। यह धन कितना होगाए यह शासन से मशविरा कर तय होगा। वहीं मरीज के इलाज का खर्च बाद में योजना के जरिए अस्पताल को मिल जाएगा।

# अभियुक्त को पकड़ कर ला रही पुलिस की गाड़ी पलटी

## ● हादसे में आरोपित की मौत, दो पुलिस कर्मियों सहित चार लोग गंभीर घायल

**लखनऊ (सं)।** गैंगेस्टर एक्ट के वांछित को पकड़ कर मुंबई से लखनऊ आ रही पुलिस टीम की गाड़ी मध्यप्रदेश के ग्वालियर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर अचानक पलट गई। हादसे में आरोपित की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मियों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजगढ़ स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**मुंबई में छिपकर बैठा था आरोपी:** एसीपी चौक आइपी सिंह के मुताबिक गैंगेस्टर एक्ट में फरार मूलरूप से बहराइच के दरगाह शरीफ घंटा घर निवासी आरोपी फिरोज उर्फ समी काफी समय से मुंबई में छिपकर बैठा था, जिसकी तलाश में ठाकुरगंज थाने में तैनात दारोगा जगदीश प्रसाद पांडेय व सिपाही संजीव सिंह अपनी निजी गाड़ी से फिरोज को पकड़ने मुंबई गए थे। पुलिस के साथ फिरोज का साढ़ू भाई अफजल भी गया था, जबकि गाड़ी सुलभ मिश्र चला रहा था। बताया जा रहा है कि साढ़ू को पुलिस अपने साथ आरोपी की पहचान व उसके ठिकाने की जानकारी के लिए लेकर गई थी। आरोपित फिरोज अली मुंबई के नाला सोपारा इलाके की झुग्गी झोपड़ी में रह रहा था, जिसे शनिवार को गिर तार कर पुलिस लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

**तेज रफ्तार के चलते हुआ हादसा:** बताते है कि रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस टीम की गाड़ी गुना जिले पाखरिया पुरा टोल से ब्यावरा के पास तेज रफ्तार के कारण अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।

# हमलावरों की कार बरामद, कार मालिक की तलाश में दबिश

## ● यूपीसीएलडीएफचेयरमैन और सांसद ने दिए जल्द गिरफ्तारी के निर्देश

## ● समाजसेवी पर जानलेवा हमले की चौतरफा निन्दा, पुलिस पर बढ़ा गिरफ्तारी का दबाव

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कार ओवरटेक** करने को लेकर हुई कहासुनी के बाद समाजसेवी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की कार का पता लगाकर पुलिस ने बरामद कर ली है। कार मालिक की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उधर रविवार को यूपीसीएलडीएफचेयरमैन और सांसद ने पीड़ित समाजसेवी पर जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निन्दा कर पुलिस को आरोपियों का पता लगाकर जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने को कहा है।

मोहनलालगंज कस्बा निवासी मुकेश द्विवेदी शुक्रवार की देर शाम अपने मित्र राघवेन्द्र तिवारी के साथ कार से तेलीबाग होकर वापस घर लौट रहे थे। तभी गलत तरीके से कार ओवरटेक करने का विरोध जताने पर हुई कहासुनी के बाद कार सवार अज्ञात लोगों ने मुकेश की कार का पीछा कर फायरिंग की थी। कार नंबर के सहारे आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस ने रविवार को मोहनलालगंज के उदवत खेड़ा गांव से कार बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक कार मालिक उसी गांव का रहने वाला है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। उसकी गिरफ्तारी कर अन्य आरोपियों का पता लगाया जाएगा। रायबरेली हाईवे पर हुई इस तरह की वारदात को लेकर रविवार को सोशल मीडिया पर पुलिस की सक्रियता पर तमाम सवाल उठते रहे। बुद्धिजीवियों ने नाइट पेट्रोलिंग में लापरवाही को लेकर गहरी चिन्ता जताई। उधर यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने रविवार को पीड़ित समाजसेवी मुकेश द्विवेदी के घर पहुंचकर उनका हालचाल लिया और मजलूमों की आवाज उठाने वालों पर इस तरह के जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निन्दा की। चेयरमैन ने इसे कानून.व्यवस्था के लिए चुनौती मानकर पुलिस के उच्च अधिकारियों को फोन कर हमलावरों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। वहीं सांसद कौशल किशोर ने भी फोन पर पीड़ित का हालचाल लेकर जानलेवा हमले की निन्दा की।

# कोविड-19 की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी चुने गए



संवाददाता। निगोहां

**जिलाधिकारी** के दिशा निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह द्वारा आज निगोहां व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को बुलाकर मीटिंग हुई,निगोहा व्यापारियों के हित के लिए दो नोडल अधिकारी अजय सिंह व राम प्रसाद साहू को बनाया गया। वहीं व्यापारियों को हैंड सेनीटाइजर, थर्मल स्कैनिंग के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन करने के लिए भी बताया गया,अगर कोई भी व्यापारी इस दिशानिर्देश का पालन नहीं करता है, तो उस पर उचित कार्यवाही भी की जाएगी, वहीं नोडल अधिकारियों को ये जिम्मेदारी दी गयी।कि व्यापार मंडल में समस्त व्यापारियों के दुकान पर कोविड.19 के तहत प्रशासन द्वारा दिये गए निर्देश को दुकानदारों से चस्पा कराने के साथ ही सभी को इसका कड़ाई से पालन करने के लिए भी जागरूक करें। इस दौरान अजय सिंह, सुरेंद्र दीक्षित, राम प्रसाद साहू, सज्जन तिवारी,अनिल साहू, नितिन सिंह सहित सभी व्यापारी मौजूद रहे।

# मुख्य परिसर को कोविड हॉस्पिटल में बदलने की योजना का विरोध

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के मुख्य परिसर को कोविड हॉस्पिटल में बदलने की कार्य योजना का विरोध शुरू हो गया है। परिसर को कोविड हॉस्पिटल में तब्दील किये जाने के योजना की भनक मिलते ही रेजीडेंट एसोसिएशन व नर्सेस संघ ने इस कार्य योजना को लागू करने पर विरोध दर्ज करा दिया है। अभी हाल ही सरकार की तरफ से लोहिया अस्पताल में 300 कोविड मरीजों के इलाज की व्यवस्था किये जाने के निर्देश के बाद ही मुख्य परिसर को लेकर विरोध शुरू हो गया है। जबकि कुछ दिन पहले जब कमिश्नर व डीएम ने मुख्य कैंपस का निरीक्षण किया और बिस्तर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया दिया था। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी 350 बिस्तरों वाले मुख्य भवन में कोविड अस्पताल चलाने की कार्य योजना पर काम करने लगे। योजना का पता चलने पर संस्थान के सीनियर डॉक्टरों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे सुपर स्पेशयलिटी सेवाएं ठप हो जाएंगी, जो मरीज हित में सही नहीं होगा। संस्थान में इस समय आंकोसर्जरी, मेडिकल आंकोलॉजी, रेडिएशन आंकोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, कोर्डियोलॉजी, मेडिसिन सीवीटीएस, पीडियाट्रिक सर्जरी समेत करीब 15 विभागों में मरीजों का उच्चस्तरीय इलाज व सर्जरी हो रही है। इन सभी को बंद कर देने पर दूर दराज से आने वाले मरीजों का इलाज ठप हो जाएगा। रेजीडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉण् गुरनाम सिंह व सचिव डॉ. अनिल लोधी ने इस योजना को लागू न करने के लिए कहा है। उनका कहना है कि कोविड अस्पताल में कोरोना मरीजों का इलाज होगा जिससे संक्रमण का डर फैलेगा और 500 एमबीबीएस व 140 पीजी छात्रों का शैक्षणिक सत्र खतरे में पड़ जाएगा। उनका प्रस्ताव है कि कैंसर संस्थान को कोविड हॉस्पिटल बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वहां डाक्टरों की जरूरत होगी तो वह ड्यूटी करने के लिए तैयार हैं।

## डम्परों के आवागमन से गलियारा बन गई रोड

**मोहनलालगंज।** मिट्टी ढुलाई कर रहे डम्परों ने डेढ़ माह पहले धनवारा.कोराना रोड को गलियारा बना दिया। मिट्टी लदे भारी.भरकम डम्परों के आवागमन से रोड बनाते समय नीचे डाली गई कंक्रीट उखड़कर बाहर आ चुकी है। रही.सही कसर बारिश ने पूरी कर दी लिहाजा महीने भर से इस खस्ताहाल रोड पर ग्रामीणों का आवागमन दूभर है। लेकिन शिकायत के बावजूद पीडब्ल्यूडी अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

मोहनलालगंज में धनवारा-कोराना के बीच तकरीबन एक किलोमीटर रोड महीने भर से आवागमन लायक स्थिति में नही है। ग्रामीणों के मुताबिक डेढ़ माह पहले इसी रोड से मिट्टी ढुलाई कर रहे डम्परों ने रोड को खस्ताहाल बना दिया। डम्परों के बोझ से रोड जगह.जगह उखड़कर बर्बाद हो चुकी है। उस पर गड्ढा भरने के लिए कुछ जगहों पर डाली गई मिट्टी ने हालात और खराब कर दिए हैं।

# स्क्रीनिंग के विरोध में 13 अक्टूबर तक जागरण अभियान चलाएगा परिषद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वास्थ्य विभाग** में 50 पार कर्मचारियों की स्क्रीनिंग के लिए शासन स्तर पर गठित कमेटी के विरोध में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद 13 अक्टूबर तक राज्य कर्मचारी के विभिन्न कार्यालयों में संपर्क कर 13 अक्टूबर तक जन जागरण करने का निर्णय लिया है।इसके साथ ही सोशल मीडिया द्वारा भी कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा ।

रविवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक अध्यक्ष सुरेश रावत ने की। बैठक में इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा परिषद के संगठन प्रमुख केके सचान वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव उपाध्यक्ष धनंजय तिवारी, डॉ पी के सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष केदार नाथ तिवारी आदि उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जनपदों में 14 अक्टूबर को सोशल डिस्टेंसिंग और प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करते हुए मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन का प्रेषित किया जाएगा। इसके साथ ही मंडल मुख्यालयों पर एक जगह धरना ना कर उसे छोटे.2 कई पार्ट में आंदोलन करेगा। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकार धीरे धीरे कम हो रहे हैं। सरकार संविदा आउटसोर्सिंग और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। जो आम जनता के भविष्य के लिए भी घातक है। वहीं कर्मचारियों को निराश कर रहे हैं और उनका मनोबल तोड़ने के लिए 50 साल की उम्र तक 30 साल की सेवा कर जबरन रिटायर किए जाने का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# माफिया खान मुबारक के घर पर चला बुल्डोजर

- हरसम्हार गांव के बाहर स्थित मकान ध्वस्त
- करोड़ों की सम्पत्ति पहले ही हो चुकी है जब्त

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



खान मुबारक के मकान को गिराता बुल्डोजर — पायनियर

**माफिया** खान मुबारक के विरूद्ध प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क करने तथा निर्माण कार्यों को ढहाये जाने के बाद रविवार को खान मुबारक के मकान पर बुल्डोजर चला। ढाई हजार वर्ग फिट में बने खान मुबारक के मकान को देखते ही देखते बुल्डोजर से धराशायी करा दिया गया। प्रशासन का कहना है कि इस मकान को खान मुबारक ने अपनी काली कमाई से प्राप्त धनाशि से बनाया था। गौरतलब है कि माफियाओं के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के तहत जिला प्रशासन ने खान मुबारक के दोनों मकानों को धारा 14(1) तहत कुर्क कर दिया है। इसके पूर्व हंसवर बाजार में स्थित खान मुबारक के बीस कमरों को प्रशासन ध्वस्त करा चुका है। साथ ही 48 बिस्वा फसल को भी ट्रैक्टर से रौंदा जा चुका है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार खान मुबारक की पांच करोड़ से अधिक की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी है। रविवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, उपजिलाधिकारी टाण्डा अभिषेक पाठक, थानाध्यक्ष हंसवर प्रदीप कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हंसवर थाना क्षेत्र के हरसम्हार गांव में सड़क के किनारे स्थित खान मुबारक के मकान को गिराने की प्रक्रिया शुरू हुई। मकान को गिराने के पूर्व उसमें रखे सामानों को बाहर निकाला गया लेकिन कुछ आलमारियों को छोड़ कर प्रशासन को मकान के अन्दर कुछ नही मिला। इसके बाद बुल्डोजर लगाकर पूरे मकान को ध्वस्त कर दिया गया। खान मुबारक के गांव के बीच में स्थित मकान को भी कुर्क किया जा चुका है। अब देखना यह है कि इस पर कार्यवाही कब होती है। ध्वस्त मकान की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है।

## अवैध गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जिसे संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करें जेल भेज दिया गया है।जनपद मे पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम, अपराधियो की धरपकड़, गिरफ्तारी वांछित, वारंटी की गिरफ्तारी के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है जिसका पालन करने के लिए शनिवारध्रविवार की रात्रि बसखारी थाने पर तैनात उप निरीक्षक शिव पाल अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान किछौछा में एक व्यक्ति की संदिग्ध रूप से होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने उक्त स्थान की घेराबंदी करते हुए एक व्यक्ति को धर दबोचा। और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 600 ग्राम अवैध गांजा भी बरामद करने का दावा बसखारी पुलिस ने किया है।

# विधायक ने इंटरलॉकिंग कार्य का किया शिलान्यास



शिलान्यास के दौरान पूजा करती विधायक — पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**विकास** का कार्यों से लगातार अपने टाण्डा विधानसभा को लाभान्वित करने का काम करने वाली टाण्डा विधायक संजू देवी ने रविवार को सददरपुर मण्डल के खेतापुर गांव में प्रमोद के घर से अमरजीत वर्मा के घर तक 6.57000लाख की लागत से बन रहे 195 मीटर इंटरलाकिंग का शिलान्यास किया । इसके उपरांत सभी माताओं बहनो से भेंटकर कहा कि भाजपा की सरकार क्षेत्र को बिना किसी भेदभाव के साथ सबका साथ सबका विकास के सिद्धान्त को आगे बढ़ा रही है। इसके लिए किसी जाति सम्प्रदाय व्यक्ति विशेष नही बल्कि गांव गरीब किसान के लिए कार्य कर हर वर्ग के लोगो के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहिए जिसका प्रयास हर स्तर पर हो रहा है। इसे सड़को का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय,किसान सम्मान निधि, नि:शुल्क राशन अन्य कई तरह से जनहित के कार्यों के माध्यम से किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में मथुरा,रवि साहू, चंद्रावती, अरविंद श्रीवास्तव, अजय पाठक शैलेन्द्र पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामबासी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### भाजपा नेता का हुआ भव्य स्वागत

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष संतराज यादव का हाईवे पर स्थित एक निजी रेस्टोरेंट पर बैक के डायरेक्टर व भाजपा नेता इन्द्रभान सिंह की अगुवाई में स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया तथा अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष संतराज यादव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार गरीबोंए मजदूरों व किसानां के प्रति संकल्पित है। सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने की लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्रों को दिया जा रहा है। गरीबों को निःशुल्क आवासए शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। इलाज के लिए आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख की व्यवस्था की गयी है। बैंक के डायरेक्टर इन्द्रभान सिंह ने कहा कि कृषि व कृषकों के विकास हमारी प्राथमिकता है। सरकार ने कृषि को आधुनिक बनाने के लिए कई योजनाएं प्रदान की है। कृषकों की आय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से बढ़ी है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कोरोना संकट के बाद भी भारत आज आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से चल रहा है। लघु व कुटीर उद्योगो के विकसित होने से रोजगार सृजन की सम्भावनाओं को सम्बल प्रदान होगा। इस अवसर पर डायरेक्टरों में जमुना चतुर्वेदीए रमेश शुक्ल, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, कमलाशंकर पाण्डेय, राघवेन्द्र पाण्डेय, मनोज वर्मा, मण्डल अध्यक्ष कमलेश सिंह, वीरसेन सिंह काका, बब्लू मिश्रा, अशोक उपाध्याय, रामबक्श सिंह मौजूद रहे।

### कोरोना योद्धा सम्मानित

**गोरखपुर।** ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आज प्रदेश के मुखिया बी.एन. शर्मा के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष मोहम्मद रजी के नेतृत्व में शहर के प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश गुप्ता एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ श्रीमती डॉ. मीनाक्षी गुप्ता को कोरोना काल में अपने कर्तव्यों का पालन हेतु कोरोना योद्धा के सम्मान पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन के राजेश पांडेय, मोहम्मद खालिद, अनिल पांडेय, मोहम्मद अफ़ज़ल, इमरान खान, मोहम्मद साहब, संजय सिंह, राजेंद्र निषाद आदि उपस्थित रहें।

### शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध पर विराम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी में लगी कैंपियरगंज थाने की पुलिस टीम ने टाप 20 अपराधी कंचन कुमार पुत्र चन्द्रमणि निवासी लोहरपुरवा टोला रेहरवा, थाना कैम्पियरगंज, जो की एक शातिर लूटेरा है, को आज सुबह लोहरपुरवा रेलवे क्रासिंग मरचाही कूटी मन्दिर के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त कंचन कुमार पहले भी थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज में लूट व डकैती के जुर्म में जेल जा चुका है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. अखिलेश कुमार, आरक्षी प्रदीप कुमार मिश्र, पारस कुमार शामिल रहें।

### तालाब में उतराती मिली युवक की लाश

**गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव में रविवार की सुबह एक 32 वर्षीय युवक का शव तालाब के पास मिला। जानकारी के मुताबिक उसकी पहचान विजय पुत्र स्व. पारस निषाद निवासी राघोपुर के रूप में हुआ। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम वह कस्बे से पल्लेदारी करके घर वापस आया और वह नशे में था। शाम सात बजे तक गाँव में घूमता देखा गया था। पत्नी रेखा ने बताया कि खाना बनाने के बाद उनका इंतजार कर रहे थे लेकिन काफी समय इंतजार करने के बाद भी घर वापस नहीं आये तो खोजबीन शुरू किया गया लेकिन रात में पता नहीं चला सुबह आठ बजे घर के पीछे पोखरे में उसकी उतराती हुई लाश मिली है। उसके नाक और कान से खून निकला हुआ था। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सांसद ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**गोरखपुर।** सदर सांसद रवि किशन ने रविवार को गोरखनाथ ओवर ब्रिज से सूरजकुण्ड ओवर ब्रिज के बीच तीसरी लाईन विस्तारीकरण के कारण आमजन को हो रही समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लाईन विस्तारीकरण के कारण गोरखनाथ ओवर ब्रिज से पश्चिम दक्षिणी पटरी पर निवास करने वाले 600 परिवार (लगभग 3000) लोगों का रास्ता लगभग बंद हो गया है, आने जाने का कोई अन्य मार्ग न होने के कारण 600 घर के लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गये है। सदर सांसद रवि किशन शुक्ल द्वारा मौके पर ही रेल विभाग, नगर निगम, व पी.डब्लू.डी.-एन.एच. के अधिकारियों को संयुक्त रूप से समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान महानगर के शशीकान्त सिंह, देवेश श्रीवास्तव, पृथ्वी चन्द लाल साहब, श्याम पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, शैलेष गौतम, संदीप कुमार, दीप चन्द, प्रेमनाथ, विजय कुमार, विशाल सैनी सांसद प्रतिनिधि समरेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम के मुख्य अभियन्ता सुरेश चन्द्र, पी.डब्लू.डी.-एन.एच. अधिशासी अभियन्ता एम.के. अग्रवाल, पू.उ. रेलवे के निर्माण संगठन के उपमुख्य इंजिनियर/सामान्य सुभाष, अधिशासी अभियन्ता आर.के. सिंह, सि.से. अभियन्ता बृजेश कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### भाजपा सरकार पर बरसी सपा महिला सभा की अध्यक्ष

**गोरखपुर।** सहजनवां विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के महिला समेंलन, बूथ गठन को लेकर पदाधिकारियों ने रविवार को सहजनवां शारदा प्रसाद रावत महाविद्यालय भिटी रावत में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सहजनवां विधानसभा महिला अध्यक्ष अनारकली मौर्या ने की। संचालन विधानसभा अध्यक्ष गिरीश यादव ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राम नगीना साहनी पदाधिकारियों से संगठन मजबूत बनाने की अपील की। यशपाल सिंह रावत पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा ने गरीबों, किसानों और मजदूरों के हित में जो घोषणाएं की, उन पर आज तक अमल नहीं हुआ। विशिष्ट अतिथि बिन्दा सैनी जिलाध्यक्ष महिला सभा ने सरकार की नीतियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा जहां नोटबंदी ने महिलाओं की कमर तोड़ दी थी, वहीं रोजगार और शिक्षा के प्रश्न पर भी महिलाएं खुद को केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा ठगा हुआ महसूस करती हैं। आज आधी आबादी को एकजुट होकर भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राम जतन उर्फचिखुरी यादव, विरेन्द्र यादव ,दिलीप यादव अजीत, प्रेम, रवि निषाद, जितेंद्र शर्मा, पशुराम, शुशील राय, कपिल मुनी, सुनील आजाद, वीके सिहं, संजय निषाद, ताज मोहम्मद मजनू, अभीनाश बिट्टू, राजेश सैथवार, निरज कन्नौजिया, मोनु कन्नौजिया, विनोद, गीता साहनी, आरती, मीना, मुनका, सुधा, अनील, उषा, शीला, मीरा, रमावती, राधिका, विद्या, मालती, सीमा, बबुनी, राजकुमारी आदि उपस्थित रहें।

# तो क्या प्रेम प्रसंग बना उपेंद्र की मौत का कारण

- साथी की मंगेतर से उपेंद्र ने रचाई थी शादी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



थाने के सामने रोते बिलखते परिजन — पायनियर

**6 दिन** पूर्व लापता युवक का शव जिला मुख्यालय के निकट जोहरडीह रेलवे क्रॉसिंग के पास पाए जाने के बाद सनसनी फैल गई ।पुलिस ने जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तो भेज दिया है लेकिन इस घटना के बाद पुलिस की लापरवाही भी साफतौर पर सामने आ गई है। परिजनों ने 22 सितंबर को ही दी गई तहरीर में हत्या की आशंका जताते हुए आरोपियों के नाम भी पुलिस को बता दिए थे लेकिन पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और गुमशुदगी दर्ज कर शांत हो गयी। परिणाम यह हुआ कि युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया । सम्मनपुर थाना अंतर्गत सहनेमऊ गांव निवासी उपेंद्र यूपी बस सर्विस की निजी बस पर कंडक्टर का काम करता था । इसी दौरान दाउदपुर मलिआन निवासी असलम भी उसके संपर्क में आया और दोनों में मित्रता हो गई। उसकी माली हालत को देखते हुए उपेंद्र ने उसे भी बस पर रख लिया और वह खलासी का काम करने लगा। परिजनों का आरोप है कि असलम ने ही उपेंद्र की हत्या की है । इसके पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है ।असलम की शादी महरुआ निवासी सायरा बानो के साथ तय हुई थी। असलम, उपेंद्र के साथ आता जाता था। इसी बीच शायरा का सम्बंध उपेंद्र के साथ हो गया और शायरा ने 16 जनवरी को भागकर उपेंद्र से शादी कर ली। शादी के बाद उपेंद्र शायरा को लेकर जिला मुख्यालय के पार्क रोड पर रहने लगा था लेकिन दोनों की शादी असलम को हजम नहीं हुई थी और उसने मन ही मन बदला लेने की ठान रखी थी। 22 सितंबर को उपेंद्र को रात लगभग 9:00 बजे पुरानी तहसील तिराहे के पास देखा गया था जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। देर रात तक जब वह कमरे पर नहीं पहुंचा तो इस संबंध में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने उसी समय ही हत्या की आशंका जताई थी लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद कोई कार्यवाही नहीं की। अंततः उपेंद्र का शव झाड़ियों के बीच पाया गया। मृतक की मां की तहरीर पर असलम के अलावा उसके मामा हनीफपिता मां भाई व बहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने असलम को गिरफ्तार कर लिया है।

## बस-ट्रक की भिड़ंत में एक की मौत

**बीकापुर, अयोध्या।** बीकापुर थाना क्षेत्र के हाईवे मार्ग टाटा स्टैंड के निकट एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस और ट्रक आमने.सामने की टक्कर में 1 दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल मैं इलाज के दौरान एक घायल यात्री की मौत हो गई। बीकापुर क्षेत्राधिकारी पुलिस अजय कुमार पटेल ने बताया है कि शनिवार देर रात अयोध्या से इलाहाबाद हाईवे मार्ग पर एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक और रोडवेज में टक्कर हो जाने से बस पर सवार 1 दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएससी बीकापुर उपचार के लिए पहुंचाया गया जहां तैनात चिकित्सक सतीश चंद्रा ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बीकापुर प्रभारी निरीक्षक इंद्रेश कुमार यादव ने बताया। घायलों में देवेश पांडे पुत्र प्रगट कुमार पांडे उम्र करीब 32 वर्ष निवासी भोजपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी, रवि निषाद पुत्र स्वर्गीय रामदास उम्र करीब 52 वर्ष निवासी माधोपुर थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर, चांद पुत्र मोहित उम्र 23 वर्ष निवासी दौलतपुर थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या, दुर्गेश पुत्र छोटेलाल उम्र 30 वर्ष निवासी बेगमपुरा थाना कोतवाली जनपद अयोध्या, करुणेश पाठक पुत्र जगदीश पाठक उम्र 32 वर्ष निवासी महोली थाना रौनाही जनपद अयोध्या, जगन्नाथ पुत्र पूर्वी दीन उम्र 40 वर्ष निवासी बेगमगंज गढ़िया थाना कैंट जनपद अयोध्या, पूर्णिमा पुत्री जगन्नाथ गुप्ता उम्र 18 वर्ष निवासी बेगमगंज गढ़िया थाना कैंट जनपद अयोध्या, पंकज मिश्रा पुत्र अरविंद मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी बेगमगंज गढ़िया थाना कैंट जनपद अयोध्या, अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी अज्ञात, मृतक हरिकेश यादव पुत्र मनीराम यादव उम्र 28 वर्ष निवासी पूरे खुदाई बिकना थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर; मृतक फौजी बताया जा रहा है।

# सामुदायिक शौचालय के लिए चिन्हित भूमि पर ग्राम प्रधान ने किया कब्जा

- बीडीओ मिल्कीपुर ने डीएम को भेजी रिपोर्ट

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र के पारा धमथुवा गांव में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए राजस्व कर्मियों द्वारा चिन्हित की गई भूमि पर ग्राम प्रधान द्वारा अवैध कब्जा किए जाने के चलते सामुदायिक शौचालय का निर्माण न हो पाने का खुलासा हुआ है। खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर ज्योति शर्मा ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए चयनित भूमि पर ग्राम प्रधान द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का संज्ञान लेते हुए समुचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्रदेश सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है जो लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है इसी क्रम में मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा धमथुवा मैं भी सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु विकास विभाग की ओर से धन आवंटित किया गया था। सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा भूमि चिन्हित भी कर दिया गया था किंतु ग्राम प्रधान ने स्वयं चिन्हित भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया और खातेदार तथा आम रास्ते की भूमि पर जबरिया शौचालय निर्माण हेतु नींव खुदवा डाली। ग्राम प्रधान की दबंगई देख ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जनसुनवाई शिकायत प्रणाली का सहारा लेते हुए ऑनलाइन शिकायत की इसके अलावा भी ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से लेकर मुख्य विकास अधिकारी तक का दरवाजा खटखटाया किंतु मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकी हालांकि खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर ज्योति शर्मा ने प्रकरण की जांच कराने के उपरांत यह पाया कि ग्राम प्रधान द्वारा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु चिन्हित की गई भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा गया है।

## आर्यन हॉस्पिटल पर महिला के कान से सोने का फूल निकालने का आरोप

**गोरखपुर।** कैंट थाना क्षेत्र के दाउदपुर स्थित आर्यन हॉस्पिटल लगातार विवादों में घिरा रहता है। शायद ही कोई ऐसा माह बितता होगा कि वहां पर कोई विवाद न हो। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। हॉस्पिटल में भर्ती महिला का इलाज के दौरान मौत हो जाने पर उसके कान से सोने का फूल नोचकर निकाले जाने का आरोप परिजनों ने लगाया है। कान से सोने का फूल नोचकर निकाले जाने की जानकारी परिजनों को तब हुई जब वह लाश खोल कर देखें। मामला कल शाम का बताया जाता है। जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र की ग्राम मढ़हा निवासिनी शारदा देवी की कल अचानक तबियत खराब हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे उक्त अस्पताल में लेकर आये। चिकित्सकीय परामर्श पर परिजनों ने भर्ती कर दिया। उसका इलाज चल ही रहा था कि शाम को 7 बजे उसकी मौत हो गई।

# संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रधानमंत्री के संबोधन को अयोध्या के साधु-संतों ने सराहा

संवाददाता। अयोध्या

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र संबोधन के अवसर पर रामा दल ट्रस्ट ने रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास को भेंट की नवीन पोशाक

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत को अस्थाई सदस्यता और संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्यप्रणाली में परिवर्तन की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सराहा और रामा दल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री के संबोधन को लेकर के रामलला को नवीन वस्त्र भेंट किए गए। राम नगरी के संतों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के संबोधन में भारत को अस्थाई सदस्य बनाने की मांग उठाई और यह भी समझा दिया कि कोई भी संस्था लंबे दिनों तक तभी चलती है जब समय के साथ उसके संविधान में परिवर्तन होता है। वर्तमान समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के संविधान में परिवर्तन की आवश्यकता है और भारत जैसे संप्रभुता संपन्न देश को अस्थाई सदस्य होना चाहिए। जिससे कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत जैसा देश जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है वह अपने सामान वह विकासशील देशों को विकसित बनने हेतु और विश्व में कोई युद्ध ना हो शांति हो इसके लिए कार्य किया जा सके। प्रधानमंत्री ने यह भी बता दिया कि भारत की एक ऐसा देश है जहां पूरे विश्व को परिवार माना जाता है और हमारे पूर्वज इसी रास्ते पर चले हैं और आने वाले समय में हम भी इसी रास्ते पर चलेंगे। रामा दल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कलकिराम जी महाराज ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदीजी द्वारा संयुक्त राष्ट्र के सम्बोधन से पूर्व श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी श्री सत्येन्द्र दास जी से भेंट कर एकादशी पर्व पर श्रीराम लला को पहनायी जाने वाली नवीन पोशाक अर्पित कर प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में संयुक्तराष्ट्र का नेतृत्व अर्थात अध्यक्ष पद पर आरूढ़ होने का आशीर्वाद माँगाए मुख्य पुजारी श्री सत्येन्द्र दास जी ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्रहित से जुड़ी आपकी पवित्र भावनाएं फलीभूत हुयी है और आगे भी होती रहेंगी मोदीजी शीघ्रताशीघ्र पूरी दुनिया का नेतृत्व करेंगे इसमे रत्ती भर भी सन्देह नही है। प्रधान मंत्री मोदीजी के शुभ जन्म दिवस पर श्रीराम लला के सम्मुख शुरू किये गये ष्विश्व विजयी महायज्ञष्की पूर्णाहुति 25अक्तूबर को विजयादशमी शुभ नक्षत्रों में रामादल मुख्यालय पर दी जायेगी।

# असहाय व निरीह वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए सतत् प्रयासरत है भाजपा : शेष नारायण

- सैदापुर मंडल में अनुसूचित वर्ग के कार्यकर्ता के घर किया भोजन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



कार्यकर्ता के घर भोजन करते क्षेत्रीय अध्यक्ष व अन्य पार्टी नेता — पायनियर

**भाजपा** अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के सामाजिक समरसता और भेदभाव रहित समाज की स्थापना के लिए समर्पित भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए सैदापुर मंडल के तोरण का पूरा बूथ के बूथ अध्यक्ष अनुसूचित वर्ग के साथी अशोक कुमार के घर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा और क्षेत्रीय मंत्री त्रयंबक तिवारी के साथ भोजन कर सबका साथ सबका विकास के अभियान को गति प्रदान किया।

भारतीय जनता पार्टी समाज के विभिन्न प्रकार से पिछड़े इलाकों और हर प्रकार से असहाय एवम् निरीह वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए सतत् प्रयासरत रहने वाला देश भक्त राजनैतिक संगठन है।उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र द्वारा जनपद के दो दिनी प्रवास के दूसरे दिन भाजपा के जिला पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।उन्होंने जिला पदाधिकारियों से एक एक कर वृत्त लेते हुए कहा कि भाजपा समाज के अन्तिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति गंभीर है।उसके जीवन स्तर को सामाजिक और आर्थिक रूप से सुदृढ बनाने के लिए हर तरह से अनवरत प्रयत्नशील है।बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने बैठक के अतिथि और पदाधिकारी गण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी कठोर परिश्रम और सतत् क्रियाशील कार्यशैली की वजह से भाजपा जनपद में बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। भाजपा के जिला पदाधिकारियों की बैठक में क्षेत्रीय मंत्री त्रयंबक तिवारी,रमापति मौर्य,जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राणा रणधीर सिंह,चंद्र प्रकाश वर्मा,सुमन पांडेय,रमेश चंद्र गुप्त,मनोज मिश्र,विमलेंद्र प्रताप सिंह (मोनू), दशरथ यादव,रफ्त एजाज, जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, बाबा राम शब्द यादव,अमरेंद्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री दीपक तिवारी, दिलीप पटेल (देव), राम बहाल वर्मा, चंद्रिका प्रसाद, विकास तिवारी,आदर्श चौधरी,इंद्रेश निषाद,जिलाआईटी विभाग संयोजक मनीष मिश्र, जिला कार्यालय प्रभारी अतुल वर्मा,सह जिला कार्यालय प्रभारी अरविंद सिंह (डिंपू),सह जिला मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक प्रमुख रूप से शामिल रहे।क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रवास के दूसरे दिन भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के साथ अकबरपुर विधान सभा क्षेत्र के बेवाना मण्डल अध्यक्ष रवि सिंह चौहान,कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के श्रवण क्षेत्र मण्डल अध्यक्ष सुबास वर्मा,खजुरी मण्डल अध्यक्ष दिलीप तिवारी,भीटी मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह के मण्डल पदाधिकारी,मण्डल प्रभारी,सेक्टर प्रभारी सेक्टर संयोजक के साथ बैठक कर संगठन के कार्यों की समीक्षा करने के साथ साथ आगामी चुनावों और पार्टी के कार्यक्रमों के विंदु पर विचार विमर्श के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जनपद में क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र के साथ दो दिनी दौरे में पूरे समय भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा और जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी शामिल रहे।

## एजीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**गोरखपुर।** सम्पूर्ण भारतीय रेल पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल ने गोरखपुर जं. स्टेशन पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी तथा यहां कार्यरत 20 सफाई कर्मियों को उनके कार्य के प्रति लगन एवं निष्ठा को देखते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान अन्य सफाई कर्मियों एवं यात्रियों को सैनिटाइजर किट वितरित किया गया। मुख्य कारखाना इंजीनियर बी.एस. दोहरे एवं मुख्य रोलिंग स्टाक इंजीनियर योगेश मोहन ने सफाई कर्मियों के लगन एवं निष्ठा की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी देवर्षि श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन (ई.एन.एच.एम.) ए.पी. पाण्डेय ने किया। इसके पूर्व अपर महाप्रबन्धक श्री अग्रवाल, एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने स्टेशन पर स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। इसके उपरान्त अपर महाप्रबन्धक श्री अग्रवाल ने वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।

## बिहार में चुनाव
### नीतीश की परीक्षा

**महामारी** के बीच में बिहार विधानसभा चुनाव व्यवस्था व सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती हैं। ये वायरस के प्रसार पर लगाम रखते हुए जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का उदाहरण बन सकते हैं। इसके लिए चुनाव के नए नियम लागू होंगे जिसमें वर्चुअल प्रचार अभियान, मतदान का लंबा समय, ज्यादा मतदान केन्द्र, कोविड संक्रमित मतदाताओं के लिए कवारंटीन सेंटर तथा अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय शामिल हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि चुनाव वायरस फैलाव का कारण न बनें। यह निर्वाचन आयोग की बड़ी परीक्षा होगी क्योंकि इसके बाद कई राज्यों में चुनाव होंगे। मुख्यमंत्री व जनता दल युनाइटेड-जदयू नेता नीतीश कुमार को जनता को समझाना होगा कि वे अभी नतीजे देने के मामले में सबसे अच्छे हैं। विपक्ष तथा राष्ट्रीय जनता दल-राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के लिए यह सिद्ध करने का अवसर है कि उनके बेटे उनका राजनीतिक आंदोलन आगे बढ़ाते रहेंगे। नीतीश की महामारी, बाढ़ तथा प्रवासी श्रमिक संकट से ठीक से न निपटने की आलोचना होती है। फिलहाल मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में वे भाजपा के साथ विजय प्राप्त कर सकते हैं, पर भविष्य में भाजपा शायद अपने लिए अलग नेता तलाश करे। नए कृषि विधेयकों का राज्य की राजनीति पर ज्यादा प्रभाव शायद नहीं पड़ेगा क्योंकि बिहार देश में कृषि उत्पाद बाजार समिति कानून 2006 में समाप्त करने वाला देश का पहला राज्य है जिसने कृषि उत्पादों की खरीद में निजी क्षेत्र को शामिल किया था, लेकिन इससे बिहार के किसानों को शायद ज्यादा लाभ नहीं हुआ। राज्य के कृषि क्षेत्र में कोई बड़ा निजी निवेश भी नहीं हुआ। विपक्ष यह मुद्दा चुनाव प्रचार में उठा सकता है। राजनीतिक रूप से नीतीश कुमार ने लोक जनशक्ति पार्टी-लोजपा का असर घटाया है जिसके नेता चिराग पासवान उन पर रोज हमला करते रहते हैं। इसके लिए उन्होंने हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा-हम संस्थापक जीतन राम माझी को अपने साथ लिया है। इससे दलित मतदाता राजग से मजबूती से जुड़ेंगे जिनकी संख्या 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में 15 प्रतिशत है। महादलित 16 प्रतिशत हैं, पर उनका थोड़ा झुकाव राजद की ओर भी है जिसे मुस्लिम और यादव मतदाताओं का परंपरागत समर्थन प्राप्त है। माझी दलितों को नीतीश के पक्ष में लाकर उनकी स्थिति मजबूत करेंगे।



सवाल है कि लालू यादव की स्थिति कैसी रहेगी। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी-सपा ने बिहार चुनाव न लड़ने तथा राजद उम्मीदवारों के समर्थन की घोषणा की है। लालू अभी मजबूत हैं, पर वे समान विचार वाली पार्टियों के साथ महागठबंधन को मजबूत करने के लिए जमीन पर नहीं उतर सकते हैं। इससे राजद को नुकसान होगा। रणनीतिक साझेदारी के अभाव में विपक्ष गैर-राजग मतों का विभाजन करा सकता है। इसके साथ ही राजद की सीटें थोड़ी कम कर गठबंधन ज्यादा आक्रामक बन सकता है। लेकिन राजद की सीटें घटने से भाजपा लाभ की स्थिति में होगी। लोकसभा चुनाव परिणाम इसकी पुष्टि करता है। राजद के कुछ साझीदार सार्वजनिक रूप से तेजस्वी यादव की आलोचना करते हैं। नौजवान लालू यादव के बेटों के वंशवादी अधिकार से खुश नहीं हैं जो सार्वजनिक स्पेस में अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए लड़ते हुए कोई विश्वास नहीं पैदा करते हैं। अब तक तेजस्वी केवल जीहुजूरों को एकजुट करते हुए वरिष्ठ नेताओं को किनारे धकेलते रहे हैं। इससे वामपंथी पार्टियों व कांग्रेस में राजद की विश्वसनीयता घटी है। भाजपा विपक्षी खेमे में बिखराव की प्रतीक्षा कर रही है। वामपंथी पार्टियों की हालत खराब है, हालांकि परंपरागत क्षेत्रों में उनका कुछ असर है। वे जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार का प्रभावी प्रयोग कर सकती हैं। कांग्रेस की हालत भी अच्छी नहीं है। हालांकि, इससे राजद को नुकसान नहीं होगा, पर एक और खराब प्रदर्शन के बाद कुछ और कांग्रेसी भाजपा में जा सकते हैं। हालांकि, जनता का एक तबका नीतीश से नाराज है, पर लालू की अनुपस्थिति में विपक्ष इसका लाभ उठाने में अक्षम है।

# सार्वजनिक हित में कदम उठाए सरकार

**यह सुस्थापित तथ्य है कि वायरस अत्यधिक संक्रामक है तथा संक्रमित व्यक्ति के साथ संपर्क होने पर बड़ी तेजी से फैलता है। इसके परिणामस्वरूप, कोविड-19 एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।**



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)




सही होने की समसामयिक धारणाएं मांग करती हैं कि अच्छे नागरिकों को रूढ़िवादिता त्याग देनी चाहिए। एक नियम के तौर पर, यह निरपवाद पहलू है। कोई नहीं बल्कि सर्वाधिक कट्टर व्यक्ति स्पष्ट रूप से कहता और मानता है कि सभी चीनी एक जैसे लगते हैं। निश्चित रूप से, वे नहीं लगते, और सुझाव उतना ही हास्यास्पद है जितना कि चेहराविहीन देशीय लोगों के जनसमुदाय में पुरातन औपनिवेशिक विश्वास।

उसी समय, सरकारें एवं नीति नियंता अवश्यंभावी रूप से पुन: संकीर्णता के भंवर में वापस डूब जाते हैं, एक विवादास्पद शब्द प्रयोग करें, सामान्यीकरण अथवा, यदि आप पसंद करें तो, जमावड़ा। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी, के दो स्पष्ट आयाम हैं। पहला है, एक विशुद्ध चिकित्सीय अथवा वैज्ञानिक आयाम जो केंद्रित है, सर्वप्रथम, एक निरोधक वैक्सीन विकसित करने पर तथा, एक पल के लिए, उपचार का प्रकार सुरक्षित करने पर जो इस घातक वायरस से होने वाली मौतों की संख्या कम करेगा। नि:संदेह कुछ राष्ट्रीय गुण लोगों के पसंदीदा विभिन्न औषधि सम्प्रदायों में शामिल होते हैं। उदाहरण के लिए, भारत में, प्रचुर मात्रा में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली चीजें बाजार में उपलब्ध हैं जिनमें होम्योपैथिक मीठी गोलियों से लेकर जड़ी-बूटियों के मिश्रण तक जो औषधीय पौधों पर पर आधारित होती हैं। फिर आता है योग और ध्यान। पश्चिम में, विटामिन सी व जिंक मिश्रित रोग प्रतिरोधक दवाओं के अलावा, ज्यादा जोर शारीरिक व्यायाम व मोटापा नियंत्रित करने पर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश सरकार ने, एक अधिक वजन वाले प्रधानमंत्री, जो कोविड-19 के गंभीर संक्रमण से उबरकर निकले हैं, से सबक लेकर मोटापे के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है।

हालांकि, एक और आयाम है कोविड-19 के प्रबंधन का जिसमें राज्य की भूमिका शामिल है। यह सुस्थापित तथ्य है कि वायरस अत्यधिक संक्रामक है तथा संक्रमित व्यक्ति के साथ संपर्क होने पर बड़ी तेजी से फैलता है। इसके परिणामस्वरूप, कोविड-19 एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है जिसके लिए सर्वप्रथम राज्य को बढ़ते संक्रमण के मामलों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है और फिर पर्यावरण को लोगों के लिए सुरक्षित बनाना होगा। यहीं पर राष्ट्रीय चरित्र महत्वपूर्ण हो जाता है। लोक नीति के केंद्र में सवाल है मांगों के परिमाण का जो एक राज्य वैधानिक रूप से अपने नागरिकों पर बनाता है। यह ऐसा सवाल है जिसमें मुख्यत: लोकतंत्र शामिल होते हैं। स्वेच्छाचारी हुकूमतें, और चीन सर्वाधिक उपयुक्त उदाहरण है, ऐसी शीर्ष से निम्नतम पादान तक की रणनीति विकसित करने की स्थिति में है जिन्हें निष्क्रिय नागरिकों पर बलपूर्वक लागू किया जा सकता है।

**कोविड-19 एक जन-स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है जिसके लिए सर्वप्रथम राज्य को बढ़ते संक्रमण के मामलों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है और फिर पर्यावरण को लोगों के लिए सुरक्षित बनाना होगा। यहीं पर राष्ट्रीय चरित्र महत्वपूर्ण हो जाता है। लोक नीति के केंद्र में सवाल है मांगों के परिमाण का जो एक राज्य वैधानिक रूप से अपने नागरिकों पर बनाता है। यह ऐसा सवाल है जिसमें मुख्यत: लोकतंत्र शामिल होते हैं।**

सभी प्रकार से, और उस तरीके पर उसके बाद पैदा होने वाले विवादों के बावजूद जिस तरह वायरस ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार किया, वुहान में लाकडाउन सर्वाधिक क्रूरतापूर्ण था, जहां के लिए माना जाता है कि वायरस पैदा हुआ था। जब इसे महामारी के शुरुआती महीनों में परिचालन में लाया गया था, खबरों के ब्लैकआउट तथा लोगों के मूल अधिकारों के कथित उल्लंघन को लेकर चिंताएं व्यक्त की गईं थीं। इन आरोपों की सत्यता चाहे जो भी हो एवं विश्वसनीय जानकारियों का जितना भी अभाव रहा हो, अब यह मान लिया गया है कि चीन ने अपने कदम मजबूती से उठाए थे और अब वह दुनिया का हॉटस्पॉट नहीं रह गया है।

कोविड-19 से निबटने को लेकर चीन के दृष्टिकोण के साथ-साथ सरकार के दिशा निर्देशों के प्रति जनता की स्वीकृति भी थी। इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक बहस नहीं हुई और यदि लोगों ने विरोध जताया, तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया को स्वयं तक ही सीमित रखा। यह अन्य देशों के विपरीत है जहां सामान्य जीवन पर प्रतिबंधों की परिणिति स्फूर्त सार्वजनिक वाद विवाद के रूप में हुई। ऐसा लगता है कि सरकारों ने जीवन और आजीविका के बीच संतुलन बिठाने का प्रयास किया, जहां सफलता भिन्न-भिन्न रूप में मिली। अपने निर्णय लेने में, सरकारों ने लोकप्रिय दीर्घकालिकता की समझ तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक धारणाओं पर भरोसा किया।

पिछले सप्ताह संसद के समक्ष दिए गए एक बयान में, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने जोर दिया कि यूके में कोविड-19 संक्रमण इटली से ज्यादा बुरे साबित हुए क्योंकि ब्रिटेनवासी कहीं ज्यादा स्वतंत्रता प्रेमी होते हैं और, इसलिए, आधिकारिक अनुदेशों का पालन करने में कम विश्वास रखते हैं। जिस तरीक से अनिवार्यता होती है, उस तरह ब्रिटिश जनसंख्या से एकसमान रूप से दिशा निर्देशों का पालन करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। इस टिप्पणी का इतालवी राष्ट्रपति सर्गियो मैटरेला ने यह कहकर जवाब दिया कि, ''हम इटलीवासी भी स्वतंत्रता प्रेमी हैं, लेकिन हम गंभीरता की भी चिंता करते हैं।''

झिड़की समायानुरूप थी। इटली की छवि एक अतिशय मौज मस्ती पसंद देश की है जो अंतरनिहित रूप से अनुशासन के प्रति असहज महसूस करता है, जैसा कि मुसोलोनी ने पाया था जब उसने अपनी हुकूमत को अतिशय सैन्यवादी बनाने का प्रयास किया था। इटलीवासियों में परिवार को लेकर भाव बहुत गहरा है और ऐसा कहा जाता था कि पितामहों से अत्यधिक संपर्क शुरुआती महीनों के दौरान कोविड-19 से उच्च मृत्यु का एक कारक था। हालांकि, इन सामाजिक जटिलताओं के बावजूद, मार्च में घोषित लाकडाउन इटली के उत्तरी क्षेत्र में अत्यधिक कठोर प्रकृति का था। यूके में ऐसा कभी नहीं हुआ है।

ब्रिटेन के नागरिकों के अधिक स्वतंत्रता प्रेमी होने से इसका कोई खास लेना-देना नहीं है। ब्रिटिश, एक निम के तौर पर, भयावह रूप से कानून का पालन करने वाले बताए जाते हैं। यदि सरकार ने भलाई के लिए अस्थायी असुविधा को दांव पर लगाया होता, तो इसकी संभावना अधिक है कि ब्रिटेन के लोग नए नियमों का पालन करते। हालांकि, समस्याएं अनवरत रूप से आती हैं जब सरकारें आम भलाई को वैयक्तिक जिम्मेदारी से ऊपर रखने में संकोच करती हैं।

ऐसा ही पंजाब में दुर्गा पूजा उत्सव मनाने के मामले में हो सकता है जो अक्टूबर माह के उत्तरार्ध में होना निर्धारित है। यद्यपि सरकार ने सामाजिक दूरी सुनिश्चित कराने के लिए कुछ कदम उठाए हैं तथा मास्क पहनने की सलाह दी है, ये कदम प्रत्येक पूजा समिति को 5,000 रुपए देने का वादा किए जाने से कमजोर पड़ गए हैं।

दूसरे शब्दों में, लोकरंजकता चुनावी वर्ष में जिम्मेदारी के बड़े भाव पर ज्यादा हावी हो गई है। हम कह सकते हैं कि सह बंगाली चरित्र है, लेकिन यदि राज्य सत्ता कमजोर हो, तो कुछ लोगों की अंतरनिहित जिम्मेदारी सामने क्यों नहीं आती? राष्ट्रीय चरित्र एक यथार्थ है लेकिन राज्य की सत्ता को सार्वजनिक भलाई के लिए आगे आना चाहिए।

# बॉलीवुड को दूषित होने से बचाएं

**“ कंगना रनौत प्रकरण के बाद अभिनेताओं को खास राजनीतिक विचारधाराओं के मार्केटिंग एजेंटों की तरह प्रयोग करने की प्रक्रिया पर रोक लगनी चाहिए। ”**



**अनुराग तिवारी**




**अनुभव झा**

सरकार ने हाल ही में देश की 'सबसे सुंदर' व 'सबसे बड़ी' फिल्म सिटी उत्तर प्रदेश के नोयडा में बनाने का निर्णय किया है। इसे व्यापक सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। इसे बालीवुड को विकेन्द्रित करने, मुंबई का देश की मनोरंजक राजधानी के रूप में दर्जा कमजोर करने तथा कला व रचनात्मकता के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है। इस दृष्टिकोण से वर्तमान समय से अच्छा समय नहीं हो सकता है। भाई-भतीजावाद, नशे के प्रयोग, मुंबई में फिल्म निर्माताओं के तथाकथित 'माफिया' तथा सुशांत सिंह राजपूत-एसएसआर की असमय मृत्यु ने बालीवुड के बारे में आज दर्शकों की राय बदल दी है। आरोप है कि हिंदी फिल्म उद्योग पर कुछ वंश परिवारों का कब्जा है जो 'बाहरी' लोगों के प्रति अत्यधिक घमंडी, महत्वाकांक्षी तथा आत्मकेन्द्रित दृष्टिकोण रखने वाले हैं।

वैश्विक रूप से भी मनोरंजन उद्योग की यही छवि बनी है कि वह केवल अपने लिए काम करता है। बालीवुड में भीतरी-बाहरी की बहस ने अभिनेताओं व फिल्म निर्माताओं की बहुत बड़ी छवि को धक्का देकर उद्योग का अच्छा, बुरा और भद्दा चेहरा जनता के सामने उजागर कर दिया है। देखना होगा कि यह कितना सच है। लेकिन मजेदार तरीके से कंगना रनौत एक विचित्र तरीके से सत्ता-विरोधी शक्ति के रूप में उभरी हैं।

इसका कारण अति-दक्षिण व केन्द्र से वाम को झुकी राजनीतिक विचारधाराओं के बीच बहस व विवाद भी है। शहरी मध्यवर्गीय लोगों का समर्थन पाने के लिए राजनीतिक पार्टियों ने सिनेमा, कला और कलाकारों की सोच में आमूल परिवर्तन किया है। इसके कारण मनोरंजन उद्योग के भीतर समानान्तर सत्ता संरचनाओं का विकास हुआ है जिनको राज्य से समर्थन मिला है। यह परिघटना एसएसआर-रिया-कंगना प्रकरण में दिखाई पड़ी है। राजग सरकार के सत्ता में आने के बाद से यह घटनाक्रम तेज हुआ है।

अनुपम खेर, परेश रावल, मधुर भंडारकर तथा अनेक अन्य लोगों ने राष्ट्रवाद व धर्म पर हो रही बहस में अपने स्वर शामिल किए हैं। लेकिन



बालीवुड व राजनेताओं के बीच गठजोड़ नई परिघटना नहीं है। महान राजनेता समझते हैं कि जनता को संदेश देने के लिए केवल राजनीति ही काफी नहीं है। इसलिए ऐतिहासिक रूप से दोनों वैचारिक समूहों के लोगों ने एक दूसरे का इस क्षेत्र में भी मुकाबला किया। फिल्म निर्माताओं ने राजनेताओं की उनके अभियानों में सहायता की और इसी प्रकार राजनेताओं ने विफल कलाकारों को 'सांस्कृतिक राजनय' के नाम पर प्रशासक बनाया। यह लगभग एक नियम बन गया। लेकिन कंगना प्रकरण से स्पष्ट हुआ है कि वर्तमान समय में एक समानान्तर मनोरंजन उद्योग खड़ा करने का प्रयास हो रहा है जो दक्षिणपंथी राजनीतिक पार्टियों व सरकार के समर्थक का काम कर सकता है। यह समूह उन तत्वों की सहायता करेगा जिनको 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के हाशिए' पर पड़ा माना जाता है। इसकी कार्यविधि सरल है और यह सत्ता संरचनाओं को बदल कर उद्योग को राज्य के नियंत्रण में लाना चाहता है। ऐसे समर्थक अभिनेताओं की सेवा प्राप्त करने के लिए सरकारें उनको सुरक्षा तथा नागरिकता प्रदान कर सकती हैं।

लेकिन इस पूरी बहस में इस तत्व को पूरी तरह से अनदेखा किया जा रहा है कि सिनेमा जगत के लोकतांत्रीकरण का अर्थ पहले विविधतापूर्ण विचारों को प्रोत्साहन व निर्माण होता था जिनको उद्योग में स्थान नहीं मिलता था। इसका अर्थ यह भी था कि 'बाहरियों' के लिए 'प्रवेश की बाधायें कम की जाएं', भले ही उनका किसी खास वंश से कोई संबंध न हो। इसका अर्थ प्रयोग तथा कलात्मक अभिव्यक्ति व रचनात्मकता के नए विकल्प विकसित करना भी था। इसमें फिल्मों तथा अभिव्यक्ति के उन कामों को महत्व मिलता था जो प्रति-संस्कृति को बढ़ावा देते थे। विविधतापूर्ण सिनेमा व कलात्मक अभिव्यक्ति सिनेमा उद्योग के लोकतांत्रीकरण की मांग का मुख्य उद्देश्य थे।

लेकिन वर्तमान घटनाक्रम सभी पक्षों के लिए संकट की स्थिति पैदा कर रहा है जिसमें दर्शक भी शामिल हैं क्योंकि वे किसी कलात्मक अभिव्यक्ति के प्रमुख व बहुसंख्य पक्ष हैं। कुछ ऐसे राजनेता भी उभरे हैं जिनको अभिनेता पहले अश्पृश्य मानते थे। कुछ अभिनेता दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद के प्रचार का काम करते हैं, पर रचनात्मकता या कला में उनका योगदान नहीं है। दूसरी ओर वर्तमान परिघटना के कारण कुछ कलाकारों की रचनात्मक स्वायत्तता नष्ट हो सकती है और उन पर सामाजिक जिम्मेदारी का बोझ बढ़ सकता है।

फिल्मों में बहुसंख्यकवाद को चुनौती देने वाली रचनायें राज्य-विरोधी विचार मानी जाती हैं और उनको अनुमति मिलने में बाधायें आती हैं। सेंसरशिप के वर्तमान मानक बदल रहे हैं और वे पहले से भी खराब हो गए हैं। इस कारण भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। कंगना रनौत प्रकरण के बाद राजनीतिक विचारधारा के प्रचार हेतु कलाकारों को मार्केटिंग एजेंट में बदलने के प्रयास बंद होने चाहिए। राज्यसभा में 'उद्योग को गटर बनाने से बचाने' की पिछले सप्ताह जया बच्चन की टिप्पणी को सही संदर्भ में देखा जाना चाहिए तथा सिनेमा दर्शकों व फिल्म निर्माताओं को अपने भीतर झांकना चाहिए।

## आप की बात

### समाज की बेड़ियां तोड़ती बेटियां

**म्हारी** छोरी छोरो से कम है कै? दंगल की यह लाइने हर किसी की जुबां पर रहता है। और इसे सटीकता से आगे ले जा रही हैं आज की बेटियां। वे नारी जो अबला नहीं, सबला है, समृद्ध है तथा शसक्त है। ऐसी ही एक बेटी का हालिया उदाहरण है अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल की पहली महिला पायलट शिवांगी! उन्होंने यह साबित कर दिया की वाकई महिलाएं कुछ भी कर सकती है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिसमे वे पुरुषों का मुकाबला नहीं कर सकती। एक समाज ऐसा भी था जहां बेटियों को कोई अधिकार नहीं प्राप्त थे। मनुस्मृति में तो नारी की तुलना दासी से की गयी थी। आज महिलाओं को बहुत से अधिकार मिल रहे है ताकि वे पंख फैलाकर उड़ सके। परंतु अब भी बहुत सारे बदलाव की आवश्यकता है। महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध आज भी थमने का नाम नहीं ले रहे जिसमे सुधार की आवश्यकता है। आवश्यक है की समाज अपने सोच को परिवर्तित करे। इसकी शुरुआत प्रत्येक घर से होना चाहिए जहां भेदभाव के बिना बेटे तथा बेटियों को सामान दर्जा मिले, बराबरी का! और आज की नारी तो वैसे भी अबला नहीं, सबला है। उन्हें बस अवसर मिलने की देर है, वह आसमां छूने की ताकत रखती है।

– **आस्था मुकुल**, रांची

### डब्लूएचओ की चेतावनी

**दुनियाभर** में कोरोना वायरस के मामले और कोरोना से मौतो का आंकड़ा रोजाना लगातार बढ़ता जा रहा है, तमात कोशिशों के बावजूद भी कोरोना पर लगाम लगाने में पूरी तरह से कामयाबी हमारे देश को हासिल नहीं हो पाई है। हालांकि इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने हालही में एक बड़ी चेतावनी दी है कि यदि वायरस को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर कड़े कदम नहीं उठाए गए तो कोविड़-19 से होने वाली मौतों की संख्या बीस लाख तक जाने की आशंका है। वैसे अभी विश्व में कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या दस लाख पहुंचने के करीब है। डब्लूएचओ की ओर से यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब दुनिया में कोरोना से मौत का आंकड़ा दस लाख के स्तर पर पहुंचने वाला है। डब्लूएचओ ने कहा है कि, यदि महामारी से निपटने के लिए विभिन्न देश और लोग एक साथ नहीं आए तो, दस लाख और मौतों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। ड़ब्लूएचओ के आपातकालीन कार्यक्रम के निदेशक माइकल रेयान ने एक वर्चुअल सम्मेलन में कहा कि दस लाख का आंकड़ा डराने वाला है और अगले दस लाख पर विचार शुरू करने से पहले हमें इस पर विचार करने की जरूरत है।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### कृषि विधेयकों पर हंगामा

**संसद** में हाल ही में पारित कृषि बिल पर हंगामा हो रहा है । ये बिल निश्चित ही प्रकृति से उग्रवादी है । इनका उद्देश्य उस मौजूदा व्यवस्था में सुधार लाना है , जिसके तहत किसान को उसकी उपज मंडी में सरकार द्वारा तय न्यून्तम समर्थन मूल्य पर बेचनी पड़ती है। विपक्षी दल का मानना है कि सरकार किसान को जिंदा तो रखना चाहती है पर वो यह नही चाहती कि किसान फले-फूले , क्योंकि कई स्तर पर देखा गया है कि हम उन चीज़ों का निर्यात नही करते है जिससे किसानों को लाभ व आगे बढ़ने का मौका मिले । किसान आज राजनीति में शतरंज के खिलाड़ियों के बीच सिर्फ एक प्यादा बन गया है , यह बिल किसानों के लिए डेथ वॉरेंट जैसा है किसान बदहाल हो जाएगा। भारतीय किसान के विकास के लिए कृषि बिल एक जरुरी कदम है। हमारे किसानों को भी वैश्वीकरण के लाभ मिलना चाहिए। बस चर्चा इस बात की है कि इस किसान बिल का न्यूनतम समर्थन मूल्य से कोई लेन देन नही होना चाहिए , एमएसपी दिया जा रहा है और भविष्य में भी दिया जाना चाहिए।

– **खुशबू वेद,** आलोट, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“ **यद्यपि** अर्थव्यवस्था अपेक्षा से बेहतर रही है, मैं सोचता हूं कि उसमें गिरावट का जोखिम है यदि आगे राजकोषीय सहयोग नहीं मिलता है।

– **जेरोम पावेल**
फेडरल रिजर्व अध्यक्ष



**जो** बुरे इरादे पाकिस्तानी डीप स्टेट के प्रेरक हैं वह उन उद्देश्यों व सिद्धांतों के पूर्णत: विपरीत है जिन्हें बढ़ावा देने के लिए हम मानवाधिकार के इस मंदिर में एकत्र हुए हैं।

– **विमर्श आर्यन**
सचिव विदेश मंत्रालय



**रूस** उन आक्रामक मांगों से प्रभावित होकर उने आधार पर नीतियां कदापि नहीं बनाएगा जिनमें कोई वैधानिक बल नहीं है।

– **सर्गेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री ”

## क्विक न्यूज़

### विद्यार्थियों को परीक्षा से मिलेगा प्रोत्साहनः उमेश

प्रयागराज। समग्र भारत के सभी शिक्षा बोर्ड के कक्षा चार से बारह के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जोकि शब्द का सामान्य बुद्धिमता से गहरा नाता है। यह हमारे जीवन में घटित होने वाली चीजों के महत्व के प्रति हमारी समझ को दर्शाता है। ओलिम्पियाड जैसे टेस्ट में हिस्सा लेने पर विद्यार्थी क्विज एवं पजल के माध्यम से सीखते हैं और इससे यह अपने जीवन में अधिक निर्णायक तथा आत्मविश्वास से परिपूर्ण बन पाते हैं। हर माता पिता की यह इच्छा होती है कि उनके बच्चे में चाहे जो भी करें उसमें वह सफलता हासिल करें और नए मुकाम बनाएं। माइंड वार्स मल्टी प्लेटफॉर्म नॉलेज कार्यक्रम है। इसे जी इंटरटेनमेंट इंटरप्राइजेज लिमिटेड ने प्रमोट किया है। इसका उद्देश्य है कि एक बेहतर भविष्य के सृजन हेतु विद्यार्थियों की पहचान की जाए। उन्हें प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें बढ़ावा दिया जाए। इसमें बीस मिनट की परीक्षा होगी। वरिष्ठ उपाध्याय उमेश कुमार बंसल ने बताया कि परीक्षा की तिथि नवम्बर और दिसम्बर में होगी। जिसमें प्रत्येक कक्षा के पांच विषयों में से सुसंगत एवं रोचक सम सामायिकी के प्रश्न शामिल होंगे। इसका उद्देश्य होना कि आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों की क्षमता एवं वृद्धि को बेहतर बनाया जाए।

### जेईई परीक्षा में शामिल हुए हजारों अभ्यर्थी



वाराणसी। ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई एडवांस) परीक्षा रविवार को सकुशल सम्पन्न करा लिया गया। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। परीक्षार्थियों के मुताबिक फिजिक्स व मैथ के सवालों के अलावा फिजिक्स के न्यूमेरिकल मुश्किल में डाला था। सुबह परीक्षा शुरू होने से पूर्व से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों और अभिभावकों की भीड़ केंद्रों पर जुटने लगी थी। चढ़ने के साथ ही तेज धूप में अभिभावकों को पसीना पसीना कर दिया। कोरोना संक्रमण के लोगों ने निजी वाहनों की सवारी पर भरोसा किया। इसके चलते परीक्षा केन्द्रो के समीप जाम की समस्या देखाने को मिला। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के एडवांस को दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में फिजिक्स, केमेस्ट्री व मैथ में 54 प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षार्थियों को तीन घंटे के भीतर तीनों खंड के सवालों का समाधान करना था। नेगेटिव मार्किंग के चलते छात्रों ने तुक्का मारने से परहेज किया। प्रथम पाली में 19 केंद्रों पर करीब 2750 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। वहीं प्रथम पाली में परीक्षार्थियों की उपस्थिति करीब 90 फीसद रही। वहीं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 बजे से शाम को 5.30 बजे तक आयोजित की गई।

### कांग्रेस महिला ने पायलट शिवांगी के घर पहुंचकर दी बधाई

वाराणसी। आज महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती रितु पाण्डेय शिवांगी सिंह के घर पहुंची और उनके परिवार को बधाई दी रितु जी ने कहा कि महिलाएं सारी वर्जनाएं तोड़कर नित नया इतिहास लिख रही हैं भारतीय सेना भी नारी के सशक्त स्वरूप जोश गवाह बन रही है फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिवांगी सिंह दुनिया की सर्वोत्तम श्रेणी के युद्धक विमानों में एक राफेल की पहली महिला पायलट बनने जा रही हैं जो कि पूरे बनारसियों के लिए बहुत गर्व की बात है बधाई देने वालों में मुख्य रूप से रितु पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष ... सिंहरेखाखानमेहताब जीनतकिरण जीमहजबी आदि महिलाएं शामिल थीं।

### शिविर लगाकर किया रक्तदान, लोगों को किया जागरूक



वाराणसी। कोरोना काल खंड में रक्तदाताओं की कमी, रक्त यूनिट की बढ़ती आवश्यकता के मद्देनजर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक में भीड़ को कम करने के उद्देश्य से लोगों के बीच जाकर रक्तदान कराने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। आरोग्य भारती काशी प्रान्त व भारत विकास परिषद काशी प्रांत (शिवा शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार अपराहन कबीर नगर कॉलोनी, दुर्गाकुंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर करीब 42 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। आरोग्य भारती काशी प्रान्त अध्यक्ष डॉ इन्द्रनील बसु ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ एवं शरीर में नवीन लाल रक्त कोशिकाएं पैदा करने वाला बोन-मैरो हमेशा सक्रिय रहता है। तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकते है। बीएचयू ब्लड बैंक के सहयोग से ब्लड डोनेशन की वातानुकूलित बस जिसमें एक साथ 4 लोग रक्तदान की व्यवस्था किया गया था। रक्तदाताओं को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

### आधी-अधूरी सामग्री के साथ फर्जी बिलिंग कर कराया गया भुगतान

**खेल सामग्री खरीद का मामला फर्जीवाड़े को योजनाबद्ध तरीके से दिया गया अंजाम, अधिकारी के दबाव में मौन रहे शिक्षक**

उन्नाव। सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में सत्र 2018-19 की खेलकूद किट की खरीद पर नजर डालें तो बेसिक के खिलाड़ियों ने अनियमिताएं बरतने में जिले के बहुचर्चित कंपोजिट ग्रांट घोटाले को भी पीछे छोड़ दिया। आपूर्ति से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया। सुमेरपुर ब्लॉक में खेल सामग्री की खरीद में विद्यालय प्रबंध समिति की व्यवस्था का जमकर मजाक उड़ा। तो वहीं आपूर्ति से लेकर भुगतान की प्रक्रिया में संकुल प्रभारियों को कठपुतली की तरह नचाया गया। आरोप लग रहे हैं कि मनमाने तरीके से लंबा चौड़ा बिल थमाकर विद्यालयों से उन सामग्रियों का भी भुगतान करा लिया गया जो उन्हें उपलब्ध ही नहीं कराई गई थी। यहां खेल सामग्री की आपूर्ति जौनपुर की फर्म मां वैष्णो एजेंसी द्वारा कराई गई। जिसके खिलाफ कंपोजिट ग्रांट घोटाले में जांच एजेंसी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा कार्यवाही की संस्तुति की गई है। ईओडब्ल्यू की जांच में कंपोजिट ग्रांट घोटाले का तो खुलासा हो गया किंतु फर्म के जरिये खेल सामग्री की खरीद में की गई लूट का पर्दाफाश होना अभी भी बाकी है। शिक्षकों का आरोप है कि आपूर्ति के नाम पर विद्यालयों को न सिर्फ घटिया सामग्री दी गई बल्कि फर्जी बिलिंग कर भी भुगतान करा लिया गया। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों पर दबाव बनाकर क्रमशः 5 व 10 हजार रूपये का दबाव बनाकर भुगतान कराया गया। पूरी प्रक्रिया की मानीटरिंग ब्लॉक संसाधन केंद्र से होने व अफसरों की संलिप्तता के कारण वे कार्यवाही के डर से खुलकर विरोध नहीं कर सके।

# काशी की गरिमा, संस्कृति और अध्यात्म से विश्व हो रहा परिचित : राज्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**अस्सी घाट** पर सुबह-ए-बनारस के वास्तु संकल्प एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वित्त पोषित सौंदर्यीकरण का शिवार्पण प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने संपन्न कराया। इस अवसर पर मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने सुबह बनारस के अंतरराष्ट्रीय, आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक ख्याति की प्रशंसा करते हुए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि सुबह-ए-बनारस का यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुष्ठान है। यह काशी की गरिमा काशी की संस्कृति और काशी के अध्यात्म से विश्व को परिचित करा रहा है। वर्तमान वैश्विक संकट से विश्व को मुक्ति प्राप्त हो यह हमारा संकल्प है। सुबह-ए-बनारस के इस पवित्र परिसर मे पवित्र दीवालों पर ऋषि-महात्मा, काशी की संस्कृति और आध्यात्म की अलौकिक छवि उकेरी गयी है। आयोजको के प्रयास और समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उनके संकल्प को एतिहासिक बताया। नगर आयुक्त गौरांग राठी व उप महाप्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतीक अग्निहोत्री की उपस्थिती में यह आध्यात्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनुष्ठान के आयोजकों द्वारा मंत्री डा0नीलकंठ तिवारी, नगर आयुक्त गौरांग राठी और उप प्रबन्धक बैंक आफबड़ौदा प्रतीक अग्निहोत्री को सम्मानित किया गया। संस्थापक एवं सचिव सुबह-ए-बनारस डा. रत्नेश वर्मा ने कहा कि शिवार्पण काशी के इतिहास में एक अलौकिक घटना है। संपूर्ण वास्तु परिकल्पना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि प्रवेश द्वार पुरुषार्थ का प्रतीक है। वहीं सात सीढ़ियां सप्तपदी और अन्य चार सीढ़ियां जो प्रांगण का प्रवेश है आश्रम व्यवस्था कर रूप में संकल्पित है। इसी प्रकार जो भिती चित्र है, वह काशी के इतिहास का झरोखा है, सुबह-ए-बनारस के दीवाल पर बनारस के वास्तु संकल्प का प्रदर्शन है। कार्यक्रम में स्वागत डॉ0वीरेंद्र प्रताप सिंह, संचालन प्रमोद मिश्र ने किय व धन्यवाद सुनील शुक्ला ने किया।

## नोडल अधिकारी ने किया राजकीय चिकित्सालय का निरीक्षण



वाराणसी। कोविड के लिए जनपद के नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीन हकीकत परखी। उन्होंने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड मरीजों के इलाज की बारे में विस्तार से जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी ने अस्पताल में वेंटिलेटर एवं एएफएनसी की उपलब्धता के बारे में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से पूछा। मरीजों को आक्सीजन की उपलब्धता निरन्तर बनाये रखने के बारे में क्या व्यवस्था की गयी है तथा आपात स्थिति के लिए क्या योजना है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि डिमांड एवं आपूर्ति में समन्वय के लिए योजना पहले से ही बना ली गयी है तथा डिमांड से लगभग दोगुना क्षमता स्टाक में हमेशा मौजूद रहे इसकी भी व्यवस्था की गयी है। मृतक मरीजों के डेथ आडिट के बारे में मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से पूछताछ की गयी। मृतक मरीज श्याम सुन्दर के डेथ आडिट को विस्तारपूर्वक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मरीज कब आया , उसे कौन सी बिमारी थी, उसका आक्सीजन लेबल कितना था इत्यादि। बैठक में मौजूद चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा यह सलाह दी गयी कि कोमार्बिड मरीजों का ट्रूनेट या आरटीपीसीआर जॉच प्राथमिकता पर कराया जाय जिससे डेथ रेट को कम किया जा सकता है। नोडल अधिकारी ने फोन के माध्यम से कोविड पॉजिटिव मरीज ओमप्रकाश त्रिपाठी से बात कर उनका हाल-चाल पूछा तथा अस्पताल की व्यवस्था, खाना-नाश्ता, डाक्टरों की उपलब्धता, दवा इत्यादि के बारे में मरीज से पूछा तथा उनके स्वस्थ्य होने पर खुशी जाहिर की।

## विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन मंत्री ने पर्यटकों व गाइडों का किया सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**उत्तर प्रदेश** के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकंठ तिवारी ने रविवार को विश्व पर्यटन दिवस के मौके अवसर पर पर्यटक व गाइड का सम्मान किया। मानमहल वेधशाला में उन्होंने काशी पधारे यात्रियों व इनको काशी से परिचय कराने वाले गाईडों का सम्मान किया। सम्मान में काशी की पहचान काष्ठ उद्योग में बना लकड़ी का सुंदर वाल हैंगिग, रुद्राक्ष माला व अंगवस्त्र प्रदान किया। सम्मान प्राप्त कर पर्यटक काफी अभिभूत दिखे। काशी की संस्कृति व इसके इतिहास से पर्यटकों को परिचय कराने गाइडों ने भी काफी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आज काफी अच्छा लगा कि हम जिस पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करते हैं उसी मंत्रालय के मंत्री द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ यह गौरव की बात है हम मंत्री जी के आभारी हैं कि उन्होंने हम लोगों के बारे में भी सोचा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकंठ तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस वैश्विक महामारी में पर्यटन पर काफी असर पड़ा है। किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंन्त्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से पर्यटन विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। डोमेस्टिक टूरिज्म पर कार्य किया जा रहा है। गंगा घाट के किनारे के गाँवों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की अर्थगंगा योजना पर काम हो रहा है। कोरोना काल की महामारी में काशी में पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए माझी समाज द्वारा नावों का संचालन, गंगा आरती दर्शन, सांस्कृतिक पक्ष व आध्यात्मिक पक्ष सभी पर विचार कर धीरे-धीरे प्रारंभ किया जा रहा है। काशी आध्यात्म व पर्यटन का विशेष केंद्र माना जाता है। इस केंद्र को पुनः उसी रूप में स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंन्त्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में लगातार इस पर कार्य कर रही है। प्रारम्भ में कार्यक्रम संयोजक विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष पवन शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण के चलते पर्यटन उद्योग काफी प्रभावित हुआ है। सभी होटल, गेस्ट हाउस व धर्मशाला खाली पड़े हैं। काशी का पर्यटन विश्व में अपना स्थान रखता है।

## अशोक सिंघल का संपूर्ण जीवन श्रीराम के प्रति रहा समर्पित: गणेश



अशोक सिंघल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा नेता और कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवम हिंदुत्व के पुरोधा अशोक सिंघल की जयंती विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के केसर भवन स्थित कार्यालय में मनायी गयी। इस मौके पर भाजपाइयों और विहिप पदाधिकारियों ने अशोक सिंघल को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि अशोक सिंघल का संपूर्ण जीवन भगवान श्रीराम जी के कार्य के प्रति समर्पित रहा। वह श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के जनक कहे जाते थे। उनके ही नेतृत्व के बलबूते गुलामी का प्रतीक रहे बाबरी ढांचे का विध्वंस किया गया था। आज उन्हीं के कारण अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के पवित्र स्थल पर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मनीषी सदियों में सिर्फ एक बार ही आते हैं। यही कारण है कि वह अपने इन्हीं कार्यों की वजह से युगों युगों तक श्रद्धापूर्वक याद किए जाते हैं। जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सुनील वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी मोहन लाल नितिन पासी पंकज सिंह मयंक यादव देवेंद्र प्रताप सिंह मनीष केसरवानी आदि रहे।

## बीएचयू कोविड वार्ड से फरार हुआ कोरोना मरीज

**वाराणसी।** बीएचयू के सरसुंदर लाल अस्पताल के वार्ड से एक बार फिर कोरोना संक्रमित के फरार हेने की खबर ने अस्पताल प्रशासन के क्रिया कलापों पर सवालिया निशान लगा दिया है। कोरोना संक्रमित के खुले में घूमने से संक्रमण का खतरा बन गया है। रविवार को कोरोना वार्ड से कोरोना संक्रमित मरीज फरार हो गया। जानकारी होने पर सकते में आए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आनन फानन लंका थाने को इस बात की सूचना दी गई। कोविड मरीज के अस्पताल से फरार होने की सूचना पाकर हरकत में आई पुलिस मामले की जांच पड़तात में जुट गई। लंका थाना ने मरीज के फरार होने की सूचना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले में कार्रवाई चल रही है।

## कुपोषणमुक्त भारत के लिए सभी का सहयोग जरूरी: प्रो. सुनंदा

- वेबिनार में कुपोषण मुक्त भारत का दिया गया संदेश, हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**नैनी स्थित** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पोषण माह के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यानमाला की मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स की आहार विशेषज्ञ डॉक्टर कुमारी गीता ने ज्ञान वर्धक व्याख्यान दिया। मुख्य वक्ता डॉक्टर कुमारी गीता ने व्याख्यान में कहा कि जन्म के पश्चात प्रथम दो वर्षों में शिशु को दिया गया आहार उसके भविष्य के निरोगी और स्वस्थ जीवन का आधार होता है। इसलिए प्रथम दो वर्षों में माता पिता को विशेष रुप से शिशु के आहार टीके और व्यक्तिगत साफसफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुनंदा चतुर्वेदी ने छात्राओं और गृह विज्ञान विभाग के प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की। कहा कि पोषण अभियान कार्यक्रम न होकर बल्कि यह आंदोलन है और यह जनता की भागीदारी है। कार्यक्रम की सफलता में जन जन का सहयोग आवश्यक है। पोषण माह रेसिपी कांटेस्ट के आयोजन में कुपोषण मुक्त भारत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केंद्र गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा घर में उपलब्ध संसाधनों से तैयार किया गया पौष्टिक व्यंजन रहा। छात्राओं द्वारा लगभग चालीस विभिन्न प्रकार के भारतीय पारंपरिक व्यंजनों को तैयार कर उनका आभासीय मंच के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व वेबिनार की संयोजिका और विभाग प्रभारी डॉक्टर नीतू सिंह ने विषय परिचय कराते हुए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान में महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग का छोटा और सार्थक प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का उद्देश्य भारत को वर्ष 2022 तक कुपोषण मुक्त बनाना है। इसका लक्ष्य गर्भवती महिलाओं माताओं और बच्चों को पर्याप्त पोषण और संपूर्ण विकास सुनिश्चित करना है। अतिथियों का स्वागत वेबिनार की सह संयोजिका डॉक्टर नीति सिंह ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर रफत अनीस ने किया। निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में डॉक्टर सुवर्णा और डॉक्टर सविता कुमारी रहीं। वेबिनार में राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक और छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी भाष्कर शुक्ल की ओर से दी गयी।

## कैबिनेट मंत्री नंदी की स्वास्थ्य कामना के लिए किया हवन- पूजन

- दो दिन पहले जांच में कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं काबीना मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी



मंदिर में हवन पूजन करते नंदी समर्थक

**प्रयागराज।** शहर दक्षिणी के विधायक एवम प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के अतिशीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर रविवार को अतरसुइया रानीमंडी स्थित दुर्गापूजा पार्क के मंदिर में पूजा अर्चना की गई। पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके अतिशीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के लिए मंदिर में आराधना की। इसके बाद पार्क परिसर में पुरोहितों द्वारा विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पूजन में मौजूद लोगों ने मंत्री नंदी को कोरोना महामारी से लड़ने में ऊर्जा प्रदान करने एवम अतिशीघ्र स्वस्थ होने की कामना एवं आराधना ईश्वर से की। बता दें कि दो दिन पूर्व मंत्री नंदी की कोरोना की जांच में रिपोर्ट लखनऊ में पॉजिटिव आई थी। इस अवसर पर प्रवेश गुप्ता अनिल केसरवानी दिनेश विश्वकर्मा कल्याणी देवी मंदिर के प्रबंधक अनिल पाठक मनोज गुप्ता अनूप मिश्रा नीरज टण्डन हर्ष केसरी रामजी केसरवानी सुमित वैश्य अनूप अग्रवाल विवेक साहू अखिलेश सहाय प्रफुल्ल मित्तल रोहित कनौजिया विनीत निषाद विपिन सचदेवा दीपक शरण शंभू शरण श्रीवास्तव विनोद निषाद संजय कुशवाहा रितेश केशरी नीरज गुप्ता योगेश केसरवानी योगेंद्र कुशवाहा अंकुर अग्रवाल शंकरलाल वर्मा अतुल केसरवानी राजकुमार सोनी अमित कुमार गुप्ता अमित शर्मा संतोष सेठ हेमलता वर्मा शमीम फारुखी सुशीला अग्रवाल पवन विश्वकर्मा अतुल खन्ना नीरज कसेरा मनोज केसरवानी विनीत जायसवाल सिद्धार्थ जायसवाल लता उपाध्याय शिवांगी श्रीवास्तव नंदनी वर्मा संजना गुप्ता शीतल सोनी संतोषी विश्वकर्मा नैना गुप्ता अल्का गुप्ता ममता साहू सविता गुप्ता अनुपमा सिंह मनोज केसरवानी विनोद सण्डल राजकुमारी तिवारी दीपाली मलिक रेनू शुक्ला सुमित गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज आएंगे सीएम, डीएम-एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**बांगरमऊ/उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोमवार को बांगरमऊ आने को लेकर रविवार को प्रशासनिक अमला पूरे दिन सक्रिय रहा। इस बीच डीएम रवीन्द्र कुमार व एसपी आनन्द कुलकर्णी ने बांगरमऊ पहुंच तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आगाह किया कि कार्यक्रम को लेकर सतर्कता बरतें। उधर, जल शक्तिमंत्री महेंद्र सिंह ने स्थानीय लोकनिर्माण विभाग के अतिथि गृह में पार्टी जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत व जिला महामंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में जल शक्तिमंत्री ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री कई वैकासिक परियोजनाओं का शिलान्यास वं लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नगर के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्थित शिव इंटरप्राइजेज परिस में जिले की समस्त विधानसभाओं से संबंधित सैकड़ो विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी सेक्टर संयोजक और सेक्टर प्रभारी भी मौजूद रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, मंत्री सुरेश पासी, प्रदेश मंत्री शंकरलाल लोधी, सांसद साक्षी महाराज शहीद जनपद के सभी विधायकगण व पार्टी पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### अव्यवस्थाओं का दंश झेल रहा मार्क्सनगर

# ग्रामीणों के लिए शुद्ध पेयजल हुआ सपना

- शुद्ध पेयजल के नाम पर फ्लोराइडयुक्त जहरीला पानी पीने को मजबूर ग्रामीण
- गांव से निकले राजनीति के पुरोधा लेकिन नहीं बदली बदहाल व्यवस्था

अमन दीक्षित। नवाबगंज, उन्नाव



**नवाबगंज** उन्नाव। यह अलग बात है कि प्रदेश में विकास के नाम पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। सूबे की सरकार विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रही है। फिल्म सिटी और कई एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण है। लेकिन विकास की बड़ी बातों के बीच उन्नाव जिले के नवाबगंज ब्लाक के मकूर गांव का मजरा मार्क्स नगर आज भी अव्यवस्थाओं और उपेक्षा का दंश झेल रहा है। यह गांव फ्लोराइड प्रभावित है यह सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गया है। असल में फ्लोराइड से प्रभावित इस मजरे की व्यवस्था सुधारने के लिए हो रहे सरकारी प्रयास धरातल पर नाकाफी नजर आते है। सरकारी आंकडो पर गौर करें तो करीब आधा दर्जन योजनाओं से इस गांव के प्रभावितों को संतृप्त करने के प्रयास जरूर हुये, लेकिन यह योजनाएं जमीनी हकीकत में फेल होती दिखाई दे रही है। गांव की करीब 500 की आबादी में पचास प्रतिशत लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित है। इसके बाद भी स्वास्थ्य, विकास और जल निगम के पास गांव की स्थित का कोई एथेंटिक डाटा नहीं है। जमीनी हकीकत की बात करें तो आज भी यहां के ग्रामीण शुद्ध पेयजल मिलने का सपना देख रहे है।

सरकारी आंकडों में जिस डीप बोर से शुद्ध पेयजल निकलने के दावे किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने उस दावे की हवा निकाल कर रख दी। ग्रामीणों का कहना हैं डीप बोर हैण्डपम्प लगे थे लेकिन इसमें भी जो पानी निकलता है वह रखने पर पीला पड जाता है। स्थानीय निवासी राम शंकर शर्मा की माने तो पिछले 40 सालों से मार्क्सनगर के लोग फ्लोराइड का दंश झेल रहे हैं। सरकारी व्यवस्थाएं फ्लोराइड से निजात दिलाने के लिए नाकाफी है। योजनाएं कई शुरू हुई लेकिन धरातलीय हकीकत में इससे निजाद नहीं दिला सकी। अब तो ग्रामीण खुद पीने के पानी के लिए अपनी व्यवस्था करते है। ग्रामीणों का कहना है अपनी आगे की पीढी को इस दंश से बचाने के लिए रोटी कपड़ा के साथ शुद्ध पेयजल के लिए पानी की भी व्यवस्था करते हैं। ग्रामीणों की माने तो गांव में फ्लोराइड के दंश से ज्यादातर लोग प्रभावित है। कोई रीढ की हड्डी से तो कई पैर के जोड़ों से प्रभावित है। कई बच्चे दांतों के रोग से प्रभावित हुए है तो कुछ इलाज के अभाव में विकलांग भी हो गये है। इतना ही नहीं इसका असर जानवरों तक में पहुंचा है। ग्रामीणों की माने तो सूबे में बहुत सी सरकारें बदली लेकिन गांव की इस बदहाली को कोई सरकार नहीं बदल सकी। सरकारें योजनाएं बनाती हैं पैसा खर्च होता हैं लेकिन मकूर के मजरे मार्क्स नगर के लोग शुद्ध पेयजल हेतु सरकार की नजरे इनायत होने की आज भी बाट जोह रही हैं।

***इस गांव से कई लोग राजनीति के शिखर पर पहुंचे जिसमे महिपाल शास्त्री गुजरात के गवर्नर रहे हैं। वहीं पर संजीवन लाल पूर्व में कमनियुस्ट पार्टी से विधायक, हेमराज लोधी जनता पार्टी के दौर में तो चन्द्र भूषण सिंह चौधरी चरण सिंह की सरकार में विधायक रहे।***

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

*जलनिगम के अधिशाषी अभियंता की माने तो विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कई कार्य फ्लोराइड से निजाद दिलाने के लिए कराए गये है। एक नई कार्ययोजना पिछले वित्तीयवर्ष में शासन को भेजी गयी थी। इस बार पैसा मिलने की उम्मीद है। पैसा मिलते ही कार्य शुरू कराया जायेगा। वहीं पर स्वास्थ्य विभाग काफी खोज बीन के बाद भी गांव से संबधित कोई आंकड़ा बता नहीं सका। जबकि विभाग में फ्लोराइड को लेकर एक कार्यक्रम संचालित* हो रहा है।

## सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति की हालत बेहद नाजुक

**हसनगंज, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के मोहान बांगरमऊ मार्ग स्थित मेहंदीखेड़ा तिराहे के पास रविवार की सुबह साइकिल से जा रहे दम्पति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा की मौत हो गई। पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्दासपुर गांव निवासी रामकिशन चौरसिया सुबह साइकिल से अपनी पत्नी परवाता को लेकर दवा लेने के लिए लखनऊ जा रहे थे। तभी हसनगंज के मोहान बांगरमऊ मार्ग स्थित मेहंदीखेड़ा तिराहे के पास सुबह बांगरमऊ की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घटनास्थल पर ही वृद्धा की मौत हो गई। पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध को सीएचसी पर भर्ती करवाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पति की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पति की हालत नाजुक बनी हुई है। क्राइम इस्पेक्टर संजीव यादव ने बताया कि बेटे की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# शिवसेना से हाथ मिलाने का इरादा नहीं

भाषा। मुंबई




**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि शिवसेना से हाथ मिलाने या राज्य में उद्धव ठाकरे नीत गठबंधन सरकार गिराने का भाजपा का कोई इरादा नहीं है। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए दावा किया कि राज्य के लोग शिवसेना नीत महाराष्ट्र विकास आघाडी सरकार के कामकाज से नाखुश हैं और यह अपनी अकर्मण्यता के चलते गिर जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि शनिवार को शिवसेना सांसद संजय राउत से उनकी मुलाकात हुई, जिसने राजनीतिक गलियारों में अटकलों को हवा दे दी, यह मुलाकात शिवसेना के मुखपत्र सामना के लिए एक साक्षात्कार के सिलसिले में थी।

पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे को लेकर शिवसेना ने भाजपा से अपना नाता तोड़ लिया था। इसके बाद उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने राज्य में गठबंधन सरकार बनाने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया था।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता फडणवीस ने कहा, शिवसेना से हाथ मिलाने या (राज्य में) सरकार गिराने का हमारा कोई इरादा नहीं है। जब यह खुद ब खुद गिरेगी, तब हम देखेंगे। उन्होंने कहा कि राउत के साथ उनकी मुलाकात के कोई राजनीतिक निहितार्थ नहीं हैं। भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने मुझसे सामना के लिए एक साक्षात्कार देने को कहा, जिस पर मैं राजी हो गया। लेकिन मैंने अपनी शर्तें भी रखी थी--जैसे कि साक्षात्कार असंपादित रहना चाहिए और साक्षात्कार के दौरान मुझे अपना कैमरा रखने दिया जाए। इस बीच, राउत ने भी यहां अलग से संवादाताओं से बात की।

शिवसेना नेता ने कहा कि वह और फडणवीस दुश्मन नहीं हैं और मुख्यमंत्री ठाकरे इस मुलाकात से अवगत थे, जो साक्षात्कार के कार्यक्रम पर चर्चा के लिए पूर्व नियोजित थी। हालांकि, कांग्रेस नेता संजय निरूपम ने राउत की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सुर्खियों में आने की जल्दबाजी रहती है। मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख ने कहा, जब यह होता है तब राजनीतिक करियर खत्म हो जाता है। यह राउत के लिए मेरी बददुआ नहीं है लेकिन यह एक हकीकत है। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले मुंबई कांग्रेस प्रमुख पद से हटा दिए जाने के बाद से नाराज चल रहे निरूपम ने कहा कि यदि पार्टी (कांग्रेस) हाल ही में संसद में पारित कृषि विधेयकों का विरोध करने के बारे में गंभीर है, तो उसे पहले महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना से अपना रुख स्पष्ट करने को कहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राकांपा का कहना है कि वे महाराष्ट्र में इस नए विधान को लागू नहीं होने देंगे, जबकि मुख्यमंत्री ठाकरे ने इसपर एक शब्द नहीं बोला है।

निरूपम ने कहा, शिवसेना ने लोकसभा में कृषि विधेयकों का समर्थन किया, जबकि राज्यसभा से वह उस वक्त वाकआउट कर गई जब उच्च सदन में अन्य विपक्षी दल इस पर मतविभाजन कराए जाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के रुख को लेकर राज्य में किसान भ्रम की स्थिति में हैं।



गुंटूर जिले में विश्व पर्यटन दिवस पर उंडावल्ली गुफाओं को देखते हुए लोग।

## अरुण जेटली के बाद, भाजपा में पंजाब के मानस को समझने वाला कोई नहीं : नरेश गुजराल

**नई दिल्ली।** कृषि विधेयकों पर विरोध को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने की शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की घोषणा के एक दिन बाद पार्टी नेता नरेश गुजराल ने रविवार को कहा कि अरुण जेटली के निधन के बाद पंजाब के मानस को समझने वाला कोई नेता भाजपा में नहीं हैं। अकाली दल के राज्यसभा सदस्य गुजराल ने उम्मीद जताई कि केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार पंजाब में स्थिति से निपटने मेंै कुछ संवेदनशीलतौ दिखाएगी। गुजराल ने कहा कि गठबंधन से अलग होने का फैसला पार्टी कैडर से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर किया गया था। कैडर-आधारित पार्टी होने के नाते अकाली दल उनकी इच्छाओं का सम्मान करता है। भाजपा के साथ लंबे जुड़ाव के संबंध में उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, अरुण जी (पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली) के निधन के बाद, पंजाब के मानस को समझने वाला भाजपा में कोई नहीं है।

गुजराल ने कहा कि पंजाब में सभी तबकों के लोग कृषि संबंधी विधेयकों के मुद्दे पर काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि स्थिति के हाथ से निकल जाने के पहले इस अंतिम चरण में भी केंद्र, पंजाब की स्थिति से निपटने में थोड़ी संवेदनशीलता दिखाएगा। एक अन्य वरिष्ठ अकाली नेता बलविंदर सिंह भुंडर ने कहा कि अकाली दल और भाजपा के बीच गठबंधन चार दशकों तक जारी रहा लेकिन अब समीकरण बदल गया है।

हम कांग्रेस के अत्याचारों के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आए। किसानों और पंजाब के मुद्दों पर हमेशा अकाली दल से सलाह ली गई। लेकिन अब भाजपा किसानों से संबंधित मुद्दों और पंजाब के बारे में हमारी चिंताओं को नहीं सुनती। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के शासन के विपरीत मौजूदा राजग में सहयोगियों को बहुत महत्व नहीं दिया गया है।

## मराठा संगठन ने कोटा मुद्दे को लेकर पुणे में प्रदर्शन किया

**पुणे।** सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के मुद्दे को लेकर मराठा समर्थक एक संगठन ने पुणे जिले में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के कार्यालयों के बाहर रविवार को प्रदर्शन किया। मराठा समुदाय के लिए कोटा आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मराठा क्रांति मोर्चा (एमकेएम) के कुछ नेताओं ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषणा की गई राहत और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है। गौरतलब है कि समुदाय के लिए कोटा के क्रियान्वयन पर उच्चतम न्यायालय के रोक लगाए जाने के आलोक में राज्य सरकार ने मंगलवार को कई उपायों की घोषणा की थी। एमकेएम सदस्यों ने रविवार को यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस, शिवसेना और भाजपा के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने मराठों के समर्थन में नारेबाजी की और कहा कि सरकार को समुदाय को आरक्षण मुहैया करने के लिए दृढ़ता से खड़े रहना चाहिए।

## झारखंड के पूर्व कांग्रेस प्रमुख अजय कुमार फिर से पार्टी में

भाषा। नई दिल्ली

**झारखंड कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार फिर से पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ने अजय कुमार के फिर से पार्टी में शामिल होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कुमार ने ट्वीट किया, अन्याय और संस्थाओं पर कब्जा करने के खिलाफ बोलने के लिए अपनी अंतरात्मा की आवाज और राहुल गांधी से प्रेरित होकर मैंने आज कांग्रेस में लौटने का फैसला किया। उन्होंने महात्मा गांधी के एक कथन को भी उद्धृत किया, जब सच बोलने की बारी आती है तो मौन धारण करना कायरता है। एक अन्य ट्वीट में कहा, स्वास्थ्य, किसान, बेरोजगारी और आर्थिक संकट के बीच राहुल और सोनिया भारत और यहां के लोगों के लिए निरंतर आवाज उठा रहे हैं। मैं उनकी दृढ़ता से प्रेरित हुआ हूं और इससे मुझे फिर से कांग्रेस में वापसी की प्रेरणा मिली। पूर्व आईपीएस और 15 वीं लोकसभा में जमशेदपुर से सांसद रह चुके कुमार ने पिछले साल झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले पार्टी छोड़ दी थी। उन्हें नवंबर 2017 में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था लेकिन अगस्त 2019 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया और अगले महीने आम आदमी पार्टी से जुड़ गए।

### शिवसेना ने राजग छोड़ने पर शिअद की सराहना की

**मुंबई।** शिवसेना ने किसानों के हितों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने पर शिरोमणि अकाली दल की रविवार को सराहना की। हालांकि पार्टी सांसद संजय राउत ने यह भी कहा कि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) का राजग से अलग होने का फैसला दुखद घटनाक्रम है। शिअद ने शनिवार रात को राजग से अपने संबंध तोड़ने की घोषणा की। वह हाल के वर्षों में भाजपा की अगुवाई वाले राजग से अलग होने वाली तीसरी बड़ी पार्टी है। इससे पहले शिवसेना और तेदेपा भी राजग से अलग हो चुकी हैं। गत वर्ष शिवसेना ने महाराष्ट्र में सत्ता साझेदारी के मुद्दे पर भाजपा से टकराव के बाद राजग को अलविदा कह दिया था। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता रावत ने ट्वीट किया, शिवसेना किसानों के हित में राजग से अपने रिश्ते तोड़ने के अकाली दल के फैसले की सराहना करती है। इससे पहले यहां पत्रकारों से मुखातिब होते हुए राउत ने कहा था कि शिवसेना और शिअद राजग के स्तंभ थे। राज्यसभा सदस्य ने कहा, दोनों पार्टियां भाजपा के साथ अच्छे-बुरे समय में खड़ी रही जबकि अन्य दल सत्ता की वजह से इसमें शामिल हुए। शिवसेना को पिछले साल राजग छोड़ने पर मजबूर किया गया, जबकि इस साल शिरोमणि अकाली दल ने कृषि विधेयकों को लेकर राजग छोड़ दिया। हमें घटनाक्रम पर दुख होता है। शिवसेना और शिअद राजग के स्तंभ थे जो अब वहां नहीं हैं। राउत ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन को राजग नहीं कहा जा सकता है। यह एक अलग गठबंधन है। भाजपा का लोकसभा में स्पष्ट बहुमत है।

## क्विक न्यूज

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना देश के आत्मसम्मान और संप्रभुता से जुड़ा हुआ है: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि जो देश अपने सैन्य साजो सामान के लिए आयात पर निर्भर करता है, वह कभी भी मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना देश केै आत्म-सम्मानै औरै संप्रभुताै से जुड़ा है। भारत, रक्षा क्षेत्र से जुड़ी बड़ी कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार है और देश उन तीन देशों में शामिल है जिन्होंने पिछले आठ वर्षों में सबसे ज्यादा सैन्य हार्डवेयर का आयात किया है। सिंह ने कहा सरकार ने 101 तरह के हथियार और सैन्य प्रणालियों के आयात पर 2024 तक रोक लगाई है। उन्होंने दीनदयाल स्मृति व्याख्यान को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि इस फैसले से भारत में प्रति वर्ष 52,000 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों के निर्माण का अवसर मिला है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही नई रक्षा उत्पादन एवं खरीद नीति लेकर आएगी। हाल में संसद से पारित कृषि विधेयकों पर सिंह ने कहा कि किसानों के कल्याण की प्रतिबद्धता दीनदयाल उपाध्याय के दौर से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कदम उठाए हैं जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने में मदद मिलेगी।

### तृणमूल कांग्रेस ने राजग का साथ छोड़ने वाले अकाली दल का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने राजग का साथ छोड़ने वाले शिरोमणि अकाली दल का समर्थन किया है। हाल ही में संसद में पारित किए गए तीन कृषि विधेयकों का विरोध करते हुए अकाली दल केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार से अलग हो गई है। तृणमूल के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने रविवार को एक ट्वीट में अपनी पार्टी की ओर से शिअद का समर्थन किया। उन्होंने ट्विटर पर कहा, हम किसानों के साथ सुखबीर सिंह बादल और अकाली दल के रुख का समर्थन करते हैं। किसानों के लिए लड़ना तृणमूल के डीएनए का हिस्सा है। 2006 में ममता बनर्जी ने किसानों के अधिकारों के लिए 26 दिनों का ऐतिहासिक उपवास कर अपना जीवन जोखिम में डाल लिया था। हम कृषि विधेयकों का विरोध करते हैं क्योंकि इससे एमएसपी, पीडीएस, खरीद और राज्यों की भूमिका खतरे में पड़ जाएगी। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने कृषि विधेयकों के मुद्दे पर शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को छोड़ दिया। शिअद पिछले कुछ वर्षों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन से बाहर निकलने वाली तीसरी प्रमुख पार्टी है।

### पश्चिम बंगाल के कॉलेजों में स्नातक कक्षाएं दो नवंबर से शुरू होंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और उच्चतर शिक्षा मंत्री पार्था चटर्जी के बीच हुई एक बैठक में कॉलेजों में दो नवंबर से स्नातक (यूजी) की कक्षाएं शुरू करने का फैसला किया गया। कॉलेजों में अक्टूबर में नामांकन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद दो नवंबर से कक्षाएं शुरू होंगी। डिजिटल बैठक में शामिल हुए एक प्रमुख विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि यह फैसला किया गया है कि नवंबर के आखिरी सप्ताह में संभव नहीं होने की स्थिति में स्नातकोत्तर (पीजी) की कक्षाएं एक दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्नातक और पीजी, दोनों कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से होंगी और संबद्ध शैक्षणिक संस्थान इसके तौर-तरीकों का खाका तैयार करेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक अन्य अहम फैसले के तहत विश्वविद्यालयों ने विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों के तहत 80 फीसदी सीटें उन छात्रों के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय किया है, जिन्होंने विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में स्नातक की पढ़ाई की है या स्नातक की पढ़ाई उसी विश्वविद्यालय (जैसे कि यादवपुर विश्वविद्यालय) से की है। शिक्षा मंत्री ने बैठक के बाद कॉल किए जाने पर कोई जवाब नहीं दिया।



कोलकाता में दुर्गा पूजा पर्व के लिए दुकानों पर खरीदारी करती हुई महिलाएं

## स्वाद पर ध्यान देने के बदले पौष्टिक भोजन पर जोर दें : नायडू

भाषा। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने स्वस्थ और संतुलित आहार पर जोर देते हुए रविवार को लोगों का आह्वान किया कि वे स्वाद पर ध्यान देने के बदले पौष्टिक भोजन करें। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा कि फिटनेस दिनचर्या के अलावा स्वस्थ और संतुलित आहार लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तेजी से शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली से लोगों के भोजन की आदतों में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि हम नियंत्रण करें और अपने खाने की आदतों में बदलाव लाएं।

वेंकैया नायडू ने कहा, हमें सिर्फ स्वाद के लिए भोजन नहीं करना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि हम वही होते हैं जो हम खाते हैं और खाना पोषण के लिए है। हमें बिना विचारे भोजन करने के बदले पौष्टिक और प्रोटीन युक्त भोजन अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से सामान्य जीवन के प्रभावित होने से लोगों को भोजन की सदियों पुरानी पारंपरिक आदतों के लौटने के महत्व का एहसास हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से हमारे पूर्वजों ने हर मौसम और क्षेत्र के अनुरूप विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक मसालों और अन्य सामग्रियों को अपने भोजन में शामिल किया। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि इस महामारी के बीच अधिक से अधिक लोग घर में बने जैविक भोजन पर जोर देने लगे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि स्वस्थ जीवन के लिए लोगों को दिनचर्या और ऋतुचर्या के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

# अटल के हनुमान थे जसवंत सिंह, कभी नहीं किया उदारवादी विचारों से समझौता

भाषा। नई दिल्ली

**सेना** के अधिकारी से नेता बने, भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री जसवंत सिंह पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई के विश्वसनीय सहयोगी थे। साथ ही उन्होंने अपने उदारवादी राजनीतिक विचारों से अपनी अलग पहचान बनाई। रविवार सुबह लंबी बीमारी के बाद दिल्ली में उनका निधन हो गया। मजबूत पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले और उदारवादी मिजाज के लिए जाने जाने वाले 82 वर्षीय जसवंत ने अपने राजनीतिक जीवन में 1998 से 2004 के बीच वाजपेई सरकार में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के तीन सबसे प्रमुख रक्षा, विदेश और वित्त मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली।

हालांकि दिसंबर 1999 में इंडियन एअरलाइन्स के अपहृत विमान में सवार यात्रियों के छुड़ाने के लिए तीन खूंखार आतंकवादियों को सरकारी विमान से अफगानिस्तान के कंधार ले जाने से उनकी छवि को धक्का लगा। उस समय जसवंत सिंह विदेश मंत्री थे। इंडियन एअरलाइन्स के विमान (आईसी 814) में सवार 180 से अधिक यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को छुड़ाने के बदले भारत को जिन तीन आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा, उनमें मौलाना मसूद अजहर भी शामिल था, जिसने बाद में जैश-ए-मोहम्मद का गठन किया। आठ दिन तक चले उस अपहरण संकट को खत्म करने के लिए जसवंत सिंह खुद आतंकवादियों को छोड़ने गए तो विवाद खड़ा हो गया। इस घटना के लिए कई बार जसवंत सिंह का मजाक बना। अपहरण की घटना को 1998 में बनी भाजपा नीत राजग सरकार के कार्यकाल की नाकामियों में शुमार किया जाता है।

आतंकवादियों ने अपहृत विमान के एक यात्री की हत्या भी कर दी थी। ईमानदार नेता माने जाने वाले सिंह वाजपेई के बेहद खासमखास थे। इस वजह से उन्हें वाजपेई का हनुमान भी कहा जाता था। वाजपेई के कार्यकाल के दौरान जसवंत सिंह सरकार में काफी उंच्चा ओहदा रखते थे। उस दौरान वह कई ऐतिहासिक घटनाओं और उपलब्धियों के गवाह बने, जिनमें 1998 का परमाणु परीक्षण पोखरण-2, भारत-पाकिस्तान के बीच करगिल संघर्ष, भारत-पाकिस्तान के बीच 2001 में हुआ आगरा शिखर सम्मेलन और अमेरिका के साथ परमाणु मुद्दों पर बातचीत शामिल है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व शुरू से ही जसवंत सिंह को पसंद करता था। फर्राटेदार अंग्रेजी में बात करने के उनके हुनर का हर कोई कायल था। पार्टी के कई नेता ऐसा नहीं कर पाते थे।

भाजपा को मध्यम वर्ग की पार्टी माना जाता था, जिसमें सिंह को खास मुकाम हासिल था। इसकी वजह उनकी शिक्षा और सैन्य पृष्ठभूमि मानी जाती थी। कम बोलने और गहरी समझ वाले सिंह उदारवारी मूल्यों के कट्टर समर्थक थे। शिष्टजनों में शुमार किए जाने वाले सिंह ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कई उतार-चढ़ाव भी देखे। मई 1996 में 13 दिन की वाजपेई सरकार में वह वित्त मंत्री बने थे। आम तौर पर गंभीर दिखने वाले सिंह कभी-कभी अपने मिजाज के विपरीत बात किया करते थे। जुलाई 2009 में वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने जब संसद में बजट पेश किया तो सिंह ने उसपर चर्चा के दौरान कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को कर में दी गई छूट इतनी भी नहीं है कि वह उससे विस्की की एक बोतल खरीद सकें।

आरएसएस से ताल्लुक न रखने वाले जसवंत को दो बार भाजपा से निष्कासित किया गया। पहली बार उन्हें 2009 में जिन्ना की तारीफ करने पर पार्टी से निकाला गया। हालांकि 2010 में उन्हें फिर से पार्टी में शामिल कर लिया गया। इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में राजस्थान की बाड़मेर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उम्मीदवारी वापस लेने से मना करने पर एक बार फिर उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। सिंह ने आठ साल तक सेवाएं देने के बाद 1965 में सेना से सेवानिवृत्ति ले ली थी। जब उनसे सेना छोड़ने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह राजनीति में जाना चाहते हैं।

भाजपा को इसके गठन के समय से ही दक्षिणपंथी दल माना जाता है। पार्टी के कई तेज-तर्रार नेताओं के विपरीत सिंह हमेशा पार्टी के अंग्रेजी भाषी उदारवादी तथा प्रगतिशील मिजाज के नेता के तौर पर जाने जाते रहे। सिंह ने पार्टी को शहरी इलाकों में पैठ बनाने में भी मदद की। हालांकि जसवंत सिंह को कभी जन नेता के तौर पर नहीं देखा गया। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी वह बहुत लोकप्रिय नहीं रहे। माना जाता है कि उन्हें सत्ता में उंच्चा मुकाम उनकी गहरी समझ के कारण हासिल हुआ। जसवंत सिंह 2012 में उपराष्ट्रपति पद के लिए राजग के उम्मीदवार थे, लेकिन उन्हें संप्रग उम्मीदवार हामिद अंसारी से हार का सामना करना पड़ा।




पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व अन्य नेताओं के साथ एक कार्यक्रम में जसवंत सिंह

फाइल फोटो

# गांव, किसान, देश का कृषि क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के आधारः मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को गांव, किसान और देश के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताते हुए कहा कि ए जितने मजबूत होंगे, आत्मनिर्भर भारत की नींव भी उतनी ही मजबूत होगी। आकाशवाणी पर मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 69वीं कड़ी में अपने विचार व्यक्त करते हुए मोदी ने कहा कि संसद से पारित कृषि सुधार विधेयकों के पारित होने के बाद देशभर के किसानों को अब उनकी इच्छा के अनुसार, जहां ज्यादा दाम मिले वहां बेचने की आजादी मिल गई है।

मोदी ने इस अवसर पर कई राज्यों के किसानों और कुछ किसान संगठनों के अनुभवों तथा उनकी सफल कहानियों को साझा करते हुए यह संदेश देने की कोशिश की कि कैसे उन्हें उनके उत्पादों के एपीएमसी (कृषि उत्पाद विपणन समितियां) कानून से बाहर होने का फायदा मिला और कैसे अब वे बिना बिचौलिए के सीधे बाजार में अपने उत्पादों को बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर के किसान उन्हें चिट्ठियां भेजकर और कुछ किसान संगठनों ने निजी बातचीत में उन्हें बताया कि कैसे खेती में नए-नए आयाम जुड़ रहे हैं और बदलाव आ रहा है। कोरोना वायरस संक्रमण के बीच देश में बंपर फसल उत्पादन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कठिन दौर में भी कृषि क्षेत्र और देश के किसानों ने फिर से अपना दमखम दिखाया है। उन्होंने कहा, हमारे यहां कहा जाता है कि जो जमीन से जितना जुड़ा होता है, वह बड़े से बड़े तूफानों में भी उतना ही अधिक रहता है। कोरोना के इस कठिन समय में हमारा कृषि क्षेत्र, हमारा किसान इसका जीवंत उदाहरण है। संकट के इस काल में भी हमारे देश के कृषि क्षेत्र ने फिर अपना दमखम दिखाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, देश का कृषि क्षेत्र, हमारे किसान, हमारे गांव आत्मनिर्भर भारत का आधार हैं। ए मजबूत होंगे तो आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत होगी। मोदी ने हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात के कुछ सफल किसानों तथा किसान समूहों का जिक्र करते हुए कहा कि बीते कुछ समय में कृषि क्षेत्र ने खुद को अनेक बंदिशों से आजाद किया है और अनेक मिथकों को तोड़ने का प्रयास किया है। हरियाणा के सोनीपत जिले के किसान कंवर चौहान की कहानी बताते हुए मोदी ने कहा कि एक समय था जब उन्हें मंडी से बाहर अपने फल और सब्जियां बेचने में बहुत दिक्कत आती थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में फल और सब्जियों को जब एपीएमसी कानून से बाहर कर दिया गया, तो इसका उन्हें और अन्य किसानों को फायदा हुआ।

उन्होंने बताया कि चौहान ने साथी किसानों के साथ मिलकर एक किसान उत्पादक समूह की स्थापना की और स्वीट कार्न तथा बेबी कार्न की खेती आरंभ की। उन्होंने कहा, आज उनके उत्पाद दिल्ली की आजादपुर मंडी, बड़ी रिटेल चेन तथा पांच सितारा होटलों में सीधे आपूर्ति हो रहे हैं। आज ए किसान ढाई से तीन लाख रुपए प्रति एकड़ सालाना कमाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं, इसी गांव के 60 से अधिक किसान नेट हाउस और पॉली हाउस बनाकर टमाटर, खीरा, शिमला मिर्च की अलग-अलग किस्मों का उत्पादन कर हर साल प्रति एकड़ 10 से 12 लाख रुपए तक की कमाई कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि इन किसानों के पास अपने फल-सब्जियों को कहीं पर भी और किसी को भी बेचने की ताकत है तथा ए ताकत ही उनकी इस प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा, अब यही ताकत, देश के दूसरे किसानों को भी मिली है। फल-सब्जियों के लिए ही नहीं, अपने खेत में, वो जो पैदा कर रहे हैं - धान, गेहूं, सरसों, गन्ना जो उगा रहे हैं, उसको अपनी इच्छा के अनुसार जहां ज्यादा दाम मिले, वहीं पर, बेचने की अब उनको आज़ादी मिल गई है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद हाल में कृषि विधेयक आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020, कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक 2020 तथा कृषक (सशक्तीकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन एवं कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020 को संसद से पारित कर दिया गया था। कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2020, राज्य सरकारों को मंडियों के बाहर की गई कृषि उपज की बिक्री और खरीद पर कर लगाने से रोकता है और किसानों को अपनी उपज को लाभकारी मूल्य पर बेचने की स्वतंत्रता देता है। वर्तमान में, किसानों को पूरे देश में फैले 6,900 एपीएमसी (कृषि उपज विपणन समितियों) मंडियों में अपनी कृषि उपज बेचने की अनुमति है। मंडियों के बाहर कृषि-उपज बेचने में किसानों के लिए प्रतिबंध हैं। देशभर के कई हिस्सों खासकर पंजाब और हरियाणा के किसान तथा किसान संगठन इन विधेयकों को किसान विरोधी बताकर प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो कृषि संबंधी विधेयकों के खिलाफ शनिवार को सोशल मीडिया पर अभियान शुरू कर दिया और इसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोगों से किसानों पर कथित अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की।

कांग्रेस का कहना है कि एपीएमसी कानून आज किसानों के बड़े तबके के लिए एक सुरक्षा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), मूल्य निर्धारण का एक संकेत है जिसके आधार पर बाजार कीमतें तय करता है। कांग्रेस का दावा है कि ए विधेयक एमएसपी के इस महत्व को खत्म कर देंगे और एपीएमसी कानून भी निष्प्रभावी हो जाएगा।

## आतंकी गतिविधियों का केंद्र बन गया है बेंगलुरूः तेजस्वी सूर्या

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने रविवार को दावा किया कि बेंगलुरू आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र बन गया है। इस सिलसिले में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का एक स्थाई कार्यालय कर्नाटक की राजधानी में स्थापित करने की मांग की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के अगले ही दिन सूर्या ने कहा कि बेंगलुरू में कई आतंकी मोड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। उन्होंने दावा किया कि आतंकी संगठन शहर को अपनी गतिविधियों का केंद्र बनाना चाहते हैं। सूर्या ने कहा कि दो दिन पहले उन्होंने इस सिलसिले में शाह से मुलाकात की और बेंगलुरू में एनआईए का कार्यालय खोलने का आग्रह किया जो आधुनिक सुविधाओं से लैस हो और जहां पर्याप्त संख्या में कर्मचारी हों। उन्होंने कहा, गृह मंत्री ने मुझे आश्वस्त किया है कि जल्द से जल्द पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी की निगरानी में एक स्थाई कार्यालय खोलने के लिए वह अधिकारियों को निर्देश देंगे।



कोलकाता में रविवार को दुर्गा पूजा उत्सव से पहले एक बाजार में खरीदारी करने निकली महिलाएं

# अटल भूजल योजना के तहत अब तक खर्च हुए केवल 54 लाख रुपए

भाषा। नई दिल्ली

**देश** के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल संसाधनों के स्थाई प्रबंधन से जुड़ी अटल भूजल योजना के लिए चालू वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए लेकिन अब तक सिर्फ 54 लाख रुपए ही खर्च हो पाए हैं। जल शक्ति राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया ने लोकसभा में राजेंद्र अग्रवाल के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह योजना एक अप्रैल 2020 से सामुदायिक भागीदारी के साथ भूजल संसाधनों के स्थाई प्रबंधन के लिए लागू की गई थी। कटारिया ने कहा, वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान अटल भूजल योजना के लिए मंत्रालय ने 200 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं जो भौतिकावित्तीय प्रगति के मद्देनजर संशोधन के अधीन हैं। इसमें से 54 लाख रुपए का अभी तक प्रयोग हो चुका है। मंत्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त योजना के जमीनी क्रियान्वयन से जुड़ी प्रारंभिक गतिविधियों के पूरा हो जाने के बाद राज्यों को निधियों का आवंटन किया जाएगा। यह योजना 2020-21 से पांच वर्ष की अवधि तक जारी रहेगी।

गौरतलब है कि सरकार ने मार्च 2018 में अटल भूजल योजना का प्रस्ताव किया था जिसका लक्ष्य अत्यधिक भूजल दोहन वाले सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सामुदायिक हिस्सेदारी के साथ स्थाई भूजल प्रबंधन करने का है। वहीं, नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि लगातार घट रहा भूजल स्तर वर्ष 2030 तक देश में सबसे बड़े संकट के रूप में उभरेगा। केंद्रीय भूजल बोर्ड तथा राज्य भूजल विभागों के आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल मूल्यांकित 6,584 इकाइयों (ब्लॉकातालुकाामंडल) में से ।,034 इकाइयों को अत्यधिक दोहन इकाइयों की श्रेणी में रखा गया है। सामान्यतः इन्हें डार्क ज़ोन (पानी के संकट की स्थिति) कहा जाता है।

इनमें दिल्ली में 15 इकाई, हरियाणा में 64 इकाई, कर्नाटक में 43 इकाई, पंजाब में 105 इकाई, राजस्थान में 164 इकाई, तमिलनाडु में 358 इकाई और उत्तर प्रदेश में 113 इकाई भूजल के अत्यधिक दोहन वाली हैं। वहीं, केंद्रीय भूजल बोर्ड की गुणवत्ता निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, देश के 23 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के 370 जिलों में भूजल में फ्लोराइड 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक है। 23 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में 423 जिलों में भूजल में नाइट्रेट 45 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक है। वहीं, 21 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के 152 जिलों में भूजल में आर्सेनिक 0.01 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक है। 14 राज्यों के 92 जिलों में भूजल में सीसा 0.01 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक पाया गया है।

# बेकाबू कोरोना, संक्रमितों की संख्या हुई 60 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में कोरोना महामारी बेकाबू होती जा रही है। रविवार को 88,600 नए मरीजों के साथ सक्रंमित होने वालों की संख्या 59,92,533 पहुंच गई है। यानी 60 लाख में सिर्फ साढ़े सात हजार मरीज ही कम हैं। महामारी से मरने वालों का आंकड़ा भी 94,503 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे के बुलेटिन के मुताबिक बीते 24 घंटों में संक्रमण से 1,124 मौतें हुईं। यही स्थिति नहीं संभली तो अगले एक सप्ताह में जान गंवाने वालों की संख्या भी एक लाख को पार कर जाएगी। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि घबराने की कोई बात नहीं है, क्योंकि बीते 24 घंटे में कोविड-19 से 92,043 मरीजों के ठीक होने के साथ ही भारत में इस महामारी को मात देने वालों की संख्या 50 लाख के करीब पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उपचाराधीन मरीजों के मुकाबले ठीक वालों की संख्या 39,85,225 अधिक है। कुछ दिनों से रोजाना ठीक होने वाले मरीजों की औसत संख्या 90 हजार से अधिक है, जबकि नए मरीज इससे कम आ रहे हैं और लगातार घट रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि ठीक होने की संख्या बढ़ने के साथ देश में कोविड-19 मरीजों के ठीक होने की दर 82.46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ठीक होने वाले कुल मरीजों में 76 प्रतिशत 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश- महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, केरल और पश्चिम बंगाल के हैं। मरीजों के ठीक होने की सूची में महाराष्ट्र शीर्ष पर है जहां पर अकेले 23 हजार से अधिक मरीज ठीक हुए हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश का स्थान है जहां पर 9000 से अधिक मरीज ठीक हुए हैं। इसी तरह 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों- महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की कुल सामने आए 88600 नए मामलों में हिस्सेदारी 77 प्रतिशत है। नए संक्रमितों के मामले में भी महाराष्ट्र शीर्ष पर है जहां पर 20 हजार से अधिक मामले आए हैं। इसके बाद कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का स्थान है जहां पर क्रमशरू 8000 और 7000 से अधिक मामले सामने आए। यही नहीं, 84 प्रतिशत मौतें भी 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश- महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ में हुई हैं।

## देश हर्ड इम्यूनिटी से अभी दूरः हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** भारत में भले कोरोना रिकवरी रेट 80 प्रतिशत के पार पहुंचने का दावा किया जा रहा हो, लेकिन खतरा इसलिए कम नहीं हुआ है, क्योंकि ठीक होने वाले लोग दोबारा संक्रमित हो रहे हैं। साथ ही रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि भारत के लोग अभी हर्ड इम्यूनिटी से बहुत दूर हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने सीरो सर्वे की दूसरी रिपोर्ट के हवाले से कहा कि हमें कोरोना-19 को लेकर सुस्त नहीं होना चाहिए बल्कि गंभीरता से नियमों का पालन करना चाहिए।

## चीन नहीं, ब्रिटेन और दुबई से आई महामारी

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस चीन से निकला और दुनियाभर को पंगु बना दिया। महामारी से लाखों लोगों की जान चली गई है। हालांकि, भारत में कोरोना वायरस सीधे चीन से नहीं, बल्कि ब्रिटेन और दुबई से आया है। आईआईटी की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। आईआईटी-मंडी द्वारा किए गए विश्लेषण में कहा गया है कि दुबई और ब्रिटेन से आए यात्री भारत में कोविड-19 संक्रमण लाने वाले प्रारंभिक स्रोत रहे हैं। 'जर्नल ट्रैवल ऑफमेडिसिन' में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारतीय राज्यों में कोविड-19 का आगमन मुख्य रूप से दूसरे देशों से आने वाले यात्रियों से हुआ। आईआईटी-मंडी में सहायक प्राध्यापक सरिता आजाद ने बताया कि रिपोर्ट तैयार करने के लिए रोगियों के यात्रा इतिहास का इस्तेमाल कर पहले चरण में कोविड-19 के प्रसार के बारे में पता लगाया गया।

## केंद्रीय पुलिस बलों में संक्रमण के 36 हजार से अधिक मामले, 128 जवानों की मौत

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले केन्द्रीय पुलिस बलों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 36 हजार के आंकड़े को पार कर गए हैं और इस घातक विषाणु से 128 जवानों की मौत हुई है। ये मामले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) से जुड़े हैं। नए आंकड़ों के अनुसार इन बलों में अब तक संक्रमण के 36,000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिनमें 6,646 मामले उपचाराधीन हैं और शेष मामलों में जवान ठीक हो चुके हैं। बीएसएफ देश की सीमा की रक्षा करने वाले सबसे बड़ा बल है और इसमें लगभग 2.5 लाख कर्मी हैं।

इसमें अब तक संक्रमण के 10,636 मामले सामने आए हैं। इसके बाद सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ में संक्रमण के 10,602 और सीआईएसएफ में 6,466 मामले सामने आए हैं। आंकड़ों के अनुसार आईटीबीपी में संक्रमण के 3,845 मामले सामने आए हैं, वहीं एसएसबी में 3,684, एनडीआरएफ में 514 और एनएसजी में 250 मामले सामने आए हैं। इन बलों में 128 जवानों ने संक्रमण से जान गंवाई है। इनमें सीआरपीएफ में 52, बीएसएफ में 29, सीआईएसएफ में 28 और आईटीबीपी तथा एसएसबी में नौ-नौ जवानों की संक्रमण से मौत हुई है। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जो लोग भी छुट्टी से लौट रहे हैं, उन्हें अनिवार्य पृथक-वास में भेजा जा रहा है और संक्रमित कर्मियों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा जा रहा है।

# बिहार में डिजिटल प्रचार से राजग को फायदाः संजय कुमार

भाषा। नई दिल्ली

**बिहार** विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा हो गई है। कोरोना संकट के कारण इस बार डिजिटल प्रचार के इर्द-गिर्द पूरा चुनाव लड़ा जा रहा है। विपक्ष में अपेक्षाकृत ज्यादा बिखराव नजर आ रहा है। इन्हीं बिंदुओं पर पेश हैं सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के निदेशक संजय कुमार से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब।

**सवालः बिहार में चुनाव की घोषणा हो गई है और ऐसे में आपका क्या आकलन है?**

**जवाबः** मेरे लिए चौंकाने वाला नतीजा यही होगा कि राजग 200 सीटों के पार चला जाए। विपक्ष के लिहाज से चौंकाने वाले नतीजे की उम्मीद मुझे नजर नहीं आती। अगर विपक्ष एकजुट होगा तो चुनौती होगी, लेकिन यह चुनौती इतनी बड़ी नहीं होगी कि राजग को जीतने में मुश्किल हो। अगर चिराग पासवान भी विपक्ष के साथ आ जाएं तो शायद थोड़ा टक्कर वाला मुकाबला हो, लेकिन नतीजा नहीं बदलेगा।

**सवालः कोरोना संकट के समय डिजिटल चुनाव प्रचार को लेकर कुछ छोटी पार्टियों ने आपत्ति जताई है। क्या इन पार्टियों को नुकसान का डर है?**

**जवाबः** निश्चित तौर पर छोटी पार्टियों और विपक्ष को इसका नुकसान होगा। भाजपा को डिजिटल और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल वाले चुनाव में महारत हासिल है। 2014 के चुनाव से ही भाजपा ने डिजिटल चुनाव प्रचार की पहल शुरू कर दी थी। इसीलिए बिहार के चुनाव में डिजिटल प्रचार से राजग को फायदा मिलता नजर आ रहा है।

**सवालः विपक्ष में बिखराव भी अपेक्षाकृत ज्यादा नजर आ रहा है, इसका क्या कारण है और क्या यह उसकी मुश्किलें बढ़ाएगा?**

**जवाबः** बिखराव की कई वजह हैं। सबसे बड़ी वजह आत्मविश्वास की कमी है। अगर यह भावना आ जाए कि चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि हार-जीत के अंतर को कम करने के लिए लड़ना है तो ऐसी स्थिति में छोटी-छोटी पार्टियों के नेता चाहेंगे कि वे उस गठबंधन की तरफ जाएं जो जीतने की स्थिति में हैं। विपक्ष में आत्मविश्वास की जो कमी दिख रही है, उसकी एक वजह यह है कि उसके पास कोई कद्दावर नेता नहीं है या फिर बहुत सारे नेता हैं जो खुद को कद्दावर नेता के तौर पर पेश करते हैं। तालमेल का भी अभाव है और इसको लेकर भी सहमति नहीं है कि नेतृत्व किसके पास होगा। विपक्ष के मतों में जितना ज्यादा बिखराव होगा, हार-जीत का अंतर भी उतना ही बड़ा होगा।

**सवालः क्या नीतीश कुमार की लोकप्रियता पहले की तरह बरकरार है और उन्हें तेजस्वी यादव का चेहरा कितनी बड़ी चुनौती देता नजर आ रहा है?**

**जवाबः** यह सही है कि नीतीश की लोकप्रियता पहले जैसे नहीं रही। उसमें गिरावट आई है। आज से 10 साल पहले नीतीश के साथ गठबंधन से भाजपा को फायदा होता था। उसमें अब बदलाव आया है। अब नीतीश को गठबंधन की जरूरत है। तेजस्वी के लिए दिक्कत यह है कि उनके खिलाफ विरोध नहीं, लेकिन उनकी पार्टी के खिलाफ विश्वास की कमी है। उनकी छवि पर उनके पिता लालू प्रसाद की छवि और 15 साल के शासन वाली छवि भारी पड़ जाती है। इससे उन्होंने बाहर निकलने की कोशिश की और माफी भी मांग ली। वह नई तरह की राजनीति करने की भी कोशिश कर रहे हैं। वैसे, एक निवर्तमान मुख्यमंत्री की लोकप्रियता दूसरे नेताओं के मुकाबले अक्सर ज्यादा होती है। अनुभव के लिहाज से भी नीतीश और तेजस्वी में काफी फर्क है। दूसरी तरफ, जदयू की छवि जनता के बीच राजद से बेहतर दिखाई देती है। ऐसे में फिलहाल तेजस्वी का चेहरा उतनी बड़ी चुनौती पेश करता नजर नहीं आ रहा जिसकी विपक्ष को जरूरत है।

**सवालः श्रमिकों का सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलना, कोरोना संकट, बाढ़ और कुछ अन्य हालिया ज्वलंत मुद्दों का बिहार चुनाव में कितना असर होगा?**

**जवाबः** इन मुद्दों का प्रभाव क्षणिक था। उस समय लोगों का गुस्सा नीतीश कुमार के प्रति ज्यादा था, लेकिन जैसे-जैसे लोग कामकाज की दिनचर्या में चले जाते हैं तो उनका गुस्सा कम हो जाता है। चार-पांच महीने हो गए और लोगों का गुस्सा दब गया। अगर लोग मान भी लें कि लोग नीतीश कुमार को वोट नहीं देंगे तो फिर उन्हें लगता है कि किसे दें। जैसे राष्ट्रीय स्तर के चुनाव में होता है। तुलनतात्मक रूप से विकल्प के नहीं होने से भी नीतीश कुमार की लोकप्रियता बरकरार नजर आती है।

# पेज एक का शेष

## अपराधियों पर...

से निस्तारण किया जाए। प्रवर्तन की कार्यवाही के नाम पर आम जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पूरी निगाह रखी जाए। पुलिस अधिकारियों द्वारा संक्षेप में सही तथ्य मीडिया के सामने रखे जाने चाहिए। बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निरन्तर पुलिस थानों का भ्रमण कर निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना दिवस की प्रक्रिया को फिर से प्रारम्भ करने के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। थाना दिवस के दौरान कोविड के प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गिरोह बंद...

धारा 14 (1) के अन्तर्गत कुर्क किया गया है। उसके कुल तीन मकान और एक लग्जरी कार कुर्क की गई है। कुख्यात सुनील राठी के खिलाफ उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी वसूली के 41 मुकदमे दर्ज हैं। तिहाड़ जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी बागपत जेल में पूर्वांचल के डॉन मुन्ना बजरंगी की हत्या का भी आरोपी है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने लखनऊ में संवाददाताओं को बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत पिछले हफ्ते तक 757 मामलों में की गई कार्रवाई के अंतर्गत 351 करोड़ 69 लाख रुपए से ज्यादा की अवैध संपत्ति कुर्क की गई है। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत लगभग 3160 गैंग चार्ट जिलाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किए गए हैं। इसके अलावा 1405 मामलों में आरोपपत्र अदालतों में भेजे गए हैं। अदालत द्वारा सुनवाई के लिए 463 मामले सुनवाई के लिए स्वीकृत किए गए हैं। अवस्थी ने बताया कि प्रदेश में गिरोहबंद अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है।

## नए कृषि...

एकजुट होकर इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। अकाली दल ने शनिवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)पर फसलों की खरीद का आश्वासन देने से केंद्र के इनकार और जम्मू कश्मीर की एक आधिकारिक भाषा के रूप में पंजाबी को शामिल नहीं करने को मुखालफत करते हुए राजग से रिश्ता तोड़ लिया। टीडीपी और शिवसेना के बाद राजग से बाहर जाने वाले तीसरे बड़े सहयोगी अकाली हैं। अकाली दल को पंजाब में कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी के भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इनके विरोध के बीच तृणमूल व शिवसेना से मिले समर्थन पर कहा कि वे उनकी सराहना करते हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने ट्वीट किया कि वे (तृणमूल कांग्रेस) लोग किसानों के लिए बादल और अकाली दल की पहल का समर्थन करते हैं। किसानों के हक में लड़ना, तृणमूल के डीएनए का हिस्सा है। पार्टी सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2006 में किसानों के अधिकारों की रक्षा की खातिर 26 दिनों का उपवास रखकर अपना जीवन दांव पर लगा दिया था। तृणमूल कृषि बिलों का विरोध करती है क्योंकि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य, सार्वजनिक वितरण प्रणाली व खरीद में राज्यों की भूमिका को खतरे में डालते हैं। शिवसेना सांसद व प्रवक्ता संजय राउत ने अकाली दल के समर्थन में पोस्ट कर कहा कि शिवसेना ने किसानों के हित में भाजपा नीत राजग से अपने संबंध तोड़ने के उसके फैसले की सराहना की है।

## दीपिका, सारा...

गिरफ्तार धर्मा प्रॉडक्शंस के पूर्व असिस्टेंट डायरेक्टर और एक्जीक्यूटिव प्रड्यूसर क्षितिज प्रसाद के वकील सतीश मानशिंदे ने दावा किया है कि एनसीबी ने क्षितिज प्रसाद को कुछ बड़ी हस्तियों को फंसाने के लिए मजबूर किया है। अदालत ने क्षितिज को छह दिन के लिए 3 अक्टूबर तक एनसीबी की रिमांड में भेज दिया है।

## राजधानी में...

सूबे में रविवार को कोरोना के 4403 नए मरीज पाए गए जबकि 55603 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 5594 मरीजों की मौत हो चुकी है। अभी तक प्रदेश में 387085 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 5656 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 325888 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 549, कानपुर में 179, प्रयागराज में 263, गोरखपुर में 109, गाजियाबाद में 229, वाराणसी में 163, नोएडा में 204, बरेली में 99, मेरठ में 191, मुरादाबाद में 99, अलीगढ़ में 103, झांसी में 79 सहारनपुर में 81, बाराबंकी में 64, अयोध्या में 70, बलिया में 66, देवरिया में 33, आगरा में 60, शाहजहांपुर में 38, जौनपुर में 38, लखीमपुर खीरी में 137, कुशीनगर में 29, रामपुर में 17, महाराजगंज में 53, मुजफ्फरनगर में 56, आजमगढ़ में 27, हरदोई में 55, मथुरा में 46, इटावा में 43, गाजीपुर में 32, गोंडा में 22, प्रतापगढ़ में 29, बुलंदशहर में 37, बस्ती में 37, सीतापुर में 19, पीलीभीत में 26, उन्नाव में 21, चंदौली में 64, सुल्तानपुर में 21, सिद्धार्थनगर में 17, बिजनौर में 32, बहराइच में 29, सोनभद्र में 48 बदायूं में 32, मैनपुरी में 20, रायबरेली में 25, अमरोहा में 73, हापुड़ में 36, फिरोजाबाद में 22, फर्रुखाबाद में 150, संत कबीर नगर में 24 कन्नौज में 21, मिर्जापुर में 14, ललितपुर में 7, मऊ में 26, अमेठी में 26, शामली में 11, औरैया में 45 जालौन में 30 सम्भल में 13, फतेहपुर में 16, बांदा में 18, एटा में 15 कानपुर देहात में 15 भदोही में 21, बलरामपुर में 10, कौशाम्बी में 17, अम्बेडकर नगर में 16 कासगंज में 4, चित्रकूट में 14, बागपत में 11, हमीरपुर में 16, हाथरस में 5, श्रावस्ती में 21, महोबा में 15 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए है।

## राजनीति में...

पिछले छह साल से अपनी बीमारी से लड़ रहे थे। उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि वह एक कुशल प्रशासक, उत्कृष्ट सांसद और एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनमें कोई बुराई नहीं थी। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया, 'पूर्व केन्द्रीय मंत्री जसवंत सिंह के निधन की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। वह एक महान नेता थे, जिन्होंने अपनी विभिन्न क्षमताओं से देश की सेवा की।' नायडू ने कहा कि वह कुशल प्रशासक, उत्कृष्ट सांसद और एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनमें कोई बुराई नहीं थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ट्वीट किया, 'सरकार व संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने (जसवंत सिंह)अपनी कर्तव्यनिष्ठा से एक गहरी छाप छोड़ी। मैं उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी जसवंत सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जसवंत सिंह ने निष्ठापूर्वक भारत की सेवा की। राजनाथ सिंह ने लिखा, 'जसवंत सिंह जी को उनकी बौद्धिक क्षमताओं और देश सेवा में बेजोड़ योगदान के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने राजस्थान में भाजपा को मजबूती प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम् शांति।' भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि जसवंत सिंह के निधन का समाचार दु:खद है। उन्होंने कहा, 'सरकार में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने जन-जन के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने में अपना प्रत्येक क्षण समर्पित कर दिया। जसवंत सिंह जी का जाना संगठन, समाज तथा देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके परिवार के प्रति मेरी अपार संवेदनाएं।' उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता जसवंत सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस आघात को सहने की क्षमता प्रदान करें।

### मिलान ने फियोरेंटिना को हराया

**मिलान।** इंटर मिलान ने अंतिम तीन मिनट में दो गोल की बदौलत सीरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में फियोरेंटिना को 4-3 से शिकस्त दी। रोमेलू लुकाकू और डैनिलो डी एम्ब्रोसियो ने शनिवार को हुए मैच के अंत में गोल करके इंटर मिलान को सत्र में जीत से शुरूआत कराई।

### यूनाइटेड ने जीत दर्ज की

**लंदन।** आखिरी सीटी बजने से कुछ क्षण पहले पेनल्टी पर ब्रुनो फर्नांडिज के गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को इंग्लिश प्रीमियर लीग में ब्राइटन के खिलाफ 3-2 की जीत दिला दी जबकि चेल्सी को वेस्ट ब्रोम के साथ 3-3 के ड्रा से संतोष करना पड़ा।

### रियाल मैड्रिड चमका

**बार्सिलोना।** रियाल मैड्रिड ने शनिवार को सेविले में खेले गए ला लीगा फुटबॉल लीग मुकाबले में रियाल बेटिस को 3-2 से शिकस्त दी। मैच के दौरान वीडियो एसिस्टेंट रैफरी (वीएआर) का भी इस्तेमाल किया गया। वीएआर में एक हैंडबॉल का पता लगा जिससे सर्गियो रामोस ने 82वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील कर दिया।

### महिला फुटबॉल टीम का गठन

**श्रीनगर।** रीयाल कश्मीर फुटबॉल क्लब (आरकेएफसी) ने बेटी दिवस के मौके पर इस केन्द्र शासित प्रदेश के अपने प्रशंसकों को सौगात देते हुए महिला टीम के गठन की घोषणा की जो राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में भाग लेगी। आरकेएफसी के अध्यक्ष संदीप चट्टू ने इस टीम को जम्मू एवं कश्मीर की बेटियों के लिए करार देते हुए कहा, हम मानते है कि लड़कियों में खेल की जबरदस्त क्षमता है और अगर ठीक से प्रशिक्षण मिले तो वे काफी आगे जा सकती है।

### ईस्ट बंगाल करेगा पदार्पण

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजकों ने रविवार को बताया कि प्रतिष्ठित क्लब ईस्ट बंगाल आगामी सत्र (2020) में इस फुटबॉल टूर्नामेंट में पदार्पण करेगा। एक सदी पुरानी क्लब को देश की शीर्ष लीग में जगह दिलाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हस्तक्षेप भी काम आया जो इसे लेकर काफी गंभीर थी।

### लीड्स ने शेफील्ड को हराया

**शेफील्ड।** पैट्रिक बैमफोर्ड के 88वें मिनट में दागे गोल की बदौलत लीड्स ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शेफील्ड यूनाईटेड को 1-0 से हराया।
शेफील्ड की टीम की नए सत्र में तीन मैचों में यह तीसरी हार है। बैमफोर्ड ने बाएं छोर से जैक हरिसन के क्रॉस पर हैडर लगाने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनकी नाक से टकराने के बाद गोल में चली गई।

### हैंडबॉल के शीर्ष अधिकारी एक साथ काम करने के लिए सहमत: महासचिव

**लखनऊ ।** भारतीय हैंडबॉल महासंघ (एचएफआई) के अध्यक्ष और महासचिव ने सार्वजनिक रूप से मतभेद उभरने के बाद अब देश में खेल की बेहतरी के लिए रविवार को साथ मिलकर काम करने का फैसला किया।

# मयंक पर भारी पड़े संजू-राहुल


संजू – 85 रन

● किंग्स इलेवन को 4 विकेट से हराया


मयंक 106 रन

**भाषा।** शारजाह

संजू सैमसन व राहुल के उम्दा खेल से राजस्थान रायल्स ने किंग्स इलेवन को 4 विकेट से हरा दिया। किंग्स इलेवन पंजाब के 223 रन का पीछा करने राजस्थान की टीम 19.3 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सैमसन-85, स्मिथ-50 व राहुल ने 53 रन जोड़े। इससे पहले मयंक अग्रवाल के शतक और कप्तान केएल राहुल के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 183 रन की बड़ी साझेदारी की मदद से किंग्स इलेवन पंजाब ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां दो विकेट पर 223 रन बनाए। किंग्स इलेवन को बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर कर्नाटक के ए दोनों बल्लेबाज हावी हो गए। अग्रवाल शुरू से बड़े शॉट खेलने के मूड में दिखे। उन्होंने 50 गेंदों पर 106 रन बनाए जिसमें दस चौके और सात छक्के शामिल हैं। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले राहुल ने 54 गेंदों का सामना किया तथा अपनी 69 रन की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। निकोलस पूरण आठ गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। शारजाह की पिच को शुरू से ही बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माना जा रहा था तथा अग्रवाल और राहुल ने इसका पूरा फायदा उठाया और आईपीएल में पहले विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी निभाई। इन दोनों ने पावरप्ले में 60 रन जोड़े। यह आलम तब था जबकि पावरप्ले के पहले ओवर में जयदेव उनादकट ने तीन और अंतिम ओवर में जोफ्रा आर्चर ने केवल दो रन दिए। लेकिन इस बीच अग्रवाल ने अंकित राजपूत और उनादकट पर छक्के लगाए जबकि चौथे ओवर में गेंद थामने वाले आर्चर का राहुल ने लगातार तीन चौकों से स्वागत किया। राजपूत ने अपने दूसरे ओवर में भी 17 रन लुटाए।
अग्रवाल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेली गई 89 पारी की पुनरावृत्ति कर रहे थे। लेग स्पिनर राहुल तेवतिया के पहले ओवर में लगाए गए उनके दोनों छक्के दर्शनीय थे। उन्होंने दूसरे लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल पर छक्का लगाकर केवल 26 गेंदों पर 50 रन पूरे किए। अग्रवाल ने अगले 50 रन हालांकि केवल 19 गेंदों पर बनाए और 45 गेंदों पर सैकड़ा पूरा करके आईपीएल में यूसुफ पठान (37 गेंद) के बाद सबसे तेज शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने। अग्रवाल ने आईपीएल में पहला शतक लगाने के बाद टॉम कुरेन की गेंद पर मिडविकेट पर कैच दिया। राहुल भी राजपूत के अगले ओवर में पवेलियन लौट गए। पिछले मैच में नाबाद 132 रन बनाने वाले राहुल अपनी पिछली पारी की तरह प्रवाहमय नहीं दिखे लेकिन उन्होंने अग्रवाल का अच्छा साथ दिया तथा 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था। आखिरी ओवरों में पूरण ने लंबे शॉट खेलने के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने अपने तीने में से दो छक्के आर्चर पर लगाए जिन्होंने चार ओवर में 46 रन दिए। ग्लेन मैक्सवेल 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

#### स्कोर

**किंग्स इलेवन पंजाब** : केएल राहुल का गोपाल बो राजपूत 69,मयंक अग्रवाल का सैमसन बो कुरेन 106,ग्लेन मैक्सवेल नाबाद 13,निकोलस पूरण नाबाद 25,**अतिरिक्त** (बाई 01, नोबॉल 01, वाइड 08) 10,**कुल** (20 ओवर मे, दो विकेट पर) 223,**विकेट पतन** :1-183, 2-194,**गेंदबाजी** :उनादकट 3-0-30-0,राजपूत 4-0-39-1, आर्चर 4-0-46-0,गोपाल 4-0-44-0,तेवतिया1-0-19-0,कुरेन 4-0-44-1

# कोहली और रोहित की टक्कर

● आरसीबी के लिए तेज गेंदबाजी परेशानी का सबब

**भाषा।** दुबई





विराट कोहली की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर बेंगलोर (आसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मौजूदा चैम्पियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ सोमवार को खेले जाने वाले मुकाबले में अपनी तेज गेंदबाजी की कमियों को दूर करना चाहेगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरूआत की लेकिन किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और टीम को 97 रन की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। कप्तान कोहली भी इन मैचों में बड़ी पारी (14 और एक रन) खेलने में नाकाम रहे और वह इस मैच में मैदान में कुछ समय बिताना चाहेंगे। सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत शानदार अर्धशतक के साथ की, लेकिन किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ वह ज्यादा कुछ नहीं कर सके। इस युवा बल्लेबाज की कोशिश निरंतरता बनाए रखने की होगी। ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच अपनी पारी को मैच जीताऊप्रदर्शनों में बदलाना चाहेंगे तो वही दिग्गज एबी डिविलियर्स शानदार लय में दिख रहे है। टीम का निचला क्रम उतना मजबूत नहीं है और उम्मीद है कि डिविलियर्स अखिरी के ओवरों में बड़े शॉट लगाकर इस कमी को पूरा करेंगे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर बैठने वाले दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर क्रिस मौरिस चयन के लिए उपलब्ध होंगे या नही। गेंदबाजी में स्पिनर युजवेंद्र चहल प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे है तो तेज गेंदबाजी में नवदीप सैनी के अलावा बाकी गेंदबाज रन रोकने में सफल नहीं रहे है। डेल स्टेन और उमेश यादव अब तक महंगे साबित हुए हैं। दक्षिण अफ्रीकी का इस महान खिलाड़ी को अंतिम 11 में जगह मिलने की उम्मीद है लेकिन यादव की जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली मध्यक्रम के लिए शानदार विकल्प है लेकिन जोश फिलिप के नियमित रूप से विकेटकीपिंग करने के कारण वह डेल स्टेन की जगह ही टीम में शामिल हो सकते है। भारत के सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली मुंबई इंडियन्स ने पहले मैच में हार के बाद शानदार वापसी की है। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मैच में रोहित का लय में आना और सूर्यकुमार यादव की बेहतरीन बल्लेबाजी टीम के लिए सकारात्मक पहलू है। टीम अंतिम 11 में जो एक बदलाव कर सकती है वह सौरव तिवारी की जगह इशान किशन को मौका मिल सकता है।

### हार्दिक गेंदबाजी का इच्छुक, उसके शरीर को देखना होगा: जहीर

**दुबई।** मुंबई इंडियंस के क्रिकेट परिचालन निदेशक जहीर खान ने रविवार को कहा कि हार्दिक पंड्या गेंदबाजी करने के इच्छुक हैं लेकिन टीम प्रबंधन को उनके शरीर को भी देखना होगा क्योंकि यह हरफनमौला पीठ में चोट के कारण लंबे विश्राम के बाद खेल रहा है। पिछले साल नवंबर में 26 साल के हार्दिक ने लंदन में सर्जरी कराई थी और मार्च में क्रिकेट में वापसी की थी लेकिन उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दो मैचों में मुंबई इंडियंस के लिए गेंदबाजी नहीं की थी। जहीर से जब हार्दिक की गेंदबाजी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम सभी उसके (हार्दिक) गेंदबाजी करने की उम्मीद कर रहे हैं और वह ऐसा खिलाड़ी है जो जब गेंदबाजी कर रहा हो तो किसी भी टीम का संतुलन बदल सकता है और वह इस बात को समझता है।

### अपना खेल सुधारकर कुछ रन जुटाने की जरूरत है : कार्तिक

**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान दिनेश कार्तिक ने स्वीकार किया कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी मैचों में अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है क्योंकि वह अभी तक टूर्नामेंट में बल्ले से जलवा नहीं बिखेर पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में 23 गेंद में 30 रन बनाने वाले कार्तिक शनिवार को खाता भी नहीं खोल सके। वह तीन गेंद खेलकर शून्य पर आउट हो गए। हालांकि युवा शुभमन गिल के 62 गेंद में नाबाद 70 रन की बदौलत टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। वह अपनी टीम की जीत से खुश थे लेकिन उन्होंने कहा कि वह आगामी मैचों में अच्छा खेलने की कोशिश करेंगे।

### शेफाली जैसी प्रतिभाओं को खोजने पर होगा ध्यान : मुख्य चयनकर्ता डेविड

**भाषा।** नई दिल्ली

नव नियुक्त महिला मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड ने कहा कि उनके पैनल का ध्यान 16 वर्षीय शेफाली वर्मा जैसी और युवा प्रतिभाओं को खोजने पर लगा होगा। भारत की बेहतरीन स्पिनरों में से एक डेविड आधुनिक युग के सीमित ओवर क्रिकेट की जरूरतों को बखूबी समझती हैं। सलामी बल्लेबाज शेफाली तब 15 साल की थी जब उन्हें पिछले साल पहली बार टीम में शामिल किया गया था और भारत के लिए अपना पर्दापण करने के छह महीने बाद उन्होंने मार्च में टीम को टी20 विश्व कप फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। वह अपनी छक्के जड़ने की काबिलियत के बूते रातों रात मशहूर हो गईं। जिस तरह से क्रिकेट खेला जा रहा है, यह काफी तेज है और इसके लिए हमें शेफाली जैसी और खिलाड़ियों की जरूरत होगी। अब आप बल्लेबाजों को आते ही आक्रामक होते हुए देखते हो, यहां तक कि घरेलू क्रिकेट में भी, लेकिन पहले ऐसा नहीं होता था।

# हालेप दूसरे दौर में, वीनस बाहर

● फ्रेंच ओपन

**भाषा।** पेरिस


वीनस

शीर्ष वरीय रोमानिया की सिमोना हालेप ने लगातार 10 गेम जीतकर रविवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई और अपनी जीत के क्रम को 15 मैच तक पहुंचाया। काफी सर्द मौसम में हो रहे टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले के दौरान 2018 की चैंपियन हालेप एक समय 2-4 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीतकर स्पेन की सारा सोरिब्स टोरमो को 6-4,6-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अपने 29वें जन्मदिन के मौके पर जीत दर्ज करने वाली हालेप ने कहा, अपने जन्मदिन के दिन रोलां गैरो पर खेलना विशेष दिन था। मैं अधिक जश्न नहीं मना सकती क्योंकि मुझे कमरे में रहना है इसलिए मैं एक बोतल पानी पी लूंगी। हालेप की विश्व रैंकिंग दूसरी है लेकिन कोरोना वायरस से जुड़ी चिंताओं के कारण गत चैंपियन ऐश बार्टी ने पेरिस में नहीं खेलने का फैसला किया इसलिए उन्हें शीर्ष वरीयता दी गई है। हालेप ने फरवरी में प्राग और रोम में खिताब जीते थे जिसके कारण महामारी के कारण टेनिस प्रतियोगिताएं ठप पड़ गईं थी। वह अगले दौर में हमवतन इरिना कैमेलिया बेगु या स्विट्जरलैंड की जिल टेचमैन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। बेलारूस की 10वीं वरीय और अमेरिकी ओपन उप विजेता विक्टोरिया अजारेंका ने डेंका कोविनिच को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। अजारेंका अगले दौर में अन्ना कैरोलिना शिमिदलोवा जिन्होंने अमेरिका की अनुभवी वीनस विलियम्स को 6-4, 6-4 हराया। विलियम्स लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। अमेरिका की 40 साल की वीनस की ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी हार है जबकि वह एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई हैं।

### रूबलेव ने सितसिपास को हराकर साल का तीसरा खिताब जीता

**हैम्बर्ग।** आंद्रेय रूबलेव ने निर्णायक सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रविवार को यहां हैम्बर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में स्टीफानोस सितसिपास को हराया। रूस के खिलाड़ी ने 6-4, 3-6, 7-5 से जीत दर्ज की जब सितसिपास ने मैच प्वाइंट पर डबल फाल्ट किया।

### तोक्यो के लिए क्वालीफाई कर चुके पैरा एथलीट पांच अक्टूबर से खेल गतिविधियां शुरू करेंगे: साइ

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बताया कि तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके पैरा खिलाड़ी और खेलों के लिए अब तक क्वालीफाई नहीं कर पाने वाले खिलाड़ियों के देश भर के नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में पांच अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से खेल गतिविधियां फिर शुरू की जाएंगी।

### बोटास ने जीता रूस एफवन ग्रां प्री, शूमाकर की बराबरी करने से चूके हैमिल्टन


**सोच्चि।** मौजूदा चैम्पियन लुइस हैमिल्टन पर लगी पेनल्टी का फायदा मर्सिडीज के उनके साथी चालक वालटेरी बोटास को मिला जिन्होंने रविवार को रूस ग्रांप्री फार्मूला वन (एफवन) रेस को अपने नाम किया। पोल पोजिशन (शीर्ष स्थान) से रेस शुरू करने वाले हैमिल्टन एक समय दिग्गज माइकल शूमाकर के रिकार्ड 91 रेस में जीत की बराबरी की तरफ मजबूती से बढ़ रहे थे लेकिन उन्होंने बोटास और रेडबुल के मैक्स वेर्स्टाप्पेन के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

## विशेषज्ञों ने कहा, मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दरों में बदलाव नहीं करेगा रिजर्व बैंक



**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी की वजह से भारतीय रिजर्व बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दरों को यथावत रखेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों का कहना कि आपूर्ति पक्ष संबंधी मुद्दों की वजह से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है, जिसके मद्देनजर केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में बदलाव की संभावना कम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इससे पहले कहा था कि आगे और मौद्रिक कार्वाई की गुंजाइश है, लेकिन हमें अपने हथियारों का इस्तेमाल समझदारी से करना होगा। गवर्नर की अगुवाई वाली छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक 29 सितंबर को शुरू होगी। बैठक के नतीजों की घोषणा एक अक्टूबर को की जाएगी। अगस्त में एमपीसी की पिछली बैठक में रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति में वृद्धि को रोकने के लिए नीतिगत दरों में बदलाव नहीं किया था। हाल के समय में मुद्रास्फीति छह प्रतिशत को पार कर गई। उस समय रिजर्व बैंक ने कहा था कि महामारी की वजह से अर्थव्यवस्था की स्थिति काफी कमजोर है। फरवरी से रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में 1.15 प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

## वित्त राज्य मंत्री की ट्विटर के माध्यम से समस्याओं के निराकरण की मुहिम पकड़ने लगी जोर



**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने मंत्रालय से संबंधित शिकायतों को ट्विटर के माध्यम से दूर करने की मुहिम शुरू की है, जिसे सोशल मीडिया के यूजरों से सराहना मिल रही है। जनता की शिकायतों के निवारण के लिए ट्विटर को माध्यम बनाए हुए ठाकुर को अभी एक महीने से थोड़ा ही अधिक समय हुआ है। इस छोटी अवधि में मंत्री ने वित्त मंत्रालय के तीन महत्वपूर्ण विभागों बैंकों सहित वित्तीय सेवाएं, सीमा शुल्क समेत अप्रत्यक्ष कर विभाग और आयकर विभाग से संबंधित शिकायतों को दूर करने में मदद की है। ऐसे समय में जब मोदी सरकार अपनी मुहिम डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ा रही है और एक-दूसरे के बीच सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाए रखना नई सामान्य स्थिति बन गया है, मंत्री के द्वारा यह पहल शुरू किए जाने के बाद उन्हें मुख्य समस्या निवारण कर्ता संबोधित किया जा रहा है।

### सरकार ने वैकल्पिक ईंधन के लिए मानदंडों को अधिसूचित किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने विभिन्न वैकल्पिक ईंधन के लिए नियमों को अधिसूचित किया है। सड़क परिवहन, राजमार्ग और एमएसएमई मंत्री ने एक ट्वीट में कहा, ऑटोमोटिव में उत्सर्जन घटाने के लिए सीएनजी की तुलना में एच-सीएनजी (हाइड्रोजन का 18 प्रतिशत मिश्रण) के इस्तेमाल का परीक्षण करने के बाद, भारतीय मानक ब्यूरो ने हाइड्रोजन युक्त संपीड़ित प्राकृतिक गैस (एच-सीएनजी) के निर्देशों को तैयार किया है। ऑटोमोटिव ईंधन के रूप में एच-सीएनजी के इस्तेमाल के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 में संशोधन की अधिसूचना प्रकाशित की गई है।

# बैंकों को तीसरी तिमाही में पूंजी उपलब्ध करा सकती है सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली



वित्त मंत्रालय चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पूंजी समर्थन उपलब्ध करा सकता है। संसद के हाल में समाप्त सत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए 20,000 करोड़ रुपए के कोष को मंजूरी दी गई है।
संसद ने 2020-21 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांग के पहले बैच के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए 20,000 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। सूत्रों ने कहा कि यदि जरूरत पड़ती है कि नियामकीय पूंजी की अनिवार्यता को पूरा करने के लिए अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में बैंकों को पूंजी उपलब्ध कराई जा सकती है। सूत्रों ने बताया कि बैंकों के दूसरी तिमाही के नतीजों से अंदाजा लग जाएगा कि किस बैंक को नियामकीय पूंजी की जरूरत है और उसी के अनुरूप पुनर्पूंजीकरण बांड जारी किए जाएंगे। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को चालू वित्त वर्ष के दौरान इक्विटी और बांड के जरिए पूंजी जुटाने को पहले ही शेयरधारकों की मंजूरी मिल चुकी है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने बजट 2020-21 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पूंजी डालने को लेकर किसी तरह की प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। सरकार को उम्मीद थी कि बैंक अपनी जरूरत के हिसाब से बाजार से पूंजी जुटा लेंगे।
वित्त वर्ष 2019-20 में सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 70,000 करोड़ रुपए डाले थे। पिछले वित्त वर्ष में पंजाब नेशनल बैंक को सरकार से 16,091 करोड़ रुपए का निवेश मिला था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 11,768 करोड़ रुपए, केनरा बैंक को 6,571 करोड़ रुपए और इंडियन बैंक को 2,534 करोड़ रुपए मिले थे। इसी तरह इलाहाबाद बैंक को 2,153 करोड़ रुपए, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 1,666 करोड़ रुपए और आंध्रा बैंक को 200 करोड़ रुपए मिले थे। इन तीनों बैंकों का अब अन्य बैंकों के साथ विलय हो चुका है।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में 1.57 लाख करोड़ की गिरावट

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मे से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) मे बीते सप्ताह 1,57,277.53 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,457.16 अंक या 3.83 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान सिर्फ इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 70,189.95 करोड़ रुपए घटकर 14,88,797.82 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 31,096.67 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 2,39,880.86 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,752.95 करोड़ रुपए घटकर 2,40,329.93 करोड़ रुपए रह गई। इसी तरह एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन भी 12,737.66 करोड़ रुपए घटकर 2,96,339.09 करोड़ रुपए पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 10,675.53 करोड़ रुपए घटकर 9,08,940.15 करोड़ रुपए रह गया।

### डीपीआईआईटी ने मंत्रालयों से 24 क्षेत्रों की सूची साझा की

**नई दिल्ली।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने तथा भारत को आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए संबंधित मंत्रालयों से 24 महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सूची साझा की है। इन क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण, खिलौना, फर्नीचर, कृषि रसायन आदि शामिल हैं। डीपीआईआईटी द्वारा साझा की गई सूची में जैविक खेती, लौह, एल्युमीनियम एवं तांबा, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक मशीनरी, चमड़ा और जूता तथा वाहन कलपुर्जा क्षेत्र भी शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, प्रत्यक मंत्रालय को इन क्षेत्रों की सूची सौंपी गई है।

# अयोध्या में प्रॉपर्टी के दाम दोगुने हुए

● मंदिर के भूमि पूजन के बाद प्रभाव

**भाषा।** अयोध्या



उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन समारोह के बाद अचल संपत्ति की कीमतें दोगुनी हो गई हैं और इस पवित्र शहर में अधिक से अधिक लोग प्रॉपर्टी खरीदना चाह रहे हैं।
पिछले साल उच्चतम न्यायालय द्वारा हिंदू श्रद्धालुओं की मान्यता के अनुसार रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का रास्ता साफ करने के बाद ही जिले में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ने लगे थे। और इस साल अगस्त में भूमि पूजन के बाद कीमतों तेजी से बढ़ने लगी हैं। शहर में प्रापर्टी संबंधी गतिविधियों से जुड़े लोगों ने बताया कि जमीन का बड़ा हिस्सा सरकार ने विकास कार्यों के लिए अधिग्रहित कर लिया है, ऐसे में रियल एस्टेट की सीमित उपलब्धता ही है। जानकारों ने बताया कि पिछले साल नवंबर में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने के बाद प्रॉपर्टी की कीमतें 30-40 प्रतिशत बढ़ गईं थीं और इस साल पांच अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमि पूजन करने के बाद से कीमतें दोगुनी हो गई हैं। पिछले साल से अयोध्या में संपत्ति की कीमतों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल अयोध्या के बाहरी इलाके में 400-500 रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से उपलब्ध संपत्ति अब 1000-1500 रुपए तक में मिल रही है। अयोध्या के बीच में जमीन की उपलब्धता सीमित है और उसकी कीमत 2,000 रुपए से 3,000 रुपए प्रति वर्ग फुट के बीच है। अयोध्या में अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विनोद कुमार श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि संपत्ति की दरें आसमान छू रही हैं और कई बड़े व्यापारी से लेकर आम लोग अयोध्या में एक जमीन खरीदना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी पूछताछ अधिक है, लेकिन वास्तविक खरीद उतनी नहीं है, क्योंकि लोग चाहते हैं कि सरकार पहले अपनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को अंतिम रूप दे दे। श्रीवास्तव ने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने पहले ही जिले के कुछ हिस्सों में भूमि के पंजीकरण पर रोक लगा दी है और अयोध्या में विवादित संपत्तियों की एक बड़ी संख्या है।

### एफपीआई ने सितंबर में भारतीय बाजारों से 476 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में अब तक भारतीय बाजारों से 476 करोड़ रुपए की निकासी की है। यूरोप और अन्य देशों में कोरोना वायरस संक्रमण फिर उभरने के बीच यह उनके सतर्क रुख को दर्शाता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ो के अनुसार, एफपीआई ने एक से 25 सितंबर के दौरान शेयरों से शुद्ध रूप से 4,016 करोड़ रुपए निकाले। इस दौरान उन्होंने ऋण या बांड बाजार में 3,540 करोड़ रुपए डाले। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 476 करोड़ रुपए रही। एफपीआई लगातार तीन महीने (जून से अगस्त) तक शुद्ध लिवाल रहे थे। अगस्त में उन्होंने भारतीय बाजारों में शुद्ध रूप से 46,532 करोड़ रुपए का निवेश किया था। जुलाई में उनका निवेश 3,301 करोड़ रुपए और जून में 24,053 करोड़ रुपए रहा था। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, यूरोप और अन्य देशों में कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ने और प्रभावित क्षेत्रों में नए सिरे से संभावित लॉकडाउन की आशंका से एफपीआई सतर्क रुख अपना रहे हैं।

### बायोमास पैलेट की आपूर्ति के लिए एनटीपीसी ने मंगाई बोलियां

**नई दिल्ली।** सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी ने अपने तापीय बिजली संयंत्रों में भट्ठियों में आग लगाने में प्रयोग होने वाले बायोमास पैलेट (गोले) की आपूर्ति के लिए बोलियां मंगाई है। मलबे और भूसी से बने गोलों का उपयोग देश भर में एनटीपीसी के कोयले से चलने वाले 17 बिजली संयंत्रों में किया जाएगा। यह देश में पराली जलाए जाने में कमी लाने के लिए किया जा रहा है। एनटीपीसी ने कोयले के साथ-साथ अपने बिजली संयंत्रों की भट्ठियों में आग लगाने के लिए बायोमास गोलों के 60 लाख टन की खरीद करने की जनवरी में घोषणा की थी।

### अगले दो महीने में एक हजार कर्मचारियों को नियुक्त करेगी सीएमएस

**नई दिल्ली।** प्रमुख नकदी प्रबंधन सेवा प्रदाता कंपनी सीएमएस अगले दो महीनों में एक हजार कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। कंपनी अपने साझेदार बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) तथा सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए नकदी वसूली के काम में भी उतरने की तैयारी में है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

### वोडाफोन आइडिया ने 3जी ग्राहकों को 4जी पर स्थानांतरित करना शुरू किया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) ने महत्वपूर्ण बाजारों में अपने 3जी ग्राहकों को 4जी नेटवर्क पर स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि वह अपने 2जी ग्राहकों को 4जी पर स्थानांतरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है, लेकिन वह 2जी ग्राहकों को मूल वॉयस आधारित सेवाएं जारी रखेगी। कंपनी ने रविवार को बयान में कहा, 2जी ग्राहकों को बेसिक वॉयस सेवाएं जारी रहेंगी, लेकिन 3जी डेटा का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को सभी बाजारों में चरणबद्ध तरीके से 4जी में स्थानांतरित किया जाएगा।



वेस्ट बैंक शहर में फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के समर्थन में रैली निकालते उनके समर्थक

# बचे हुए सिख,हिंदू भी छोड़ रहे अफगानिस्तान

**एपी। काबुल**

● कभी 2,50,000 सदस्यों वाले इन समुदायों के लोगों की संख्या अब घटकर मात्र 700 के आसपास बची है

**इस्लामिक स्टेट** (आईएस) से संबंधित स्थानीय समूहों की ओर से बढ़ते खतरे के बीच अफगानिस्तान में बचे हुए सिख और हिंदू समुदाय के चंद लोग भी अब इस देश को छोड़ रहे हैं। असुरक्षा के चलते वे अपनी जन्मभूमि को छोड़ने को विवश हैं। कभी 2,50,000 सदस्यों वाले इन समुदायों के लोगों की संख्या अब घटकर मात्र 700 के आसपास बची है। मुस्लिम बाहुल्य इस देश में सिखों और हिदुओं के साथ होने वाले गहरे पक्षपात के कारण इनके सदस्यों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इन समुदाय के लोगों का कहना है कि यदि उन्हें सरकार से पर्याप्त सरंक्षण नहीं मिलता है तो आईएस समूह के हमलों के कारण उन्हें पूरी तरह पलायन करना पड़ सकता है। डर के कारण अपना पूरा नाम नहीं बताने वाले हमदर्द ने कहा, हम अब यहां और रुकने में समर्थ नहीं हैं। हमदर्द ने कहा कि मार्च में उनके समुदाय के मंदिर पर हुए हमले में उनके सात रिश्तेदार मारे गए थे। इस हमले में 25 सिखों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि अपनी मातृभूमि को छोड़कर जाना उतना ही मुश्किल है, जैसे अपनी मां को छोड़कर जाना। इसके बावजूद हमदर्द उस हिंदू-सिख समूह का हिस्सा रहे जोकि पिछले महीने भारत गया था। वैसे तो सिख और हिंदू दो अलग-अलग धर्म हैं लेकिन फिर भी अफगानिस्तान में इनकी संख्या बेहद कम होते जाने डर के कारण ए सभी एक छोटे से मंदिर में एकत्र होकर ही अपने-अपने धर्म के अनुसार उपासना करते हैं। हमदर्द ने आरोप लगाया कि इस रूढ़िवादी मुस्लिम देश में उनके समुदाय को व्यापक भेदभाव का सामना करना पड़ा है और लगभग हर सरकार अपने तरीके से उन्हें धमकाती रही हैं। इन समुदाय के तमाम लोगों के घरों को जब्त किए जाने के चलते ऐसे लोग पूरी तरह से देश छोड़कर जाने को मजबूर हैं। अफगान में 1992-96 के दौरान प्रतिद्वंदी समूहों के बीच चली लड़ाई के दौरान भी काबुल में हिंदूओं के मंदिर तबाह कर दिए गए। उस दौरान भी बहुत सारे हिंदू और सिख अफगानियों को देश छोड़कर जाना पडा था।

## सीरिया के मंत्री ने तुर्की को क्षेत्र में आतंकवाद का मुख्य प्रायोजक बताया

**एपी। संयुक्त राष्ट्र,**

**तुर्की को** क्षेत्र में तथा सीरिया में आतंकवाद के प्रमुख प्रायोजकों में से एक करार देते हुए सीरिया के विदेश मंत्री ने कहा कि तुर्की के अधिपत्य का विरोध करने वाले एक दर्जन से अधिक शहरों में पानी की अपूर्ति बंद करने के लिए यह युद्ध अपराध एवं मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में सीरिया के विदेश मंत्री वालिद अल-मोआलेम ने रिकॉर्डेड संदेश में कहा कि पानी की आपूर्ती बंद करने से नागरिकों के जीवन पर खतरा पैदा हो गया है, खासतौर पर कोरोना वायरस संक्रमण के वक्त में। सीरिया में नौ साल पहले गृह युद्ध शुरू हुआ था जो बाद में एक क्षेत्रीय लड़ाई में तब्दील हो गया। अब उत्तरी सीरिया के एक क्षेत्र पर तुर्की का नियंत्रण है और वह सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद, सीरियाई कुर्द लड़ाकों और इस्लामिक स्टेट चरमपंथी समूह के खिलाफ विपक्षी लड़ाकों का समर्थन करता है। सीरिया के मंत्री ने कहा, तुर्की का वर्तमान शासन अंतराष्ट्रीय कानून के तहत दुष्ट और गैर कानूनी है। उसकी नीतियां और कामकाज पूरे क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा के लिए खतरा बन गई हैं और उसे रोका जाना जाहिए। इस पर संयुक्त राष्ट्र में तुर्की के मिशन ने कड़ी आपत्ति की। उसने कहा, वह सीरियाई शासन के भ्रम पैदा करने वाले और बेतुके आरोपों वाले बयान को सिरे से खारिज करता है। मिशन के एक प्रवक्ता ने कहा, यह बेहद शर्मनाक और अस्वीकार्य है कि सीरियाई शासन जो अपनी वैधता बहुत पहले खो चुका है वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम चर्चा का दुरूपयोग करते हुए गलत तथ्यों को पेश कर रहा है।

# पाकिस्तान में यात्री बस में आग, 13 की मौत

**एजेंसी। कराची**

● अधिकारी ने कहा, यह दुर्घटना हैदराबाद से 60 किलोमीटर दूर हुई और दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया

**पाकिस्तान में** एक यात्री बस आग लगने के बाद पलट गई जिससे उसमें सवार कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस और बचाव अधिकारियों ने बताया कि हैदराबाद से कराची जा रही एक तेज रफ्तार बस सड़क से फिसल गई और उसमें आग लग गई।उन्होंने कहा कि नूरियाबाद इलाके के पास हुए इस हादसे में कम से कम 13 लोगों की जान चली गई।अतिरिक्त महानिरीक्षक (मोटरवे पुलिस) डॉ आफताब पठान ने मीडिया को बताया कि बस में 22 यात्री सवार थे। उनमें से कई यात्री बस के अंदर फंस गए और आग की चपेट में आ गए। जो लोग बस से निकलने में सफल रहे या जिन्हें बस से निकाला गया, वे सभी जख्मी हालत में हैं।उन्होंने कहा कि इनमें से पांच की हालत गंभीर है। अधिकारी बस के मलबे से शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं।अधिकारी ने कहा, यह दुर्घटना हैदराबाद से 60 किलोमीटर दूर हुई और दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया।

# आर्मीनिया और अजरबैजान में लड़ाई शुरू, दो की मौत

**एपी। एरेवान (आर्मीनिया)**

● नगोरनो-करबाख के अधिकारियों ने बताया कि अजरबैजान से की ओर से दागे गए गोले राजधानी स्टेपनाकेर्ट और मार्टकेर्ट एवं मार्टुनी कस्बों में गिरे

**आर्मीनिया और** अजरबैजान के बीच रविवार को अलगाववादी नागोरनो-करबाख इलाके को लेकर लड़ाई शुरू हो गई। आर्मिनिया ने दावा किया कि अजरबैजान के बलों की गोलाबारी में एक महिला और एक बच्चे की मौत हुई है जबकि अजरबैजान के राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सेना को नुकसान हुआ है। आर्मीनिया ने अजरबैजान के दो हेलीकॉप्टेंर को मार गिराने और तीन टैंकों को तोप से निशाना बनाने का भी दावा किया है लेकिन अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने इन दावों का खंडन किया है। अजरबैजान की सीमा में मौजूद आर्मीनियाई जाति के लोगों के इलाके में रविवार सुबह लड़ाई शुरू हुई। वर्ष 1994 में अलगाववादी युद्ध समाप्त होने के बाद से ही यह इलाका आर्मीनिया समर्थित आर्मिनियाई जाति के लोगों के नियंत्रण में है। हालांकि, अभी तक स्पष्ट नहीं है कि किस वजह से लड़ाई शुरू हुई। जुलाई में दोनों पक्षों के बीच संघर्ष के बाद यह सबसे बड़ी लड़ाई है। जुलाई में दोनों पक्षों के कुल 16 लोगों की मौत हुई थी। नगोरनो-करबाख के अधिकारियों ने बताया कि अजरबैजान से की ओर से दागे गए गोले राजधानी स्टेपनाकेर्ट और मार्टकेर्ट एवं मार्टुनी कस्बों में गिरे। आर्मीनियाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता आर्टसरन होवहानिसियन ने कहा कि अजरबैजान की ओर से दागे गोले आर्मीनिया की सीमा में वर्डनिस कस्बे के पास गिरे। आर्मीनिया के मानाधिकार लोकपाल अरमान टटोयान ने कहा कि हमले में एक महिला और एक बच्चे की मौत हुई है जबकि मार्टुनी क्षेत्र में दो नागरिक घायल हुए हैं।

आर्मीनियाई रक्षा मंत्रालय के एक अन्य प्रवक्ता सुशान स्टेपनयन ने दावा किया कि आर्मीनिया की सेना ने अजरबैजान के दो हेलीकॉप्टरों को मार गिराया और तीन टैंकों को निशाना बनाया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव ने टेलीविजन के जरिए राष्ट्र को दिए संदेश में कहा कि आर्मीनिया की बमबारी की वजह से अजरबैजान के सैनिकों और नागरिकों का नुकसान हुआ है। हालांकि, उन्होंने इसकी विस्तृत जानकारी नहीं दी। राष्ट्रपति ने दुश्मन सेना के कई यूनिट के सैन्य उपकरणों को भी नष्ट करने का दावा किया। मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखोरोवा ने कहा कि रूसी विदेशमंत्री सर्जेई लावरोव दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम कराने के लिए गहन संपर्क कर रहे हैं और हालात को स्थिर करने के लिए बातचीत शुरू की है। इस मामले में अजरबैजान के सहयोगी तुर्की में सत्तारूढ़ पार्टी के प्रवक्ता उमर सेलिक ने ट्वीट किया, हम अजरबैजान पर आर्मीनिया के हमले की कड़ी निंदा करते हैं। आर्मीनिया ने एक बार फिर उकसावे की कार्वाई की है और कानूनों को नजर अंदाज किया है।

उन्होंने कहा कि तुर्की अजरबैजान के साथ खड़ा रहेगा। सेलिक ने चेतावनी देते हुए कहा, आर्मीनिया आग के साथ खेल रहा है और क्षेत्रीय शांति को खतरे में डाल रहा है। तुर्की के राष्ट्रपति के प्रवक्ता इब्राहिम कलीन ने ट्वीट किया, आर्मीनिया ने नागरिक इलाकों पर हमला कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है...अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तुरंत इस खतरनाक उकसावे को बंद करने के लिए कहना चाहिए। गौरतलब है कि अधिकतर पहाड़ी इलाके से घिरा नगोरनो-करबाख 4,400 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और आर्मीनिया की सीमा से करीब 50 किलोमीटर दूर है। आर्मीनिया की सेना से समर्थन पाकर स्थानीय लोगों ने अजरबैजान के कुछ इलाकों पर भी कब्जा कर रखा है।

वेटिकन में कैथोलिक धर्म के शीर्ष नेता पोप ने रविवार को कहा कि वह दोनों देशों के बीच शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों से आह्वान किया कि वे सद्भावना और बंधुत्व के ठोस आधार पर संवाद के जरिए शांतिपूर्ण समाधान की पहल करें।

# ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के लिए न्यायाधीश एमी कोनेय बारेट को नामित किया

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश रूथ बाडेर गिन्सबर्ग के निधन से रिक्त हुए पद के लिए न्यायाधीश एमी कोनेय बारेट को नामित किया है। बारेट वर्तमान में 7वें सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स में न्यायाधीश हैं। इस पद के लिए भी ट्रंप ने 2017 में उन्हें नामित किया था। ट्रंप ने शनिवार को व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में घोषणा की, आज मुझे यह सम्मान मिला है कि मैं अपने देश के सर्वाधिक ज़हीन और कानून पर बारीक पकड़ रखने वाले शख्स को उच्चतम न्यायालय के लिए नामित करूं। वह विलक्षण उपलब्धियां हासिल कर चुकीं, बेहद ज्ञानवान और संविधान के प्रति निष्ठा रखने वाली न्यायाधीश एमी कोनेय बारेट हैं। राष्ट्रपति की अनुशंसा के बाद बारेट के नाम को सीनेट की मंजूरी मिलनी जरूरी है। वह इंडियाना राज्य में पति और अपने सात बच्चों के साथ रहती हैं।राष्ट्रपति चुनाव में 40 से भी कम दिन बचे हैं ऐसे में न्यायाधीश को नामित करने के अपने कदम का बचाव करते हुए ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के संविधान के तहत यह उनका सर्वोच्च और सबसे अहम कर्तव्य है।ट्रंप ने कहा, वह इस पद के लिए बेहद योग्य हैं और मैं यह आपको बता सकता हूं .....। मैंने देखा और मैंने अध्ययन किया और आप इस नौकरी के लिए बहुत ही योग्य हैं, आप शानदार साबित होंगी। इस दौरान न्यायाधीश बारेट ने कहा कि वह उच्चतम न्यायालय में सेवाएं देने को ले कर बेहद उत्साहित हैं।

## ट्रंप के समर्थन में हजारों लोगों ने मार्च निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति अपना समर्थन व्यक्त के लिए हजारों लोग शनिवार को वाशिंगटन शहर में नेशनल मॉल के पास एकत्र हुए। उच्चतम न्यायालय के लिए एमी कोनेय बारेट को न्यायाधीश नामित करने की ट्रंप की घोषणा से कुछ घंटे पहले लिंकन मेमोरियल से यूएस कैपिटल तक यह मार्च निकाला गया।भीड़ में कुछ लोगों ने मास्क पहन रखे थे जबकि कुछ ने ट्रंप के हस्ताक्षर वाली लाल टोपी पहन रखी थी जिन पर लिखा था, आओ अमेरिका को फिर से दैवीय बनाएं। उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने मार्च के बारे में कहा कि वह ट्रंप की तरफ से धन्यवाद करने के लिए आए हैं। उन्होंने लोगों से उच्चतम न्यायालय के लिए नामित बारेट के वास्ते प्रार्थना करने को कहा। मार्च का आयोजन ट्रंप समर्थक रेव फ्रैंकलिन ग्राहम ने किया। भीड़ में वर्जीनिया स्थित लिबर्टी विश्वविद्यालय के कई छात्र भी शामिल थे।

## मेल-इन-बैलट नियम में बदलावों को लागू करने के खिलाफ याचिका दायर

**राले (अमेरिका)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव अभियान समिति तथा रिपब्लिकन नेशनल कमेटी ने नॉर्थ कैरोलिना के चुनाव अधिकारियों के मेल-इन-बैलट नियमों में हुए बदलावों को लागू करने से रोकने के लिए याचिका दायर की है। याचिका में दावा किया गया है राज्य के चुनाव बोर्ड द्वारा अपनाई गई नई व्यवस्था से चुनाव के दौरान मतदान न कर पाने वालों को बाद में बिना उचित सत्यापन के मतदान का मौका मिलेगा, जिससे धांधली होने की संभावना है। चुनाव बोर्ड ने मंगलवार को नए दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिनके तहत मेल के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं को नवंबर में चुनाव के दौरान मतपत्र भरने के दबाव का सामना करने की जगह कम जानकारी देकर मतदान करने की अनुमति होगी।



वाशिंगटन में सुप्रीम कोर्ट के नये न्यायाधीश की नियुक्ति की घोषणा को लेकर प्रेसवार्ता करने जाते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# नेपाली सेना के प्रमुख पृथक-वास में गए

● इस बीच, देश में रविवार को 1573 और मरीजों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि होने के बाद कुल मामले 73,394 हो गए हैं। संक्रमण से 53,898 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। रविवार को नौ और संक्रमितों की मौत के बाद मृतक संख्या 477 पहुंच गई है

**भाषा। काठमांडो**

**नेपाल की** सेना के प्रमुख जनरल पूर्ण चंद्र थापा पृथक-वास में चले गए हैं। उनका खानसामा कोविड-19 से संक्रमित पाया गया है। सेना ने एक बयान में बताया कि सेना प्रमुख के आवास में कार्यरत एक खानसामा कोविड-19 से संक्रमित पाया गया है, जिसके बाद जनरल थापा रविवार सुबह से पृथक-वास में हैं। बयान में कहा गया है, स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय के निर्देशों के बाद से थापा पृथक-वास में रह रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नेपाल में सुरक्षा कर्मी तथा स्वास्थ्य कर्मी कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। नेपाल की सेना एवं पुलिस के करीब पांच हजार कर्मी कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि सेना के दो कर्मियों की कोविड-19 के कारण मौत हो चुकी है। इस बीच, देश में रविवार को 1573 और मरीजों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि होने के बाद कुल मामले 73,394 हो गए हैं। संक्रमण से 53,898 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। रविवार को नौ और संक्रमितों की मौत के बाद मृतक संख्या 477 पहुंच गई है।

## चीन की कोयला खदान में कार्बन मोनॉक्साइट का स्तर अत्यधिक बढ़ने से 16 लोगों की मौत

**एजेंसी। बीजिंग**

**दक्षिण-पश्चिमी** चीन में कोयले की एक खदान में रविवार को कार्बन मोनॉक्साइड का स्तर अत्यधिक बढ़ जाने के कारण 16 लोगों की मौत हो गई। अधिकरियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। चोंगचिंग नगर प्रशासन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि खदान में कुल 17 लोग फंस गए थे। एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य लोगों को बचाया नहीं जा सका। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक बेल्ट के जलने से कार्बन मोनॉक्साइड का स्तर अत्यधिक बढ़ गया था। खबर में यह नहीं बताया गया कि ए बेल्ट किस तरह की थी। उल्लेखनीय है कि कोयले की भूमिगत खदान से कोयला बाहर निकालने के लिए रबर की बेल्ट का भी इस्तेमाल होता है। खबर में जिला प्रशासन के हवाले से कहा गया है कि किजियांग जिले में स्थित यह खदान स्थानीय ऊर्जा कंपनी से संबद्ध है।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मोदी के आश्वासन की सराहना की

**भाषा। न्यूयॉर्क**

**विश्व स्वास्थ्य** संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदानोम गेब्रिएसस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस आश्वासन की सराहना की कि भारत कोविड-19 से लड़ रहे देशों की मदद के लिए अपनी टीका उत्पादन क्षमता का इस्तेमाल करेगा। गेब्रिएसस ने कहा कि इस महामारी को केवल संसाधनों के आदान-प्रदान के जरिए ही हराया जा सकता है।मोदी ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र में अपने संबोधन में कहा, टीका उत्पादन के मामले में भारत के सबसे बड़ा देश होने के नाते, मैं आज विश्व समुदाय को एक और आश्वासन देता हूं। भारत की टीका उत्पादन और आपूर्ति की क्षमता का इस्तेमाल इस संकट से लड़ाई में पूरी मानवता की मदद के लिए किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने ट्वीट किया, एकजुटता की प्रतिबद्धता दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपका शुक्रिया। मिल-जुलकर अपनी ताकतों और संसाधनों के आदान-प्रदान के जरिए ही कोविड-19 महामारी हराया जा सकता है।

## न्यूयॉर्क में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,000 से अधिक नए मामले आए

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में पांच जून के बाद पहली बार एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,000 से अधिक नए मामले सामने आए हैं। राज्य में पिछले कुछ सप्ताह में स्कूल-कॉलेज और व्यवसाय फिर से खुलने से संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखी गई है।गवर्नर एंड्रयू कुओमो ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को 99,953 नमूनों की जांच के बाद 1,005 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। हालांकि संक्रमण के मामलों की संख्या में न्यूयॉर्क अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। जुलाई के अंत से पूरे सितंबर माह में राज्य में संक्रमण के नए मामलों का दैनिक औसत 666 रहा है। पिछले सात दिनों में यह औसत बढ़कर 817 हो गया है।

# ब्रिटेन की महारानी के जन्मदिन पर सम्मानित होने वालों में डॉक्टरों नर्सों की होगी बहुलता

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटेन में** कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉक्टरों, नर्सों और स्वयंसेवकों की बहुलता इसबार महारानी के जन्मदिन पर सम्मानित किए जाने वाले लोगों में होगी। डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश सरकार का कार्यालय) ने रविवार को यह जानकारी दी।

सम्मानित होने वाले लोगों की सूची 10 अक्टूबर को सार्वजनिक की जाएगी। यह सूची पारंपरिक रूप से जून की शुरुआत में महारानी के 94 वें आधिकारिक जन्मदिव उत्सव के दौरान जारी होनी थी लेकिन कोविड-19 महमारी के शुरुआती महीनों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों पर विचार करने के लिए इसे सार्वजनिक करने का कार्य स्थगित कर दिया गया था। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मंजूरी के बाद सैकड़ों अतिरिक्त लोगों को प्राणघातक वायरस के खिलाफ अग्रिम मोर्चे और समुदाय में आगे आकर योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इन लोगों को महामारी से पहले विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए चुने गए लोगों के साथ सम्मानित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, वायरस को नियंत्रित करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) और इस सर्दी में लोगों की जान बचाने के लिए हम सभी अपनी कोशिशें बढ़ा रहे हैं। मुझे खुशी है कि हमारे पास मौका है कि उनको सम्मानित करें जिन्होंने इस देश के लिए पहले ही बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा, महारानी के जन्म सम्मान-2020 कई मौकों में पहला मौका है जब उनके कर्ज के प्रति आभार व्यक्त करेंगे और एक देश के तौर पर उनको धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष सम्मानितों की सूची को बंपर लिस्ट कहा जा रहा है और जॉनसन ने मई में उन लोगों को नामित करने का आह्वान किया था जिन्होंने महामारी से निपटने में अहम भूमिका निभाई है।

## विस्कॉन्सिन में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**मैडिसन।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,817 नए मामले सामने आए। विस्कॉन्सिन समेत देश के कुछ अन्य राज्यों में पिछले दो हफ्तों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखी गई है।जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक संक्रमण के मामलों में औसतन 950 यानी 97 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

**रजत गोयल का कहना है कि रीयल इस्टेट सेक्टर में करियर न केवल रीयल इस्टेट बनना है। इसमें उस व्यक्ति के लिए अनेक अवसर हैं जो ऐसे बहुआयामी सेक्टर में करियर बनाने के लिए खुद को चुनौती देना चाह रहा है**



# उज्ज्वल करियर बनाएं

करियर विकल्प के रूप में रीयल इस्टेट सेक्टर को चुनने से पहले यह समझना अत्यावश्यक है कि इस सेक्टर में करियर रोमांचक, चुनौतीपूर्ण और आर्थिक रूप से पुरस्कृत करने वाला होगा। इसके विपरीत, मन में यह स्पष्ट भी होना चाहिए कि रीयल इस्टेट करियर में करियर केवल रीयल इस्टेट एजेंट बनना नहीं है। इसमें उस व्यक्ति के लिए अनेक अवसर हैं जो रीयल इस्टेट जैसे बहुआयामी सेक्टर में करियर बनाने के लिए खुद को चुनौती देना चाह रहा है। मुख्य बात है कड़ी मेहनत जो इस पेशेवर के लिए बहुत ही जरूरी है।

हालांकि आवासीय रीयल्टी कंसलटेंट या ऐसोसिएट होना इस सेक्टर में चर्चित करियर विकल्पों में से एक है, लेकिन यही अकेला करियर विकल्प नहीं है। इससे इंकार नहीं है कि इस सेक्टर में अधिकांश हाई प्रोफाइल करियर विकल्पों में आवासीय परियोजनाओं को खरीदना और बेचना आता है, लेकिन इस सेक्टर में गहराई है, और यहां विभिन्न प्रकार के रोजगार उपलब्ध हैं।

रीयल इस्टेट निवेशक होना भी भारतीय रीयल इस्टेट में एक अवसर है। रीयल इस्टेट में निवेशक वो है जो संपत्ति को खरीदता और बेचने या किराए के उद्देश्य से उसे आधुनिक बनाता है। सक्रिय या निष्क्रिय, रीयल्टी निवेशक बनने के दो तरीके हैं। व्यक्ति आपके क्लासिक '' हाऊस फ्लिपर'' के रूप में एक सक्रिय निवेशक बनने का फैसला कर सकता है। निष्क्रिय निवेशक वो है जो परियोजना के दैनिक प्रबंधन में हस्तक्षेप किए बिना रीयल इस्टेट परियोजना में निवेश करता है। अगर किसी के पास निवेश के लिए ज्यादा पैसा नहीं भी होता है तो भी वह सार्वजनिक वित्तपोषित रीयल इस्टेट निवेशन में निवेशक बन सकता है।

दूसरा अवसर है प्रापर्टी मैनेजर का। इस पदधारक की प्रमुख भूमिका है अनुबंधित संपत्तियों से संबंधी रिक्तियों का विज्ञापन करना और उन्हें भरना, निपटारों तथा लीज लागू करने तथा परिसरों की सुरक्षा का काम देखना। इसके अलाव, प्रोजेक्ट मैनेजर की खास अन्य भूमिकाएं होती है जिनमें किराया दायित्व, किरायेदारों से मेलजोल बनाए रखना, किरायेदारों पर नजर रखना, मकानमालिक-किराएदार कानूनों की अच्छी जानकारी होना, संपत्ति का रखरखाव व मरम्मत तथा बजट प्रबंधन करना तथा वित्तीय रिकार्ड रखना शामिल है। कुछ कंपनियां प्रोजेक्ट मैनेजरों का काम ठेके पर देती है जो उनकी संपत्ति के आकार और उनकी आवश्यकताओं पर निर्भर करता है।

रीयल इस्टेट सेक्टर में एक और अवसर है लीजिंग कंसलटेंट का जिसकी जिम्मेदारी है फ्लैट, अपार्टमेंट्स, विला आदि आवासीय संपत्ति को संभावित ग्राहकों के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना। एक और भूमिका है अनुकूल व भरोसेमंद किराएदारों का पता लगाने में आवासीय भूस्वामियों की सहायता करना। मीडिया व एडवरटाइजिंग समेत विभिन्न उपकरणों के जरिए खाली पड़ी संपत्तियों को प्रोत्साहित करना भी लीजिंग कंसलटेंट की मुख्य भूमिका है।

**कामर्शियल लीजिंग मैनेजरों को अक्सर कार्यालय स्थल या भंडारकेन्द्रों पर नियुक्त किया जाता है और रीयल इस्टेट सेक्टर में करियर विकल्प के रूप में भी देखा जाता है। वह बाजार स्थल पर निरंतर नजर रखने और उन सभी बदलावों का अध्ययन करने के लिए जिम्मेदार है जो बजट पर प्रभाव डाल सकते हैं जहां विशेष व्यवसाय की विभिन्न संपत्ति आवश्यकताएं होती हैं।**

कामर्शियल लीजिंग मैनेजरों को अक्सर कार्यालय स्थल या भंडारकेन्द्रों पर नियुक्त किया जाता है और रीयल इस्टेट सेक्टर में करियर विकल्प के रूप में भी देखा जाता है। वह बाजार स्थल पर निरंतर नजर रखने और उन सभी बदलावों का अध्ययन करने के लिए जिम्मेदार है जो बजट पर प्रभाव डाल सकते हैं जहां विशेष व्यवसाय की विभिन्न संपत्ति आवश्यकताएं होती हैं।

आवश्यक लिखापढ़ी और प्रकियाओं को संभालने के लिए वसूली पेशेवर को या तो बैंक या प्राइवेट ऋणदाता द्वारा नियुक्त किया जाता है। वसूली पेशेवर ग्राहक की वित्तीय दस्तावेजों की समीक्षा तथा प्रतिबंध मामलों की प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार होता है ताकि संपत्ति को यथासंभव शीघ्रता से दुबारा बेचा जा सके। ऐसे सलाहकार निर्धारित समयावधि में अपना काम पूरा करने में सक्षम व सुव्यवस्थित होने चाहिए।

रीयल इस्टेट अटार्नी भी इस सेक्टर में एक अवसर है। एक अनुभवी रीयल इस्टेट अटार्नी खरीद समझौतों, रहन दस्तावेजों और हस्तांतरण दस्तावेजों समेत कागजातों की सवधानीपूर्वक जाचं करता है और उन्हें तैयार करता है।

अनेक कंपनियां व्यावसायिक संपत्तियों की रोजमर्रा कामकाजी गतिविधियों की देखरेख व उनके संचालन करने के लिए कार्पोरेट रीयल इस्टेट मैनेजर नियुक्त करती हैं। उनका प्रंमुख काम ग्राहक सेवा संबंधी प्रश्नों का प्रतिउत्तर देना, ग्राहक कार्य आदेशों, आवश्यकताओं व शर्तों को संसाधित करना होता है।

अधिकांश कंपनियां कार्पोरेट कम्युनिकेशन पेशेवरों को रखती है जिनका काम सार्वजनिक संबंधों से संबंधित कामकाजी गतिविधियों, प्रचार प्रसार, सोशल मीडिया, कंटेंट विकसित करना और संकट प्रबंधन का काम संभालना होता है।

भारतीय रीयल इस्टेट सेक्टर आवासी रीयल इस्टेट से बहुत ज्यादा बड़ा है। यह अपार रोजगार अवसरों से भरपूर है जिनमें विभिन्न क्षमताओं की आवश्यकता होती है।

**- लेखक एमआरजी वर्ल्ड के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।**

# बैंकिंग परीक्षाओं में कामयाबी के सूत्र

बैंकिंग सेक्टर में करियर के लिए लाभकारी विकल्प हैं लेकिन उन्हें पाने के लिए, व्यक्ति को दो स्तरों पर होने वाली परीक्षा में भाग लेना होता है। इस परीक्षा में सफल कैसे हों इसके बारे में टिप्स देती हैं तरन्नुम एन रज़ा

बैंकिंग सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था में एक संभावनाशील सेक्टर के रूप में उभरा है। यह रोजगार के अनेक क्षेत्र प्रदान करता है। आईबीपीएस पीओ परीक्षा दो चरणों में आयोजित होती है - प्रारम्भिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा। इसमें खंडीय कट आफ और समग्र कटआफ की व्यवस्था है। आपको अंतिम मेरिट सूची में शामिल होने के लिए उच्च स्कोर प्राप्ति का लक्ष्य बनाना चाहिए। परीक्षा के कठिनाई स्तर को बढ़ाया गया है, इसलिए ठोस रणनीति के साथ बुनियादी जानकारियों की गहरी समझदारी की जरूरत है।



Tarannum N Raza
Senior Knowledge Expert, T.I.M.E. Delhi

## अंग्रेजी भाषा खंड की गहन समझदारी हो

यह खंड में विभिन्न प्रकार के मानक प्रश्नों समेत नए किस्म के प्रश्नों को शामिल देखा गया है। सभी किस्म के प्रश्नों का अभ्यास करें जो पिछले पांच सालों की प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षाओं में पूछे गए हैं। व्याकरण और शब्दावली में अच्छी तरह पारंगत हों। इन पर आधारित प्रश्न को कम समय में उत्तम सटीकता से उत्तर दिया जा सकता है।

परीक्षा में अच्छी रणनीति है कि उन प्रश्नों से शुरूआत करें जिन्हें हल करने में कम समय लगता हो- क्लोज टेस्ट, फिल इन द ब्लैक्स, पर्यायवाची/विपर्यायवाची, गलतियों को पहचानना, शब्दावली आधारित प्रश्न। पैराग्राफ आधारित प्रश्नों व काम्प्रिहेंशन पढ़ने

( शब्दावली प्रश्नों को छोड़कर, अगर हो तो) से संबंधित प्रश्नो को अंत में हल करना चाहिए- अगर समय अनुमति देता है। पेराजुम्बल्स या उलझे या घालमेलयुक्त प्रश्नों, जिनमें ज्यादा समय लगता है, को पिछले कुछ सालों में मुख्य परीक्षाओं में पूछते पाया गया है।

## मात्रात्मक योग्यता खंड में अंकों की गणना करते रहें

प्रश्नों को हल करने में विवेकपूर्ण चुनाव के जरिए इस खंड में अच्छा स्कोर करें। 20 तक का गुणनफल पहाड़ा, 12 तक रेसिप्रोकल्स, और 1 से 30 तक की संख्याओं के स्क्वायर या वर्गमूल और क्यूब या घनमूल याद कर लें। सुनिश्चित करें कि आपने मूल अवधारणाओं को अच्छी तरह से समझ लिया है।

परीक्षा में एक अच्छी रणनीति यह है कि बताए गए क्रम में प्रश्नों को हल न करें, बल्कि पहले चरण में आसान प्रश्नों को चुनें। फिर दूसरे चरण में उन करनेयोग्य प्रश्नों को चुनें जिन्हें हल करने में ज्यादा समय लगता है।

यह बेहतर होगा यदि व्यक्ति सरलीकरण/अनुमानीकरण, मिसिंग सीरीज, क्वाड्रेटिक इक्वेशंस, से शुरूआत करे। इसके बाद डाटा व्याख्या(रेशियो एंड एवरेज बेस्ड क्वेश्चन) - मेन्स परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण। एक सेट का डाटा जटिल लग सकता है लेकिन प्रश्न सरल हो सकते हैं। कठिन सेटों में भी आसान प्रश्नों की तलाश करें। अंकगणित, प्रोबेबिलिटी(बेसिक लेवल), पी एंड सी पर अध्यायों को दोहराएं। जहां भी संभव हो निकटीकरण का उपयोग करें।

## तर्कबुद्धि क्षमता खंड से कैसे निपटें

निम्न क्रम में प्रश्नों को हल करें: असमानता, न्याय (सिलोजिज्म), कोडिंग-डिकोडिंग, रक्त संबंध एवं कुछ अन्य विविधतापूर्ण प्रश्न। इनके बाद, आप पहेलियां/सीटिंग अरेंजमेंट प्रश्न हल कर सकते हैं। महत्ता वाले प्रश्नों पर ध्यान दें। जटिल बौद्धिक प्रश्नो को बाद में हल करें।

## खुद को अपडेट रखें

वर्तमान हालातों पर किसी मासिक पत्रिका के साथ रोज अखबारों को पढ़ना बहुत जरूरी है। बीते छह महीने की खबरों से खुद को अवगत रखें। अर्थव्यवस्था, बजट, राजनीति, और बैंकिंग जागरूकता पर ध्यान दें। देशों की पूंजी, किताबों व लेखकों, ताजातरीन कंप्यूटर शब्दावली के बारे में जानें।

सभी खंडों में अनुमान लगाने से बचें अगर गलत होने पर परीक्षा में अंक काटे जाने का नियम है। समय प्रबंधन, पूर्ण समर्पण एवं उचित मार्गदर्शन आपको परीक्षाओं में सफलता दिलाएंगे।

# स्कॉलरशिप



द यूनिवर्सिटी आफ सिडनी फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड इंफार्मेशन टेक्नोलाजीज के किसी भी कोर्स में डॉ. अब्दुल कलाम इंटरनेशनल अंडरग्रेजुएट वित्तीय सहायता के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

इस स्कालरशिप का उद्देश्य अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के अधिकतम प्रथम वर्ष की पचास फीसदी ट्यूशन फीस में छूट प्रदान करना है। इसके लिए आवेदन कर्ता को संतोषजनक अकादमिक प्रदर्शन के तहत प्रत्येक सेमेस्टर को न्यूनतम 65 प्रतिशत क्रेडिट औसत के साथ उत्तीर्ण करना होगा।

**योग्यता:** आवेदक ने न्यूनतम 98 या समकक्ष की आस्ट्रेलियन टर्टियरी एडमिशन रैंक (एटीएआर) के साथ युनिवर्सिटी द्वारा स्वीकृत इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी या आस्ट्रेलियन ईयर 12 की पढ़ाई पूर्ण करना आवश्यक है।

**आवेदन कैसे करें:** वित्तीय सहायता के अवसर के लिए छात्रों को आनलाइन फार्म भरना होगा। इसके लिए उन्हें https://www.sydney.edu.au/scholarships/b/dr-abdul-kalam-international-under-graduate-scholarship.html पर लॉगिन करना होगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 11 जनवरी, 2021

युनिवर्सिटी आफ मिन्नेसोटा में इंटरनेशनल स्टूडेंट व स्कॉलर सर्विसेज (आईएसएसएस) द्वारा वित्तपोषित आवश्यकता आधारित स्कालरशिप हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**कौन आवेदन योग्य है :** भारतीय छात्र आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** ग्रांट युनिवर्सिटी द्वारा प्रदत्त किसी भी क्षेत्र में अंडरग्रेजुएट डिग्री कोर्स से अनुबंधित है।

इस वित्तीय सहायता की योग्यता हेतु, विदेशी छात्र के लिए आवश्यक है कि वह एफ-1 या जे-1 की छात्र अवस्था में हो तथा वो युनिवर्सिटी आफ मिन्नेसोटा-ट्विन सिटीज में पंजीकृत होना चाहिए।

**सहयोगी दस्तावेज :** आवेदकों को निम्न दस्तावेज जमा करने होंगे: अधिकृत दस्तावेज वे हैं जो मूल या मूल अकादमिक दस्तावेजों की संस्तुत प्रतियां हैं जिन्हें सेकेंडरी स्कूल या परीक्षा बोर्ड की ओर से सीधे सीलबंद, स्टैंपयुक्त लिफाफे में भेजा जाता है।

अधिकृत दस्तावेज की स्कैन या इलेक्ट्रानिक कापी को अनधिकृत माना जाता है।

**प्रवेश शर्तें:** युनिवर्सिटी में स्नातक डिग्री कोर्स के लिए आवेदन करते समय आवेदक हाईस्कूल उम्मीदवार होना चाहिए।

**भाषा शर्त :** विदेशी उम्मीदवारों को अमरीका में पढ़ने के लिए युनिवर्सिटी की अंग्रेजी भाषा दक्षता शर्तों पर खरा उतरना होगा।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार आवेदन के लिए आमंत्रित है। उन्हें युनिवर्सिटी में अंडरग्रेजुएट डिग्री कार्यक्रम में दाखिला लेना होगा। पंजीकृत होने के बाद, उम्मीदवार इस स्कालरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 1 फरवरी, 2021

# साइबर सुरक्षा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवसर

कोरोना महामारी के कारण दुनिया भर के व्यवसायों ने जबरदस्त परेशानियों का सामना किया है। जिस तरह संक्रामक फैलाव के कारण प्रत्यक्ष बैठकें व मुलाकातें आम तौर पर प्रतिबंधित हैं, डिजीटल माध्यमों से वर्चुअल होना साल 2020 के लिए नया सर्व-स्वीकृत नियम साबित होगा। यह विश्वस्तरीय व्यवसायों पर जबरदस्त और शायद अटल प्रभाव की भविष्यवाणी करेगा, जैसा कि तकनीक का अधिकतम उपयोग, कंपनियों के सोचने और काम करने का तरीका बदलने के लिए तैयार है।

वे व्यवसाय जिन्होंने डिजीटल पक्ष को अनदेखा किया है, वे शातिर हैकरों व अन्य साइबर अपराधियों द्वारा विकसित हानिकारक साफ्टवेयरों, वायरसों, मॉलवेयर आदि जैसे अनेक साइबर सुरक्षा हमलों से संबंधित खतरों से त्रस्त हैं। ये हमलावर कंपनी के निजी दायरे में तत्काल सेंध लगा सकते हैं और लाखों डालरों के डाटा व संपत्तियों को चुरा व बर्बाद कर सकते हैं। इसीलिए, कंपनी के लिए मजबूत, सक्षम तथा जबरदस्त साइबर सुरक्षा रणनीति निर्मित करना तथा सर्वसक्षम साइबर सुरक्षा ढांचा खड़ा करना मौजूदा हालात में सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

मोर्डोर इंटेलीजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, साइबर सुरक्षा बाजार 2019 में उल्लेखनीय 161.07 अरब डॉलर का था जो अब 2025 में 363.05 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचने का अनुमान है जो 2020-25 की अवधि के बीच सीएजीआर पर 14.5 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। प्रचंड गति से बढ़ रही साइबर सुरक्षा घटनाओं व सेंधमारियों की रोशनी में, साइबर सुरक्षा समाधानों का बाजार और भी तेज गति से बढ़ने वाला है। सीएजीआर की 16 फीसदी लहर के दौरान, पीडब्लूसी-डीएससीआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में साइबर सुरक्षा क्षेत्र साल 2022 तक 3 अरब डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

भारत में भी, साइबर सुरक्षा कर्मचारी की मांग उल्लेखनीय स्तर पर बढ़ रही है जैसे जैसे व्यवसाय निरंतर बढ़ते साइबर हमलों से निपटने की जद्दोजहद में दिखते हैं। कीमती रोजाना 4000 से अधिक साइबर हमलों से डाटा संपत्तियां खोने के खतरे का सामना करते व्यवसायों से, इंटरनेट तेजी से एक अशुभ खतरे में बदल रहा है। जब तक कंपनियां रोजमर्रा स्तर पर इन भयंकर साइबर सेंधमारियों पर रोक लगाने के लिए साइबर सुरक्षा समाधान निर्मित करने की ओर संसाधनों को केन्द्रित नहीं करती हैं, व्यवसायों को गंभीर तथा कभी कभी अपूरणीय हानि का सामना करना तय है।



**नेसोचेम की रिपोर्ट कहती है कि अकेले भारत को दस लाख साइबर सुरक्षा पेशेवरों की आवश्यकता होगी। रोजगार पोर्टल इंडीड के अनुसार, पिछले कुछ सालों में साइबर सुरक्षा रोजगार पदों के संदर्भ में पेशेवर पदों में 150 फीसदी की मांग वाला भारत आपूर्ति के बरक्त सर्वाधिक मांग प्रदर्शित करता है।**

## माइंड इट

### भारतीय तकनीकी कंपनियों के समक्ष समस्या है

बेइंतहा बढ़ते साइबर खतरों से निपटने हेतु योग्य विशेषज्ञों की कमी होना, जो लगातार कम सुरक्षित व्यवसायों की आंतरिक प्रणालियों में सेंध लगाने के अवसर में लगे रहते हैं। नेसोचेम की रिपोर्ट कहती है कि अकेले भारत को दस लाख साइबर सुरक्षा पेशेवरों की आवश्यकता होगी। रोजगार पोर्टल इंडीड के अनुसार, पिछले कुछ सालों में साइबर सुरक्षा रोजगार पदों के संदर्भ में पेशेवर पदों में 150 फीसदी की मांग वाला भारत आपूर्ति के बरक्त सर्वाधिक मांग प्रदर्शित करता है। साइबर सुरक्षा योग्य संसाधनों की चाहत के बतौर कंपनियों के लिए खतरनाक मुसीबत जरा भी कम नहीं है और उचित रूप में सक्षम साइबर सुरक्षा प्रणाली का हैकरों व साइबर शौकीनों द्वारा बहुत आसानी से निर्दयतापूर्वक दोहन किया जा सकता है।

व्यापक साइबर सुरक्षा किलेबंदी की अनिवार्यता के साथ साइबर सुरक्षा साफ्टवेयर समाधानों में प्रशिक्षित व्यक्तियों की जरूरत अत्यधिक है और अन्वेषी कार्य जो फायरवाल्स, एंटी वायरस प्रोग्राम, क्लाउड डाटा बैकअप, कंपनी डाटा तक पहुंच को रोकना और गहन निगरानी के लिए ईमानदारीपूर्वक नीतिगत आचरण करना और संभावित मालवेयर की जांच जैसे संपदाओं को सशक्त बनाता है। कंपनियों को कृत्रिम मेधा, बिग डाटा और मशीन लर्निंग जैसे उल्लेखनीय स्तर पर नवीन तकनीकी उपकरणें द्वारा प्रस्तावित व्यापक संभावनाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है जिससे कि खतरों की जवाबी संरचनाओं का मजबूती मिल सके क्योकि क्रांतिकारी साफ्टवेयर खोज अनुकूल तरीके और डाटा प्रदान करने में सहायता करते हैं जो कि समस्या के प्रबल समाधानों के निर्धारण में आवश्यक होते हैं।

**राकेश खरवाल**
**- लेखक साइबरबिट के एमडी-भारत**

# सफर के शिकवे से टूटती 'पर्यटन' की आस

## ● नैमिषारण्य तीर्थ को अभी तक नहीं मिलीं सुविधाएं

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर



नैमिषारण्य-चक्रतीर्थ (फाइल फोटो)

**नैमिषारण्य तीर्थ** को अभी तक विकास आशीर्वाद नेताओं का नही प्राप्त हुआ जिस कारण यह तीर्थ अन्य धार्मिक स्थलों के विकास के मामले में काफी पीछे हैं नैमिषारण्य तीर्थ को पर्यटन स्थल का तमगा को दे दिया गया मगर तीर्थ विकास का ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ हैं कई दशकों के बाद भी अभी तक इस तीर्थ को रेल मार्ग से कोई भी बड़े शहर से नही जोड़ा गया जिससे दशकों के बाद भी यहां की पटरियों पर दो ही पैसेंजर ट्रेन दौड़ रही हैं कोई भी नई ट्रेन को सौगात नही मिली हैं बात करे तीर्थ में स्वच्छ जल के वादे झूठे ही साबित हुए हैं पर्यटन विभाग द्वारा फिल्ट्रेशन प्लांट तो कई लगाये गये मगर कारगर साबित नहीं हुए जिससे तीर्थ में स्वच्छ जल की बाते अधूरी ही लगती हैं सतयुग के तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित नैमिषारण्य धाम हिन्दू धर्मग्रन्थो में विशिष्ट स्थान रखता है, इस तीर्थ को एक ओर जहां महर्षि वेदव्यास ने अष्टम वैकुण्ठ की उपाधि से अलंकृत किया गया है वहीं महर्षि वेदव्यास द्वारा लिखे गए 18 पुराणों में इसे तपोभूमि की महत्ता प्राप्त होती है हिन्दू धर्म की चार धाम, गंगासागर तीर्थ, पितृ कर्म के लिए गया जी जैसी कई धार्मिक यात्राएं बिना श्रद्धालुओं के नैमिष तीर्थ आकर पूजन कर्म किये बिना पूर्ण नही होती है मान्यता है कि यहां 84 कोस की परिधि में स्वयं देवादिदेव के साथ 33 कोटि देव व साढ़े तीन करोड़ तीर्थो का वास है यहां देश विदेश से प्रतिवर्ष लाखो की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन, अनुष्ठान करने आते हैं फाल्गुन मास में चौरासी कोसीय परिक्रमा होती जिसमे देश, विदेश से लाखो श्रद्धालु भाग लेते हैं यहां के बाशिंदों के साथ प्रतिवर्ष देश विदेश से यहां आने वाले लाखो पर्यटकों के द्वारा सोचें'' विकसित नैमिष '' के वादे पर हर बार नए फ्लेवर में मनभावन मीठी चाशनी परोसने के अलावा कुछ खास नही दे पाते है आज हालांकि पर्यटन दिवस है पर इस महत्वपूर्ण दिवस पर भी नैमिषारण्य तीर्थ के अपेक्षित विकास न होने की कसक कहीं न कहीं यहां के हजारों साधु-संत स्थानीय लोगों के साथ ही करोड़ों धर्मानुरागियों को अखरती है आज आजादी के दशकों बाद भी यहां वर्ष दर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या भले ही बढ़ती गई हो पर यहां यात्री सुविधाएं और विकास कार्य उसके अनुपात में काफी कम ही रहे है पर्यटन स्थल घोषित होने के बावजूद भी विकास के मामले अन्य तीर्थो से काफी पीछे नजर आता हैं ''विकसित नैमिष और पर्यटन स्थल'' के मुद्दे को लेकर आपके पायनियर ने स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग व बाहर से आए पर्यटकों से पर्यटन दिवस के मौके पर 'नैमिष विकास' जैसे प्रभावी मुद्दे पर ''मन की बात'' टटोलने का प्रयास किया।

### तीर्थ की प्रमुख आवश्यकताएं

- नैमिष आने वाले प्रमुख मार्गों पर बने पर्यटन स्वागत द्वार।
- नैमिषारण्य तीर्थ के नाम से हो प्रदेश स्तरीय आयोजन।
- नैमिष रेलवे स्टेशन को प्रदेश व देश की राजधानी समेत ही अन्य बड़े नगरों से ट्रेन माध्यम से जोडा जाए।
- नैमिष तीर्थ से प्रदेश के प्रमुख धार्मिक नगरों के लिए हो सीधी बस सेवा।
- नैमिष के आध्यात्मिक महत्व को विश्व स्तर पर प्रचारित प्रसारित करने के लिए शासन स्तर से हों विशेष प्रयास।
- अयोध्या मथुरा की तर्ज पर नैमिष तीर्थ की प्रसिद्ध 84 कोसी परिक्रमा को मिले विशिष्ट यात्री सुविधाएं।
- 84 कोसीय परिक्रमा में लुप्त होते पौराणिक मंदिरों व धर्म स्थलों का हो जीर्णोद्धार।
- प्रदेश के प्रमुख शहरों से नैमिषारण्य जाने वाले मार्ग पर लगे हो तीर्थ के धार्मिक महत्व के बोर्ड।

शैक्षिक सत्याग्रह एकजुटता के लिए आंदोलन आज

# पढ़ाई नहीं तो फीस भी नहीं: आशीष

संवाददाता। सीतापुर



आशीष मिश्रा

**कोरोना काल** में स्कूल, कालेज बंद होने के बाद भी निजी विद्यालय संचालक शिक्षण शुल्क जमा करने का दबाव बना रहें है। सीतापुर अभिभावक संघ ने भारत अभिभावक संघ के समर्थन में सोमवार को शैक्षिक सत्याग्रह करने की घोषणा की है। पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि शैक्षिक सत्याग्रह का जिले के सभी सामाजिक, व्यापारिक संगठनो सहित बार एशोसिएशन ने भी अपना समर्थन दिया है। उन्होंने जिले के सभी अभिभावको से अपील की है कि सोमवार को ऑनलाईन शिक्षा न कराये और सत्याग्रह का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि 'पढ़ाई नही तो शुल्क नहीं' का नारा दिया गया है। पढ़ाई न होने के बाद भी अभिभावको को शुल्क देने के लिये मजबूर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सत्याग्रह के बाद मुख्यमंत्री व मानव संसाधन विकास मंत्रालय को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया जोयगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को 11 बजे विकास भवन धरना स्थल पर सभी अभिभावक एकत्रित होगें और लालबाग चौराहे तक मानव श्रृखंला बनाकर अपनी बात रखी जायेगी। लालबाग चौराहे पर ही ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। सीतापुर

**अवैध शराब** कारोबार में संलिप्त 12 अभियुक्तों को अलग-अलग थानों की पुलिस ने 115 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ मंसूरपुर के सागर व अर्जुनपुर के अवधेश को, मानपुर पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ इगदहा के भीम लाल, धुरई कला के अमरीका, बिठौली के कढ़िले को, थाना रेउसा पुलिस ने गोनिया राजू व पुत्ती लाल, राजापुर कला के खुशीराम, थाना रामपुर मथुरा पुलिस ने संदीप व राजेंद्र को, थाना तालगांव पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ मुलाहिमपुर के ओम प्रकाश को और थाना रामकोट पुलिस ने खगेसियामऊ के निर्मल को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# कोरोना के 20 नए मरीज मिले

## ● अबतक 42 लोगों की जा चुकी है जान

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** कोरोना ग्राफ में पिछले कई दिनों से सुधार देखने को मिला रहा है। दिन ब दिन कोरोना के केस कम होते जा रहे हैं। रविवार को जिले में 20 नए मरीज मिले। षहर के मिरदही टोला, आवास विकास कॉलोनी, नारायण नगर व चौबे टोला में 1-1 मरीज की पहचान की गई। बेहटा व मिश्रिख में 3-3, कसमंडा व सिधौली में 2-2 और पिसावां, गोंदलामऊ व सकरन में 1-1 केस मिला है। जनपद में कम हो रहे कोरोना ग्राफको लेकर चिकित्सकों की कुछ अलग तरह से राय व्यक्त कर रहे हैं। डॉ. प्रदीप पाण्डेय कहते हैं कि ग्राफ नीचे आने का मतलब सिर्फ इतना है कि कम संख्या में मामले सामने आ रहे हैं, इसका मतलब ये कतई नहीं है कि कोरोना का खतरा कम हो गया है, ग्राफ घटने के पीछे कम टेस्टिंग, कान्टेक्ट ट्रेसिंग में ढिलाई, एंटीजन टेस्ट का कायदे से फॉलो न किया जाना आदि कारण भी हो सकते हैं।




### समाजसेवी कन्हैयालाल की कोरोना से मौत

**रामकोट कस्बे** से दुखद खबर है, समाजसेवी एवं आयुर्वेदिक डॉक्टर कन्हैया लाल शुक्ला का 59 वर्ष की आयु में कोरोना से देहांत हो गया है। पिछले 10 दिनों से उनका इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा था। उनके निधन से कस्बावासी गम के साथ ही खौफ में भी हैं। इससे पहले कस्बे में कोरोना से एक वृद्धा की मौत हो चुकी है। अब तक जनपद में कोरोना से 42 मौत हो चुकी हैं। शुक्ला की मौत पर विश्वनाथ अवस्थी, संतोष कुमार राव, चंदन कश्यप, कमलेश सिंह भदौरिया, मंगल बाजपेई, महेंद्र कुमार राव, अरुण कुमार राज, शुभकरण, रियासत अली, बनवारी लाल गौतम आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## धूप में सूखती भूख...



सीतापुर-कोरोना में सोशल डिस्टेंसिंग बेहद जरूरी है, बिना मास्क लगाए ठेले पर बैठे मजदूर मजबूर पेट के चलते धूप में भूख को सुखा रहे हैं, कोरोना से पहले पापी पेट को पालने के लिए ये गाइड लाइन तोड़ने को भी बेवस हैं, बाजार में सन्नाटा है, मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है, ऐसे में जीवन के मुश्किल दौर में गुजर रहे मजलूमों के लिए सरकार भी कुछ नहीं कर पा रही है। (फोटो-विपिन राजवंशी)

## लायर्स एसोसिएशन चुनाव की सरगर्मी तेज

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**लायर्स एसोसिएशन** कार्यकारिणी चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आने से चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी जबकि मंत्री पद के लिये दो प्रत्याशी आमने-सामने मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी अधिवक्ताओं के बीच जाकर अपने पक्ष में माहौल बनाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी के लिये 30 सितंबर को मतदान होना है। मतदान की तारीख बेहद नजदीक है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिये बराती लाल वर्मा, शिवाकांत मिश्र व हरी प्रसाद वर्मा चुनाव मैदान में हैं। तीनों प्रत्याशी दूसरे अधिवक्ता साथियों के बीच जाकर अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील करते देखे जा रहे हैं। त्रिकोणीय मुकाबले को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं मंत्री पद पर जयंत प्रताप वर्मा व राजीव मौर्य आमने-सामने हैं। दोनो प्रत्याशियों की सीधी टक्कर होने के चलते दोनो अधिक से अधिक अधिवक्ताओं को अपने पक्ष में लुभाने में जुटे हुए हैं।

## पुलिस ने कराया सुलह-समझौता

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली इलाके लहरपुर के ग्राम मातन पुरवा लच्छननगर निवासिनी शबीना पत्नी इरशाद खां ने कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया है की उनके पति इरशाद खा पुत्र सत्तार खा ने मारा पीटा था जिसके चलते 112 नंबर पर कॉल करके शिकायत की गई थी जिस पर पुलिस द्वारा इरशाद को कोतवाली लाया गया था जहां पर सुलह समझौता हो गया था इसके पश्चात फिर से पति ने महिला व बच्चों को मारा पीटा तथा तलाक देने की धमकी दी महिला ने बताया कि उसके पति का किसी और महिला के साथ संबंध होने के कारण पति मारता पीटता व गाली गलौज करता है छोटे-छोटे बच्चों के साथ घर से भगा देता है पीड़ित महिला ने पाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# रोटरी क्लब ने बच्चों को बांटी खाद सामग्री



सीतापुर-बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित के बाद मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी

संवाददाता। सीतापुर

**रोटरी क्लब** की ओर से रविवार को शहर के राणीसती मंदिर के निकट परिषदीय विद्यालय के बच्चों को पेंसिल, रबड़, कॉपी आदि का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष डा. प्रवीण गुप्ता, सचिव मोहित अग्रवाल, सुनील मेहरोत्रा, हरीश शाह, राजीव मेहरोत्रा आदि ने सहयोग किया।

# हिंदू समाज की बहन-बेटियों की सुरक्षा की ली शपथ

## ● बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**रेउसा क्षेत्र** के बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर मे बैठक की जिसमे लव जिहाद से हिन्दू समाज की बहन बेटियों की सुरक्षा सपथ ली गई। प्रांत अध्यक्ष गौरक्षा विभाग बृजेश मिश्र की अध्यक्षता में कृतार्थ मिश्रा जिलामंत्री, सन्दीप अवस्थी सह जिला सयोंजक व अमरेंद्र मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष द्वारा सभी को मठ मंदिर, गौ माता की रक्षा और लव जिहाद से हिन्दू समाज की बहन बेटियों की सुरक्षा के लिये सभी को एकजुट रहने की शपथ दिलाई गई। रेउसा मुख्य चौराहे पर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर हुई इस बैठक मे जिला सह मंत्री हरीश मिश्र, सोनू, शिवेंद्र अवस्थी चंद्र मोहन शास्त्री, अभिषेक गुप्ता, अनुराग गुपता, रिषभ रस्तोगी, अनुराग सुक्ला, विशाल अवस्थी, नरेश कश्यप, अनूप सक्सेना, रंजीत याज्ञसेनी, दुर्गेश मिश्र, जगतपाल गुपता, कमलेन्द्र यादव, रविंद यादव, असोक शुक्ला आदि बैठक मे उपस्थित रहे।



रेउसा-समारोह को सम्बोधित करते कृतार्थ मिश्रा

## क्विक न्यूज

### 29 व 30 को आएंगी नोडल अफसर

#### ● निरीक्षण कर जानेंगी कोविड सेंटरों का हाल



मिनिस्ती एस

**सीतापुर।** जिले की नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस 29 सितम्बर को दो दिवसीय दौरे पर आएंगी। पहले दिन वह पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में बैठक करने के साथ ही कोविड हॉस्पिटल्स व क्वारंटीन सेंटर्स का निरीक्षण करेंगी और षाम को नगर भ्रमण करके जमीनी हकीकत से रूबरू होंगी। दूसरे दिन यानी 30 सितम्बर को वह अधिकारियों के साथ गेस्ट हाउस में बैठक करने के बाद गांव के साथ ही सीएम की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति देखेंगी।

### तालाब में डूबकर बच्ची की मौत

**ऐलिया सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर के गांव कुसमी में हरिशचंद्र की डेढ़ वर्षीया पुत्री की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। कचनार चौकी प्रभारी शशांक पाण्डेय न घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

### मामूली विवाद में चले लाठी-डंडे

**सीतापुर।** मिश्रिख के टिकरा गांव में मामूली विवाद को लेकर चचेरे भाइयों में लाठियां चल गई और अरुण, अरविंद, अवनीश, श्यामा देवी व महेंद्र घाल हो गए। घायलो का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मनोज, विशंभर, सुनील राठौर व राकेश राठौर को आरोपित करते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है।

### फांसी लगाकर दी जान

**कमलापुर सीतापुर।** थाना कमलापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कान्हमऊ मजरा चमरपुरवाँ निवासी सीताराम पुत्र सूरजबली 36 वर्ष ने बीती रात्रि पेड से रस्सी का फंद्या लगा कर फांसी लगा ली मृतक सीताराम की पत्नी शान्ति देती ने थाने मे तहरीर देकर बताया की मै रात्रि मे अपने पति व बच्चो के साथ सो गई रात्रि मे मेरे पति घर से निकल कर गाँव के उत्तर राजकमल शुक्ला की बाग मे फांसी लगा ली थाने मे सूचना के लिए आई है उचित कार्यवाही करने की कृपा करे। कमलापुर थाना प्रभारी राजकुमार यादव से घटना की जानकारी की गयी तो उन्होने बताया की पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाने की बात सामने आई है जाच की जा रही है शव का पंचनामा करके पोस्टमास्टर के लिऐ भेज दिया गया है।

### किसान समस्याओं को लेकर की बैठक

**बिसवां सीतापुर।** विकास क्षेत्र सकरन अंतर्गत सेमरा बाजार में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (सावित्री) अराजनैतिक के आह्वान पर क्षेत्र के किसानों की समस्या एवं उनके निदान हेतु यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा की उपस्थिति में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान नेताओं ने किसानों की समस्या पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी किसान भाई संगठित हो और जागरूक बने बैठक में उपस्थित किसानों ने अपनी-अपनी समस्याओं से यूनियन के प्रतिनिधियों को अवगत कराया जिस पर यह निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष राम शंकर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज के साथ-साथ क्षेत्र के किसान नेता शिव सागर वर्मा, मुर्तजा अली अंसारी, रमेश भारती, राजा बाबू, राम लखन, विनोद वर्मा, सुधीर सिंह, रमेश, सूरज सहित कई दर्जन किसान मौजूद रहे।

### कुतुबनगर चौकी पर पीस कमेटी की बैठक

**सीतापुर।** पिसावां पुलिस ने पंचायत चुनावों को लेकर कमर कस ली है। कुतुबनगर चौकी पर रविवार को प्रधानों व बीडीसी सदस्यों की बैठक बुलाई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने कोविड 19 प्रोटोकाल की जानकारी देते हुए पालन करने की नसीहत दी। बैठक में अनिल कुमार वर्मा, गंगाराम, सरोज यादव, लालता प्रसाद, विजिन्द सिंह, दिलशाद प्रधान आदि मौजूद रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र पर हुआ प्रशिक्षण

**सीतापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर ओर से ''पोषण संवेदी कृषि'' विषय पर 7 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमे इंटीग्रल विश्वविद्यालय में अध्यनरत कृषि स्नातक के कुल 395 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आनंद सिंह ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को षांत किया। ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी से विद्यर्थियों के ज्ञानार्जन का लेविल भी चेक किया गया।

### बाइक पर चोरों ने साफ किया हाथ

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के मोहल्ला शाहकुलीपुर में उचक्को ने बाइक पर हाथ साफ कर दिया है। जावेद के घर के बाहर बाइक खड़ी थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। कस्बा चौकी इंचार्ज अजय कुमार रावत ने बताया कि बाइक की तलाश की जा रही है।

### संविदा सफाई कर्मचारी संघ की बैठक

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव नगर पंचायत में रविवार को संविदा एंव ठेका कर्मचारी संघ की बैठक हुई। इसमें कर्मचारियों की समस्याओं पर मंथन किया गया और पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। अध्यक्ष सूरज कुमार को हरगांव षाखा का अध्यक्ष बनया गया और मो. शमीम उपाध्यक्ष, राजेश महामन्त्री व प्रदीप कुमार कोषाध्यक्ष बने। अनूप गुप्ता, इश्तियाक अली, उमेश व मनोज कुमार को भी कार्यकारिणी में स्थान दिया गया।

### राष्ट्रीय भगवा युवा संघ का हुआ गठन

**लहरपुर सीतापुर।** राष्ट्रीय भगवा युवा संघ की शाखा राष्ट्रीय विद्यार्थी सभा तहसील लहरपुर के ब्लाक लहरपुर का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमदीप जायसवाल व जिला संगठन मंत्री रंजीत यादव के निर्देशानुसार तहसील अध्यक्ष अमरदीप जायसवाल, उपाध्यक्ष विपेन्द्र वर्मा महामंत्री ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में पक्का तालाब पर किया गया जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द जायसवाल, ब्लॉक उपाअध्यक्ष बलराम जायसवाल, महामंत्री सत्यम, सहमंत्री आशीष, सूचनामंत्री आदर्श, मीडिया प्रभारी रंजीत, संगठन मंत्री कामेश जायसवाल, व्यवस्था मंत्री शुभम , मंत्री रोहित को मनोनीत किया गया । सभी के मनोनयन पर लोगो ने बधाई दी।

### पटरी दुकानदारों का हटाया अतिक्रमण

**सिधौली सीतापुर।** हाइवे प्रशासन के अधिकारियों ने कस्बा सिधौली स्थित हाइवे के किनारे पटरी दुकानदारो को हटाया। रविवार को एनएचएआई के अधिकारी सिधौली पहुचे और कस्बे के विसवां चौराहे से महमूदाबाद चौराहे तक हाइवे के दोनों ओर अतिक्रमण किये पटरी दुकानदारो को हटाने लगे। अधिकारियों ने बताया, हाइवे के दोनों ओर नाला निर्माण का कार्य शुरू है उन्होंने सभी पटरी दुकानदारो को नाला से तीन मीटर दुकाने हटाने के निर्देश दिए। जिसमे राजू कस्यप, मनमोहन, सुशील, सोबरन सहित दर्जनो दुकान दारो ने अपनी अपनी फुटपाथ पर लगी दुकानो को हटाकर दूसरे जगहो की तलाश मे चले गये।

### प्राइवेट विद्यालय बेसिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**संदना सीतापुर।** कोरोना महामारी से जहाँ देश का हर वर्ग प्रभावित हुआ है वही प्राइवेट विद्यालय से जुड़े लोग भी इससे अछूते नही है खास कर ग्रामीण क्षेत्र के चलने वाले प्राइवेट बेसिक स्कूलों की तो कमर ही टूट चुकी है,ग्रामीण क्षेत्र में नाम मात्र फीस लेकर शिक्षा में सुधार के लिए कार्य करने वाले प्रबधंक व अध्यापक आज भुखमरी की कगार पर है,इन्ही बातो को दृष्टिगत रखते हुए,आज सन्दना में सभी प्राइवेट स्कूल के प्रबन्धको व शिक्षकों ने प्राइवेट बेसिक विद्यालय शिक्षक संघ की स्थापना में भाग लिया। जिसमे सर्वसम्मति से सीतापुर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल, जिला महासचिव पंकज सिंह,ब्लाक गोंदलामऊ अध्यक्ष श्री विशम्भर नाथ,ब्लॉक महामंत्री श्री हेमराज यादव,ब्लॉक उपाध्यक्ष श्री करुणाशंकर को चुना गया।

# माफियाओं ने काट डाले परमिट से ज्यादा पेड़

संवाददाता। बेहजम खीरी

**थाना नीमगांव** क्षेत्र में वन विभाग के द्वारा एक गांव में 20 आम के पेड़ों का परमिट जारी किया गया था। जिसमें बाग में लगे 25 पेड़ को भी अपनी दबंगई के चलते परमिट से ज्यादा पेड़ों का अवैध कटान दबंग वन माफियाओं ने काट डाले। जिसकी सूचना पर वन दरोगा मौके पर बाग में अवैध पेडो के काटे जाने की जाँच करने के लिए पहुंच गए। वन दरोगा को देखकर दबंग ठेकेदारों ने वन दरोगा पर हमलावर हो गए और दस्तावेज भी फाड़ दिया। वन दरोगा किसी प्रकार जान बचाकर भाग निकले और दबंग वन माफियाओं के विरुद्ध नीमगांव थाने में तहरीर दिया जानकारी के अनुसार नीमगांव थाना क्षेत्र के परसेहरा ग्राम पंचायत के मजरा लटकनिया गांव में आनंद किशोर वर्मा की बाग मे लगे 26 आम के पेड़ों की बाग थी जिसका बाग मालिक के द्वारा वन विभाग को शपथ पत्र में दर्शाया गया था कि बाग में 26 पैड लगे है जिसमें 20 पैंड की फ्लदाई छमता खत्म हो गई है जिसे काटने के लिए परमिट जारी के लिए परमिट अप्लाई किया गया था जिस पर वन विभाग के द्वारा 20पेंडो का परमिट जारी किया गया था जिसका कटान करने के लिए विभाग द्वारा 19/09 /20 से 25/09/20तक अनुमति प्रदान की गई थी लेकिन वन माफियाओं द्वारा बीते शनिवार को काटते वक्त पहुंचे वन दरोगा दबंग वन माफियाओं के द्वारा 20 की जगह 25 पेंडो को काट डाला सूचना पर पहुंचे वन दरोगा अजीत श्रीवास्तव बाचर अतेंद कुमार कार्यवाही करने के लिए पेड़ों की मुढ़ियो कि नाप करने लगे जिससे आक्रोशित दबंग वन माफियाओं ने वन दरोगा पर हमलावर हो गए उनके साथ हाथापाई भी करने लगे वन दरोगा ने किसी प्रकार जान बचाकर अपने विभाग को सूचना दिया सूचना पर क्षेत्रीय वनरक्षक उमेश वर्मा वन दरोगा रवि कांत वर्मा, सुराछा विभाग से संजय आजाद आदि वन कर्मचारी पहुंचे बाग की समस्त लकड़ी का प्रकस्ट को कब्जे में ले लिया। जिसको बेहजम निवासी जमील को सुपुर्द किया जिसमें करीब 600कुंतल लकड़ी जिसकी कीमत करीब चार लाख वन विभाग के द्वारा आंकी गई। उधर वन दरोगा के द्वारा थाने दो वन माफियाओं के विरूद्ध रारी निवासी जाबिर ,कल्लू के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के लिए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया लेकिन वन विभाग के द्वारा वन अधिनियम की धाराओं में विभागिय कार्यवाही की है और नीमगांव थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है इस संबंध में बोले वन क्षेत्राधिकारी मैगलगंज राजीव गुप्ता ने बताया कि विभाग के द्वारा 20 पेड़ों का परमिट जारी किया गया था जिसको 19 से 25 तक काटने का अनुज्ञा पत्र जारी था लेकिन ठेकेदारों के द्वारा परमिट से ज्यादा पेड़ों का कटान किया गया जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में मिला शव

संवाददाता। मैलानी-खीरी



**थाना क्षेत्र** के सुआबोझ ग्राम सभा के अंतर्गत आने वाले गांव राजा मंडी में गुरू नानक धर्म काटा पास स्थित गुरू नानक ट्रेडर्स की दुकान के बरामदे में एक शव पड़ा होने की सूचना मिली। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक विधा शंकर शुक्ला, उप निरिक्षक भूपेन्द्र सिंह व उप निरिक्षक विपिन कुमार सिंह सहित पुलिस कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। शव का पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक की पहचान राम पाल पुत्र सुमेर (45) निवासी राम पुर खुर्द थाना खुटार जिला शाहजहांपुर में हुई है। मृतक के बड़े भाई बाबू राम ने पुलिस को बताया कि मृतक पांच छह दिनो से घर के बाहर खुटार पुलिस के डर से घूम रहा क्योंकि मृतक का विवाद गाव के ही कुछ लोगों से बच्चो के विवाद को लेकर कुछ विवाद हो गया। जिसके चलते विपक्षी लोगों मृतक के प्रति खुटार थाने मे तहरीर देकर कार्य वाही की जाने माग की थी। पुलिस के डर से मृतक कयी दिनो से घर से बाहर ही था। जिसके चलते खुटार पुलिस ने मृतक के बडे बाबू राम पर कार्यवाही करते हुए चालान भेज दिया था। बाबूराम बताया कि दो दिन पूर्व ही वह जमानत पर घर आया था। मृतक की पत्नी का देहान्त लगभग पांच वर्ष पूर्व हो चुका है। मृतक का एक पुत्र रितेश उम्र लगभग 12 वर्ष व पुत्री शिवानी 10 वर्ष है। घटना के बाद से परिजनों से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने बताया कि मृतक की मौत का कारण स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के स्पष्ट हो सकेगा। घटना की तहरीर मृतक के भाई बाबू राम ने पुलिस को दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल हर कोण से कर रही है।

## क्विक न्यूज

### दो गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली सदर जनपद खीरी पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण जसनप्रीत सिंह पुत्र कुलजीत सिंह नि0 गोविन्द नगर भूलनपुर थाना नीमगांव जिला खीरी, वीरेन्द्र पुत्र जुगराज सिंह निवासी सुजौला मजरा खरगपुर, थाना नीमगांव जिला खीरी को मथना मजार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। जिनके कब्जे से गिरफ्तारी के दौरान 02 अदद तमंचा 315 बोर व 12 बोर के मय 02 कारतूस के साथ व चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल व मोटरसाइकिल का 01 अदद चेचिस के बरामद किये गये है।

### गैंगेस्टर की 25 लाख की सम्पत्ति जब्त

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अपराध मे अर्जित की गई संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है। आज दिनांक 27.09.20 को थाना पसगवां पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शातिर अपराधी नसीमुल्ला पुत्र शफीउल्ला नि0मानाखेडा थाना पसगवां खीरी के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत 25 लाख रूपए मूल्य से अधिक की चल/अचल संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। जिसमें कृषि भूमि, मकान एवं घर-गृहस्थी का सामान शामिल है। नसीमुल्ला शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा संगठित रूप से आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए गोवध जैसा जघन्य अपराध कारित किया गया है। जिसके विरूद्ध पूर्व में कई मुकदमें पंजीकृत हैं।

### करंट लगने से युवक की मौत

**मैगलगंज।** अशोक शर्मा की मैगलगंज में फलहारी बाबा मंदिर के पास स्थित इलेक्ट्रिक बिल्डिंग की दुकान है जिसमें लोहे की बिल्डिंग से संबंधित कार्य होते हैं अशोक शर्मा का लड़का आशीष शर्मा उम्र लगभग 21 वर्ष साथ में पिता का हाथ बटाने के लिए दुकान पर ही रहता था। दो-तीन दिन पहले मोटरसाइकिल पलटने के कारण अशोक शर्मा का पैर फैक्चर हो गया था। तब से अशोक शर्मा का लड़का आशीष दुकान खोलने के लिए सुबह ही आ जाता था। रविवार लगभग बारह बजे के आसपास आशीष बिल्डिंग का काम कर रहा था। तभी अचानक किसी तरह करंट लग गया लड़का चिल्लाने लगा पिता अशोक शर्मा ने छुड़ाने के लिए काफी प्रयास किया। लेकिन पैर फैक्चर होने के कारण जब तक लाइन को काटते तब तक लड़का बुरी तरह घायल हो चुका था। आस-पड़ोसियों की मदद से आशीष को प्राइवेट डाक्टरों को दिखाया डॉक्टरों ने आशीष शर्मा को मृत घोषित कर दिया। बताते चलें कि आशीष शर्मा अशोक शर्मा का अकेला लड़का था इसकी शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व ही हो चुकी थी। आशीष शर्मा के दो लड़के है। छोटे वाले की उम्र एक साल और बड़े लड़के की उम्र ढाई साल है आशीष की मृत्यु की सूचना घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

### सदर रमियाबेहड़ में अर्पण डायग्नोस्टिक सेंटर के कलेक्शन सेंटर का हुआ शुभारंभ

**रमियाबेहड़-खीरी।** विकासखंड रमियाबेहड मुख्यालय के सदर रमियाबेहड़ मे अर्पण डायग्नोस्टिक सेंटर के कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया गया जिसमें सभी प्रकार की जांचों की सुविधा ग्रामीण मिलेगी जिससे दूर दराज गांव के मरीजों को 50 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा जिला मुख्यालय पर अर्पण डायग्नोसिस सेंटर में जांच हो कर मरीजों को इसी कलेक्शन सेंटर उनकी रिपोर्ट मिला करेगी जिससे मरीजों के समय और पैसों की काफी बचत होगी इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विजेंद्र शुक्ला ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया सेंटर संचालक धीरज वर्मा के साथ क्षेत्र के तमाम पत्रकार साथी राजू मिश्रा ,अमित अवस्थी, अरविंद अवस्थी, आनंद वर्मा सुमेर श्रीवास्तव आरव के वर्मौर्या आदि गणमान्य जनों की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया।

### अटेवा पेंशन बचाओ मंच की आयोजित हुई बैठक

**ढखेरवा-खीरी।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा लखीमपुर की बैठक जिला सयोंजक विश्वनाथ मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसका संचालन डॉ कमल किशोर मौर्य ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को एनएमओपीएस के आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। देश के प्रत्येक जिला एवं तहसील मुख्यालय पर शिक्षक एव कर्मचारी गांधी जी की प्रतिमा पुष्प अर्पित करते हुए पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लेंगे और उसके उपरांत ट्विटर पर दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक निजीकरण भारत छोड़ो हैश के साथ प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, रेल मंत्री एवं अपने राज्य के मुख्यमंत्री को टैग करते हुए ट्वीट कर ट्विटर अभियान चलाया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### अपहृत युवती खुद पहुंच गई कोतवाली

**संडीला(हरदोई)।** कथित रूप से अपहृत युवती आखिरकार स्वंय थाने पहुंच गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली संडीला के अंर्तगत ग्राम सोम निवासी एक व्यक्ति ने 20 सितंबर को पुलिस को सूचित किया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री को अपहृत कर लिया गया है। उसने बाकायदा कुछ लोगों के नाम भी बताए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद मामले की छान बीन शुरू की। इसी बीच उक्त युवती स्वंय थाने पहुंच गयी जिसे देखकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। पूछने पर युवती ने बताया कि वह पढ़ी लिखी है और नौकरी की तलाश में कानपुर चली गयी थी। उसे जब यह जानकारी मिली कि उसके पिता ने उसके अपहरण कर रिपोर्ट लिखाई है तो वह वापस लौट आई। पुलिस अब युवती को कोर्ट में पेश कर उसका बयान दिलाने की तैयारी कर रही है।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**संडीला(हरदोई)।** घर से टहलने के लिए निकले 70 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के पुराना स्टेट बैंक वाली गली में रहने वाले रामनरेश द्विवेदी सुबह चार बजे रोजाना की भांति टहलने के लिए निकले थे। बताया जाता है कि वे जब रेलवे क्रासिंग पार कर रहे थे तभी माल गाड़ी आ गयी। जिसकी वे चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।

### करेंट से दुकानदार की मौत

**संडीला(हरदोई)।** विद्युत करेंट से एक दुकानदार की दुखद मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम माहू पारा मजरे महगवां निवासी पंकज पाण्डेय कपड़े की दुकान चलाते थे। वे दुकान बंद कर घर पहुंचे। घर में उनके कमरे का पंखा नहीं चल रहा था, उन्होंनें पंखे को बनाना चाहा परन्तु वे पंखे में प्रवाहित हो रहे बिजली के करेंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

### बम के साथ दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देशन में चलाये गये धर पकड अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी ने गश्त के दौरान आज सुबह किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खडे दो लोगों को बमो के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी रवीन्द्र श्रीवास्तव आज सुबह अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी ने संजय कुमार मौर्या पुत्र शिवराम मौर्या निवासी उत्तरी मुराइनटोला, फैजान उर्फ जुगनू पुत्र कल्लू निवासी लाला बाजार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन देशी बम बरामद करते हुए उनके विरूद्ध 4/5 एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

### तमंचा व गांजा समेत दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रविवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध तमंचा व गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार थाने में तैनात उपनिरीक्षक रमाकांत गिरी आज सुबह अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने राहुल मिश्रा पुत्र मुन्ना मिश्रा निवासी जमरावां को गिरफ्तार कर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। वहीं उसके साथी अनिल कुमार उर्फपूती पुत्र गुरूदीन निवासी गौराचुरियारा के कब्जे से एक किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया है।

### करंट की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम टीकर में शनिवार की शाम पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ जाने से एक लगभग 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार टीकर गांव निवासी शिवमोहन की पत्नी मालती देवी कल शाम लगभग पांच बजे कमरे में लगे टेबुल फैन जिस पर करंट उतर रहा था। जैसे ही उसने प्लग लगाने के बाद पंखे को छुआ करंट की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### ट्रेन से वृद्ध कटा, मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिलकापुर के समीप रेलवे लाइन पार करते समय एक लगभग 58 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजानीपुर गांव निवासी सूरजदीन का पुत्र रामलाल कल शाम चार बजे घर से किसी काम के लिए पैदल निकला था। तभी तिलकापुर गांव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय टेऊन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। शराब में जहर मिलाकर पीने से वृद्ध की मौत

### बीमारी से तंग आकर जहरीला पदार्थ पी लिया

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम घनश्यामपुर में शनिवार की देर शाम बीमारी से तंग एक लगभग 55 वर्षीय वृद्ध ने शराब में जहर मिलाकर पी लिया। हालत बिगडने पर उपचार के लिए सीएचसी ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार घनश्यामपुर गांव निवासी श्यामलाल का पुत्र रामनाथ जो शराब पीने का आदी था तथा बीमार भी चल रहा था। काफी इलाज कराया गया। लेकिन कोई फायदा न हुआ। आखिरकार बीमारी से तंग आ जाने के बाद उसने शराब के ठेका गया और वहां शराब में गेहूं में डालने वाली गोली मिलाकर पी लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए सीएचसी ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बाबत जानकारी मृतक के भाई रामशरण ने दी है।

### लेखपाल की मिलीभगत से हो रहा कब्जा

**फतेहपुर।** हल्का लेखपाल की मिली भगत से दबंग कर रहे अवैध कब्जा पीड़ित ने मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों से लगाईं न्याय की फरियाद ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा ललौली निवासी कमरूद्दीन खां ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उक्त कस्बे के निवासी दबंग उसकी पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। जिसका जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। थाने में शिकायत करने पर हल्का लेखपाल की मिलीभगत से थाना पुलिस को भी गुमराह करने का प्रयास किया था किन्तु थानाध्यक्ष ललौली ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सूझबूझ का परिचय देते हुए बगर राजस्व टीम की जांच के अवैध कब्जा के प्रयास को रोकने के लिए कहा गया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से टीम बनाकर मौके पर जांच करवाने की मांग की है। एसओ की सूझबूझ से दो दिन से तो अवैध कब्जा रुका हुआ है किन्तु जब स्थानीय लेखपाल की मिलीभगत हो ऐसे में पीड़ित को न्याय मिल पायेगा इसकी संभावना काफी कम है।

## नशे में धुत दो युवकों को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ में रविवार की दोपहर पुलिस ने रोड किनारे नशे में धुत अचेत पडे युवकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार थाने के रसूलपुर गांव निवासी कल्लू का 34 वर्षीय पुत्र मटरू व रामबहादुर का 30 वर्षीय पुत्र शिवप्रकाश आज दोनो साथ कस्बा बहुआ गये और शराब ठेके में जमकर शराब पीने के बाद रोड किनारे बेसुध होकर पडे थे। इसकी जानकारी जब क्षेत्रीय पुलिस को लगी तो मौके पर पहुंच दोनो को उपचार के लिए बहुआ कस्बा के ही सीएचसी ले जाया गया। जहां दोनो की हालत ठीक न होने पर चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया। जिस पर पुलिस ने दोनो को सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो घरों मे लगी आग, ग्रामीणों ने तत्काल पाया काबू



**मैलानी-खीरी।** थाना क्षेत्र के निकट वर्ती गांव कंधई मे रहने वाले राम दयाल पुत्र रामेश्वर ने अपने भाई प्रकाश के घास फूस की झोपड़ी, जिसमें भूसा भरा हुआ था, आग लगा दी। जिससे उसके पास रहने वाले वनवारी पुत्र सुरजी का भी घर के छप्पर में रखी। साढे छह हजार रुपये की नकदी तथा चारपाई दरवाजे विस्तर आदि जल गये। वनवारी ने आरोप लगाते हुए पुलिस को देते हुए राम दयाल पुत्र रामेश्वर पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना की तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सांसद रेखा वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मन रहा जश्न

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

- सदर चौराहा पर आतिशबाजी के बाद भाजपा ने मिठाई बांटी

**भारतीय जनता** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नेड्डा जी के द्वारा केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा करने के बाद धौरहरा की सांसद रेखा वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा बनाए जाने पर नगर में जशन का माहौल। नगर के सदर चौराहे पर सुरजन लाल वर्मा पूर्व अध्यक्ष सहकारी भूमि विकास बैंक उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पटाखे दागकर मिठाई वितरित की तथा केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया। भाजपा के नेताओं ने खुशी मनाते हुए कहाकि पार्टी ने सोच समझकर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से श्रीमती वर्मा को महत्वपूर्ण स्थान संगठन में दिया है इससे संगठन मजबूत होगा। मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी, विजय शुक्ला रिंकू ,ठाकुर प्रसाद गंगवार पूर्व जिला महामंत्री , शत्रोहन मिश्रा( नगर अध्यक्ष), अरुण अवस्थी ,कुलदीप वर्मा, सीमा सक्सेना,गीता विश्वकर्मा, अनुराधा बंसल ,दीपेंद्र गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष ,गौरव सिंह, प्रमोद वर्मा, हर्षल त्रिपाठी , धीरज बाजपाई,राजेश प्रजापति ,राम नरेश वर्मा, मनोज वर्मा, सचिन गुप्ता, विशेष वर्मा, ,ईश्वर दिन वर्मा, अंकुश महेश्वरी ,अमित शर्मा हिमांशु सिंह ,विजय मिश्रा, रविंद्र कटियार ,मिथिलेश गुप्ता ,अंकित महेश्वरी, पंकज बाजपेई, हरद्वारी लाल राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निरीक्षण में खुलती रहीं हैं धरती के भगवानों की पोल

संवाददाता। फतेहपुर

- अस्पतालों में मरीजों को नहीं दे रहे हैं चिकित्सक बेहतर सुविधाएं
- मनमाने तरीके से आवागमन कर मरीजों के प्रति रहे हैं बेरुखे

**जिले में** स्वास्थ्य महकमे की मनमानी व उदासीनता किसी से छिपी नहीं है। दूरदराज से आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों के साथ चिकित्सकों का बेरूखा अंदाज तथा इलाज के नाम पर पैसों की वसूली होती चली आ रही है। जब-जब जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया तब-तब इनकी पोल खुल कर सामने आई। एक बार फिर जब जिलाधिकारी संजीव सिंह ने हंसवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण अचानक कर लिया तो खामियां ही खामियां नजर आईं है' ।स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक सुलभता से पहुंचाने के लिए संजीदा जिलाधिकारी जिस तरह से निरीक्षण कर रहे हैं और अधिकारियों-कर्मचारियों को आगाह कर कार्रवाई कर रहे हैं उसके बावजूद इनकी मनमानी पर रोक नहीं लग पा रही है। डॉक्टरों का गैर जनपदों से आवागमन जारी है। वह अपने मुख्यालयों में निवास नहीं कर रहे हैं तथा मोटी फीस लेकर घरों से मरीजों को देख रहे हैं ।जब यह हालात यहां हों तो आम जनता को भला इस तरह से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं चिकित्सक कैसे मुहैया करा पाएंगे।' एक बात तो है कि जिस तरह से जिलाधिकारी ने बेलगाम चिकित्सकों एवं कर्मचारियों पर नकेल डालने की तैयारी की है ।उसका दांव सही बैठ गया तो अस्पतालों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने की उम्मीद बढ़ेगी ।इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने विभागीय भ्रष्टाचार पर भी अपनी पैनी निगाह लगाई है। खबर है कि कुछ प्रकरणों की जांच भी हो जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ सकता है। 'आम जनता के लिए धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सक भला भारी भरकम तनख्वाह पाने के बावजूद अपने उत्तरदायित्वों के प्रति इतने लापरवाह कैसे हैं ?' चिकित्सकों का खेल कई-कई जगह से चलता है ।कोई अपनी तैनाती घरों के पास के अस्पतालों में करवाए है,तो कोई जब मन होता है तब आता है और इसके लिए विभाग के उच्च अधिकारियों को इनके द्वारा बाकायदा नजराना दिया जाता है ।ऐसे लोगों पर भी 'जिलाधिकारी को पैनी निगाह रख सार्थक कदम उठाने होंगे। जिससे चिकित्सक अस्पतालों में पहुंचे,लोगों का इलाज करें और अपने दायित्वों का निर्वहन कर सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराएं।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक घायल

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद के** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते चौबीस घण्टे के अन्तराल में हुए सडक हादसों के दौरान बालिका समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिमौरा गांव निवासी रामलाल की 35 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी अपने पुत्र शत्रुघन के साथ मोटर साइकिल से चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली गांव रिश्तेदारी में गयी थी। आज सुबह लगभग दस बजे वापस लौटते समय वह अपनी भांजी साधना पुत्री राजकुमार निवासी खानपुर के साथ वापस लौट रही थी। बताते हैं कि बाइक जैसे ही बिन्दकी कस्बा चौराहा के समीप पहुंची तभी अचानक सडक पार कर रहे कुत्ते को टक्कर लग जाने के बाद अनियंत्रित होकर बाइक गिर गयी। जिससे बालिका समेत सुनीता, शत्रुघन व साथ में आ रहे कल्लू पुत्र बादल घायल हो गये। इसी क्रम में मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर गांव निवासी कमलेश की 19 वर्षीय पुत्री पूनम सिंह देर शाम अपनी सहेली के घर जा रही थी। जब वह सडक पार करने लगी तभी अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गयी। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हाजीपुर गंग निवासी रामकुमार का 30 वर्षीय पुत्र रामशंकर मोटर साइकिल से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर निकला तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। वहीं खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजराही गांव निवासी छेदीलाल का 50 वर्षीय पुत्र रामनरेश देर शाम साइकिल से बाजार जा रहा था। तभी वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। जबकि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मौहार गांव निवासी श्यामलाल का 35 वर्षीय पुत्र सुरेश आज दोपहर मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह चौडगरा दूध डेयरी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उधर सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने सुरेश की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया है।

# बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के प्रशिक्षण का समापन

**फतेहपुर।** बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। संचालन बीआरएस के राष्ट्रीय प्रवक्ता देवब्रत त्रिपाठी ने किया और मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय दिया। साथ ही जिलाध्यक्ष अंशू सिंह परमार और सदर अध्यक्ष श्रेष्ठ रस्तोगी द्वारा सभी के पदों की घोषणा की गई। समिति के उद्देश्यों, सिद्धांतो, लक्ष्य एवं अग्रिम गतिविधियों को लेकर एक कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि ने लोगो को अनुशासन, व्यवस्थापन, कार्यक्रमों का क्रियान्वयन का पाठ पढ़ाया और बुंदेलखंड का संक्षिप्त इतिहास भी बताया। गांव गरीब युवाओं को बुंदेलखंड जैसी सुविधाएं मिले और जनपद को चित्रकूट धाम मंडल से जोड़ने को लामबंद हुए युवा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला शक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष एड., विभा अग्निहोत्री एडवोकेट, सुनील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह चंदेल, करन सिंह, सुधांश प्रताप सिंह, जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, सचिन दीक्षित, जिला मंत्री संजय सविता, देवेंद्र सिंह, सदर उपाध्यक्ष प्रशांत रस्तोगी, सदरमंत्री अभिषेक गुप्ता, सदरउपाध्यक्ष अंकित सोनी, अमित सोनी, शिवम सोनी आदि उपस्थित रहे।



# शोरूम का किया गया शुभारंभ




**फतेहपुर।** शहर के चौक स्थित चौगलिया में एक नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि रजा मोहम्मद ने फीता काटकर किया। संचालक अजहर जुगनू व साहिल ने बताया कि प्रतिष्ठान में जीरो नंबर से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों के सभी प्रकार के डिजाइनर ब्रांडेड कपड़े मिलेंगे। साथ ही छोटे बच्चों के खूबसूरत जूते चप्पल भी मिलेंगे। इस अवसर पर सभासद वसीम खान उर्फ राजू, सैफ खान, अजीम खुशनयाज, आसिफ आमिर, मोहम्मद आहत आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बिन्दकी रोड में देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 50 वर्षीय अधेड की मौके पर मौत हो गयी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। परन्तु समाचार लिखे जाने तक अधेड़ की शिनाख्त नही हो सकी थी।

# प्रमुख सचिव ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**संडीला( हरदोई )।** प्रमुख सचिव डिंपल वर्मा ने सीएचसी का निरीक्षण करने के साथ नगर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को देखा। प्रमुख सचिव एवं जनपद की नोडल अधिकारी डिंपल वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंनें विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली को देखा। विशेष रूप से उन्होंनें रोगी कल्याण समिति एवं कोविड सैंपलिंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंनें सैंपलिंग को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उनसे सीएचसी पर अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था कराने के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉ0 मसूद आलम ने अनुरोध किया जिसपर उन्होंनें कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंनें अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को भी देखा। इसके बाद श्रीमती डिंपल वर्मा ने नगर के वार्ड सं06 का निरीक्षण किया। उन्होंनें लोगों से सफाई व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंनें आगामी 1 अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग अभियान के लिए दिशा निर्देश दिए। इसके बाद वे मलेहरा में नव निर्मित शौचालय, निर्माणाधीन स्कूल परिसर और स्कूल ड्रेस सिलाई सेन्टर भी देखा। अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र सिहं, तहसीलदार अम्बिका चौधरी के अलावा सफाई निरीक्षक सौरव शुक्ला आदि भी मौजूद रहे।



निरीक्षण करतीं प्रमुख सचिव

# सेन्ट्रल जेल में बेकाबू कोरोना, 112 नये मरीज

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जनपद** में तो कोरोना रफ्तार से चल ही रहा है लेकिन अब लाख प्रयास के बाद आखिर सेन्ट्रल जेल भी कोरोना की गिरफ्त में है। जिसके चलते अब कोरोना बेकारू हो रहा है। रविवार को 111 नये मरीज सेन्ट्रल जेल में निकले है। जबकि पूरे जिले में 149 मरीज निकले है।

रविवार को सुबह फ्तेहगढ़ के कासिम बाग निवासी 37 वर्षीय पुरुष, शमसाबाद मुरेठी निवासी दो पुरुष, नगला सेठ निवासी 18 वर्षीय किशोरी, सीएचसी नवाबगंज निवासी 32 वर्षीय पुरुष, ग्राम खलवारा निवासी 40 वर्षीय पुरुष, मोहम्मदाबाद के सलेमपुर निवासी 55 वर्षीय महिला, रोहिला निवासी दो युवक, नगला चब्ब निवासी 8 वर्षीय बालिका, याकूतगंज नगला पजाबा निवासी 2 महिला एक 62 वर्षीय वृद्ध, खन्नी नगला निवासी 13 वर्षीय किशोरी, नगला खैरबंद निवासी 26 वर्षीय युवक, आवास विकास निवासी चिकित्सक, भोलेपुर निवासी 25 वर्षीय महिला, कादरी गेट मारबाडी मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय युवक, मोहल्ला बजरिया हरलाल निवासी 33 वर्षीय युवक, कुचिया मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय युवती, शहर के आजाद नगर निवासी 65 वर्षीय पुरुष, बरखिरिया निवासी 44 वर्षीय पुरुष, मोहम्मद अमीन खां निवासी 43 वर्षीय महिला, सिबिल लाइन निवासी 24 वर्षीय युवक, सरस्वती विधा मन्दिर जेएनबी रोड निवासी 23 वर्षीय युवक पॉजिटिव निकले है।

इसके साथ ही 112 एक साथ कोरोना संक्रमित सेन्ट्रल जेल में बंदी और बंदी रक्षक पॉजिटिव निकले है। जिससे सेन्ट्रल जेल में हड़कंप मचा है। फ्लिहाल रविवार को कोरोना नें पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिये। जनपद में अब तक कुल 2545 मरीज निकल चुके है। 38 की अब तक मौत हो चुकी है। 659 सक्रिय केस है।

## रखैल बनने से इंकार पर अनुज वधू को पीटा

**नवाबगंज, फर्रुखाबाद।** जब छोटे भाई की पत्नी ने जेठ की रखैल बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया तो बदले में उसे जेठ की प्रताडऩा का शिकार होना पड़ा। जेठ ने अनुजवधू की पिटाई कर दी। नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम रसूलपुर का घमयूईया निवासी रेहाना बेगम पत्नी जमालुद्दीन ने थाना पुलिस को तहरीर दी उसमें बताया मेरे जेठ सलामुद्दीन मेरे साथ मारपीट करते हैं और कहते हैं रखैल बन कर रहो। आज रविवार सुबह 10 बजे मुझे तथा मेरे पति को इसी बात को लेकर मारा पीटाए जिससे मेरे काफी चोटें आईं। मेरे पति को घर से निकाल कर भगा दियाए जबकि मजदूरी करके अपने बच्चों का गुजारा करते हैं। रेहाना ने कहा कि उसके जेठ दबंग किस्म के और पैसे वाले भी हैं इसलिए मेरे साथ मारपीट करते हैं। जबकि हम लोग एक ही घर में रहते हैं। कमरे अलग.अलग हैं। हमसे कई बार दबाव बनाया मेरी रखैल बन कर रहो। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मूसानगर रोड पर अतिक्रमण के चलते पैदल चलना मुश्किल, सीज वाहनों का भी जमावड़ा

संवाददाता। घाटमपुर

**वैसे** तो नगर के मुख्य चौराहे के साथ-साथ चारो राष्ट्रीय कृत मार्गों पर अतिक्रमण है और फुटपाथ गायब है पर मूसानगर रोड पर कुछ ज्यादा ही अतिक्रमण का मकड़ जाल है। जिसके चलते राहगीर बिशेष कर महिलायें व स्कूली बच्चे जान जाखिम में डाल कर निकलते हैं। जबकि इसी सड़क से जुम्मेदारों का रोजाना आना-जाना बना रहता है। पर वो भी लोगों की इस तकलीफसे ऑखें फेरे हुए हैं। चौराहे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तक वनवे सड़क है, सड़क चौड़ी करण के दौरान कार्य दायी कंम्पनी ने सड़क के दोनों ओर पक्के नाला बनवा कर राहगीरों के निकलने के लिए नाले के ऊपर पटियां रखवा दी थी, तथा राहगीर सुरक्षित चल सकें इसके लिये लोहं की जालियां भी लगवायी गयीं थी। लेकिन लोहे की जालियां उंखाड़ कर गायब कर दी गयीं हैं और नाले के उपर तक दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर रखा गया है। उधर दोनों ओर सड़क पर ही मूसानगर, गजनेर, रेवना, कोटरा-मकरंदपुर चंवर स्योढ़ारी और गजनेर-बांबुराहा मार्ग पर चलने बाले डग्गामार वाहन खड़े होकर सवारियां बैठाते रहते है। और कहीं थोड़ी सी जगह खाली दिखी तो लोग मोटर साइकिल निजी चौपहिया वाहन खड़ा करने से नही चूकते हैं। मूसानगर रोड पर ही सिविल जज न्यायालय के साथ-साथ थाना, तहसील, दूर संचार केंद्र, सीएचसी, जीवन बीमा कार्यालय, पालिका कार्यालय, दो महाविद्यायलय, और आधा दर्जन से अधिक इंटर कालेज व प्राथमिक विद्यालय हैं। इसके अलावा कई कोचिंग सेंटर, नर्सिंग होम संचालित हैं जिसके चलते दिन भर भीड़ बनी रहती है। तथा लोगों के साथ स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है। और जरा सी चूक होने पर जान खतरे में पड़ जाती है। नगर के लोंगों का कहना है कि न तो यहॉ के प्रशासनिक अधिकारियों और न ही जनप्रतिनिधियों ने नगर की इस जान लेवा समस्या के निदान के लिए कभी गम्भीरता से सोचा है, न ही नगर पालिका प्रशासन ने, जिसके चलते इस रोड में अतिक्रमण की समस्या दिनों दिन बिकराल होती जा रही है। उधर पुलिस और आरटीओ द्वारा समय-समय पर पकड़ कर सीज किये गये वाहन भी कोतवाली के सामने ही सड़क पर ही खड़े रहते हैं। येसा नही है कि आये दिन लगने वाले जाम को लेकर जुम्मेदारों का ध्यान न आर्किर्षत न किया गया हो पर फुटपाथी अतिक्रमण दिनों-दिन बिकराल होता जा रहा है। कई दुकानदारों ने बताया कि अपनी दुकानदारी प्रभावित होने का वास्ता दे सीज बाहनों को दुकानों के सामनें न खड़ा करने की फरियाद भी अधिकारियों से की है पर सीज वाहन सडक पर ही खड़े किये जा रहे हैं जिससे यातायत बाधित रहता है।

# बाइक सवार बदमाशों ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी के कुण्डल नोच लिए

संवाददाता। नवाबगंज;फर्रुखाबाद

**अपराध** चरम पर है और अपराधियों के हौसले भी बुलन्द हैं। बाइक सवार बदमाशों ने सेवानिवृत्त फौजी की पत्नी के कान के कुण्डल नोच लिए। थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पीड़ित से ही उल्टे.सीधे सवाल.जवाब किएए जिससे वह तहरीर लेकर वापस चला गया।

थाना क्षेत्र के कस्बा चिकन वाली गली निवासी सेवानिवृत्त फौजी स्व.भानु प्रताप जाटव की पत्नी शारदा देवी अपने पुत्र सौरभ के साथ बाइक पर अपनी पुत्री कुसमा को लेकर उसकी ससुराल एटा अरुणा नगर छोडने जा रही थी। बाइक उनका पुत्र सौरभ चला रहा था। अचानक नवाबगंज वीरपुर में बंद पड़े भट्टे के पास पीछे से अपाचे सवार तीन बदमाशों ने गाड़ी को ओवरटेक करके पीछे बैठी शारदा देवी के कान के कुंडल चलती गाड़ी पर ही लूट लिए। जब तक शारदा देवी कुछ समझ पाती तब तक लुटेरे तेजी से अचरा रोड की तरफसे भागे महिला चीखी चिल्लाईए लेकिन किसी ने नहीं सुनी। पुत्र ने गाड़ी रोककर मां और बहन को रास्ते में उतार बाइक का पीछा करना शुरू किया । लुटेरे इतनी तेजी से निकले कि सौरभ को उनकी परछाई भी ना मिली। घटना लगभग 3. 30 बजे की बताई जाती है।

सौरभ ने थाने पहुँचकर लूट की तहरीर दरोगा जितेंद्र कुमार को दी तो उल्टा दरोगा सौरभ से ही सवाल जवाब करने लगे। जिस पर पीड़ित थाना से तहरीर देकर चला गया। पीड़ित सौरभ का कहना है। कि जब उसके साथ लूट की घटना हुई है ऐसे में पुलिस को पहले मां के कानों का खून चाहिए तब जाकर वह लूट की घटना को सही मानेंगे। इस संबंध में थाना प्रभारी आर के शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अभी उन्हें जानकारी नहीं है। जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### आखिर कब सुधरेगी खाकी

**लूट और चोरी** की घटनाओं के प्रति पुलिस का रवैया सदैव संवेदनहीन रहता है। पुलिस को पीड़ित का दर्द नहीं दिखाई देता,उसे सिर्फ इस बात की चिन्ता रहती है कि वह अपना रिकार्ड कैसे नीट एंड क्लीन रखे। रविवार हुई लूट की घटना में खाकी का सम्वेदनहीन चेहर फिर सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उससे उल्टे.सीधे सवाल किए। न ही पुलिस मौके पर गयी और न ही पीड़ित से घटना की जानकारी ली। उल्टे पीड़ित से कहा यदि कुण्डल नोचे हैं तो कानों से निकला खून दिखाइये। पुलिस को समझना चाहिए कि वह लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात की गयी हैए न कि अपराधों को दबाने के लिए। पुलिस के इस रवैये के कारण ही अपराधों पर लगाम नहीं लग पाती। कप्तान साहब! अपनी टीम को सुधारिए अन्यथा जनता की नजर में पुलिस की छवि गिरती जायेगी।

## भर्थना में चार नए कोरोना संक्रमित

**भर्थना।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी इटावा के कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नगर के विभिन्न मोहल्लों में तीन एवं ग्राम कुंवारा में एक व्यक्ति को कोरोना से संकरण पाया गया है ।सूचना प्राप्त होते ही नगर क्षेत्र के सभी स्थानों पर पालिका के कोविड प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह भदोरिया द्वारा सभी संक्रमण व्यक्तियों के घरों के आसपास बैरिकेडिंग कराई एवं सैनिटाइजेशन का कार्य कराया। कार्य कराते समय सभासद अंशु सिंह व पालिका के सफाई प्रभारी राजेंद्र कुमार सफाई नायक बृजेश कुमार व विमल कुमार आदि उपस्थित रहे एवं डॉ रवि राजपूत की टीम के लैब टेक्नीशियन विजय कुमार गुप्ता मोहम्मद अजहर आदि के द्वारा नगर एवं आसपास क्षेत्र में 3 दर्जन से अधिक व्यक्तियों की कोविड.19 की जांच की गई ।स्वास्थ्य विभाग के आलोक यादव आदि के द्वारा संबंधित व्यक्तियों को संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# पौधरोपण के उपरांत अंत्येष्टि स्थलों पर चला 107वें चरण का सफाई अभियान

संवाददाता। औरैया



**एक** विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा रविवार को प्रातः 7 बजे जीवनधारा पौधारोपण अभियान व पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत यमुना तट को क्लीन व ग्रीन रखने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत समिति के सदस्यों द्वारा यमुना तट पर पीपलए बरगद व पकड़िया आदि के पौधों का ट्री गार्ड लगाकर पौधारोपण किया गया तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी सदस्यों को सौंपी गईए तथा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थलों पर 107 वें चरण के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गयाए समिति के सदस्यों द्वारा सफाई यंत्रों के सहयोग से अंत्येष्टि स्थलों पर फैला हुआ लगभग 3 क्विंटल कूड़ा.करकट व अपशिष्ट गड्ढे में एकत्रित कर आग द्वारा नष्ट किया गयाए अभियान के उपरांत यमुना तट पर स्थित राम झरोखा में बैठक का आयोजन किया गया उसमें प्रमुख रूप से समिति द्वारा सर्व समाज की अति निर्धन वर्ग की अविवाहित बालिकाओं के विवाह हेतु सर्वसम्मति से विचार विमर्श किया गया जिसके अंतर्गत संगठन के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों की अविवाहित लड़कियों के विवाह में समिति द्वारा पहले भी यथासंभव मदद की जाती रही हैए इस पुनीत कार्य में समिति के सदस्यों के साथ.साथ नगर के दानवीरों द्वारा भी सहयोग किया जाता हैए समिति अब स्वयं अपने स्थान पर वैवाहिक आयोजन को वैदिक रीति.रिवाज के साथ विधिवत संपन्न कराने पर विचार विमर्श कर रही है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी में बाढ़ आने के कारण सफाई अभियान स्थगित कर दिया गया थाए स्थिति सामान्य होने पर समिति के सदस्यों द्वारा यमुना तट का सौंदर्यीकरण व अंत्येष्टि स्थलों पर सफाई अभियान अनवरत जारी रहेगा। अभियान के समापन पर अंत्येष्टि स्थलों की प्रतिदिन साफ सफाई करने वाले सफाई कर्मी रज्जन बाल्मीकि को यमुना घाट सेवा समिति के सदस्य केएन गुप्ता ने मासिक वेतन रुपया दो हजार प्रदान किया। समिति के संस्थापक ने बताया कि यमुना तट पर आने वाले लोगों की सुख सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में सदर विधायकए औरैया की निधि रुपया पंद्रह लाख से सौंदर्यीकरण कार्य आगामी माह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ किया जाएगा।

## हिस्ट्रीशीटर तमंचा सहित गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** थाना कोतवाली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक भानु प्रताप सिंह मय हमराही कांस्टेबल सचिन कुमार के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर नगला नरिया स्थित मुर्गी फार्म के पास से एक नामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसकी तलाशी के दौरान 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार 22 वर्षीय बदमाश ने अपना नाम रिंकू उर्फ बिग्रेडियर उर्फ मुनील यादव पुत्र स्वर्गीय कायम सिंह यादव निवासी नगला नरिया बताया है। पुलिस के मुताबिक यह बदमाश अपने अन्य साथियों के साथ आए दिन चोरी लूट इत्यादि करता रहता है। और इसका नाम क्षेत्र की टॉप टेन अपराधियों की सूची में दर्ज है। पुलिस ने उक्त बदमाश को सुसंगत धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है।

### मारपीट में घायल

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम कॉलोनी में दबंगों द्वारा संजय पुत्र सतपाल को घायल कर दिया जिन्हें उनकी पत्नी द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भाजपा ने माना पंचायत चुनाव पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**मंडल** प्रवास के दौरान दूसरे दिन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल ने अमृतपुर विधानसभा के अमृतपुर सलेमपुर एवं नवाबगंज मंडल की बैठक संपन्न की। जिसमे उन्होंने पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं की जब्ज टटोली। उन्होंने माना की आगामी पंचायत चुनाव पार्टी के लिए बड़ी चुनौती है। लिहाजा सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ चुनाव की रणनीति में जुट जायें। कस्बे के एक स्कूल में आयोजित बैठक में बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नें कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है बूथ पर कार्य करने वाला कार्यकर्ता संगठन के माध्यम से पार्टी को शीर्ष स्तर पर ले जाने का कार्य करता है। आगामी पंचायत चुनाव पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती है इसलिए पंचायत चुनाव को जीतने के लिए बूथ कमेटियों को चुस्त-दुरुस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर पंचायत से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा एवं बसपा की विचारधारा परिवारवाद एवं वंशवाद से प्रेरित है। मायावती एवं अखिलेश यादव सत्ता में आकर जनता को गुमराह करने का कार्य करते हैं। कांग्रेस, सपा और बसपा नेताओं के परिवारों ने संपत्ति बनाने का कार्य किया। लेकिन भाजपा ने देश बनाने का कार्य किया है। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा कार्यकर्ता का कार्य है सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना इसके लिए बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क करने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कार्यकर्ता को संगठन के माध्यम से जन सेवा करने का अवसर मिलता है। जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष भास्कर दत्त द्विवेदी ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष अनुराग सिंह, विभिभेष सिंह,जिला, विवेक सिंह,अनिल अवस्थी, शांति स्वरूप मिश्रा,राजकुमार पाण्डेय, कन्हैया शुक्ला, रामतीर्थ कुशवाहा, अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहें। अमृतपुर विधानसभा के सलेमपुर मंडल की बैठक जमापुर मोड़ स्थित एक मैरिज लॉन में मंडल अध्यक्ष स्वदेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि प्रकाश पाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने संगठन के कार्यकर्ताओं को आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिये।

# घाटमपुर में फिर आठ कोरोना संक्रमित मिले



संवाददाता। घाटमपुर

**शनिवार** की तरह आज भी तहसील मुख्यालय की सीएचसी घाटमपुर में कोरोना वाायरस संक्रमित निकले जबकि बिकास खंण्ड पतारा सीएचसी की मेडिकल टीम ने गांव हिरनी में कैम्प लगा कर 93 लोगों की जॉंच की, चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि जॉंच में सभी निगेटिव पाये गये हैं। भीतरगांव की सीएचसी में बीते शनिवार की तरह आज भी 3 लोग संक्रमित पाये गये जबकि घाटमपुर सीएचसी में शनिवार को 5 संक्रमित पाये गये थे तथा आज भी संक्रमित पाये गये सभी का होम आइसोलेश के लिये कहा गया है।

# डीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोरोना पॉजिटिव लोगों से पूछा हालाचाल

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** डॉक्टर दिनेश चंद्र ने आज केंद्रीय विद्यालय में संचालित कोविड अस्पताल एल 1 व जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में संचालित एल.2 कोविड हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान इलाज करा रहे कोविड.19 पाजिटिव व्यक्तियों से स्वयं वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने एल .1 व एल.2 कोविड हॉस्पिटल में भर्ती कोविड.19 पाजिटिव व्यक्तियों से उनके खान.पानए उपचार तथा साफसफाई आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कोविड.19 में भर्ती मरीजों के लिए टॉफी बिस्कुट आदि भी उपलब्ध कराएं तथा निर्देशित किया कि मरीजों को वितरित करते रहें। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एल.1 व स्2 कोविड अस्पताल में इलाज करा रहे व्यक्तियों को किसी भी प्रकार से कठिनाई नहीं होनी चाहिये। इस पर नियमित रूप से विशेष ध्यान रखा जाए निरीक्षण के दौरान अपर सीएमओ डॉक्टर बी पी सिंहए एसडीएम सदर आनंद कुमार सिंहआदि उपस्थित रहे।

### मनोज निगम बने अध्यक्ष

**कानपुर देहात।** अकबरपुर की ऐतिहासिक रामलीला समिति का चुनाव रविवार को चुनाव निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष सम्पन्न हुआ। मनोज निगम को आम सहमति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। समिति के अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की घोषणा भी निर्वाचन अधिकारियों ने की। रविवार को अकबरपुर की ऐतिहासिक रामलीला समिति का चुनाव निर्वाचन अधिकारियों शिवशरण पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह आदि ने कराया।

## भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने को एकजुट हों कार्यकर्ता

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम मलाजनी के समीप एक होटल पर आयोजित सम्मान सामारोह कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष अजय धाकरे ने कहा कि कार्यकर्ता पंचायत चुनाव तथा एमएलसी चुनाव मे जुट जाये वे पार्टी की नीतियो को जन जन तक पहुँचाये पार्टी मे हर कार्यकर्ता का सम्मान है। भारतीय जनता पार्टी जाति संप्रदाय से हटकर काम करती है। भाजपा सरकार में सभी वर्गों का ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी चाहे कोई भी अधिकारी हो कार्यकर्ताओं की बात न सुनने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। कार्यक्रम से पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे ने सभी पत्रकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम संयोजक विवेक शाक्य गुड्डू ने जिलाध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान इटावा विधानसभा प्रभारी मुकेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया मंत्री शिवाकांत चौधरी, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग बिरला शाक्य, राकेश पाल आदि मौजूद रहे।

# महिला पर साया देख चोरी के आरोपी ने तालाब में लगाई छलांग

- कड़ी मशक्कत के बाद तालाब से निकाला गया बाहर आरोपी को

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जेवरात** का झोला गायब करने के आरोपी ने जब देखा कोई महिला पर भूत आ गया तो घबराकर उसने तालाब में छलांग लगा दी। कड़ी मसक्कत के बाद उसको बाहर निकाला गया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

मामला दरअसल यह है कि बरेली के सादिकपुर निवासी युवक के साथ एक महिला निवासी आनन्द पर्वत दिल्ली से बस द्वारा अपनी रिश्तेदारी में मऊ शाहजहाँपुर जा रही थी। महिला की तबियत ठीक नही थी। महिला के साथ आ रहे युवक बसीम नें बताया कि महिला उसकी रिश्तेदार है, और वह दिमागी रूप से कुछ परेशान है। युवक नें महिला पर भूत आने का दावा किया। युवक नें बताया कि दिल्ली से चलते समय उसका झोला गायब कर दिया गया। झोला गायब करनें वाले एक आरोपी को वह लोग बस से फर्रुखाबाद बस अड्डे ले आये।

अचानक महिला की तबियत खराब हुई तो चोर के पैरो तले जमीन खिसक गयी ।घवराये चोर नें बस अड्डे के निकट एक तालाब में छलांग लगा दी। कड़ी मसक्कत के बाद उसे बाहर निकाला जा सका। घटना की सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर आ गयी। चौकी इंचार्ज हरीओम त्रिपाठी नें बताया कि मामले में जाँच की जा रही है। जाँच के बाद कार्यवाही होगी।

## भारतीय किसान संघ बिल से सहमत नहीं

**इटावा।** 5 जून 2020 को केंद्र सरकार द्वारा किसान बिल के सन्दर्भ में तीन अध्यादेश लाए गए और जिन्हें संसद में पारित कानूनी जामा पहना दिया गया है। भारतीय किसान संघ एक गैर राजनीतिक किसानों का जन संगठन है इसलिए भारतीय किसान संघ सदैव से किसान हित की बात अपने संगठन की कार्यपद्धति के आधार पर करता रहा है। किसानों का पक्षकार है । केंद्र सरकार द्वारा अभी हाल में जिन 3 अध्यादेशो को संसद में पारित कर कानून बनाया है भारतीय किसान संघ उनसे पूर्णता सहमत नहीं है। और व्यापक किसान हित व देश हित चौथा अध्यादेश लाकर उसे कानूनी जामा पहनाने की मांग कर रहा है जो इस प्रकार से है कि कृषि उपज की देश मे कहीं भी होने वाली खरीद को न्यूनतम समर्थन मूल्य;उेचद्ध पर खरीद की गारंटी कानून मिले इसके लिए अलग से कानून लाएं व्यापारियों का पंजीकरण केंद्र तथा राज्य में बैंक सिक्योरिटी के साथ हो और उसकी जानकारी सरकारी पोर्टल के माध्यम से हो। कृषि संबंधी सभी प्रकार के विवादों के लिए स्वतंत्र कृषि न्यायाधिकरण की स्थापना की जाए तथा ये विवाद किसान के जिले में ही तीव्र गति से निस्तारित किए जाए। आवश्यक वस्तु सुधार अधिनियम 1955 में संशोधन की अस्पष्टता को व्यापक जनहित में और स्पष्ट किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों का सामना ना करना पड़े। ये सब उपरोक्त बातें आज इटावा में किसान संघ के बैनर तले भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अधिकारी एवं इटावा जिले के प्रभारी डॉण् सर्वेश सिंह भदौरिया ने प्रेस वार्ता में कहीं प्रेस वार्ता में भारतीय किसान संघ इटावा के जिला अध्यक्ष श्रीमन नारायण तिवारी प्रांतीय सयोजिका श्रीमती सुशीला राजावत जिला महिला प्रमुख प्रीती चतुर्वेदी नगर महिला प्रमुख श्रीमती वर्षा दुबे व श्री उदय वीर सिंह आदि किसान संघ के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। डॉण् सर्वेश भदौरिया ने विशेष रूप से किसानों के फसलों के अव विशिष्ट ; पराली द्ध डिस्पोजल में उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस संदर्भ में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जनवरी 2020 में पारित आदेश को पूर्ण रूप से लागू किया जाए और किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान एवं दंडित न किया जाए तथा विगत समय में इससे संबंधित उन पर लगे मुकदमे वापस हो।

## दो लोगों ने खाया जहर

**इटावा।** जनपद के अलग.अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगों ने विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। प्रथम घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आलमपुरा सुनील कुमार पुत्र श्याम बाबू उम्र 30 साल ने विषाक्त पदार्थ का सेवन किया। दूसरी घटना फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला शकुंतला नगर में 30 वर्षीय शैलेंद्र कुमार पुत्र रामवीर ने भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया । जिन्हें परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### चौधरी जसवंत सिंह की 30वीं पुण्यतिथि मनाई

**भर्थना।** चौ जसवंत सिंह महाविद्यालय नगला छोटे में चौ जसवन्त सिंह जी की 30 बी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनकी याद में महाविद्यालय परिवार द्वारा व्रहद पौधरोपण का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रबधक संस्थापक डॉ राम नरेश सिंह यादव, प्रबंध निदेशक गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

# बंद रहा एरवाकटरा बाजार

संवाददाता। एरवाकटरा औरैया

**समाजवादी** पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रानू पालीवाल के चाचा धर्मेंद्र पालीवाल के आकस्मिक निधन पर आज कस्बे में शोक छाया रहा और सभी व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। यहां तक कि शनिवार को लगने वाला साप्ताहिक सब्जी बाजार भी नहीं लगा। कोरोना महामारी के डर को पीछे छोड़ते हुए भारी तादात में लोग उनके अंतिम दर्शन को पहुंचे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

ज्ञातव्य हो कि समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रानू पालीवाल के चाचा धर्मेंद्र पालीवाल लंबे समय से फेफड़ों के संक्रमण से ग्रसित थे और कानपुर के रीजेंसी हास्पिटल मैं पिछले 1 महीने से भर्ती थे। लंबे इलाज के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। आज उनके निधन की सूचना जैसे ही एरवाकटरा कस्बा वासियों को हुई ए देखते ही देखते सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। यहां तक कि शनिवार को एरवाकटरा में लगने वाला साप्ताहिक सब्जी बाजार भी आज नहीं लगा। कोरोना महामारी के डर को पीछे छोड़ते हुए भारी तादाद में लोग उनके अंतिम दर्शन को पहुंचे और नम आंखों के बीच श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें अंतिम विदाई दी।

समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष रानू पालीवाल के चाचा धर्मेंद्र पालीवाल के निधन पर वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ नवल किशोर शाक्य, शेखूपुर के बीडीसी राहुल सविता, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजवीर यादव, समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिलाध्यक्ष धनदेवी यादव, पूर्व विधायक प्रदीप यादव, पूर्व राज्य मंत्री विनोद यादव कक्का, ब्लाक प्रमुख सुमन दिवाकर, समाजवादी पार्टी एरवाकटरा के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव एवं सुरेंद्र यादव, विक्कू तिवारी, बब्बी तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी श्री गांधी इंटर कॉलेज एरवाकटरा के प्रबंधक शैलेंद्र नारायण चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## जल निकासी न होने पर महिलाओं ने काटा हंगामा

# इंटरलॉकिंग कार्य रुकवा कर मजदूरों को खदेड़ा

**कदौरा** (जालौन)। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा डाली जा रही इंटरलाकिंग सड़क में जल निकासी न होने से गुस्साए मुहल्ले वासियों ने काम बंद कराते हुए प्रदर्शन किया मुहल्ले वालो का उग्र रूप देख कर कार्य कर रहे मजदूर भाग गए सूचना पर पहुचे प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन मुहल्ले वाले बोले जब तक जल निकासी व मानक के अनुसार कार्य नही होगा तो काम बंद रहेगा। गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला सिद्धार्थनगर में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा इंटरलाकिंग का कार्य चल रहा है शनिवार को मुहल्ले की रामदास गुड़िया रानी रजनी नीतू शिवकुमार कमला मालती अरविंद आदि लोगो ने नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत कर बताया था कि मुहल्ले में डल रही इंटरलाकिंग में गुडवत्ता विहीन सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है और जल निकासी की व्यवस्था नही की गई है जिससे पानी घरो के अंदर घुस रहा है जिस पर ईओ ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया रविवार को जैसे ही ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू किया तो मोहल्लेवासी एकत्रित हो कर नारेबाजी करने लगे और कार्य कर रहे मजदूरों को कार्य करने से मना कर दिया और निर्माणधीन गुणवत्ताविहीन नाली को तोड़कर सूचना एसडीएम जयेन्द्र कुमार को दी। सूचना मिलने पर एसडीएम की अगुवाई में नगर पंचायत ईओ सुनील कुमार सिंह अवर अभियंता बृजेन्द्र कुमार व पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया जिस पर महिलाओं ने प्रशासनिक अधिकारियों का घेराव करते हुए बताया कि इंटरलॉकिंग मानक के अनुसार नही हो रही है। मसाला खराब लगाया जा रहा है जल निकासी की व्यवस्था सही नही है ठेकेदार पर कार्यवाही होना चाहिए। मौके पर पहुचे चेयरमैन मो. जमीर आलम ने आक्रोशित महिलाओं को शांत कराया एसडीएम जयेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से इंटरलॉकिंग का कार्य हो रहा है जो मानक के अनुसार न होने पर जांच के आदेश दिए हैं और लापरवाही बरतने वालों की शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे। नगर पंचायत ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 100 मीटर इंटरलॉकिंग है। ठेकेदार द्वारा नगर पंचायत को बगैर सूचना के कार्य करवाया जा रहा था।

# परछा गांव में गौशाला के मवेशी फसल कर रहे बर्बाद

**मौदहा ( हमीरपुर )।** परछा गांव में ग्राम प्रधान गौशालाओं में बंद गायों को चारा न देकर उनको भूखे रख रहे है। सभी जानवर दिन भर दूसरे के खेतो की फसल नष्ट कर रहे है जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। गायों की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए हर संभव शासन से प्रयास किए जा रहे हैं जिस पर सरकार अधिक से अधिक मात्रा में धन प्रदेश के ग्राम पंचायतों को निर्गत कर रही है। मौदहा तहसील स्थित परछा गांव से जहां पर सरकार द्वारा सरकारी गौशाला तो बनवाया गया है लेकिन प्रधान द्वारा उसमें खाने पीने की व्यवस्था नहीं की गई है जिसको साफतौर पर यह कहा जा सकता है कि गायों का हक प्रधान निसंकोच खाए जा रहा है। गांव के ही एक किसान ने बताया कि शाम ढलते ही सभी जानवरों को एकत्रित करके गौशाला में बंद कर दिए जाते हैं एवं सुबह होते ही गौशालाओं से सभी जानवर छोड़ दिए जाते हैं जिससे छूटे हुए सभी जानवर हमारे खेतों में आकर पूरी फसल चट कर रहे हैं। प्रधान सरकारी आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं जिससे गांव के अधिकतर किसान इन जानवरों से तंग आकर रोना रो रहे हैं। प्रधान जानवरों के खाने पीने के लिए आए हुए पैसों से खुद गुलछर्रे उड़ा रहे हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना सुमेरपुर का किया निरीक्षण

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** जनपद के नए एसपी अजय कुमार सिंह ने शनिवार की देर शाम को थाना सुमेरपुर का औचक निरीक्षण किया और थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बांदा से जिला मुख्यालय हमीरपुर वापस जाते समय एसपी ने वहां पहुंचकर कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, भोजनालय, तथा अभिलेखों के रख रखाव आदि का निरीक्षण किया इनसे संबंधित पुलिस कर्मियों और थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ष्ट्वपुलिस सूत्रों से यह भी पता चला है थाना सुमेरपूर के आवश्यक अभिलेख निरीक्षण के लिए हमीरपुर ले जाए गए हैं।

## आंत फटने से हुई कोरोना ग्रसित बच्ची की आगरा में मौत

संवाददाता। हमीरपुर

**कोविड-19** की चपेट में आकर जान गंवाने वाली राठ कस्बे के मुगलपुरा मोहल्ले की 13 साल की बच्ची टीबी रोग से ग्रसित थी। सीएमओ डॉ.आरके सचान ने बताया कि बच्ची का शुरुआती इलाज झांसी मेडिकल कॉलेज में चलता रहा। लंबे समय तक चले इलाज के बाद वो ठीक भी हो गई थी। मगर बीच में पुनरू टीबी की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि बच्ची को आंत की टीबी थी। इसके बाद इसके पिता बच्ची को उपचार कराने के लिए ग्वालियर ले गए। जब वहां भी बच्ची ठीक नहीं हुई तो उसे लेकर आगरा आ गए। इस दौरान आवाजाही की वजह से बच्ची कोरोना की चपेट में आ गई। आगरा में कोरोना की पुष्टि के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन आंत फटने की वजह से बच्ची की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### जांच में अवैध पाए गए कब्जाधारक, मचा हड़कंप

**हमीरपुर।** आज कुरारा नगर पंचायत टीम ने कांशीराम कालोनी आवास मे जांच कर पाया कि आवासों मे 68 लोग अवैध रुप से कब्जा कर अपना निवास बनाये हुए है। जानकारी के मुताबिक भौली रोड पर 180 आवास बने हुये है जांच मे सामने आया कि जो 24 आवास आवंटित हुये है। उनमे कोई निवास नही कर रहा है यही नही जांच मे पाया कि आवासों में कोई भी आवंटित परिवार न रहकर लोग किराये पर उठाये हुये है जब कि जरुरतमंद लोग इधर उधर भटक रहे है। जांच में नौ आवास ऐसे पाये गये है जिसमे लोग ताला तोडकर कब्जा किये हुये है। ईओ राजेश चौरसिया ने बताया कि जो लोग अवैध कब्जा किये हुये है उनको बेदखल कर जरुरतमंद लोगों को दिया जायेगा ताकि लोग रहसके।

### हमीरपुर में धड़ल्ले से बिक रहा खुला सरसों का तेल

**हमीरपुर।** जिले में खुला सरसो का तेल दुकानों में धड़ल्ले से बिक रहा है। जिससे तरह तरह की बीमारी जन्म ले रही है। जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि सरसो का तेल दुकानो में बंद पैक में विकेगा मगर अस्सी फीसदी दुकानों में तेल डिब्बो में कानपुर से लाकर विक रहा है। मगर इस मामले में कोई कार्यवाही नही की जा रहीहै जिससे संक्रामक रोग फैल रहा है। यदि इसी प्रकार तेल की विक्री होती रही तो वह दिन दूर नही जब पूरा जिला संक्रामक रोग की चपेट में नही आ जायेगा मगर खाद्य सुरक्षा विभाग इस ओर कोई कार्यवाही नही कर रहा है। डाक्टरो का कहना है कि यह खुला तेल पेट के रोग के लिये बहुत ही घातक है सरकारी अस्पताल में पेट के रोगियों का बढ़ना सरसो का खुला तेल का उपयोग करना है।

### अश्लील हरकत करते महिला समेत दो गिरफ्तार

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के खरौज मोड के पास अश्लील हरकते हुये एक पुरुष व दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुरारा निवासी पारुल व खरौज निवासी कपिल, अनिरुद्ध को अश्लील हरकते हुये पाया गया उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बीडीओ ने देखे दो गांवों के विकास कार्य

**कदौरा (जालौन)।** शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की हकीकत परखने के लिए रविवार को बीडीओ अतिरंजन सिंह ने क्षेत्र के ग्राम खुटमिली में कराए गए विकास कार्यो का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय, परिषदीय विद्यालय में कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यो, पंचायत भवन व सहित सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होंने ग्राम पंचायत से बनाए जा रहे सामुदायिक शौचालय की गुडवत्ता परख कर मानक के अनुसार निर्माण करने के आदेश दिए साथ ही गांव में जगह जगह लगे कूड़े के ढेर गंदगी देख कर नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही का आश्वासन दिया। खुटमिली गांव में निरीक्षण के उपरांत बीडीओ ने सहादतपुर रोगी में निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर मनरेगा कार्यो की स्थित देखकर श्रमिकों से बात की। बीडीओ अतिरंजन सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत पेटिका लगवाने के निर्देश सचिवों को दिया है। सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर दो सफाई कर्मियों को नोटिस जारी किया जा रहा है कार्यवाही होगी।

### लेनदेन के विवाद में आठ के विरुद्ध मामला दर्ज

**जालौन (उरई)।** पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में में विवाद हो गया तथा दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। चौराहे पर हो रही मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आपस में झगड़ा कर रहे आरोपित भाग गये। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस दोनों पक्षों के 4-4 लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। थाना सिरसा कलार के ग्राम तरसौर निवासी देवेश शिवहरे पुत्र ठाकुरदास तथा राजेन्द्र नगर उरई निवासी नीलेन्द्र शिवहरे उर्फनीलू पुत्र सुरेश का आपस में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद था। शनिवार को देवेश शिवहरे अपनी देवनगर चौराहे पर स्थित दुकान पर बेठे थे इसी दौरान वहां नीलेन्द्र अपने 3 साथियों के साथ मौके पर पहुंच गये तथा पैसों के लेनदेन को लेकर बहस होने लगी इसी दोनों पक्षों में झगड़ा होने लगा। कोतवाली के बगल में हो रही मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक मारपीट के बाद सब लोग गायब हो गये। पुलिस ने नीलेन्द्र तथा 3 अज्ञात लोगों व नीलेन्द्र की शिकायत पर देवेश, दीपक शिवहरे तथा 2 अज्ञात लोगों के खिलाफमामला मामला दर्ज कर लिया तथा आरोपितों की तलाश कर रही है।

### महिला ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौत

**उरई (जालौन)।** कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम बसोब निवासिनी महिला ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या जानकारी के अनुसार सुमित्रा (52)वर्षीय पत्नी बलराम अहिरवार बसोब कोंच जालौन मृतिका के बड़े पुत्र ने पुलिस को सूचना दी और बताया कि कल से मेरी माता घर से लापता हो गयी जब घर पर दिखाई नही दी तो बहुत खोजबीन की लेकिन कहीं पता नही चला। आज सुबह सूचना मिली कि विरगुवा खुर्द गांव के रेलवे लाइन के पास एक महिला मृत अवस्था में पड़ी है जब मैंने जाकर देखा तो मेरी माता सुमित्रा थी। इसके बाद मैंने पुलिस थाने में सूचना दी मृतिका के बड़े लड़के ने बताया कि हम दो भाई व दो बहिन हैं जिनमे मेरा छोटा भाई संजय की शादी नहीं हुई। पिरौना चौकी प्रभारी शीलवंत ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रैक्टर से दबकर हुई मासूम की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** मासूम ने खेल में घर से ट्रैक्टर की चाबी उठाकर गियर में खड़े ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया। जिससे ट्रैक्टर चल पड़ा और ट्रैक्टर के नीचे दबकर नौनिहाल की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने आनन-फानन में बालक को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला आजाद नगर निवासी शराफत खान उर्फराजू का 4 वर्षीय पुत्र अजीम खान घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह घर से चाबी ले आया और घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर में लगाकर स्टार्ट कर दिया। ट्रैक्टर गियर में खड़ा होने के कारण चल पढ़ा और अनियंत्रित होकर बालक ट्रैक्टर से नीचे गिरकर पहिए के नीचे दब गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मासूम को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने तमंचे सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अपराध नियंत्रण हेतु हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक ने मुखबिर की सूचना पर गुरसहायगंज बरगवां रोड से ज्ञानपुर जाने वाले मार्ग तिराहा पर एक संदिग्ध युवक पुलिस बल देख कर भाग खड़ा हुआ। जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर एक 315 बोर का अवैध तमंचा व एक कारतूस सहित दबोच लिया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

### मेड़ के विवाद को लेकर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** मेड के विवाद को लेकर एक युवक को तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम पठकनपुरवा निवासी रिजवान पुत्र जुल्फिकार द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन वह खेत में कृषि कार्य कर रहा था। गांव के ही फैजान खान, आमिर खान, फैसल खान आए और खेत की मेड के विवाद को लेकर उससे अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

# नदी न पार कराने पर नाविक के पुत्र को पीटा

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**सिसोलर थाना** क्षेत्र के ग्राम छानी में एक नाविक के पुत्र को गांव के ही युवकों ने नदी न पार कराने के चलते मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया वही परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती हालत नाजुक होने के चलते सदर अस्पताल रिफर बताते चलें कि सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम छानी के नाविक बच्चीलाल ने सिसोलर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि कि वह गांव की ही नदी में नाव चलाने का कार्य कर अपनी जीविका चलाता है।

उसी प्रकार आज भी वह नदी में अपनी नाव चला घाट पर बैठा था तभी दोपहर गांव के ही पंकज तिवारी दो अज्ञात युवकों के साथ घाट में आया और नदी पार कराने की कहा तो नाविक बच्ची लाल ने कहा कि अभी हम लोग भोजन कर रहे हैं भोजन करने के बाद नदी पार करा देंगे इसी बात को लेकर पंकज उस पर आग बबूला हो कर गाली गलौज करने लगा यह देख कर नाविक बच्चीलाल का पुत्र वरदानी आ गया उसने अपने पिता को गाली देने से मना किया तो पंकज व उसके साथियों ने पास में पड़ी राड द्वारा उसे मारने लगे प्रार्थी के लाख मना करने पर भी नहीं माने और उसके पुत्र को लहूलुहान कर दिया।

यह सब शोर सुनकर पास के सभी लोग आ गए तो पंकज और उसके साथी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए फिर बाद में सभी लोगों की सहायता से बच्ची लाल अपने घायल पुत्र वरदानी को तत्काल मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रिफर कर दिया।

## कर्ज-मर्ज से परेशान मजदूर ने फांसी लगाकर जान दे दी

**मौदहा, ( हमीरपुर )।** सिसोलर थाना क्षेत्र के गांव भैसमरी में आज सुबह एक मजदूर ने फांसी पर झूलकर अपनी जान दे दी है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेज दिया है। भैसमरी निवासी राजाभइया साहू (40) पुत्र भूरा मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरणपोषण करता था।बताया जाता है कि कुछ समय से बीमारी के चलते वह शारीरक परिश्रम नहीं कर पा रहा था।जिससे कि घर की आर्थिक स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई थी इधर उसके इलाज में भी पैसा खर्च हो रहा था। इलाज के लिए उसने गांव के ही कुछ लोगों से थोड़ा बहुत पैसा भी ले रखा था।कर्ज और मर्ज कज बोझ तले दबे राजाभइया का शव आज सुबह लगभग दस बजे गांव के ही किशनपाल के खेतों में एक बबूल के पेड़ पर टंगा पाया गया है। ग्रामीणों की सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची सिसोलर पुलिस ने शव को फंदे से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी राममनी ने बताया कि वो लोग भूमिहीन हैं मेहनत मजदूरी ही जीविकोपार्जन का सहारा है।मृतक अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री तथा पत्नी को रोता विलखता छोड़ गया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# बढ़ते मरीजों को देखते हुए करें अस्पतालों में व्यवस्थाः डीएम


बैठक में निर्देश देते डीएम शेषमणि पाण्डेय।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट में बने एकीकृत कोविड कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर में सीएमओ को निर्देश दिये कि डोर टू डोर सर्विलांस का कार्य ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में चलता रहे। प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त संख्या में टीमों का गठन कर शत-प्रतिशत घरों में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये। रविवार को डीएम ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ से कहा कि डोर टू डोर सर्विलांस का कार्य एवं कंटेनमेंट जोन में गहन सर्विलांस का कार्य करायें। अस्पतालों में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित रहें। धनात्मक मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने में लगने वाले समय एवं सुविधा की समीक्षा सीएमओ आदि करें। कोविड कमांड सेन्टर पर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लें। मरीजों की तादाद बढने को देखते हुए सभी अस्पतालों में व्यवस्थायें कर ली जाये। स्वास्थ्य परीक्षण को लगाई टीमों को प्रत्येक घर के लोगों का परीक्षण कराया जाये। कोई भी घर छूटने न पाये। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम के जो मरीज आयें उनका शत-प्रतिशत नमूना लिया जाये। डीपीआरओ संजय कुमार पाण्डेय तथा अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वच्छता के कार्य की सूचना अभियान के तहत एक अक्टूबर से प्रतिदिन उपलब्ध करायें।

# ई-चालान को लेकर जागरूकता अभियान

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर चौकी सीतापुर के दरोगा राकेश कुमार यादव ने रमेश निषाद पुत्र फत्ते निषाद निवासी कपसेठी के कब्जे से 15 लीटर महुआ की शराब बरामद कर चालान किया है। यातायात सह प्रभारी योगेश कुमार यादव ने वाहन स्वामियों को ई-चालान के प्रति जागरूक किया। पहाड़ी थाने के दरोगा संदीप कुमार सिंह ने प्रभुदयाल पुत्र सूरजबलि निवासी तौरा के कब्जे से 15 लीटर महुआ की शराब बरामद कर चालान किया है। रैपुरा थाने के दरोगा केसरी प्रसाद यादव ने बलराम विश्वकर्मा पुत्र रामकिशोर निवासी करौंदीकला के कब्जे से 15 पौव्वे देशी मस्ती शराब के प्राथमिक विद्यालय के सामने से बरामद कर गिरफ्तार किया है। यातायात सह प्रभारी योगेश कुमार यादव ने यातायात पुलिस की होर्डिंग ट्राफिक चौराहे में लगवाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। उन्होंने वाहन स्वामियों से कहा कि ई-चालान होने पर जो जुर्माना आन रोड़ जमा करते हैं। उसके अलावा एनआईसी से भी भुगतान कर सकते हैं। डिजिटल मोड पर भी जुर्माना अदा करने की सुविधा दी गई है। डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई निफ्टी, आरटीजीएस से भी ई-चालान भुगतान की सेवा प्रदान की गई है। वाहन स्वामी अपने घर बैठे ई-चालान का भुगतान कर सकते हैं।


चालान की जानकारी देते टीएसआई योगेश यादव।

### दो लोगों में विवाद के चलते हाथापाई

**जालौन ( उरई )।** रिश्तेदारी को लेकर हुए विवाद में दो लोगों के बीच हाथापाई का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी शाहरूख व सिकरी राजा गांव निवासी जलील अहमद रविवार की सुबह देवनगर चौराहे पर रिश्तेदारी को लेकर बातचीत कर रहे थे। तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ते हुए गाली, गलौज व हाथापाई तक पहुंच गया। जिसकी सूचना किसी ने कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंच दोनों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

## कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू फैलने से मचा हड़कंप

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में एक के बाद एक डेंगू के मरीज निकलने से वहां हड़कंप मचा हुआ है स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है। दवा आदि का छिड़काव कायदे से नहीं किया जा रहा है ष्ट्वइगोहटा व मवईजार में छिड़काव कराने की मांग ग्रामीणों ने की है ष्ट्वकस्बे की नई बस्ती गुटखा फैक्ट्री के पास डेंगू के मरीज लगातार निकलते जा रहे हैं ष्ट्वजिनका उपचार कानपुर व घाटमपुर आदि स्थानों में कराया जा रहा है। आधा दर्जन मरीज ठीक होकर घर लौट आए हैं वहीं एक महिला का इलाज अभी भी कानपुर में चल रहा है जो आईसीयू में भर्ती है। किरण साहू व आशीष साहू को बुखार आया था इनका परीक्षण कराया गया तो डेंगू के लक्षण पाए गए तो इन्हें कानपुर ले जाकर उपचार कराया जा रहा है। इसके पहले आधा दर्जन लोग मरीज डेंगू से प्रभावित पाए गए थे जो राहत मिलने पर वापस घर लौट आए हैं। ग्राम इगोहटा में 6 तथा मवईजार में डेंगू के 3मरीज निकलने से हड़कंप मचा हुआ है ष्ट्वये मरीज भी घाटमपुर, कानपुर व अन्य स्थानों के प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। इगोहटा के सचिव नितेश सिंह चंदेल ने मलेरिया अधिकारी से दवा का छिड़काव कराने की मांग की तो उन्होंने सोमवार को दवा का छिड़काव कराने की बात कही है। इगोहटा मे कुलदीप, राजेश, सोनू, मोनू तथा मवईजार में संतराम, विजेता व शांति डेंगू से प्रभावित पाए गए थे।

# सुरसेन गांव में करोड़ों की पेयजल योजना में धांधली

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के सुरसेन गांव में केन्द्र सरकार की तीन करोड़ 71 लाख की कल्याणकारी योजना घर-घर टोंटी से पानी पहुंचाने की योजना को ठेकेदार चन्देल कंस्ट्रक्शन्स कम्पनी व अवर अभियंता घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी धन को ठिकाने लगा रहा है। रविवार को खुलासा हुआ कि ठेकेदार व अवर अभियंता मिलीभगत कर कुछ दलालों के माध्यम से सीमेन्ट, सरिया औने-पौने दाम पर बेंच रहा है। अवर अभियंता एसके सिंह गांव में दबंगई दिखा रहा है। ग्रामीणों के पूंछने या देखने तक को अन्दर नहीं घुसने दे रहा है। दलालों को अपना अंगरक्षक बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड रहा है।

सुरसेन गांव में पेयजल योजना को चुस्त-दुरुस्त करने की गरज से केन्द्र व राज्य सरकार ने तीन करोड़ 71 लाख की सौगात ग्रामीणों को दी थी। उसमें घटिया बालू लगाकर मानक की खुलेआम धज्जियां उडा रहा है। गांव के समाजसेवी रमेश तिवारी, सोनू मिश्रा, हिन्दू वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने आरोप लगाया कि परियोजना को तीन भागों में बांट दिया गया है। दूसरी डिवीजन को दो करोड़ 13 लाख तथा अधीक्षण अभियंता सिविल वर्क को 98 लाख रुपये निर्माण वितरण यूनीसेफ को 60 लाख रुपये कार्ययोजना के लिए मंजूर किये गये हैं। तीनों यूनिटें मिलकर सरकारी धन का बंदरबांट कर रही हैं।

24 सितम्बर को जिलाधिकारी समीक्षा बैठक में सुरसेन गांव की परियोजना में गुणवत्ता परक कार्य न होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद भी दबंग जेई एसके सिंह ग्रामीणों से अभद्र बर्ताव करता है। जेई ने राजापुर थाने में कुछ पत्रकारों के खिलाफ साजिशन तहरीर भी दी है।

## एसडीएम ने राशन की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**कोंच ( जालौन )।** ग्रामीण इलाकों में कोटेदारों द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में सामग्री नहीं देने की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेकर एसडीएम अशोक कुमार ने शनिवार को राशन की दुकानों का औचक निरीक्षण किया जहाँ उन्हें काफी अनियमित्तायें मिली।निरीक्षण के दौरान राशन की दुकानों पर स्टॉक बोर्ड,साइन बोर्ड और रेट सूची टंगी हुई नहीं मिली। शनिवार को एसडीएम सुबह 11 बजे सदूपुरा की राशन की दुकान पर जा पहुंचे जहाँ राशन की दुकान उन्हें बंद मिली। दुकान के बाहर न तो रेट सूची थी, न ही स्टॉक बोर्ड और साइन बोर्ड टंगे हुए मिले। कुछ कार्डधारकों को बुला कर वितरण के बाबत पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दो के बजाए एक किलोग्राम चना ही दिया गया है। इसके बाद एसडीएम ने कनासी की राशन की दुकान का निरीक्षण किया तो पाया कि दुकान कच्चे घर में संचालित है और रेट सूची, स्टॉक बोर्ड और साइन बोर्ड यहां भी टंगा हुआ नहीं मिला, चने का वितरण भी एक किलोग्राम के हिसाब से किया गया है। वहीं एसडीएम ने बताया कि इन कोटेदारों को नोटिस जारी किये जा रहे हैं और इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राम भदेवरा में वितरण ठीक पाया गया लेकिन स्टॉक बोर्ड यहां भी नहीं था। उन्होंने कोटेदारों को आगाह किया है कि नियमानुसार काम नहीं करने और खाद्यान्न वितरण ठीक ढंग से नहीं करने बालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# एसडीएम ने महाराजपुरा में पकड़ा विकास कार्यों में गड़बड़झाला

- डीएम ने गठित की थी तीन सदस्यीय टीमें
- ग्रामीणों के निशाने पर ग्राम प्रधान व सचिव


महाराजपुरा में जांच करते एसडीएम।

**माधौगढ़ ( जालौन )।** विकास खण्ड माधौगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भीमनगर (ऊँचा) व महाराजपुरा ग्रामीणों के निशाने पर है। जहां ग्रामीणों ने विकास कार्यों को लेकर आवाज उठायी है। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया जिसका नतीजा ग्राम पंचायतों में साफ दिखायी पड़ रहा है ग्राम महाराजपुरा में मनरेगा व अन्य विकास कार्यों की जांच पर जांच की जा रही है।

उप जिलाधिकारी माधौगढ़ सालिकराम ने जाकर जांच की तो कई कमियाँ खामियां पायी तो वहीं ग्राम भीम नगर की बात की जाये तो जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की जांच टीम गठित की जिसमें तीन सदस्यीय टीम ने जांच की जांच के दौरान कई ऐसे कार्यों के प्रश्न पर प्रधान चुप पड़ गये न ही उत्तर दे सके जिसको लेकर प्रधान जांच अधिकारी के घेराव में आ गये। जांच के दौरान घोटाला सामने आने की संभावना नजर आ रही है। प्रधान कई बिन्दुओं पर फंसते भी नजर आ रहे है ग्रामीणों का मानना है कि शासन द्वारा विकास कार्यों को लेकर लाखों करोड़ का आवंटन किया जाता है। चाहे स्वच्छता मिशन हो, शौचालय, आवास, नाली, खड़ंजा, इण्टरलॉकिंग सभी विकास कार्यों में सिर्फ व सिर्फ भ्रष्टाचार खोरी व फर्जीबाड़ा कर लीपापोती कर दी जाती है। ग्राम पंचायतों में होने वाली अनियमितताओं में प्रशासन ने एक बार फिर सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है जांच के दौरान ऐसे कई मामले साबित होते है जिनकी शिकायत की जाती है हकीकत साफ बयां हो जाती है।

## हाईवे 91 के किनारे आवास व मंडी समिति बनेः सचिन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के सर्वांगीण विकास के लिए गुरसहायगंज डेवलपमेंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता सचिन कुमार श्रीवास्तव ने नगर की मूलभूम समस्याओं के लिए शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया। अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अपर मुख्य सचिव नगर विकास, कृषि एवं उत्पादन मंडी विभाग, मुख्यमंत्री कार्यालय को गुरसहायगंज के विकास का रोड मैप भेजा है। जिसमें उन्होंने मांग की है कि अब गुरसहायगंज के बाहर से राष्ट्रीय राज मार्ग 91 निकल रहा है। नागरिको के सस्ते मकान उप्र आवास विकास परिषद् द्वारा उपलब्ध कराकर प्रधानमंत्री के सपने हर परिवार के सर पर पक्की छत का सपना पूरा हो सकता है। अपर मुख्य सचिव मंडी समिति को अवगत कराया की गुरसहायगंज से लगते हाईवे के पास मंडी निगम का निर्माण कराकर नगर पर पड़ने वाले बोझ को कम किया जा सकता है। किसानो, व्यापरियों के भारी वाहनों से आए दिन होती दुर्घटना, जाम से नगर को छुटकारा मिलेगा और हाईवे के आसपास स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य विभाग के अस्पताल खोल कर नए गुरसहायगंज की नीव रखी जाए।

# बच्चे को जन्म देने के बाद हुई प्रसूता की मौत


मृतका के घर के बाहर मौजूद परिजन।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पहुंचकर ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। विवाहिता के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

हकीकत जानने के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और शव का अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी कुंदन पुत्र रंगलाल की पत्नी निशा ने शनिवार की रात पुत्र को जन्म दिया। जिसके बाद उसकी तबियत खराब हो गई और प्रसूता की मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पर ससुराल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुत्री की हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। विवाहिता के पिता सर्वेश पुत्र बाबूराम निवासी अटारा थाना कन्नौज ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ससुरालियों ने दहेज में कमी बताकर पुत्री को मारपीट कर हत्या कर दी। जिसपर कस्बा प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत ने मामले की जांच की। लेकिन रविवार की दोपहर बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई न होने की प्रधान ने की शिकायत

**कोंच( जालौन )।** कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत भदारी के प्रधान विनय कुमार ने गांव में सरकारी जगहों पर अतिक्रमण की बीते समय पूर्व शिकायत करने पर अब तक कार्यवाही ना होने को लेकर रविवार को एसडीएम अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सौंपे गये ज्ञापन में प्रधान ने कहा की सरकारी खलिहान एवं तालाब की जगह पर गांव के कुछ दबंगों ने अबैध रूप से कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत कई ग्रामीणों द्वारा बीते समय पूर्व मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर स्थानीय अधिकारियों से की गई थी लेकिन गांव में पदस्थ महिला लेखपाल ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह करने का काम किया जिसके फलस्वरूप अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी और अभी भी सरकारी जगहों पर अबैध अतिक्रमण है जिससे आम ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रधान ने उक्त मामले को लेकर एसडीएम से कार्यवाही करने की मांग की है।

# भाजपा सरकार पर किया तीखा हमला

## ● पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडे का सपाइयों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**संवाददाता।** सुलतानपुर



**जिले** में पहुंचे पूर्व काबीना मंत्री माता प्रसाद पांडेय ने रविवार को भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। कहाकि यूपी में कानून.व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अफसर और अपराधी बेलगाम हो गए हैं। जनता की सुरक्षा की रामभरोसे है। अपराधी व पुलिस.प्रशासन में कोई अंतर नहीं है। तीन साल में भाजपा सरकार बहकने के साथ जुमलेबाजी कर सच्चाई को झूठ में तब्दील करने में महारथ हासिल की है। जनता.जनार्दन की उम्मीद को छलने का काम किया है। अब सूबे की जनता सपा कार्यकाल को याद कर रही है।

समाजवादी पार्टी के विचारधारा के प्रेरणास्रोत उत्तर प्रदेश के पूर्व स्पीकर पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पांडेय पार्टी शाहगंज जाते समय स्वण्पूर्व विधायक अशोक पांड़ेय के आवास रूके थे। सपा नेता शिवम पांडेय समेत सैकडों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पूर्व विधायक अनूप संडाए पूर्व अशोक सिंह बिसेनए वैभव मिश्राए ज्ञान प्रकाश यादवए मुहम्मद शहजादए विकास चैरसियाए गुफरान अहमदए इशरार खानए पप्पू गुड्डू यादव आदि ने जिले के हालात से श्री पांडेय को अवगत कराया। मीडिया से रूबरू पूर्व काबीना मंत्री पांडेय ने कहाकि कारोना वायरस का खौफ हैए पर कारोना का भ्रष्टाचार किसी से छुपा नहीं है। सूबे में चारों तरफखून.खराबा हो रहा है। खुलेआम गोलीकांड हो रहे हैं। निर्दोष लोगों की जान ले ली जा रही हैं। ये किसी से छुपा नहीं है। जनता.जनार्दन दहशत में जीने को मजबूर हैं। शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण ढंग कार्रवाई की जा रही है। शिक्षण संस्थाओं द्वारा अनैतिक ढ़ग से फीस वसूली जा रही है। ऐसे आमजनता में सरकार के प्रति रोश व्याप्त हैं। हमारी सरकार के पूर्व विधायक के प्रयासों से टामा सेंटर आया थाए पर अभी तक संचालित नहीं हो सका। ये इस सरकार की विकास की गति हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा कराए गए कार्यों को अपना बताते हुए भाजपा ने तीन साल गुजार दिए। आने वाले समय में जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी। कुछ ही देर बाद श्री पांडेय शाहगंज के लिए रवाना हो गए।

# कोरोना पीड़िता को खोजने में विभाग हांफा

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गंगाकटरी गांव पूरे बिंदा पांडेय की एक महिला को बिमारी होने पर जिला के एक प्राइवेट अस्पताल मे उपचार करवाने गई जहां पर उसके हुए कोरोना जांच मे उसकी रिपोर्ट पाजटिव आई है।जिसके बाद उसकी सूचना स्थानीय सीएचसी ऊंचाहार को दिया गया।जिसके बाद सीएचसी से स्वास्थ्य विभाग की टीम जब गांव पूरे बिंदा पांडेय पहुंची तो वहां पर उस नाम की दो महिला निकली जिसके बाद वो महिला कोरोना रिपोर्ट पाजटिव के नाम से स्वास्थ्य विभाग को ये बताया कि हम नही गए तो दोनो का जवाब एक होने पर स्वास्थ्य विभाग के पसीना कोरोना मरीज को खोजने मे छूट रहे थे समाचार लिखे जाने तक उसकी छानबीन जारी थी।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि एक नाम की दो महिला है उसको लेकर प्राइवेट अस्पताल जिला से संपर्क साधने के बाद शीशी कैमरा के रिकार्ड लिए जा रहे है जिसके बाद उसकी शिनाख्त करवा लिया जाएगा।

# युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए करें प्रेरित: प्रतीक



**संवाददाता।** गोंडा

**रामलीला** मैदान मालवीय नगर में सामाजिक संस्थान लक्ष्य फाउंडेशन के कैंप कार्यालय का उद्घाटन सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह एवं अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. ओपी मिश्र के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

अपना विचार रखते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री सिंह ने कहा कि लक्ष्य फाउंडेशन लगातार सामाजिक गतिविधियों में अपनी सेवा दे रहा है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य फाउंडेशन के प्रयास से गोंडा देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। यह भी कहा कि समाज में सकारात्मक माहौल बनाना एवं युवाओं को जोड़कर राष्ट्र व समाज के कार्य हेतु प्रेरित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. ओपी मिश्रा ने कहा कि लक्ष्य फाउंडेशन समाज में सकारात्मक बदलाव का एक नया इतिहास रचेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ शिक्षा स्वास्थ्य एवं स्वालंबन पर भी विशेष बल देने की आवश्यकता है। इस मौके पर धन्यवाद एवं आभार अवनि कुमार शुक्ल प्रधानाचार्य अयोध्या ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्या भारती के संभाग निरीक्षक अवरीस कुमार, संकुल प्रमुख काली प्रसाद मिश्र, प्रधान उसरैना प्रदीप शुक्ला, रघुनंदन शुक्ला एडवोकेट, नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद, अरुण मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, रूप कुमार गुप्ता, अविनाश सिंह, मनीष सिंह, यामिका चौरसिया, अंजली पाठक, राकेश चतुर्वेदी, रमेश शुक्ला, जितेंद्र पांडेय हलचल आदि उपस्थित रहे।

# आधुनिकीकरण शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**करनैलगंज( गोंडा )।** मदरसा दरगाह इस्लामी स्कूल हलधरमऊ के परिसर में रविवार को मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता अरशद खान ने व संचालन मोहम्मद जुबेर ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुये संघ के अध्यक्ष मोहसिन खान ने कहा कि 50 माह से सरकार आधुनिक शिक्षको का मानदेय नही दे रही है। जिससे सभी शिक्षक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षकों के साथ सरकार मनमानी कर रही है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षकों द्वारा मानदेय की मांग करने पर सरकार कोई न कोई जांच करवाने लगती है। कभी मानक की जांच, कभी पोर्टल की जांच, कभी अभिलेखों की जांच तो कभी योग्यता प्रमाण पत्रों की जांच करवाती रहती है। मगर जांच के बाद पूरी तरह से चुप हो जाती है।

# रेलवे टिकट के दलालों पर कार्रवाई

## ● अवैध टिकट बेचने वाले साइबर कैफे पर रेलवे क्राइम ब्रांच ने मारा छापा

## ●एक हिरासत में अन्य कई दुकान बंद कर मौके से भागे

**संवाददाता।** खीरों ,रायबरेली

**क्राइम** ब्रांच रेलवे लखनऊ व रायबरेली की संयुक्त टीम ने रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के कस्बा खीरों में संचालित रफी ट्रवेल्स नामक साइबर कैफे में छापेमारी की। जहां से टीम को कैफे संचालक की निजी यूजर आईडी पर सात टिकट बने मिले। जबकि लैपटॉप न खुलने के कारण मौके पर अन्य अवैध टिकटों का विवरण नही खुल सका। जिसके बाद टीम ने साइबर कैफे के संचालक सहित उसका मोबाइल, लैपटाप आदि अन्य उपकरण कब्जे मे ले लिया। तीन दिन के अंदर लगातार दूसरी बार हुई इस छापेमारी से सभी साइबर कैफे संचालकों में हड़कम्प मच गया। सभी कैफे संचालक दुकान बन्द कर मौके से फरार हो गए। टीम इंचार्ज का कहना है की पकड़े गए संचालक द्वारा लगभग 500 से अधिक टिकट बनाए जाने का प्रमाण मिला है। उसके विरुद्ध 143 रेलवे अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अवैध तरीके से रेलवे टिकट के नाम पर दलाली करने व अपराध को बढ़ावा देने वालो के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई जारी रहेगी। क्राइम ब्रांच रेलवे लखनऊ के इन्स्पेक्टर यशवन्त सिंह व थाना जीआरपी रायबरेली के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार अवस्थी की संयुक्त टीम द्वारा खीरों कस्बा के रफी ट्रवेल्स नामक साइबर कैफे में रविवार की दोपहर छापा मारा गया। जहां पर उन्हे संचालक मोहम्मद रफी की एक निजी यूजर आईडी के द्वारा रेलवे के सात टिकट बनाए हुये मिले। जबकि उनकी अन्य पाँच आईडी लैपटाप बंद होने के कारण मौके नहीं खोलीं जा सकी। टीम के इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि खीरों कस्बा में संचालित कई साइबर कैफे के संचालक अपनी यूजर आईडी से अवैध रूप से रेलवे की टिकटों की बुकिंग कर रहे हैं। जिसका कैफे संचालको व रेलवे के पास यात्रा करने वाले का असली विवरण नहीं मिल पाता है। रेलवे मे लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं में पाया गया है कि अपराधी इस तरह अवैध टिकटों के माध्यम से यात्रा करते हैं। मौका पाते ही दूसरे यात्रियों के साथ ट्रेन में लूटपाट, छिनैती जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। जिसके बाद उनका असली पता न होने के कारण उन्हे खोजने मे दिक्कत होती है। इस तरह के साइबर कैफे द्वारा रेलवे टिकट के नाम पर दलाली के रूप मे मोटी रकम यात्रियों से ली जाती है। फर्जी टिकटों के माध्यम से रेलवे विभाग को लाखों रुपये प्रतिवर्ष राजस्व का नुकसान किया जा रहा है। रविवार की दोपहर को खीरों कस्बा निवासी मोहम्मद रफी द्वारा संचालित साइबर कैफे में छापेमारी की गई। जिसमे मौके पर सात अवैध टिकट,एक मोबाइल, लैपटाप आदि उपकरण बरामद किए गए हैं। संचालक को हिरासत में लेकर पास की रेलवे चौकी बछरावा पहुंचाया जा रहा है। जहां 143 रेलवे अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा। वही दुकाने बंद कर फरार होने वाले अन्य साइबर कैफे संचालको की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उन्हे पकड़कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर क्राइम ब्रांच रेलवे लखनऊ की टीम के इन्स्पेक्टर यशवन्त सिंह, थाना जीआरपी रायबरेली के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार अवस्थी, चौकी इंचार्ज बछरावा अरविंद कुमार तिवारी, पंकज सिंह, दिनेश मौर्या आदि की टीम द्वारा छापेमारी की गई।

# वांछित चल रहे राजू सुनार की संपत्ति सीज

**रायबरेली** जिले के टॉप टेन अपराधियों की फेरहिस्त में शामिल अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना प्रारम्भ कर दिया है । रविवार के दिन कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले लगभग 2 दर्जन मुकदमों में वांछित चल रहे राजीव कुमार रस्तोगी उर्फ राजू सुनार के घर शाह टोला मुरैयापुर पहुंचकर पुलिस ने अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों को सीज कर दिया । डुग्गी पिटवा कर घर खाली कराते हुए नोटिस चस्पा किया गया । साथ ही अभियुक्त की एक अदद आवासीय भवन दो मंजिला, बैंक पासबुक, थ्व, एक गाड़ी समेत लगभग एक करोड़ से अधिक की संपत्ति को सीज कर दिया गया । इसी क्रम में भदोखर थाना क्षेत्र के नई बस्ती मुंशीगंज निवासी वीरेंद्र यादव की 1 करोड़ 18 लाख 50 हजार की कुल संपत्ति जब्त की गई है ।जिसमें चल संपत्ति के रूप में लगभग 10 लाख कीमत की दो स्कार्पियो और एक मारुति कार को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है । पुलिस की कार्यवाही के बाद से अन्य अपराधियों में खलबली मच गई है । पुलिस सूत्रों की माने तो जल्द ही अन्य सभी अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसा जाएगा और अवैध रूप से अर्जित की गई सम्पत्तियों को कुर्क किया जाएगा ।

## क्विक न्यूज

### एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक कोरोना पॉजिटिव

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार एनटीपीसी प्लांट के आपरेशन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक प्रचालन विभाग की रिपोर्ट कोरोना पाजटिव आई है।जिनके रिपोर्ट कोरोना पाजटिव होने के बाद हलाकि उनको होम आइसोलेशन पर रखा गया है।जिनके यहां पर कोविड-19 के तर्ज पर चिकित्सक की टीम उपचार करती रहेगी।जिनके परिजनो को उनके कमरे से दूसरे कमरो मे सिप्ट कर दिया गया है।सीएचसी अधीक्षक ने पुष्टि करते हुए बताया कि परिजनो का भी सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा गया है।जिनके संपर्क मे आने वाले अधिकारियो को चिन्हित किया जा रहा है।

### युवती की हालत बिगड़ी, सीएचसी मे भर्ती

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बीकरगढ़ निवासिनी दीप्ति 20वर्ष को सीएचसी मे एकाएक हालत बिगड़ने के बाद अचेतावस्था मे भर्ती करवाया गया।जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।चिकित्सक ने बताया कि हालत मे सुधार न होने पर उसको रेफर किया गया है।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में विकास कार्यों की चर्चा

**रायबरेली।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में विकास कार्यों की चर्चा , संगठन को धरातल पर मजबूती पहुंचाने के लिए व भाजपा कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए आज बछरांवा विधानसभा क्षेत्र में माननीय विधायक रामनरेश रावत ने संगठन की महत्वपूर्ण बैठक सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस नहर कोठी बछरांवा में बैठक आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन के आधारभूत ढांचे को मजबूत व सरकार की जनप्रिय नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना व उनसे लाभान्वित करना था। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंडलअध्यक्ष हरे कृष्ण पांडेय गुरु जी ,रामपाल सिंह, मयंक रंजन ,विपिन बाजपेयी सहित आदि सम्मानित पार्टी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**करनैलगंज( गोंडा )।** सरयू नदी में स्नान करने गये एक 24 वर्षीय युवक की नदी में डूबकर मौत हो गई। घटना रविवार सुबह की है जब कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचनापुर में सरयू तट स्थित कुट्टी घाट पर एक युवक स्नान करने के लिये नदी में गया। उसी बीच अचानक गहरे पानी में चला गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से निकलवाया। तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि मृतक ग्राम कुर्था के मजरा पक्के कुआं का निवासी है। जिसकी पहचान महेंद्र नाथ यादव 24 वर्षीय पुत्र शिवकुमार यादव के रूप में हुई है। गहरे पानी मे चले जाने से डूबकर मौत हो गई।

### एमएलसी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**जगतपुर।** लोकार्पण एवं शिलान्यास के क्रम में एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह ने रविवार को बछरावां विकास खंड के अंतर्गत उमरपुर में टीन शेड व चबूतरा का उद्घाटन,असहन जगतपुर के सेरसवा में सीसी रोड का शिलान्यास, छोटीखेडा मजरे बहादुर नगर में सीसी रोड का लोकार्पण,विशुनपुर में डॉ कपूर के घर तक सीसी रोड का लोकार्पण,इचौली में सीसी रोड का लोकार्पण,चुरुवा में खडंजा कार्य का लोकार्पण एवं दुंदगढ़ मजरे खानपुर में टीन शेड का उद्घाटन किया।कार्यक्रम के दौरान एमएलसी श्री सिंह ने सेरसवा व इचौली में उपस्थति लोगो को संबोधित किया। एमएलसी ने अपने संबोधन में कहा कि जब आप लोग बड़ी बड़ी मालाओ से मेरा स्वागत करते हैं,सम्मान बढ़ाते हैं तो आपका भी अधिकार है कि जिन जिम्मेदारियों की ओर मेरा ध्यान ना जाए तो आप भी मुझे डांट कर उस ओर मेरा ध्यानाकर्षण कराए।मै स्वयं को गौरवशाली समझता हूं कि मुझे आप सबकी सेवा का अवसर मिला है,मै हमेशा इसी भांति आपकी सेवा करता रहूंगा।इस मौके पर जिप सदस्य सविता गौतम,सोनू सिंह, शिवशरण,रामविलास,नरेंद्र चौधरी,दीपक चौधरी,सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा थुलेण्डी-मलपुर मार्ग

**बछरावां रायबरेली।** एक तरफयोगी सरकार गड्ढा मुक्त सड़क का दावा कर रही है। वहीं दूसरी तरफबछरावां विकासखंड में थुलेण्डी से मलपुर सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है व लोग आए दिन चोटिल होते रहते है। इस मार्ग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत भी की। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। शायद यह मार्ग किसी बहुत बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। बरसात के मौसम में इस मार्ग पर चलना भी दूभर है। कई गांवों के लोग इसी रास्ते से होकर जाते हैं फिर भी प्रशासन इस मार्ग पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे लगातार लोग हताहत हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है अगर शीघ्र ही मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया तो सभी ग्रामवासी और धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### आज राजधानी कूच करेंगे कांग्रेसी

**सुलतानपुर।** पार्टी के हाईकमान के निर्देश पर विधानसभा के घेराव करने के लिए जिले के कांग्रेसियों ने व्यापक तैयारियां की है। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा रविवार को कादीपुर विधान सभा के दोस्तपुर कस्बे में बैठक कर अधिक से अधिक किसान भाइयों के पहुंचने का आह्वान किया। कस्बे में तैयारी बैठक की अध्यक्षता. अशरफखान ने किया और मीटिंग का आयोजन जफीर अहमद और मेंहदी हसन ने की। राणा ने कहाकि मोदी सरकार द्वारा किसान विरोधी बिल ला करके किसानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कार्यक्रम में दोस्तपुर से सैकड़ों लोग अपने साधन से लखनऊ धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। इस अवसर मकसूद आलम पूर्व अध्यक्ष, प्रभारी कादीपुर विजय पाल जिला महासचिव, प्रभारी सचिव दोस्तपुर जयप्रकाश पाठक आदि मौजूद रहे।

# प्रेम-प्रसंग के चलते युवक की हुई धुनाई

**संवाददाता।** करनैलगंज(गोंडा)

**एक** युवती से फोन पर प्यार की बातें करके उसको बहला-फुसलाकर भगाने की कोशिश एक युवक को महंगी पड़ गई। युवती के परिजनों ने युवक को पकड़ने कीयोजना तैयार की और उसे पकड़ कर युवती समेत उसके परिवार की महिलाओं ने युवक की चप्पलों से जमकर धुनाई कर दी।

मामला कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के लखनऊ रोड का है। जहां संतोषी माता मंदिर के पास एक युवती फोन पर प्यार मोहब्बत की लच्छे दार बातें कर करके उसको भगाने का ख्वाब देखने वाले एक मनचले युवक को बुलाया और युवती के साथ उसके परिवार के करीब आधा दर्जन सदस्य युवती के इर्द-गिर्द घूमते रहे। युवती को फोन करके युवक में बताया कि वह मंदिर के पास खड़ा है। जल्दी से आ जाओ। युवती ने आगे बढ़ कर युवक के पास पहुंची थी कि उसके परिवारी जनों ने चारों तरफ से घेर कर युवक को पकड़ लिया और चप्पलों से धुनाई करना शुरू कर दिया। युवक के पकड़े जाने के बाद युवती ने खुद जबरदस्ती प्रेम जाल बनाने वाले युवक को पीटा। युवती ने बताया कि लगातार कई दिनों से वह उसके फोन पर लच्छेदार बातें करके परेशान कर रहा था। उसको दिल्ली-मुंबई घुमाने के लिए कहकर भगाने की फिराक में था। यह बात युवती ने अपने परिवार के लोगों को बताई और उसे पकड़ने की योजना बनाई गई। पकड़े गए युवक ने बताया कि युवती का फोन नंबर एक दूसरे लड़के ने दिया था और कहा था कि इस लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाओ और लेकर भाग चलते हैं। हालांकि युवक की जबरदस्त पिटाई के बाद लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

# किशोरी से लव जिहाद का मामला हुआ उजागर

## ● हिंदू संगठनों के विरोध पर मुकदमा आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता।** जयसिंहपुर सुलतानपुर

**ग्रामीण** क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की ने लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है।जहां दूसरे समुदाय के युवक ने जबरन गैर धर्म की नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर स्वयं हिन्दू बताते हुए उसे झांसा में लेकर अपने घर पर रखकर कई दिनों तक उसके साथ दुराचार करता रहा।पीड़िता के मां की तहरीर व हिन्दू संगठनों के हस्तक्षेप पर पुलिस ने मामले मुकदमा दर्जकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी है। मामला कूरेभार थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा हुआ है। जहां लव जिहाद का मामला प्रकाश में आने पर इलाके में हड़कम्प मच गया। मिर्जापुर जनपद के चुनार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी से थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर दहलवा गांव निवासी मुन्ना खान पुत्र सुग्रीम खान ने अयोध्या जनपद में रिश्तेदारी के पड़ोस में गयी एक किशोरी को थाना क्षेत्र के मुन्ना खान ने अपने को हिन्दू बताकर 17वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर वहां से भगा ले गया। उसे अपने घर पर रखकर कई दिनों तक दुराचार करता रहा।गैर जनपद की पीड़ित किशोरी की माँ ने कूरेभार पुलिस को लिखित तहरीर दी। हिन्दू संगठनों के हस्तक्षेप पर कूरेभार पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर लिया है।इस सम्बंध में कूरेभार थानाध्यक्ष मनबोध तिवारी ने बताया कि लव जिहाद के मामले में पड़ी तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दो घायल

**संवाददाता।** जयसिंहपुर सुलतानपुर

**जयसिंहपुर** कोतवाली क्षेत्र के पीढ़ी गांव के मोटर साइकिल सवार तीन युवकों को शनिवार की देर शाम हलियापुर.बेलवाई मार्ग पर अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी। दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए और तीसरा व्यक्ति सकुशल बच गया। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गयाए जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पीढ़ी गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र चंदुल अरुण कुमार पुत्र पंचम व छोटेलाल पुत्र रामदुलार शनिवार की देर शाम बाइक से कूरेभार से पीढ़ी घर आ रहे थे। कूरेभार थाना क्षेत्र के हलियापुर बेलवाई मार्ग पर इरुल गांव के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और प्रदीप कुमार व अरुण कुमार बुरी तरह से घायल हो गए। छोटेलाल टक्कर की वजय से दूर गिरेए उन्हें मामूली चोटें आई। डायल 112 की पुलिस ने प्रदीप कुमार और अरुण कुमार को इलाज के लिए कूरेभार सीएचसी भेजा। जहां से दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने प्रदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। अरुण कुमार का इलाज चल रहा है। मृतक प्रदीप के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्रदीप कुमार की मौत की सूचना घर पहुंचते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजन सूचना पाकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच कर शव लेने के लिए चले गए। रविवार की शाम प्रदीप का शव घर पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गयी।

पत्नी व बच्चो का रोरो कर बुरा हाल है।

# लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार का उदाहरण बना पुलिया का मरम्मतीकरण

**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली



**फतेहपुर** जाने वाला मार्ग कहने को तो राजमार्ग का दर्जा प्राप्त है और मुराई बाग से डलमऊ गंगा तट तक इस मार्ग को क्षेत्रीय लोगों द्वारा मृतकों को श्मशान घाट तक पहुंचाने के लिए शमशान रोड से जाना जाता है लेकिन लोक निर्माण विभाग कि हीला हवाली और उदासीनता के कारण इस मार्ग पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे होने से और इस सड़क को पार करने वाली डलमऊ माइनर और पड़वा नाला की पुलिया जिसकी मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग का भ्रस्टाचार से लिप्त प्रयास लगातार जारी है पर पुलिया कि दशा दयनीय अवस्था में होने के कारण वर्तमान समय में राहगीरों को दुर्घटनाग्रस्त होकर श्मशान घाट तक पहुंचने का भय सताने लगा है मुराई बाग डलमऊ से फतेहपुर को जोड़ने वाले इस राज्य मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भारी वाहनों के आवागमन के साथ अंतिम संस्कार के लिए हजारों लोग वाहनों से इस मार्ग से गुजरते हैं और मुराई बाग चौराहे से श्मशान घाट गंगा पुल तक सड़क पर जगह जगह जानलेवा गड्ढे हो जाने के कारण सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो गई है और इसी मार्ग पर नेवाज गंज गांव के पास सड़क को पार करने वाले नाले की पुलिया टूटकर धस गई है तथा सड़क के बीचो बीच मरम्मत के नाम पर संबंधित विभाग पुलिया तोड़ दी गई है जिससे आए दिन लोग इसमें लगी लोहे की सरिया में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं यही नहीं इसी मार्ग पर सुरजूपुर गांव के पास डलमऊ माइनर की रेलिंग रहित पुलिया पिछले कई वर्षों से टूटकर जर्जर हो गई है और जिस पर विभाग द्वारा लीपापोती कर देने के कारण राहगीरों को दुर्घटना का दावत दे रही है प्रतिवर्ष होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले के मद्देनजर पिछले कई वर्षों से क्षेत्रीय लोगों द्वारा इस जर्जर पुलिया को तोड़कर माइनर पर नई पुलिया का निर्माण कराने की मांग करते रहे उपजिलाधिकारी डलमऊ सविता यादव ने बताया कि संबंधित विभाग को पत्र लिखकर इसकी मरम्मत कराई जाएगी।

# आवास के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है परिवार

**संवाददाता।** शिवगढ़ (रायबरेली)



**तख्त बदल गए,** ताज बदल गए। पर आज तक नही बदली गरीब दम्पति के आशियाने की तस्वीर। गौरतलब हो कि बछरावां क्षेत्र के पहुरावां मजरे बहादुर नगर के रहने वाले श्रीपाल अपनी पत्नी संतोष कुमारी और दो बच्चों के साथ पिछले 10 वर्षों से खरफूस की बनी झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे हैं। जिन्होंने आवास के लिए ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी की चौखट पर खूब माथा टेका किंतु पात्र होते हुए भी आज तक उन्हें आवास नसीब नहीं हो सका। आवास के लिए अधिकारियों के दफ्तर और ग्राम प्रधान की चौखट के चक्कर काटते - काटते भले ही पीड़ित दम्पति के पैरों की खाल घिस गई हो किंतु जिम्मेदार अधिकारियों को तरस नही आया। एक तरफ प्रदेश सरकार गरीब पात्रों को आवास मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध है तो वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारी पात्रों को योजनाओं का लाभ ना देकर सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से आवास के लिए इधर उधर चक्कर काट रहे दम्पति की पीड़ा कोई सुनने वाला नहीं है। आलम यह है कि हल्की बारिश होते ही खरफूस की बनी झोपड़ी टपकने लगती है। जिसके चलते चूल्हा तक नही जलता,परिवार को उपवास करना पड़ता है। पीड़ित परिवार रात भर बैठकर रतजगा करता है। बारिश और आंधी तूफान का नाम सुनते ही दम्पति और बच्चों का मन सिहर उठता है। परिवार के सभी सदस्य भगवान से हाथ जोड़कर बारिश और तूफान के निकलने की प्रार्थना करने लगते हैं। आवास के लिए दर्जनों बार गुहार लगा चुका परिवार आज अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। परिवार के सभी सदस्य अपनी किस्मत को कोसते रहते हैं। दम्पति ने बताया की जितनी बार जाते हैं हर बार यही आश्वासन देकर टाल दिया जाता है की जाइए आवास सूची में आपका नाम डाल दिया जाएगा।

# करप्शन पर डीएम सख्त प्रधान समेत 5 पर मुकदमा

### जनपद के ब्लाक सांथा के ग्राम सिकरी में जाबकार्ड पर दूसरे को सरकारी धन दिये जाने का मामला हुआ उजागर

**संवाददाता**। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल जॉच में भ्रष्टाचार की पुष्टि होने पर कड़ा रूख अख्तियार करते हुए ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों के विरूद्व धोखाधड़ी, जालसाजी व सरकारी धन गबन सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होने देर रात जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत प्राप्त हुआ था कि जनपद के साथा ब्लाक के ग्राम सिकरी में मनरेगा जाबकार्ड धारको के स्थान पर दूसरे का खाता खुलवाकर सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया है। जिसकी जॉच उन्होने टीम गठित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को दिया था। जॉचोपरान्त में सिद्व हुआ कि वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में मनरेगा योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो में रैण्डमली 11 कार्यो की वेजलिस्ट का सत्यापन पूर्वाचल ग्रामीण बैंक, धर्मसिंहवा में जाकर किया गया। यह पाया गया कि वेजलिस्ट में जिन जाब कार्ड धारको के नाम अंकित है। उनके समक्ष अंकित खाता संख्या दूसरे व्यक्ति का है। इस तरह इन ग्यारह कार्यो में रू0 2 करोड़ 3 लाख 44 हजार 49 रूपया का दुर्विनियोग पाया गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि करोड़ो रूपये के भ्रष्टाचार में ग्राम प्रधान श्रीमती सामिना खातून, प्रधान प्रतिनिधि जावेद अहमद तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी असदुल्लाह, ग्राम रोजगार सेवक, गिरधारी लाल तथा ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक परवेज अहमद द्वारा मिली भगत से किया गया है। अभियुक्तो के विरूद्व धर्मसिंहवा थाने में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि किसी भी दशा में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही किया जायेगा। जॉचोपरान्त कार्रवाई अवश्य की जायेगी।

## खाद्य निरीक्षक के छापे में भारी मात्रा में नकली खोवा किया बरामद



**संतकबीरनगर**। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के कड़े रूख का असर पिछले 15 दिनो से लगातार देखने को मिल रहा है। हर विभाग जो पहले कमियो को नजर अंदाज करता था आज वही पूरे फार्म में कार्य कर रहा है। खाद्य एवं औषधि विभाग एवं धर्मसिंहवा पुलिस की संयुक्त टीम ने धर्मसिंहवा पुलिस ने सूचना पर धर्मसिहवा चौराहे से बर्फी, मिल्ककेक, कलाकंद व खोवा सहित कुल 28 किलोग्राम मिठाईयां बरामद किया है। विभाग ने बरामद किये गये खाद्य सामग्री का सैम्पल भेजा है रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा पंजीकृत होगा। थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा धर्मेन्द्र तिवारी एवं खाद्य निरीक्षक राजमणि प्रजापति ने पुलिस टीम के साथ खाद्य सामग्री बरामद किया। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता प्रथम दृष्टया सही नही पाया गया लेकिन फिर भी नियमानुसार जॉच के लिए सैम्पल भेजा गया है। बरामद किये गये सभी खाद्य सामग्रियो को वैद्यानिक कार्यवाही करते हुए नष्ट किया गया।

## अधूरे कामों को 15 दिनों में किया जाय पूरा: जिलाधिकारी

**सोनभद्र**। सोन स्कूल कायाकल्प के अधूरे कामों को पूरी तत्परता के साथ लगकर 15 दिनों में पूरा किया जाय, काम पूरा कराने के साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी संयुक्त रूप से कार्य पूरा होने के प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेंगें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने सोनभद्र जिले के परिषदीय स्कूलों के हो रहे सोन स्कूल कायाकल्प के प्रगति की समीक्षा करते हुए दियें। जिलाधिकारी व मौके पर मौजूद मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अमित पाल शर्मा ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में रनिंग वाटर, समरसेबल, पानी की टंकी, टॉयलेट, हैण्डवासिंग सिस्टम, किंचन, स्कूल परिसर, फर्श, ब्लैकबोर्ड सहित अन्य कार्यों को पूरे तत्परता व ईमानदारी के साथ पूरा कराते हुए, पूरा होने का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारियों व ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर स्कूल कायाकल्प के बचे कार्यों को पूरा कराते हुए बेहतर गुणवत्तायुक्त स्कूल को तैयार करें। इस बैठक में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के अलावा मुख्य विकास अधिकारी डा. अमित पालशर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, खण्ड विकास अधिकारीगण, खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहें।

# अब पीडब्लूडी के दागी ठेकेदारों को बचाने की हो रही गुणा-गणित

### फर्जीवाड़े में 40 ठेकेदारों को दी गई है डिबार करने की नोटिस, 'ए' श्रेणी के सात, 'बी' के नौ, 'सी' के 15 और 'डी' श्रेणी के नौ ठेकेदार शामिल

### क्षतिपूर्ति करने के बाद भी नहीं बचेगा कोई ठेकेदार: मुख्य अभियंता

**बस्ती**। पीडब्लूडी के 40 दागी ठेकेदारों को डिबार होने से बचाने के नाम पर अब विभाग में गुणा-गणित चल रही है। ठेकेदार भी अपना पंजीकरण बचाने औॅर ब्लैक लिस्टेड होने के डर से हर सीमा तक सबकुछ करने को तैयार हैं। इन ठेकेदारों को 40 करोड़ के फर्जीवाड़े में शामिल होने का दोषी पाया गया है। विभाग डिबार करने के साथ में ठेकेदारों से लगभग 60 लाख रुपये की वसूली करने का नोटिस भी जारी कर चुका है। अब विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई के बजाए सौदेबाजी करने का आरोप लग रहा है। इसके तहत 'ए' श्रेणी के सात, 'बी' के नौ, 'सी' के 15 और 'डी' श्रेणी के नौ ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया। ठेकेदारों के वर्गीकरण एवं पंजीकरण नियमावली 1982 के नियम-15 के तहत अब तक इन सभी ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो जाना चाहिए था। मुख्य अभियंता एसपी सिंह ने कहा कि कोई भी ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड एवं डिबार होने से नहीं बच सकता। भले ही चाहे वह क्षतिपूर्ति क्यों न जमा कर दे। बताते चलें कि सड़क निर्माण में लगभग 40 करोड़ के फर्जीवाडें में पीडब्लूडी प्रांतीय खंड के तत्कालीन एक्सईएन आलोक रमन को सरकार बर्खास्त कर चुकी है। इतने बड़े घोटाले में सिर्फ एक्सईएन पर गाज गिरना सवालों के घेरें में हैं, जब कि जांच कमेटी इसके लिए दो एई और आठ जेई सहित 40 ठेकेदार को दोषी मान चुकी है। सवाल उठ रहा है कि फर्जी एमबी बनाने वाले आठों जेई और कार्य होने की संस्तुति करने वाले दो एई को क्यों छोड़ दिया गया? इसी मामले में षासन अब 40 दागी ठेकेदारों से धन की वसूली और उन्हें डिबार करने के साथ ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई करने जा रहा है। मगर इस कार्रवाई में विभाग के अधिकारी ही बाधक बन रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री इस मामले में दोषियों की संपत्तियों को जब्त कर वसूली करने का आदेष दे चुके है। मुख्यमंत्री के आदेष का पालन करने के बजाए विभागीय अधिकारी 'लक्ष्मी' बटोरने में लगे हुएं है।

## इनके खिलाफ होगी कार्रवाई

*'ए' श्रेणी के जनार्दन पाठक, एटी कांस्टक्षन, षिव कांस्टक्षन कंपनी, महेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र बहादुर सिंह एवं गोविंद माधव। 'बी' श्रेणी के ठेकेदार संजय कुमार सिंह, जयप्रकाष सिंह, प्रेम सागर गुप्त, षिव षक्ति कांस्टक्षन, घनष्याम तिवारी, सत्येंद्र कुमार पांडेय, चौधरी कांस्टक्षन, तारा कांस्टक्षन एवं षिक्षा षक्ति कांस्टक्षन। 'सी' श्रेणी के ष्याम कांस्टक्षन, षम्भुनाथ यादव, षत्रुघन प्रसाद उपाध्याय, अनुनय कुमार दुबे, राम सहाय, अमित कुमार सिंह, अर्पित कांस्टक्षन, केएन राय कास्टक्षन, राम षेष द्विवेदी, बृजेष एसोसिएट, प्रभाकर मिश्र, अषोक कुमार सिंह, राधेष्याम, ष्यामलाल, अंसार अहमद एवं मॉ वैष्णों कांस्टक्षन। इसी तरह 'डी' श्रेणी के ठेकेदार प्रभात कांस्टक्षन, आदित्य बिल्डर्स, आदि षक्ति एसोसिएट, राम मिलन पाल, दिनेषचंद्र त्रिपाठी, देव कांस्टक्षन, आदर्ष इंटरप्राइजेज, दीपक इंटर प्राइजेज एवं एमबी कांस्टक्षन के खिलाफ कार्रवाई होनी है।*

## बाढ़ से 63 गांव प्रभावित, पांच करोड़ का नुकसान: डीएम

**बस्ती**। बाढ़ एंव अतिवृष्टि से सरकारी सम्पत्तियों को हुए नुकसान का 24 घंटे में आकलन कर आपदा प्रबन्धन कार्यालय को उपलब्ध कराने का डीएम आशुतोष निरंजन ने निर्देश दिया है। कहा कि सभी अधिकारी 24 घण्टे में रिपोर्ट उपलब्ध करा दें ताकि उसे शासन को भेजा जा सकें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि बाढ से 63 गांव प्रभावित रहे है, इनमें अधिकांश हर्रैया तहसील के है। कुछ गांव जल पलावित रहे है। दोनो ही स्थितियों मे नुकसान का आकलन कर वास्तविक रिपोर्ट अधिकारी उपलब्ध कराएं। निर्देश दिया कि पशुपालन विभाग गोआश्रय स्थलों पर हुए नुकसान, पशुओं का टीकाकरण और भूसे वितरित किए गए।

# सरैंया तिवारी में घोटाले का मामला सीएम तक पहुंचा

### शिकायतकर्त्ता ने बीडीओ पर लगाया प्रधान को बचाने का आरोप

### जिलास्तरीय अधिकारी से जांच कराने और कार्रवाई की मांग

**संवाददाता**। बस्ती

**हर्रैया** ब्लॉक के ग्राम सरैंया तिवारी में बार-बार हो रहे भ्रष्टाचार और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का मामला सीएम तक पहुंच गया है। षिकायतकर्त्ता का कहना है कि उसे इस लिए प्रधान के परिवार वालों ने दो बार मारपीटा क्यों कि उसने प्रधान के अनियमित कार्यो का विरोध किया। सीएम से सवाल किया कि क्या गलत कामों का विरोध करने वाले आम नागरिकों को इस तरह कब तक मारापीटा जाएगा? और अधिकारी कब तक खामोश रहेंगे? कहा कि ऐसे में क्या कोई गलत कामों का विरोध करने की हिम्मत जुटा पाएगा। कहा कि उसे मार खाने की उतना दर्द नहीं हुआ जितना बीडीओ के प्रधान के पक्ष में खड़ा होने से हुआ। व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि अगर बीडीओ, सीडीओ और डीसी मनरेगा एक साल पहले घटिया नाला निर्माण के मामले में प्रधान के खिलाफ कार्रवाई कर देते तो लाखों रुपयों का नाला आज ढह नहीं जाता। उन्होने कहा कि इसके लिए पूरी तरह विकास के लोग जिम्मेदार हैं। हालही में पंचायत भवन के घटिया निर्माण की जांच करने गए अधिकारी के सामने शिकायतकर्त्ता श्याम नरायन तिवारी और अधिवक्ता महिनाथ तिवारी को प्रधान के परिवार वालों को खूब पीटा, जान मारने की नीयत से असलहे से फायर भी किया, जिसके चलते डर कर जांच अधिकारी भाग खड़े हुए, हर्रैया थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ, और अब उसी ग्राम में एक साल पहले जेसीबी से खुदाई करनके बनाया गया नाला घटिया निर्माण की वजह से ढ़ह गया।

## लेखपाल की लापरवाही से नहीं बन पा रहा पंचायत भवन

### प्रधान ने डीएम और हेड मास्टर ने बीएसए व बीईओ को लिखा पत्र

### पैमाइश न होने से रुधौली में पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय का निर्माण बाधित

**बस्ती**। बस्ती सदर ब्लॉक के ग्राम पंचायत रुधौली में पंचायत भवन और सामुदायिक षौचालय के निर्माण का मामला लेखपाल की लापरवाही के चलते अधर में लटक गया है। प्रधान कलावती का आरोप है कि लेखपाल ग्राम सभा द्वारा प्रस्तावित जमीन की पैमाइश न करके पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुधौली पिपरी में निर्माण कराने पर अमादा है। वहीं स्कूल की प्रभारी हेड मास्टर मंजु पांडेय का कहना है कि विद्यालय परिसर में दोनों का निर्माण हो जाने से बच्चों के व्यायाम, पीटी और प्रार्थना में कठिनाई आएगी। प्रधान ने डीएम और हेड मास्टर से बीएसए एवं खंड षिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रधान कलावती का कहना है कि लेखपाल की लापरवाही के चलते पंचायत भवन और सामुदायिक षौचालय का निर्माण अधर में लटका हुआ। प्रधान का कहना है कि ग्राम सभा की खुली बैठक में निर्णय के बावजूद लेखपाल द्वारा गाटा संख्या 179 रक्बा 0.033 की पैमाइश नहीं की जा रही है।

## प्रशिक्षण के बाद दिया गया प्रमाणपत्र




**संतकबीरनगर**। विकास खण्ड बेलहर कला के अमरगढ़ ग्राम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 10 दिवसीय मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिया जा रहा था, जिसमे कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें अपना खुद का उद्यम स्थापित कर आगे बढ़ने एवं समाज मे स्वरोजगार को बढ़ावा देते हेतु अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार देने का काम करने का काम करना है। एडीओ आइएसबी बेलहर कला मार्कण्डेय पांडेय तथा आरसेटी निदेशक अख्तर हुसेन द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिभाग प्रमाण पत्र वितरण किया गया। आई एस बी मार्कण्डेय पांडेय ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए शुभकामना दिया। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक अख्तर हुसेन ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको भविष्य में पूरे लगन और मेहनत से अपना काम करना है, आरसेटी द्वारा आप सबका यथासम्भव मदद किया जाएगा। कोर्स कोऑर्डिनेटर संकाय सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने सभी को कोविद-19 से बचने हेतु नियमित मास्क का प्रयोग करने एवं सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए अपने लिए उद्यम स्थापित करने एवं भविष्य में आने वाले समस्याओं का समाधान करने के विषय में जानकारी दिया। इस अवसर पर अशोक कुमार पांडेय तथा प्रतिमा, सुमन, सपना, फूलमती, अनुपमा, रंजना, नीतू इत्यादि प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# बीएसए का कड़ा रुख, बंद होगा भ्रष्टाचार का खेल

### शिक्षकों के प्रशिक्षण और एमडीएम के फर्जी आंकड़ों पर लगेगी लगाम

**संवाददाता**। बस्ती

**नवागत** बीएसए जगदीश शुक्ल के पदभार ग्रहण करने के बाद विभाग में गोलमाल करने वालों में खलबली मची हुई है। सबसे अधिक खलबली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, शिक्षकों के प्रशिक्षण, एमडीएम के फर्जी आकड़ों और सामानों की आपूर्ति करने वाले ठेकेदारों में मची हुई है। हर साल फर्जी आकड़ा दिखाकर जिस तरह लूटखसोट पिछले कई सालों से हो रही थी, उसके बंद होने की आषंका से ही घोटालेबाज परेशान नजर आ रहे है। सबसे अधिक चोट खंड षिक्षा अधिकारी के अनैतिक कमाई पर ही होने की संभावना जताई जा रही है।

बीएसए का यह कहना कि अगर हमने 14 खंड शिक्षा अधिकारियों के गलत कामों पर रोक लगाने में सफल रहते हैं, तो समझ लीजिए कि चार से पांच हजार शिक्षक अपने आप सही हो जाएंगे। कहा कि उनकी मंशा विभाग में फैले गंदगी को साफ करने की है। जिसमें मीडिया का सहयोग जरुरी है। कहा कि वह जब तक जिले में किसी को शासनादेश के विरुद्व न तो कार्य करने देंगे और स्वंय करेंगे। भले ही चाहे उन्हें जिला क्यों न छोड़ना पड़े। सर्व शिक्षा अभियान की परियोजनाओं को पटरी पर लाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। वहीं विभाग के कुछ लोगों का कहना है कि बीएसए की मंशा तब तक पूरी नहीं होगी जबतक उनकी टीम उनका सहयोग नहीं करेगी। टीम कितना और कब तक करेगी इस पर संशय की स्थित बनी हुई है। वहीं पर एक ग्रुप ऐसा है जिसका मानना है कि जिन लोगों को अनैतिक रुप से लक्ष्मी बटोरने की आदत हो चुकी है, वजह इतनी आसानी से अपनी आदत को नहीं छोड़ सकते हैं। इस तरह के लोग लाखों की अनैतिक कमाई के नुकसान को अधिक दिन तक बर्दास्त नहीं कर सकते। खंड षिक्षा अधिकारियों पर सबसे बड़ा आरोप स्कूल न जाने वाले शिक्षकों से हर माह मोटी रकम वसूलना है। दावा किया जा रहा है, कि हर ब्लॉक में कम से कम 20 से 25 ऐसे गुरुजी हैं, स्कूल न जाने के नाम पर महीना देते है। हर योजनाओं में कमीषन लेना इनकी आदतों में षामिल है। डेस की खरीद से नेकर आपूर्ति और स्कूलों के मरम्मत के नाम पर आने वाले धन में जब तक हेड मास्टर इनका हिस्सा नहीं पहुंचा देते, तबतक उन्हें तरह-तरह से परेशान किया जाता है।

## शास्त्री पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रहेगा प्रतिबन्धित

**संवाददाता**। मिर्जापुर

**उप** परियोजना प्रबन्धक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम निर्माण ईकाई मीरजापुर के द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि गंगा नदी पर स्थित पुराने शास्त्री सेतु के मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिस पर भारी वाहनों के अवागमन के लिए रोक लगाने की मांग की गयी है।

जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ने पुलिस अधीक्षक अवगत कराया है कि उक्त सेतु पर 28 सितंबर से वेयरिंग बदलने का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा जो अगले तीन माह तक पूर्ण हो जायेगा। उपरोक्त अवधि में खाली ट्रकें, बसें एवं अन्य छोटे वाहन जिनकी क्षमता 15 टन तक ही हो या उससे कम हो का आवागमन 20 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से पार सक सकते हैं। अन्य में सेतु पर वाहनों का अवागमन रहे तथा 15 टन से ज्यादा लोडेड वाहनों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबन्धित किया गया है। डीएम ने कहा कि शास्त्री ब्रिज पर 15 टन से ज्यादा लोडेड वाहनों का अवागमन नियमानुसार प्रतिबन्धित किया जाए।

## सुलह समझौता कराया गया




**संतकबीरनगर**। पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के आयोजन में रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में दोनों मामलों में सुलह समझौता करवाया गया। श्रीमती अनीता पुत्री फूलचन्द व द्वितीय पक्ष लालमणि पुत्र विक्रम एवं श्रीमती आशा देवी पुत्र राजाराम चौहान व द्वितीय पक्ष शैलेन्द्र चौहान पुत्र मुंशीराम चौहान दोनों पक्ष में सुलह समझौता कराया गया।

# 2668 केन्द्रों पर की गई महिलाओं की गोदभराई



### पोषण माह के दौरान बनाया जाएगा सेहतमंद

**मिर्जापुर**। जिले में पोषण माह के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी 2668 केन्द्रों पर महिलाओं की गोदभराई की गई। इस दौरान किशोरियों व महिलाओं का आयरन की गोली हरी साग.सब्जी के साथ ही फल के प्रयोग के बारे में केन्द्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विस्तारपूर्वक बनाने का कार्य किया। इसके साथ ही स्वच्छता और संचारी रोगों से बचाव के बारे में भी जानकारी दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0के0 सिंह ने बताया कि जिले में गोदभराई के माध्यम से लोगों को परम्परा और संस्कृति से जोड़ा जा रहा हैए जिससे एक स्वस्थ्य समाज की स्थापना किया जा सके और मां को अपने गर्भ में पल रहे बच्चे का सम्पूर्ण ख्याल रख सके। इसके लिए नियमित तरह.तरह के खाने पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यक है। इसके साथ ही क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने गृह भ्रमण के दौरान बच्चें के स्तनपानए जन्म के 1000 दिन व उपरी आहार को देने के विषय में भी विस्तारपूर्वक जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। सीटी ग्रामीण के बाल विकास परियोजना अधिकारी विमलेश ने बताया कि इसके साथ ही केन्द्रों पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम स्वास्थ्यए स्वच्छता व पोषण दिवस का भी आयोजन किया गया।

# विपक्ष को किसानों नहीं दलालों की चिन्ता: आनन्द


**संवाददाता**। सोनभद्र

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी व आत्मनिर्भर भारत पर वर्चुअल वेबिनार संपन्न हुआ। वेबिनार कार्यक्रम में राज्यमंत्री आनन्द स्वरुप शुक्ला ने विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से संबोधित किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन कार्यक्रम के जिला संयोजक ओमप्रकाश दूबे ने किया। मुख्य अतिथि ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डाला व कृषि विधेयक पर विस्तार से चर्चा किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री आनन्द स्वरुप शुक्ला ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ उनके पिता भगवती प्रसाद थे। उन्होंने ढाई साल कि उम्र में दीनदयाल और उनकी माता रामप्यारी उनके मायके आगरा के फतेहपुर सीकरी में गुड़ कि मड़ई नामक भेजा यही से उनका प्रवासी जीवन आरंम्भ हुआ वे कभी लौटकर अपने घर वापस नही आये 12 जून 1929 को उनका प्रवेश कोटा के एक स्कुल मे हुआ तीन साल कोटा में अध्ययन के बाद दीनदयाल जी चचेरे मामा नारायण शुक्ला के यहा सीकर आये जहां से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की 1936 में बी.ए करने कानपुर गये वहां से दो वर्ष बाद एमए करने आगरा आये 1941 में बी.टी करने प्रयाग आये 25 वर्ष की अवस्था में दीनदयाल राजस्थान और उ0प्र0 में 11 स्थानों पर रहे 1937 में बी.ए की पढ़ाई के लिए कानपुर आये तब अपने सहपाठी बालू महाशब्दे के माध्यम से संघ संपर्क हुआ वही उनकी भेंट संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार से हुई कानपुर में सुन्दर सिंह भण्डारी भी उनके सहपाठी रहे 1937 से 1941 तक वे छात्र रहे। उन्होंने संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष 1941 में द्वितीय वर्ष 1942 में पूरा किया द्वितीय वर्ष प्रशिक्षण के बाद वे पूर्ण कालिक प्रचारक बन गये वे आजीवन संघ के प्रचारक रहे संघ के माध्यम से वे राजनीति में आये। कृषि विधेयक 2020 कि चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि आनन्द स्वरुप शुक्ला ने कहा कि मुद्दा विहिन विपक्ष को किसानों की नहीं बिचौलियों और दलालों कि चिन्ता है स्वार्थ के लिए किसानों को कर रहे गुमराह कांग्रेस सपा बसपा कम्युनिष्ठ जैसे राजनैतिक दल कभी नही चाहते कि किसान मजबूत व आत्मनिर्भर बने 70 सालों तक किसानों को केवल नारा दिया गया किसान हित में कोई काम और फैसले नही किए गए, वहीं भाजपा की केन्द्र सरकार ने किसानो को बंधन मुक्त करते हुए खुला बाजार दिया बिचौलियों और दलालों को खत्म किया कृषि लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया एमएसपी मे रिकार्ड वृद्धि कि गयी किसानो को किसान सम्मान निधि के माध्यम से सलाना छह हजार रुपये खेती के बेहतरी के लिए दिया गया किसानो को अपनी जमीन पर पूरा अधिकार होगा यह बिल सभी किसानो पर अनिवार्यता लागू नहीं होगा कृषि बिल के माध्यम से सरकार ने किसानो को अपनी उपज का मोल भाव करने का विकल्प दिया तब विपक्षी दल भ्रामक प्रचार कर दलालों को और विचौलियों की मदद कर रहे है।

## जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

**मिर्जापुर**। जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति एवं नमामि गंगे समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने नमामि गंगे योजना के तहत कराये जा रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा गयी । उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिस विभाग के द्वारा गंगा के किनारे के गावों में जो भी कार्य कराये गये है। अथवा कराये जा रहे हों उसकी सूची प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध करा दें। बैठक में प्रीागीय वनाधिकारी राकेश चौधरी, सहित सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रितेश खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बने



**सोनभद्र**। युवा भारत ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ कान्त पति तिवारी के अनुमोदन पर खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक भारतीय दिव्यांग टीम के उपकप्तान लव वर्मा ने उत्तर प्रदेश हैंडबॉल टीम के राज्य स्तरीय खिलाड़ी एंव देवरिया जिले के यूथ आइकॉन रितेश कुमार यादव को उत्तर प्रदेश राज्य का खेल प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक मनोनीत किया है। बता दें कि लव वर्मा को पूरे देश भर से प्रतिभावान खिलाड़ियों को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।जिस कड़ी में श्री वर्मा ने रितेश यादव को उत्तर प्रदेश की कमान सौंपी है। रितेश हैंडबॉल के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और उन्होंने बहुत ही कम उम्र में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हुए प्रदेश का मान बढ़ाया है। वहीं रितेश का कहना है कि उनको संगठन की तरफ से जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी निष्ठा व विश्वास के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। इस मनोनयन पर अनिता जायसवाल, निधि गोड़, अंजू बिन्द, उदय साहू, दिनेश गुप्ता, संदीप जायसवाल, रोहित पाण्डेय, विजय जायसवाल, सुशील कुमार आदि ने हर्ष जताया है।

# कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर दें ध्यान : शाही



संवाददाता। देवरिया

**भारतीय** जनता पार्टी देवरिया विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक भुजौली कालोनी स्थित भाजपा कार्यकर्ता आशुतोष सिंह के मकान पर हुयी। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा,कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने उप चुनाव को देखते हुये आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर ध्यान दे।बूथ समितियों को ठीक से देखकर उसको सक्रिय करने की जरूरत है। हमारा सारा ध्यान केवल और केवल बूथ पर ही होना चाहिये।पार्टी के सारे अभियानों और कार्यक्रमो की रचना बूथ को केंद्र में रखकर बनायी जाये। बूथ को जीतकर ही हम चुनाव जीत सकते है। उपचुनाव प्रभारी,प्रदेश मंत्री त्रयम्बकनाथ त्रिपाठी ने कहा कि कल 28 सितम्बर को देवरिया विधानसभा के सभी मंडलों की बैठक होनी है। जिसमें सभी मण्डल पदाधिकारी, मण्डल में रहने वाले पूर्व जिले और मण्डल के पदाधिकारी, सेक्टरों के संयोजक और सेक्टरों के प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। इन बैठकों में पार्टी के आगे की अभियानों और कार्यक्रमो की रचना ठीक से कर ली जाये। क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा डा. धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि उपचुनाव को हमको कैसे जितना है उसपर ध्यान रखकर आगे का कार्ययोजना देवरिया विधानसभा में तैयार किया जाये। मंडलों की बैठक में एक-एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को एक-एक बूथ की जिम्मेदारी तयकर दी जाये।उस कार्यकर्ता का उपचुनाव तक केवल बूथ ही उसका मण्डलएजिलाएक्षेत्र और प्रदेश होगाएउसी पर उसको काम करना होगा। उपचुनाव प्रभारी क्षेत्रिय महामंत्री देवेंद्र यादव ने कहा कि कल की बैठक को ठीक से सम्पन्न कराने के लिये जिला संगठन की तरफ से एक.एक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लगाया गया है।गौरीबाजार मण्डल की बैठक 11 बजेएबैतालपुर मण्डल की बैठक 1 बजेएदेवरिया देहात की बैठक 3 बजे और नगर मण्डल की बैठक 6 बजे होगी। इस दौरान पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल, जितेन्द्र प्रताप राव,अजय कुमार दूबे,संजय सिंह एडवोकेट, श्रीनिवास मणि, रामशीष प्रसाद, कृष्णानाथ राय,रतनपाल सिंह,अम्बिकेश पाण्डेय,संजय पाण्डेय, रमेश वर्मा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, दीपक वर्मा,अरविन्द पाण्डेय, भुनेश्वर मिश्रा उपस्थित रहे।

## सांसद ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज , टेलीविजन,यूट्यूब और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात की को सारे सेक्टरों में सुना। इसी के क्रम में सदर सांसद डा. रमापतिराम त्रिपाठी ने जिला पंचायत परिसर स्थित संसदीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुना। इसके बाद उन्होंने कहा कि मन की बात से हम सभी को बहुत ऊर्जा मिलती है। देश के विभिन्न विषयों की सार्थक जानकारी आम लोगों तक पहुचती है। प्रधानमंत्री जी अपने इस कार्यक्रम में देश की जनता से सीधे जुड़ते है और उनकी बात करते है। मोदी द्वारा आज अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से किस्सेए कहानियों तथा पट-कथाओं का हमारे जीवन में महत्व बताने के लिए,हृदय से उनका आभार व्यक्त करता हूँ। कहानियां न केवल हमें हमारे इतिहास को बताती है बल्कि हमारे अंदर संस्कारों का पोषण करती हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल, अजय कुमार दूबे, अजय शाही,अम्बिकेश पाण्डे,राधेश्याम शुक्ला, भुनेश्वर मिश्रा, बृजेश गुप्ता,प्रवीण निखर,सुनील निषाद,रामशंकर कुशवाहा,रामशीष मौर्या, मनीष सहाय, आशुतोष तिवारी ने सांसद के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को रेडियो पर सुना।



## बस चलाने को लेकर समाजसेवी ने एमडी को सौंपा पत्रक

संवाददाता। रुद्रपुर,देवरिया

रुद्रपुर उपनगर के समाजसेवी पूर्व सभासद पकड़ी वार्ड आचार्य मनोज पांडेय ने लखनऊ स्थित प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को पत्र सौंपकर क्षेत्र की लचर हो चुकी परिवहन व्यवस्था को अवगत कराते हुए लखनऊ वाराणसी कानपुर तक सीधी बस का संचालन शुरू करने की मांग की। पत्रक में लिखा है कि देवरिया डिपो का रुद्रपुर बस स्टेशन अति पिछड़ा क्षेत्र तहसील रुद्रपुर का अति महत्वपूर्ण बस स्टेशन हैए स्वयंभू शिवलिंग बाबा श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर क्षेत्र रुद्रपुर अति प्राचीन पौराणिक तीर्थ क्षेत्र है। यहां से वाराणसी बाबा काशी विश्वनाथ, मां गंगा स्नान, मां विंध्यवासिनी , तीर्थराज प्रयाग संगम स्नान, हाई कोर्ट, मां शारदा मैहर मध्य प्रदेश दर्शन पूजन तथा व्यावसायिक, शिक्षण आदि कार्य हेतु एवं मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि अनेक देशों की यात्रा वाराणसी से होकर लखनऊ कानपुर जाने हेतु यात्रियों की अच्छी खासी संख्या है ।

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई

**मऊ ।** भाजपा नगर पश्चिमी मण्डल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का 104वी जयन्ती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया । अध्यक्षता कर रहे राहुल उपाध्याय ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के चिंतक व प्रेणाश्रोत थे एवम जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। हमेशा भारत को मजबूत बनाने के लिए तत्पर थे। वह एकात्म मानववाद के प्रेरक होने के साथ भारतीय संस्कृति एवं सनातन परम्परा को विकसित करने का संकल्प भी लिया था। संचालन कर रहे विनोद गुप्ता ने उनके जीवनी के बारे में बताया 25 सितम्बर1916 को मथुरा के एक गांव में उनका जन्म हुआ उनके पिता भगवती प्रसाद व माता रामप्यारी देवी थी। इस मौके पर वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र वर्मा, विजय वर्मा, राजन सिंह, मनीष कुमार वर्मा, आलोक विश्वकर्मा,बाबूलाल, गोपाल,सुजीत शर्मा, विनोद मौर्या,गौतम मौर्या, अवधेश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## प्रबुद्ध सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत



**मऊ ।** समाजवादी प्रबुद्ध सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय एडवोकेट का जनपद आगमन फूल माला व स्मृति चिन्ह प्रदान करके स्वागत किया गया। समाजवादी छात्र सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय एडवोकेट के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह के रूप भगवान परशुराम का चित्र भेंट करते हुए स्वागत किया। इस दौरान दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान सरकार सभी वर्गों के लोगों का शोषण कर रही है। सरकार की जनविरोधी नीतियों से उबकर अब प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तरफ काफी उम्मीद भरी निगाह लगाए हुए है। बताते चलें कि विगत दिनों समाजवादी पार्टी के युवा नेता गौरव पाण्डेय को उनके सामाजिक कार्यों व संघर्षों को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के अनुमोदन पर समाजवादी प्रबुद्ध सभा के प्रदेश अध्यक्षए ऊंचाहार विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज पाण्डेय द्वारा प्रबुद्ध सभा का ज़िलाध्यक्ष मनोनीत किया गया था। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए समाजवादी प्रबुद्ध सभा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपा गया है वे उसका ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही साथ उन्होंने जिले के युवाओं को पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रुप से अशोक मिश्रा, अभय यादवए कार्तिक श्रीवास्तव, लक्ष्मण, मुलायम यादव, आज़म, शशिराज यादव, शिवम सिंह प्रिंसए कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों की मुश्किलें जानने में सेतु बनेगा अभियान : सीडीओ

**सिद्धार्थनगर।** दिव्यांगजन की समस्याओं को समझकर उनका शीघ्र समाधान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग ने एक साझा मुहिम शुरू की है। विश्व मूक बधिर दिवस के मौके पर सीडीओ पुल्कित गर्ग द्वारा दिव्यांगों से बातचीत कर इस अभियान का आगाज किया। दिव्यांग सेतु नामक यह अभियान विभाग के बीच सेतु का काम करेगा। वर्चुअल बैठक के जरिए शुरू हुए अभियान में सीडीओ पुल्कित गर्ग ने दिव्यांग मोनी वर्मा से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से और दिव्यांग सुशीला देवी से फोन पर बातचीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारे तमाम दिव्यांगजन अभी यूडीआईडी कार्ड नहीं बनवा सके हैं। अधिकांश लोगों को विभाग की योजनाओं की जानकारी भी नहीं है। ऐसे में यह अभियान दिव्यांगों और विभाग के मध्य एक सेतु की तरह काम करेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक खान ने सुरेश प्रसाद और नबी मोहम्मद से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से और दिव्यांग राम शरण से फोन पर बात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। सीएफएआर संस्था की निदेशक अखिला शिवदास ने दिव्यांगों का ग्रुप बनाने और उनकी हितकारी योजनाओं के प्रचार.प्रसार पर जोर दिया। संस्था की नेशनल लीड रंजना द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान के लिए एक विशेष ऐप भी तैयार किया गया है। संस्था के प्रतिनिधि कोविड.19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए दिव्यांगों के घर तक जाने के बजाएए इस ऐप के माध्यम से ही उनकी पेंशनए कृत्रिम उपकरणों की प्राप्ति सहित उनकी मुश्किलों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रतिनिधि दिव्यांगजन को यूडीआईडी कार्ड के लाभों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें कार्ड को बनवाने के लिए प्रेरित करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी देंगे। दिव्यांगजन की इन मुश्किलों से जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगाए ताकि उनकी मुश्किलें आसानी से हल हो सकें। जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 12ए405 दिव्यांग हैं। दिव्यांगों के सहायतार्थ चार प्रमुख योजनाएं योजनाएं संचालित हो रही हैं।

### अच्छे परिणाम आने की उम्मीद

डीएम दीपक मीणा ने संस्था के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सीफार द्वारा पूर्व में बुजुर्गों की देखभाल कार्यक्रम संचालित किया जा चुका है। जिसके अच्छे परिणाम आए हैं। उम्मीद है यह कार्यक्रम भी सफल होगा।

### वर्ष 1958 से हुई विश्व मूक बधिर दिवस की शुरुआत

विश्व मूक बधिर दिवस हर साल 26 सितंबर को मनाया जाता है। वर्तमान में सितंबर माह के अंतिम सप्ताह को विश्व मूक बधिक सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। विश्व बधिर संघ ;डब्ल्यूएफडीद्ध ने वर्ष 1958 से श्विश्व बधिर दिवसश् की शुरुआत की। इस दिन बधिरों के सामाजिकए आर्थिक एवं राजनैतिक अधिकारों के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ.साथ समाज और देश में उनकी उपयोगिता के बारे में भी बताया जाता है।

## सिर पर झूल रही मौत, जिम्मेदार अंजान

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के इटाहिया में सड़क पर निकलना मतलब जान हथेली पर रखकर घूमना। हर पल सिर पर मौत मंडराती रहती हैए लेकिन हुक्मरानों को हादसों को इंतजार है। जिले में बिजली के तार हादसों को दावत दे रहे हैं। हर महीने सुविधाओं के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने का दावा किया जाता हैए लेकिन हकीकत दावों को खोखला साबित कर रही है। गांव में विद्युत तार हरे पेड़ के खम्बों से जानलेवा बन सकती हैं। आए दिन टूटने वाले तारों व खम्बों को लेकर विभाग नजरअंदाज करता दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि शायद उन्हें हादसों का इंतजार है। इस तरह के दृश्य इटाहिया गांव के बाहर सोतवा नाले के पास देखे जा सकते हैं। पूरे गाँव में कहीं भी तारों के नीचे जालियां नहीं है। इटाहिया रोड स्थित सोतवा नाले के पास से गुजर रही लाइन भी जालियों के बगैर हैं। यहां से रोज लगभग हजार लोग व बच्चे गुजरते हैंए लेकिन कोई व्यवस्था नहीं की गई। गुजरती लाइन से कभी भी हादसा हो सकता है। लेकिन विभाग उनको बदलवाने की बजाय जुगाड़ से इतिश्री कर लेता है।गांव में तो कही कही पर खंभों पर तारों को बिना जालियों की लगी है साफदेखा जा सकता है। आलम यह है कि आए दिन इन तारों से स्पार्किंग होती हैए लेकिन जिम्मेदारों को कोई प्रभाव नही पड़ता । विद्युत विभाग के अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं। मानकों के अनुसार हर हाईटेंशन लाइन के नीचे तारों की जाली होना आवश्यक हैए लेकिन जिले में कहीं भी यह नजर नहीं आता। हरे बल्ली के सहारे चल रही बिजली आपूर्ति जिले के तमाम मोहल्लों में बिजली आपूर्ति आज भी बांस बल्ली पर चल रही है। क्षेत्र में तमाम जगहों पर विद्युत तार बांस बल्ली के सहारे टिके हैं। विभागीय नियम के अनुसार लाइन एवं विद्युत पोल से अधिकतम तीस मीटर दूरी तक ही केबल खींचकर संयोजन दिया जा सकता है। जबकि इसको नजरअंदाज करते हुए सौ डेढ़ सौ मीटर तक की केबलें खींच दी गई हैं।

### गैर जमानती वारंट के बाद गिरफ्तारी के लिए दबिश

**मऊ ।** मऊ सदर विधान सभा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के गुर्गों पर पुलिस टीम द्वारा नकेल कसा जाना शुरु कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देश पर पुलिस टीम ने मुख्तार अंसारी की पत्नी आफशा अंसारीए आतिफ उर्फ सरजील रजाए अनवर शहजादए जाकिर उर्फविक्कीए रवि नरायन सिंह के खिलाफगैर जमानती वारंट जारी होने के बाद गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरु कर दिया है। इसके लिए क्षेत्राधिकारी नगर नरेश कुमार के नेतृत्व में छह टीमों का का भी गठन कर दिया गया है।

### पूर्व विधायक ईश्वरचन्द्र शुक्ला का निधन

**सिद्धार्थनगर।** कांग्रेस के कद्दावर नेता व सिद्धार्थनगर के नौगढ़ अब कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक ईश्वरचन्द्र शुक्ला 72 वर्षीय द्व का शनिवार रात्रि करीब 10 बजे हृदयाघात होने से आकस्मिक रूप से निधन हो गया । पूर्व विधायक के निधन की ख़बर सुनकर कांग्रेस पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता भी अवाक रह गए क्योंकि एकाएक मिली इस ख़बर पर किसी को यक़ीन नहीं हो पा रहा था एवं पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित उनके शुभचिंतकों का जमावड़ा उनके आवास पर लग गया । यूथ विंग से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तक का सफर तय करने वाले पूर्व विधायक ईश्वरचन्द्र शुक्ला कांग्रेस के चुनिंदा जमीनी नेताओं में शामिल थे । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा संगठन से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाले ईश्वरचन्द्र शुक्ला कांग्रेस के चुनिंदा जमीनी नेताओं में शामिल थे जिन्हें हर वर्ग व तबके के लोग पसन्द करते थे ।

### तीन किमी सम्पर्क मार्ग निर्माण में मानक की अनदेखी

**केराकत, जौनपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के डोभी ब्लॉक स्थित ब्राह्मणपुर गांव में हो रहे 3 किमी सम्पर्क मार्ग के निर्माण में मानक की अनदेखी हो रही है। इस बारे में शिकायत गांव के ही राम आसरे सिंहए विजय सिंहए भाजपा नेता संजय सिंह समेत कई लोगों ने उपजिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से की। मालूम हो कि यह मार्ग बजरंगनगर से कोइलारी जाने वाली सड़क से लिंक है और दूसरे छोर पर कंजहित बरडीहा मार्ग में जाकर मिलता है। लोक निर्माण विभाग के अधीन बन रही इस सड़क में ठेकेदार ने तमाम किसानों के खेत से जबरन मिट्टी उठायी। अपने परिचितों का भरपूर ख्याल रखा। शिकायत के बाद उपजिलाधिकारी ने गांव में ही लगभग 40 मीटर के विवादित स्थल की पैमाइश करा दी और इसकी रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को देते हुए निर्माण की स्वीकृति प्रदान की।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता को बताएं : कौशल त्रिपाठी



संवाददाता। देवरिया

**विधानसभा** उपचुनाव के सम्बंध में आज टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिवध्जिला प्रभारी कौशल त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि देवरिया सदर विधानसभा चुनाव कांग्रेस बहुत मजबूती से लड़ेगी इसलिए हमसभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी बनती है कि हम सभी पूरे मनोयोग से लग जाए। इसके लिए प्रदेश की बहुत सारी महत्वपूर्ण टीमें गठित कर दी गई है जो इस चुनाव में अपनी भूमिका निभाएंगे इस चुनाव में भाजपा सरकार की असफलता के साथ साथ स्थानीय मुद्दे हमारी प्राथमिकता में होंगी सभी वर्ग के लोगो के साथ जोरदार कम्पैनिंग की पूरी व्यवस्था कर ली गई है।जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी चुनाव तक सिर्फदेवरिया विधानसभा में पूरी ताकत लगाए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह एवं संचालन अरविन्द शाही ने किया।बैठक के अंत मे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्षए नौगढ़ के पूर्व विधायक ईश्वर चंद शुक्ल के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

बैठक को मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चन्द यादव, जिला कोऑर्डिनेटर सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव रामजी गिरी, पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह राकेश, बिस्मिल्लाह लारी मुन्ना,शहर अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, आनन्ददेव गिरी,अरविन्द शाही, जयदीप त्रिपाठी, श्रीमती तारा यादव, तारकेश्वर तिवारी,जुलेखा खातून, भरत मणि त्रिपाठी, विजयशेखर मल्ल रोशन, सुनील तिवारी,अजय कुमार सिंह,शौरभ मिश्रा, जगरनाथ यादव,दीनदयाल प्रसाद,प्रियेश पाण्डेय, सन्देश यादव,सुनील यादव, चन्दन वर्मा, रामअशीष साहनी, आशीष शुक्ल, दयाशंकर द्विवेदी, रामप्रवेश सिंह, प्रेम, रीता, मधू, अमूल्यरत्न मणि, आदिलोग उपस्थित रहे।

## दूसरे गांव के लिए नजीर बना इटवा बक्सी का सामुदायिक शौचालय

संवाददाता। डुमरियागंज, सिद्धार्थ नगर

**जिले** में एक सामुदायिक शौचालय को देखकर आप चौंक जाएंगे कि यह शौचालय है या रेल का छोटा डिब्बा। इस शौचालय को एक विशिष्ट पहचान देने के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रफीक अहमद ने ट्रेन की बोगी के जैसा पेंटिंग कर इसे बनवाया है। जो दूर से देखने में ट्रेन का डिब्बा जैसा दिख रहा है। शौचालय के अंदर टाईल्स , मार्बल, बेसिन ए आदि से इस शौचालय को खूबसूरती दी गई है। वैसे तो जिले के हर ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा हैए लेकिन इटवा ब्लॉक के इटवा बक्सी गांव का शौचालय जक्शन इन सबके लिए एक मॉडल है। जहां रंगीन टाइल्स व लाइट के साथ ग्राम प्रधान ने इसे ट्रेन के डिब्बे का आकार देकर इसका नाम शौचालय इटवा बक्सी जंक्शन रख दिया है। ग्राम प्रधान की इस सोच की चहुंओर सराहना हो रही है। इटवा ब्लॉक के इटवा बक्सी गांव में स्वच्छ भारत मिशन और 15वीं वित्त आयोग की लगभग 4 .25 लाख रुपये की धनराशि से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रफीक अहमद ने सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया है। इसमें पुरूष महिला के अलग.अलग शौचालय बने हैं। इस सामुदायिक शौचालय में हैंडवास सेंटरए स्नानागार पानी की टंकी भी है। लोगों का आकर्षण बढ़े एवं खुले में शौच बंद होए इसके लिए ग्राम प्रधान ने शौचालय को ट्रेन की आकार में पेंट करवाकर उसका नाम इटवा बक्सी जंक्शन रख दिया है। गांव को खुले में शौच से मुक्त करना ही मेरा उद्देश्य रू ग्राम प्रधान ग्राम प्रधान रफीक अहमद का यह पहला कार्यकाल है। ग्राम प्रधान काफी सुलझें एंव समाजिक व इमानदार व्यक्ति हैं । वे गांव में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ.साथ गांव को खुले में शौच से मुक्त करने के लिए प्रयासरत हैं। प्रधान रफीक ने कहा कि लोगों की सोच बदले और ट्रेन के ही बहाने लोग शौचालय का प्रयोग करेंए इसके लिए सामुदायिक शौचालय को ट्रेन का रूप दिया गया है। ग्राम प्रधान में अपने इस कार्यकाल में लगभग 3 हज़ार की आबादी वाले गांव इटवा बक्सी में सभी सड़कों को आरसीसीए इंटरलॉकिग से जोड़ दिया है। गांव में प्रत्येक परिवार को निजी शौचालय उपलब्ध करवाया है ।

## मांगों को लेकर इनौस व खेग्रामस कार्यकर्ता निकालेंगे आक्रोश मार्च

संवाददाता। चकिया,चन्दौली

**अपने** छह सूत्रीय मांगों को लेकर स्थानीय चकिया कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर गढ़वा में इंकलाबी नौजवान सभा तथा खेग्रामस के संयुक्त बैनर से 11 सितंबर से शुरू अनिश्चितकालीन धरने के 17 दिन बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन का कोई कर्मचारी धरने की सुध लेने नहीं पहुंचा। जिससे आक्रोशित इनौस तथा खेग्रामस कार्यकर्ता 28 सितंबर को 12: 00 से 1: 00 बजे के बीच धरना स्थल से बलिया खुर्द पंचायत भवन तक आक्रोश मार्च निकालकर संवेदनहीन तहसील प्रशासन का पुतला दहन करेंगे। उक्त घोषणा धरना स्थल पर आज 17वें दिन हुई सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष कामरेड बिजई राम ने की है। खेग्रामस जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि हम लोगों ने जो भी सवाल उठाएं वह तहसील प्रशासन द्वारा हल करने लायक है किंतु तहसील प्रशासन स्थानीय भाजपा नेताओं के दबाव में काम कर रहा है और गरीब किसानों के साथ हठधर्मिता पूर्वक अन्याय करने पर तुला हुआ है।अगर तहसील प्रशासन ऐसे ही लोकतांत्रिक आंदोलन को अनसुना करता रहा तो हम आंदोलन को और तीखा करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी।

जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि तहसील प्रशासन इतना संवेदनहीन हो गया है कि लोकतांत्रिक आंदोलन से बात करना भी मुनासिब नहीं समझ रहा। धरने पर 17 वें दिन ममता, किरन,बबली,रमेश चौहान,शिव चौहान,लल्लन देवी सहित तमाम इनौस तथा खेग्रामस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बसपा के विस प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी का हुआ जोरदार अभिनंदन

### जनता की परेशानियों को जोरदार तरीके से ठीक कर आऊंगा : अभय

संवाददाता। देवरिया

**बहुजन** समाज पार्टी के देवरिया सदर के प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी के आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ । जहां सुभाष चौक पर कार्यकर्ताओं ने हाथों,हाथ लिया वही फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया अभय नाथ त्रिपाठी सुभाष चौक पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया वहीं देवरिया के विधानसभा प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी देवरिया पहुंचने पर सर्वप्रथम सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को माल्यार्पण किया और पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली । इस दौरान बैठक में उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं और भूतों को मजबूत करें हम जनता की आवाज को सदन के माध्यम से और पुरजोर तरीके से उठाएंगे देवरिया विधानसभा में सबसे बड़ी परेशानी जलजमाव की समस्याएं हैं जिसे प्रशासन पिछले 5 दिन से बाहर नहीं निकाल पाया है वही किसानों की समस्याओं पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की नीतियों को जनता को बताएं इस दौरान जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार ज्ञान प्रकाश सिंह राकेश मणि ओम प्रकाश गौतम सर देवमल रोहित कुमार राजेश राजभर बालचंद्र आई डॉक्टर राम नाथ चौहान रविंद्र गौतम विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर राजेश राजभर टिकोरा समसुद्दीन जहीरुल बारी रवि अजय मुमताज हरेंद्र पाल सहित आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।



## ये है सकलडीहा, यहां संभल कर चलिए

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

**सकलडीहा** कस्बा की मुख्य मार्ग जगह जगह गड्ढे में तब्दील होगया है। जलभरॉव के कारण आवागमन में काफी फजीहत हो रही है। गड्ढे में आये दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो जा रहे है।

इसके बाद भी विभागीय अधिकारी और ठेकेदार आंख मूद लिया है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। जबकि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने सड़क निर्माण को लेकर पूर्व में धन स्वीकृत करा दिया है।



सकलडीहा से चहनिया मार्ग पर टिमिलपुर कस्बा से लेकर सधन तिराहा तक मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त होगया है। ओवर लोड वाहनों के कारण जगह जगह मार्ग गड्ढे में तब्दील होगया है। नाला निर्माण कार्य पूरा नही होने के कारण सड़क पर जलभरॉव की स्थिती प्रायरू बनी रहती है। आवागमन करने वाले पैदल राहगीर सहित बाइक सवार गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे है। सड़क मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार धरना प्रदर्शन के बाद भी गिट्टी और तमड़ा गिरकार विभाग द्वारा खानापूर्ति कर लिया जाता है। जबकि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर सड़क निर्माण के साथ नाला और पटरी निर्माण के लिये विभाग द्वारा करोड़ो रूपया स्वीकृत करा दिया है। इसके बाद भी सड़क निर्माण कार्य तो दूर नाला निर्माण कार्य भी पूरा नही होने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने गड्ढा युक्त सड़क का शीध्र निर्माण कराने की मांग उठाया है।

## पालिका की लापरवाही से परेशान है जनता

संवाददाता। जौनपुर

**शहरी** क्षेत्रों में जहां पर भी इंटरलॉकिंग या डामर सड़क बनी थीए बनने के पश्चात लगभग सभी जगहों पर सीवर लाइन का काम कराया जा रहा है। सीवर लाइन का काम होने के पश्चात सड़कों को दुरुस्त न करते हुए यथास्थिति में छोड़ दिया जाता है जिससे बारिश में आने.जाने वालों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें एक जिला कारागार के सामने कचहरी रोड है जो लिंक रोड जिला कारागार जाता है। उस पर सीवर का काम करने के पश्चात उसे सही नहीं किया गया जिसके कारण आने.जाने वाले आए दिन गड्ढे में गिर जाते हैं। चाहे वह पैदल हो या मोटरसाइकिल से। अक्सर देखा गया कि जिला कारागार की गाड़ी जो मुल्जिमों को लेकर न्यायालय जाती हैए वह भी कई बार गड्ढों में फंस गई जिसे बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया परंतु उस पर नगर पालिका परिषद या अन्य शासकीय अधिकारियों की दृष्टि नहीं पड़ी।

# प्रभावी ढंग से की जाए कान्टैक्ट ट्रेसिंगः डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने एल-1 हास्पिटल सेन्ट अन्थोनी इण्टर कालेज में कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि होम आइसोलेशन मरीजों के स्वास्थ्य की नियमित जानकारी प्राप्त करते रहे यदि किसी भी मरीज में गम्भीर बीमारी के लक्षण दिखे तो तत्काल एम्बुलेन्स भेजकर उन्हें कोविड चिकित्सालय में भर्ती किया जाए। कोविड अस्पतालों एवं होम आइसोलेशन मरीजों की देखरेख में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता न बरती जाय। कान्टैक्ट ट्रेसिंग सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सम्पादित किया जाए, कोरोना पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों का आरटीपीसीआर टेस्ट अवश्य किया जाये और कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लिया जाये तथा विशेष ध्यान देकर शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। उन्होने कहा कि जिन क्षेत्रों में कोरोना पाजिटिव अधिक संक्रमित व्यक्ति मिले उनकी सूची बनाकर उन क्षेत्रों में सैम्पलिंग कराया जाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का समय-समय पर निरीक्षण करें और मरीजों से कोविड अस्पताल में मिल रही सभी सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लें।

## राशन कार्ड के लिए डीएसओ कार्यालय का लगा रहे चक्कर

**प्रतापगढ़।** बेल्हा में राशन कार्ड बनवाने के लिए डीएसओ कार्यालय का लोगों को चक्कर लगाना पड़ रहा है, आवेदकों को राशन कार्ड जारी नही किया जा रहा है। राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य तो विभाग ने पूरा कर लिया है, लेकिन अभी भी बहुत से जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं। आवेदक राशन कार्ड पाने के लिए खाद्य विभाग की वेबसाइट पर आवेदन किए हुए हैं, लेकिन जगह के अभाव में कार्ड नहीं बन पा रहा है। सदर, मानधाता, गौरा सहित अन्य ब्लाकों में मिलाकर करीब 10 हजार आवेदन विभाग में डंप पड़ा है। जिले भर में पांच लाख से अधिक कार्डधारक हैं। इसमें करीब 70 हजार अंत्योदय के कार्डधारक हैं, बाकी के पात्र गृहस्थी के। जिले में राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य पूरा हो गया है, जिससे करीब दो माह से राशन कार्ड बनाने पर रोक लग गई है। लगभग 10 हजार आवेदन फार्म अटका पड़ा है। कार्ड बनवाने के लिए आवेदक डीएसओ कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।

# फिल्म सिटी के लिए बुन्देलखण्ड हर प्रकार से अनुकूलः हरीश कपूर

### ललितपुर एयरपोर्ट चालू करने की मांग भी उठी

संवाददाता। ललितपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्मसिटी की बुन्देलखण्ड में स्थापना को लेकर बुन्देलखण्ड विकास सेना का दो घंटे का सत्याग्रह स्थानीय कम्पनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्मसिटी को देश के सबसे पिछड़े भूभाग बुन्देलखण्ड में स्थापित किया जाए ।

बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि चूंकि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे तथा बुन्देलखण्ड डिफेन्स कॉरीडोर का काम भी चालू हो चुका है अतरू इसी से जोड़कर यहां पर फिल्मसिटी का निर्माण किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में प्रदेश की अन्य जगह से मजदूरी बहुत कम है और यहां मजदूर बड़ा मेहनती और ईमानदार है । बुन्देलखण्ड की भौगोलिक स्थिति, सुरम्य बेतवा और अन्य नदियों का किनारा, विन्ध्याचल पर्वत की घाटियां, घना वन्य प्रक्षेत्र ए वाईल्ड सेंचुरी, तमाम प्राकृतिक पर्यटक स्थल आदि तमाम सुविधाएं फिल्मसिटी बनाने की सम्भावनाओं को अनुकूल बनाती हैं । इसके अलावा बुन्देलखण्ड में झांसी का एयरपोर्ट भी चालू होने वाला है तथा ललितपुर का एयरपोर्ट तो अंग्रेजों के जमाने से क्रियाशील रहा है । ललितपुर एयरपोर्ट सैकड़ों एकड़ में फैला हुआ है जिसे मेन्टीनेन्स करके चालू किया जा सकता है । ये दोनों एयरपोर्ट चालू करके बुन्देलखण्ड में फिल्मसिटी निर्माण के मार्ग को सुगम बनाया जा सकता है। बुन्देलखण्ड देश के बिल्कुल सेन्टर में स्थित है जिसके कारण यह देश के पूरे क्षेत्र को कवर करता है। यहां मौजूद खजुराहो ओरछा, देवगढ़ , चित्रकूट, रणछोड़ धाम, मुचकुन्द गुफा, च्यवन जलप्रपात, करकरावल जलप्रपात, कनकददर जलप्रपात के अलावा बरुआसागर स्वर्गाश्रम जलप्रपात, माताटीला डेम, बन्दरगुड़ा आदि अनेक प्राकृतिक सौन्दर्य वाले स्थान हैं जो कि मुंबई के खंडाला और लोनावाला से कहीं कम नहीं हैं । ऐसे स्थानों को विकसित करके कम खर्चे पर फिल्मों की शूटिंग योग्य बनाया जा सकता है । अन्य वक्ताओं ने कहा कि यहां पर फिल्मसिटी स्थापित होने से देश का सबसे पिछड़ा भूभाग चमक उठेगा । और बेरोजगारी, फाकाकशी, सूखा अशिक्षा, उद्योगशून्यता की मार झेल रहा बुन्देलखण्ड विकास की नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा।

## गुलामी का दर्द दे रहा मोदी सरकार का काला कानूनः प्रमोद तिवारी

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं आउटरीच कमेटी के यूपी प्रभारी प्रमोद तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर कृषि विधेयको के जरिए किसानों के खून पसीने से उपजने वाली फसलों को मुटठी भर अमीर पूंजीपतियों की तिजोरी मे पहुंचाए जाने का कुचक्र करार दिया है। उन्होने यह भी कहा कि मोदी सरकार ने तीन-तीन किसान विरोधी बिल तो लाये पर इस काले कानून के जरिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा कृषि मण्डियों को समाप्त किये जाने का स्पष्ट जाल भी बिछाया है। रविवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यसभा के सदस्यो के संविधान मे प्रदत्त अधिकार के विपरीत इस कानून को पास कराए जाने मे मत विभाजन न कराकर एक बड़ा सवाल खडा किया है।

## जहरीले जंतु के काटने से महिला की जान गई

संवाददाता। जामों (अमेठी)

**रात्रि** में सोते समय किसी जहरीले जंतु के काटने से एक 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई । मृतक महिला के पति तेजभान चौहान निवासी कुशभार मौजा घोसियाना ने जानकारी दी कि गत 25-26 सितंबर की रात्रि में मेरी पत्नी ललिता देवी (28 वर्ष) अपने तीन बच्चों के साथ लेटी थी।

इसको रात्रि में किसी विषैले जंतु ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजन सुल्तानपुर जिला अस्पताल ले गएए जहां प्राथमिक उपचार के बाद ललिता को लखनऊ के लिए रफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही मुसाफिरखाना के पास ललिता की मौत हो गई । मृतक ललिता के दो लड़कियां एक चार साल की दूसरी छह साल की और एक डेढ़ साल का बच्चा है । ललिता के मौत से गांव व परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुराचार दो के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता। जगदीशपुर ( **अमेठी** )

**बीती** रात्रि घर से नाबालिग लड़की को उठाकर बाग में ले जाकर दो लोगों ने दुराचार किया। बेहोश होने पर दुराचारी भाग खड़े हुए। परिवारीजनों ने दो लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक नाबालिग बालिका अपने बहन के घर आई थी जो शनिवार की रात्रि में कमरे में सो रही थी मौसम गर्म होने के चलते कमरे का दरवाजा खुला था।

गांव के दो ब्यक्ति आकर नाबालिक लड़की को उठाकर एक बाग में ले गए और वही पर दुराचार किया लड़की के बेहोश हो जाने पर दुराचारी मौके से भाग खड़े हुए सुबह परिवारीजनों के उठने पर लड़की की खोजबीन किया जहां लड़की बेहोशी की हालत में बाग में मिली घटना की सूचना लड़की के रिश्तेदार द्वारा थाने पर दी है । इस सम्बंध में कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया दो लोगो के खिलाफ पास्को एक्ट के तहद मुकदमा दर्ज किया गया है । वही अभियुक्तो की पकड़ के लिए पुलिस टीम गठित की गई है जो जल्द पकड़ में होंगे।

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तिलोई ( **अमेठी** )। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज है। जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में उनि उपेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त अनवर अली पुत्र मुबारक अली नि. ग्राम सातनपुरवा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को सातनपुरवा बैक के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज इंस्पेक्टर डी के सिंह ने बताया कि आरोपी की बहुत दिनों से तलाश थी। संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व कांग्रेस नेता की मौत

**अमेठी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व तिलोई विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद मिश्र 62 पुत्र रामकुमार मिश्र पाकर गांव तिलोई अमेठी का बीती रात लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। कांग्रेस नेता के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, योगेंद्र मिश्र, अनिल सिंह, माता प्रसाद वैश्य सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## सेवा ही सर्वोत्तम धर्म हैः आलोक

**प्रतापगढ़।** अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर कपड़ा बैंक के तत्वाधान में रविवार को शहर के विभिन्न दलित बस्तियों रामलीला मैदान में निवास करने वाले परिवारों के 125 बेटियों महिलाओं बुजुर्गों और बच्चों को अध्यापक आलोक कुमार सिंह के संयोजन में 650 वस्त्रों का वितरण किया गया अध्यापक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल में इन परिवारों जो की कूड़ा कचरा बीन कर अपना जीवन यापन करते हैं के समक्ष अनेक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं जिसमें वस्त्र प्रमुख है इसी समस्या को देखते हुए इन सभी परिवारों को निशुल्क वस्त्रों का वितरण किया गया क्योंकि सेवा ही सर्वोत्तम धर्म है हम सभी को इसका पालन करना चाहिए और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर उस व्यक्ति की मदद करनी चाहिए जो उसके योग्य हो जिससे उसकी प्रगति और उन्नति बाधित ना हो ।

# सिपाही आत्महत्या की गुत्थी अनसुलझी कई बिंदुओं पर जांच में जुटी पुलिस

### पुलिस काल डिटेल खंगालने में जुटी

संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )

**कोतवाली** की बैरिक में सिपाही द्वारा गोली मारकर आत्महत्याा की गुत्थी रविवार को तीसरे दिन भी सुलझती नहीं दिखी है। सिपाही आशुतोष यादव द्वारा एके 47 से खुद की गोली मारकर आत्महत्या के मामले की जांच एसपी ने सीओ को सौंपी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फोरेंसिक टीम और पीएम रिर्पोट भी मृतक की मौत का कारण आत्महत्या की ओर संकेत कर रही है। वहीं जांच अधिकारी एवं सीओ जगमोहन भी प्रथम दृष्टया सिपाही की मौत को आत्महत्या की घटना मान रहे है। हालांकि सीओ का कहना है कि कई पहलुओ पर घटना की वह बारीकी से जांच कर रहे हैं। अभी मृतक सिपाही की कॉल डिटेल सामने नहीं आ सकी है। ऐसी स्थिति में जांच कर यह भी बिंदु अनिश्चित है कि अवकाश से आने के बाद चार दिनो के भीतर मृतक सिपाही की अपने किन करीबियों से बातचीत हुई होगी। वहीं मृतक सिपाही ने घटना के दिन भी अगली 26 तारीख से अवकाश का प्रार्थना पत्र लिखा था।

फोरेंसिक टीम की मौजूदगी मे वह पत्र तथा आरक्षी के बैरिक मे मौजूद सामानों को पुलिस ने सील कर रखा है। विशेषज्ञ टीम की मौजूदगी मे जांच के तहत पत्र और आरक्षी के सील सामानो को खुलवाया जाएगा। कोतवाली मे भी सिपाही की आत्महत्या को लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नही है। विभाग के लोग भी उसके तनाव के कारणो पर असमंजस मे देखे जा रहे है। जांच का यह भी पहलू महत्वपूर्ण होगा कि क्या मृतक आरक्षी किसी घरेलू तनाव से मानसिक अवसाद मे था या फिर कोतवाली मे ही तैनाती के दौरान किन्ही कारणो से वह मानसिक तनाव से गुजरने लगा था। कोतवाली पुलिस के सामने जांच मे एक बड़ा संकट यह दिख रहा है कि घटना घटित होने के बाद बैरिक तक आरक्षी के कई घंटो एके 47 के साथ मौजूदगी का वह क्या तर्क प्रस्तुत करें। व्यवहारिक तौर पर भले ही पुलिसकर्मी सरकारी हथियार अपने पास रखा करते है किंतु इस प्रकार की घटना के बाद सरकारी हथियार को रखा जाना प्रायः जिम्मेदारों पर गले की फांस बन जाया करता है। संभावना है कि जांच मे सिपाही के घरेलू रहन सहन को लेकर भी अफसर थोड़ा माहौल शांत होने पर उसके पैतृक गांव गाजीपुर मे भी पड़ताल कर सकते है।

# गोविन्द ब्रह्मदेव जागरण मंच नगर समाज के अध्यक्ष और राजेश महामंत्री बने



संवाददाता। प्रतापगढ़

ब्रह्मदेव जागरण मंच के तत्वावधान में नगर कमेटी का पुनर्गठन करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष पं सत्येन्द्र नारायण तिवारी ने 21 सदस्यीय कार्यकरिणी की घोषणा की। ट्रेजरी चौराहा स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में आहूत बैठक के दौरान पं गोविंद प्रसाद मिश्र को नगर अध्यक्ष, पं सदाशिव पाण्डेय, शिव प्रसाद मिश्र व सतीश कुमार दुबे व आलोक कुमार शुक्ल को नगर उपाध्यक्ष, पं राजेश नारायण मिश्र को नगर महामंत्री, पुष्पराज मिश्र, राजेश कुमार तिवारी, अजय कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार शर्मा को संगठन मंत्री, बृजेश मोहन त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष, धरणीधर तिवारी को मंत्री, राम चंद्र मिश्र प्रचार मंत्री, राम देव तिवारी, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, रमेश तिवारी, शंभू नाथ पाण्डेय निशाकान्त मिश्र, राम कुमार पाण्डेय व बृजेश कुमार मिश्र को कार्यकारिणी सदस्य जबकि अजय पांडेय को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया।

## दर्जनों युवाओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की

**ललितपुर।** जनपद में समाजवादी पार्टी जिस तेज गति से जनहित के मुद्दों को उठाकर संघर्ष कर रही है। उतनी ही तेजी से लोगों का रूझान सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी की ओर बढ़ रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की योजनाओं व पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर दर्जनों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर लाभार्थियों तक पहुंचा है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ताए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लैपटॉप वितरणए बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए कन्या विद्याधनए वृद्धों को समाजवादी पेंशन इत्यादि योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंचा था।

# ललितपुर बने पर्यटन हबः जिलाधिकारी

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेशकुमार अगुवाई में सूचना विभाग ललितपुर एवं इन्टैक चैप्टर ललितपुर के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभागार में ललितपुर में पर्यटन विकास की सम्भावनाएं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में ललितपुर के पर्यटन विकास पर व्यापक मंथन किया गया तथा उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि अब ललितपुर पर्यटन के क्षेत्र में उपेक्षित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ए. दिनेशकुमार ने कहा कि देश की महान संस्कृतिए प्राचीन धरोहरोंए गौरवशाली इतिहासए लोककला एवं संस्कृति की बदौलत हमारा देश विश्व गुरु था। ललितपुर में भी पुरातात्विक, प्राकृतिक, एतिहासिक, सांस्कृतिक तथा धरोहर पर्यटन स्थलों की अकूत संपदा मौजूद है। यदि इन स्थलों को सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाए तो ललितपुर विश्व के पर्यटन मानचित्र पर अपना गौरवशाली स्थान पाने में पूर्ण समर्थ है। अब यह स्थल उपेक्षित नहीं रहेंगे और सरकार इनके विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हमारा प्रयास रहेगा कि ललितपुर पर्यटन हब बने, ताकि देश और विदेशी सैलानी यहां आएं और यहां की कला,ा पुरातत्व संपदा, पर्यटन स्थलों एवं संस्कृति के बारे में जानें और यहां की गौरवशाली संस्कृति को पूरे देश में सर्वव्यापी बनाने में सैलानी अपना योगदान दें। ललितपुर के पर्यटन विकास हेतु सरकार ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेए को निश्चित रूप से यहां सैलानी आकर्षित होंगे और जब सैलानी आयेंगे तो यहां के युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर सुलभ होंगे तथा जिले के लोगों में भी आर्थिक समृद्धि आयेगी। उन्होंने उप्र पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग, अखिल भारतीय पुरातत्व विभाग, वन विभाग से उनके अधीन आने वाले पर्यटन स्थलों एवं उनके विकास हेतु सुझाव आमंत्रित किये है। उन्होंने इन्टैक द्वारा जनपद की धरोहर संरक्षण एवं पर्यटन विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे इन्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि ललितपुर धरोहरों एवं पर्यटन के क्षेत्र में काफी समृद्ध है। आवश्यकता इन स्थलों के सुनियोजित विकास की है। जनपद में पर्यटन के विकास की प्रचुर सम्भावनाएं हैं। इन्टैक लगातार इस दिशा में सजगता से कार्य कर रहा है तथा पूरे देश एवं विदेश में ललितपुर की संस्कृतिए पर्यटन एवं पुरातात्विकसंपदा को गौरवशाली पहचान मिल सके। जो देश अपनी विरासत को सुरक्षित नहीं रख पाते, वे इतिहास के पन्नो में दफन हो जाते हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बेबिनार में सार्थकता पर हुआ मंथन

संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )

**नगर** स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मे स्वायत्ता को लेकर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। प्रारम्भ मे एमबीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट के प्रबंधक व पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने नई शिक्षा नीति 2020 और अध्यापकीय शिक्षा का विषय प्रवर्तन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डा. अमित कुमार सिंह ने स्वागत भाषण मे बेबिनार की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. ओपी द्विवेदी की सरस्वती वंदना से हुई। विशिष्ट अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर स्कूल आफ एजूकेशन केन्द्रीय विश्वविद्यालय के डा. विवेकनाथ त्रिपाठी तथा अवधेश प्रताप सिंह रीवां विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अरूण दिवाकरनाथ बाजपेई ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह नई शिक्षा नीति समावेशी एवं गुणवत्तापरक होगी। वक्ताओं ने इसे रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने मे भी सार्थक ठहराया। वहीं मुख्यवक्ता प्रो. नागेंद्रनाथ पाण्डेय ने नई शिक्षानीति 2020 पर अध्यापकीय शिक्षा की गुणवत्ता पर व्याख्यान प्रस्तुत किये। विशिष्ट वक्ता डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्वविद्यालय के प्रो. अवनीशचंद्र मिश्र ने प्राचीन भारतीय शिक्षा के गौरवपूर्ण इतिहास को परिभाषित किया। बेबिनार का प्रतिवेदन कार्यक्रम के संयोजक डा. पवन दुबे ने प्रस्तुत किया। संचालन डा. अंबिकेश त्रिपाठी ने किया। आभार प्रदर्शन संस्थान के निदेशक डा. संदीप मिश्र ने किया।

# सब्जियों का कमाल, आलू भी मचा रहा धमाल

संवाददाता। प्रतापगढ़

**आलू** के दाम में उछाल आने से किचन का खर्च बढ़ गया है। थोक व फुटकर के दाम में भी काफी अंतर है। 2600 रुपया कुंतल के हिसाब से थोक में आलू 26 रुपया किलो तो फुटकर में 35 से 40 रुपया किलो बिक रहा है। आवक कम होने से यह समस्या होने की बात सामने आ रही है। जनपद में 3500 हेक्टेयर में आलू की खेती की गई थी। इसमें कुल 80,500 मीट्रिक टन आलू की पैदावार हुई थी। इसके बाद भी फर्रुखाबाद, कन्नौज, एटा सहित अन्य जनपदों से आलू आने पर ही इसकी पूर्ति होती है। इन दिनों थोक भाव में जहां सफेद आलू 2600 रुपये प्रति कुंतल है, वहीं लाल आलू 2850 रुपये प्रति कुंतल है। फुटकर में सफेद आलू 35 से 40 रुपये व लाल आलू 40 से 45 रुपये किलो की दर से बिक रहा है। इन दिनों आलू का दाम महंगा होने से लोगों की पहुंच से दूर हो रहा है। दुकानदार ग्राहकों की जेब ढीली कर रहे हैं। जहां पहले लोग अधिक आलू खरीदते थे, वहीं अब पाव व आधा किलो खरीदकर काम चला रहे हैं। जरूरत के अनुरूप जिले में आलू नहीं आ पा रहा है। इस वजह से आलू काफी महंगा हो गया है। इससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं।

### 70 में टमाटर, 100 रुपये में शिमला मिर्च

**प्रतापगढ़।** बाजार में 50 से 70 रुपये किलो टमाटर है। दुकानदार अब किलो में नहीं पाव में टमाटर का दाम बताते हैं। उनकी मजबूरी भी है। लोग अब किलो में नहीं पाव और दो पाव टमाटर खरीदने को मजबूर हैं। जिले में मांग के अनुसार सब्जी की आवक कम होने से उसके दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई के चलते किचन पर बोझ अधिक बढ़ गया है। इससे लोग अब सब्जी से दूरी बनाने लगे हैं। बाजार में टमाटर 50 से 70 रुपये किलो, भिंडी भी 20 से 30 रुपये किलो, करैला 30 से 40, प्याज 20 से 30 रुपये, मूली 40 रुपये, गोभी 30 से 40 रुपये पीस, नेनुआ 20 से 30, गाजर 50 से 60 रुपये, शिमला मिर्च 80 से 100 रुपये किलो के हिसाब से बिक रहा है। वहीं लौकी भी 20 से 30 रुपये व खीरा 30 से 40 रुपये किलो है।

### मंडी हॉट पैड की जमीन दो वर्षो में भी न खोज पाए जिम्मेदार

**प्रतापगढ़।** किसानों के सपने अधूरे रह गये उन्हे उपज का अच्छा मूल्य नही मिल पा रहा है। किसानों को उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिले, उसे बेचने के लिए किराया लगाकर शहर व क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में न जाना पड़े। इसके लिए अंचल में प्रत्येक ब्लाक स्तर पर मंडी हॉट पैड बनाने का निर्णय मंडी समिति ने लिया था। इसके लिए ब्लाक के एक ग्रामसभा में 12 बिस्वा जमीन तलाशने को कहा गया था। दो साल बीत गया, लेकिन अभी तक जमीन चिह्नित नहीं की गई। इससे अंचल के किसानों को किराया व समय बर्बाद कर उपज को बेचने के लिए शहर आना पड़ रहा है। किसानों को उपज बेचने के लिए कोसों दूर जाना पड़ता है। इससे उपज के एवज में मुनाफे में मिलने वाली रकम किराए के नाम पर खर्च हो जाती है। किसानों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए मंडी समिति के निदेशक ने ग्राम पंचायतों में खाली पड़ी जमीन पर मंडी हॉट पैड बनाने का फैसला लिया था। दो साल का समय बीत गया, लेकिन अभी तक एक भी ब्लाक में जमीन नहीं मिली। इससे मंडी हॉट पैड बनाने का सपना अधूरा रह गया। ग्राम प्रधान व लेखपालों द्वारा रुचि न लिए जाने से यह दिक्कत हुई है। मंडी हॉट पैड परिसर में किसानों की सहूलियत के लिए शौचालय, हैंडपंप की व्यवस्था होनी थी। इसके अलावा वहां पर एक बड़ा शेड भी बनाया जाना था। जमीन न मिलने से शासन की मंशा पूरी नहीं हो पाई।

## शौचालय निर्माण में अनियमितता पर एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )

**स्थानीय** विकासखण्ड के उधरनपुर गांव मे सामुदायिक शौचालय के निर्माण मे अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। ग्रामीणों ने दिये गये शिकायती पत्र मे आरोप लगाया है कि प्रधान द्वारा शौचालय निर्माण का पैसा अपव्यय करते हुए निर्माण पूरा नही कराया। आरोप है कि शौचालय के निर्माण मे घटिया सामग्री लगाए जाने से वह जर्जर हो उठा है। गांव के नंदलाल, सगरहिन, प्रेमा सरोज, रामफेर, हबीबुल, बुधिराम, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अकबर अली आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की है। एसडीएम राम नारायण ने बीडीओ लालगंज को जांच कर आख्या तलब की है।

# यादव महासभा की 31 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी हुई घोषित

संवाददाता। मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )



**स्थानीय** कस्बा स्थित यादव महासभा के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उदयराज यादव ने अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा जनपद अमेठी की 31 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।

रविवार को जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष उदयराज यादव ने बताया कि जिला कार्यकारिणी में तीन उपाध्यक्ष छह महासचिव दस सचिव दस लोगों को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है ।नवगठित कार्यकारिणी में जयराम यादव को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकारिणी में सत्यदेव यादव गिरीश यादव व मनोज यादव पिंटू को उपाध्यक्ष आशीष यादव जगदीश यादव कपिलेश यादव सदाशिव यादव श्रीनाथ यादव व राज कुमार यादव को महासचिव एवं देवेश कुमार राम दयाल अनिल यादव सत्य प्रकाश यादव विकास यादव राम फेर यादव राम कुमार यादव चंद्रशेखर यादव राम सजीवन व डी के यादव को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई ।वहीं अमर बहादुर सुरेश कुमार देव नारायण समर बहादुर ध्रुव राज हरिश्चंद अमित शिव सागर अमरेश व पंचराम यादव को सदस्य बनाया गया है। जिलाध्यक्ष उदयराज यादव ने बताया कि समाज में फैल रहे अंध विश्वास व रूढ़िवादी परम्पराओं के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान मण्डल उपाध्यक्ष विजय यादव हरि प्रसाद यादव बरसाती यादव राम नारायण यादव मौजूद रहे।